आज का मौसम
28.0° अधिकतम तापमान
13.0° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 06.45 सूर्यास्त 06.01

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| अयोध्या |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण
लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

फाल्गुन कृष्ण पक्ष त्रयोदशी 05:05 उपरांत चतुर्दशी विक्रम संवत 2082

रविवार, 15 फरवरी 2026, वर्ष 4, अंक 182, पृष्ठ 14+4 ■ मूल्य 6 रुपये



मोदी सरकार ने नुकसान पहुंचाने वाला व्यापार समझौता किया : राहुल गांधी - 12



अमेरिकी समझौते से भारत को मिलेगा प्रतिस्पर्धी दाम पर कच्चा तेल - 12



ट्रंप बोले-ईरान में सत्ता का परिवर्तन सबसे अच्छी बात होगी जो संभव है - 13



भारत-पाकिस्तान के बीच मुकाबला कौशल का नहीं, दबाव झेलने का - 14

## कांग्रेस ने पूर्वोत्तर की उपेक्षा की, अपने शासन में उग्रवाद को छूट दी



गुवाहाटी में सार्वजनिक बैठक के दौरान केंद्रीय मंत्री सर्बानंद सोनोवाल और असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी। ● एजेंसी

गुवाहाटी, एजेंसी

- प्रधानमंत्री मोदी ने असम में एक रैली में भाजपा कार्यकर्ताओं को संबोधित कर कांग्रेस पर निशाना साधा
- मोदी ने असम में ब्रह्मपुत्र नदी पर बने पुल, आईआईएम और डेटा केंद्र का उद्घाटन किया

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कांग्रेस पर निशाना साधते हुए उस पर पूर्वोत्तर की उपेक्षा करने और अपने शासनकाल के दौरान असम में उग्रवाद को बढ़ावा देने का आरोप लगाया। मोदी ने यहां एक रैली में भाजपा कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए आरोप लगाया कि कांग्रेस ने हमेशा देश की सुरक्षा को खतरे में डाला है और असम में उसके कार्यकाल के दौरान भय और असुरक्षा का माहौल बना रहा।

उन्होंने कहा, कांग्रेस ने ध्रुवीकरण और वोट बैंक की राजनीति में लिप्त होकर ऐसे निर्णय लिए, जिनसे इन चीजों को बढ़ावा मिला। मोदी ने कहा, देश का विभाजन



मुस्लिम लीग के कारण हुआ था, लेकिन अब 'एमएमसी' - माओवादी, मुस्लिम, कांग्रेस - हैं और लोगों को इनके बारे में जागरूक होना चाहिए। मोदी ने कांग्रेस पर घुसपैठियों को संरक्षण देने का आरोप लगाया, लेकिन भाजपा अवैध अप्रवासन को समाप्त करने के लिए प्रतिबद्ध है और इसलिए अगले पांच साल राज्य के लिए बहुत महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने यह भी दावा किया कि असम में 10 वर्षों से सत्ता से बाहर रहने के कारण कांग्रेस 'सत्ता में रहने के समय से भी अधिक खतरनाक हो गई है और यह बात उसके नेताओं द्वारा दिए गए जहरीले बयानों से स्पष्ट है।

इससे पूर्व प्रधानमंत्री ने असम में कई परियोजनाओं का उद्घाटन किया, जिनमें ब्रह्मपुत्र नदी पर बना एक पुल, भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम) गुवाहाटी और पूर्वोत्तर क्षेत्र की जरूरतों को पूरा करने वाला एक डेटा केंद्र शामिल है।



### मोदी एयरक्राफ्ट से असम के हाईवे पर उतरे

**गुवाहाटी।** प्रधानमंत्री मोदी ने असम के डिब्रूगढ़ में स्थित पूर्वोत्तर की पहली आपातकालीन लैंडिंग सुविधा (ईएलएफ) पर सी-130जे विमान से शनिवार को ऐतिहासिक लैंडिंग की। मोदी ने चाबुवा हवाई क्षेत्र से उड़ान भरी और वह राष्ट्रीय राजमार्ग-37 स्थित मोरान के ईएलएफ पर उतरे। उद्घाटन के बाद सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा, यह बेहद गर्व की बात है कि पूर्वोत्तर को एक आपातकालीन लैंडिंग सुविधा मिल रही है। रणनीतिक दृष्टि से और प्राकृतिक आपदाओं के समय, यह सुविधा अत्यंत महत्वपूर्ण साबित होगी। अधिकारियों ने बताया कि 100 करोड़ की लागत से निर्मित ईएलएफ मोरान बाईपास पर 4 .2 किलोमीटर लंबी पट्टी है, जिसका उद्घाटन प्रधानमंत्री ने किया।




इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, मोबाइल स्क्रीन में उलझता बचपन व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

www.amritvichar.com

## केंद्र की रेल-रोड और शहरों को सौगात

### मंत्रिमंडल की बैठक में 3 मल्टी-ट्रैकिंग परियोजनाओं को मंजूरी, स्टार्टअप के लिए 10,000 करोड़

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में कैबिनेट की बैठक जिसमें कई अहम फैसले लिए गए। सरकार ने रेलवे, मेट्रो, स्टार्टअप और शहरी विकास से जुड़ी कई बड़ी परियोजनाओं को मंजूरी दी है। रेलवे की नई लाइनों, नोएडा मेट्रो विस्तार और 10,000 करोड़ के स्टार्टअप फंड को स्वीकृति मिली है। शहरों के विकास के लिए एक लाख करोड़ रुपये का अर्बन चैलेंज फंड बनाया जाएगा। ब्रह्मपुत्र नदी के नीचे रोड-कम-रेल टनल बनाने की परियोजना भी मंजूर हुई है।

मंत्रिमंडलीय समिति ने रेल मंत्रालय की लगभग 18,509 करोड़ की तीन परियोजनाओं को मंजूरी दे दी है। इन परियोजनाओं में कसारा-मनमाड, दिल्ली-अंबाला और बल्लारी-होसपेटे के बीच तीसरी और चौथी रेल लाइन का निर्माण शामिल है। सरकार ने कहा, लाइन की क्षमता में वृद्धि से आवागमन में उल्लेखनीय सुधार होगा, जिसके परिणामस्वरूप भारतीय रेलवे की परिचालन दक्षता और सेवा विश्वसनीयता में वृद्धि होगी। इन 'मल्टी-ट्रैकिंग' प्रस्ताव से परिचालन को सुव्यवस्थित करने के साथ भीड़भाड़ को कम किया जा सकेगा। ये तीन परियोजनाएं मौजूदा रेलवे नेटवर्क को लगभग 389 किलोमीटर तक बढ़ा देंगी। 'प्रस्तावित 'मल्टी-ट्रैकिंग' परियोजनाओं से लगभग 3,902 गांवों की कनेक्टिविटी में सुधार होगा, जिनकी कुल जनसंख्या लगभग 97 लाख है।



केंद्रीय मंत्रिमंडल के निर्णयों पर मीडिया को जानकारी देते केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी।

प्रस्तावित क्षमता वृद्धि से देश भर के कई प्रमुख पर्यटन स्थलों के लिए रेल संपर्क में सुधार होगा, जिनमें भावली बांध, श्री घाटंदेवी, त्र्यंबकेश्वर ज्योतिर्लिंग, कटरा में श्री माता वैष्णो देवी, श्रीनगर और हम्पी (यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल), बल्लारी किला, दारोजी स्लॉथ बियर अभयारण्य, तुंगभद्रा बांध जैसे प्रमुख आकर्षण शामिल हैं।

वहीं, देश में उद्यम पूंजी के प्रोत्साहन और उन्नत प्रौद्योगिकी, प्रौद्योगिकी-आधारित नवोन्मेषी विनिर्माण स्टार्टअप एवं शुरुआती दौर वाले उद्यमों को वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए मंत्रिमंडल ने 10,000 करोड़ रुपये के कोष को मंजूरी दी। यह 'स्टार्टअप इंडिया' पहल के तहत 'फंड ऑफ फंड्स' (एफओएफ) योजना का दूसरा चरण है। इस योजना का पहला चरण वर्ष 2016 में शुरू किया गया था। एफओएफ 2.0 योजना को स्टार्टअप में निवेश की रफ्तार बनाए रखने और पहले चरण की तुलना में विस्तृत दायरे के साथ आगे बढ़ाने के उद्देश्य से तैयार किया गया है।

### ब्रह्मपुत्र नदी के नीचे दौड़ेंगी ट्रेन और कारें देश की पहली अंडरवॉटर रेल-रोड टनल

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्रिमंडल ने असम में ब्रह्मपुत्र नदी के नीचे भारत की पहली सड़क-सह-रेल सुरंग समेत गोहपुर और नुमालीगढ़ के बीच चार लेन वाले ग्रीनफील्ड कॉरिडोर के निर्माण के लिए 18,662 करोड़ रुपये की परियोजना को मंजूरी दे दी है। वर्तमान में, राष्ट्रीय राजमार्ग-715 पर स्थित नुमालीगढ़ और एनएच-15 पर स्थित गोहपुर के बीच की दूरी एनएच-52 पर सिलघाट के निकट स्थित कालियाभम्भोरा सड़क पुल से 240 किलोमीटर है। इसमें नुमालीगढ़, काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान और बिश्वनाथ कस्बे से होते हुए छह घंटे का समय लगता है। इसमें कहा गया है, इन चुनौतियों से निपटने के लिए, इस परियोजना को राष्ट्रीय राजमार्ग-15 पर गोहपुर से नुमालीगढ़ तक ब्रह्मपुत्र नदी के नीचे सड़क-सह-रेल सुरंग के साथ चार-लेन ग्रीनफील्ड कनेक्टिविटी के रूप में विकसित करने का प्रस्ताव है। यह परियोजना इंजीनियरिंग-खरीद-निर्माण (ईपीसी) मॉडल पर विकसित की जाएगी। यह भारत की पहली और विश्व की दूसरी सड़क-सह-रेल सुरंग होगी।

### शहरी अवसंरचना के लिए एक लाख करोड़ का 'अर्बन चैलेंज फंड'

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्रिमंडल ने शहरी अवसंरचना को बड़ा प्रोत्साहन देते हुए शनिवार को एक लाख करोड़ रुपये की कुल केंद्रीय सहायता के साथ 'अर्बन चैलेंज फंड' (यूसीएफ) शुरू करने को मंजूरी दे दी। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मंत्रिमंडल की बैठक के बाद कहा कि इस योजना के तहत केंद्र सरकार परियोजना लागत का 25 प्रतिशत हिस्सा वहन करेगी, बशर्ते कि परियोजना के लिए 50 प्रतिशत धन बाजार से जुटाया गया हो। इस पहल से अगले पांच वर्षों में शहरी क्षेत्र में कुल चार लाख करोड़ रुपये का निवेश होने की उम्मीद है। बयान के मुताबिक, यह कदम भारत के शहरी विकास दृष्टिकोण में एक बड़े बदलाव का प्रतीक है, जिसके तहत अब अनुदान-आधारित वित्तपोषण के बजाय बाजार से जुड़े, सुधार-आधारित और परिणाम-उन्मुख बुनियादी ढांचे के निर्माण पर जोर दिया जाएगा। (संबंधित समाचार कारोबार पर)

## बांग्लादेश में किसी भी कीमत पर कानून-व्यवस्था बनाए रखनी होगी : रहमान

ढाका, एजेंसी

- भारत, चीन और पाकिस्तान के साथ संबंधों पर स्पष्ट की नीति

बड़ी जीत हासिल करने के बाद बीएनपी के अध्यक्ष तारिक रहमान ने बांग्लादेश में किसी भी कीमत पर कानून-व्यवस्था बनाए रखने का शनिवार को आह्वान किया और सुरक्षित व मानवता का सम्मान करने वाला देश बनाने में सहयोग देने की अपील की। कहा कि उनकी पार्टी एक ऐसी विदेश नीति का पालन करेगी जो चीन, भारत और पाकिस्तान के साथ व्यवहार में बांग्लादेश के राष्ट्रीय हितों की रक्षा करेगी। रहमान पहली बार प्रधानमंत्री बनने वाले हैं। वह अंतरिम सरकार के प्रमुख मुहम्मद यूनुस की जगह लेंगे।

रहमान ने 13वें संसदीय चुनावों में भारी जीत के एक दिन बाद आयोजित संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा, हमें सुरक्षित और मानवता का सम्मान करने वाला बांग्लादेश बनाने के लिए सभी के सहयोग की आवश्यकता है। रहमान ने कहा, किसी भी बहाने किसी के साथ अन्याय नहीं किया जा सकता। देश के स्वतंत्रता-प्रेमी लोगों ने बीएनपी को विजयी बनाया है। कहा, आज से सभी स्वतंत्र हैं बधाई। सभी की भागीदारी के साथ देश में फासीवाद-मुक्त सरकार की यात्रा शुरू हो गई है।



### कहा- सार्क को फिर से सक्रिय देखना चाहते हैं

दक्षिण एशियाई सहयोग संगठन (सार्क) को पुनर्जीवित करने के मुद्दे पर श्री रहमान ने कहा कि सार्क की स्थापना बांग्लादेश की पहल पर हुई थी और वह इसे फिर से सक्रिय देखना चाहते हैं। इस संबंध में मित्र देशों के साथ चर्चा करेंगे। भारत से पूर्व प्रधानमंत्री और अवामी लीग पार्टी प्रमुख शेख हसीना के प्रत्यर्पण के सवाल पर उन्होंने संक्षिप्त उत्तर देते हुए कहा कि यह पूरी तरह से कानूनी प्रक्रिया पर निर्भर करता है।

## ब्रीफ न्यूज

### कठुआ: अंतर्राष्ट्रीय सीमा से 5 किमी के दायरे में आवागमन प्रतिबंध

**जम्मू।** जम्मू कश्मीर के कठुआ जिले में अधिकारियों ने शनिवार को सीमापार से गोलीबारी की आशंका और राष्ट्रविरोधी गतिविधियों को रोकने एवं ग्रामीणों की सुरक्षा की आवश्यकता का हवाला देते हुए अंतर्राष्ट्रीय सीमा के साथ लगते पांच किलोमीटर के दायरे में 'अनावश्यक आवाजाही' पर प्रतिबंध लगा दिया है। कठुआ के जिला मजिस्ट्रेट राजेश शर्मा ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) के तहत आदेश जारी किया, जो कार्यकारी मजिस्ट्रेट को सुरक्षा बनाए रखने के लिए संभावित खतरे के तात्कालिक मामलों में निवारक उपाय करने का अधिकार देती है।

### रामानंद सागर के बेटे आनंद सागर का निधन

**मुंबई।** रामायण के निर्माण से घर-घर में पहचाने जाने वाले दिग्गज फिल्म निर्माता रामानंद सागर के बेटे आनंद रामानंद सागर चोपड़ा का लंबी बीमारी के बाद यहां निधन हो गया। उनकी पत्नी निशा सागर चोपड़ा ने यह जानकारी दी। वह 84 वर्ष के थे। निशा सागर ने बताया कि उनके पति 25 वर्ष से पार्किंसन से पीड़ित थे। उस स्थिति में भी एनडीटीवी के लिए 'रामायण' बनाई, जिसका उन्होंने निर्देशन किया था। उन्होंने पांच फिल्मों का निर्माण किया था, जिनमें रणधीर कपूर और तनुजा अभिनीत 'हमराही', अमजद खान, विद्या सिन्हा, सारिका और राकेश रोशन की 'राम भरोसे' शम्मी की 'अरमान' शामिल हैं।

## गोंडा के धानेपुर में खेत गयी बच्ची को कुत्तों ने नोचकर मार डाला



**धानेपुर, गोंडा।** वार्ड नंबर पांच कल्याण नगर के मुहल्ला टहलुवन पुरवा में खेत गयी बच्ची को कुत्तों ने नोच-नोचकर मार डाला। जानकारी के अनुसार मुहल्ला टहलुवन पुरवा के रहने वाले विशुन लाल की बेटी महक (6) छोटी बहन मुस्कान (4) व गांव की दो अन्य बच्चियों के साथ खेत गयी थी। इसी दौरान अचानक दो कुत्ते वहां पहुंच गए और हमला कर दिया। कुत्तों ने महक को नोच डाला। गले के पास काटने से अत्यधिक रक्तस्राव हुआ, जिससे वह लहूलुहान होकर गिर पड़ी। सूचना मिलते ही परिजन व ग्रामीण मौके पर पहुंचे और गंभीर हालत में बच्ची को सीएचसी मुजेहना ले जाया गया। वहां हालत नाजुक देख डॉक्टरों ने जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। परिजन बच्ची को लेकर जा रहे थे कि रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया।

## डिजिटल होगा घरों का सर्वे, 33 सवालों पर जुटेगा डेटा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



- जनगणना की तैयारी तेज, 20 मई से 20 जून तक होगा सर्वे 27 जिलों के मास्टर ट्रेनरों को विशेष प्रशिक्षण

**अमृत विचार:** प्रदेश सरकार ने वर्ष 2011 के बाद एक बार फिर जनगणना की तैयारियां तेज कर दी हैं। पहले चरण में हाउसहोल्ड सर्वे 20 मई से 20 जून के बीच कराया जाएगा। इस दौरान जनगणना कर्मी घर-घर जाकर 33 निर्धारित प्रश्न पूछेंगे। पूरी प्रक्रिया डिजिटल एप के माध्यम से संचालित होगी, जिससे डाटा संकलन सटीक व सुरक्षित हो सकेगा।

पहले चरण में 27 जिलों के मास्टर ट्रेनरों को 17 से 20 फरवरी तक विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा, ताकि फील्ड स्तर पर जनगणना कार्य को सुव्यवस्थित और समयबद्ध ढंग से पूरा किया जा सके। मास्टर ट्रेनर अपने-अपने जिलों में जनगणना कर्मियों को प्रशिक्षित करेंगे। इस चरण में आगरा, अलीगढ़, अमरोहा, बागपत, गाजियाबाद, बलिया, बिजनौर, बुलंदशहर, चंदौली, देवरिया, गौतम बुद्ध नगर, गाजीपुर, हापुड़, हाथरस, झांसी, ललितपुर, मथुरा, मऊ, मेरठ, मुरादाबाद, मुजफ्फरनगर, रामपुर, सहारनपुर, संभल, शामली, सोनभद्र और वाराणसी शामिल हैं। सर्वे में भवन संख्या, परिवार क्रमांक, परिवार के मुखिया का नाम, पेयजल की उपलब्धता, शौचालय की स्थिति, रसोई गैस, उपयोग में आने वाला प्रमुख अनाज, परिवार में उपलब्ध सुविधाएं और अर्जित परिसंपत्तियों सहित कई महत्वपूर्ण जानकारियां दर्ज की जाएंगी। प्रशिक्षण सत्रों में सर्वे प्रक्रिया, डाटा संग्रह की विधि और तकनीकी पहलुओं की विस्तार से जानकारी दी जाएगी। सरकार का लक्ष्य है कि कार्य पारदर्शी, त्रुटिरहित और तय समय सीमा के भीतर पूरा किया जाए।

## पंजाबी अभिनेत्री हिमांशी से 10 करोड़ रंगदारी मांगी



**मोहाली।** पंजाबी अभिनेत्री हिमांशी खुराना ने मोहाली पुलिस में दर्ज कराई गई अपनी शिकायत में दावा किया है कि उन्हें विदेश में रहने वाले एक गैंगस्टर ने धमकी देते हुए 10 करोड़ रुपये की रंगदारी मांगी है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

मोहाली पुलिस ने कहा कि अभिनेत्री से मिली शिकायत के आधार पर प्राथमिकी दर्ज की गयी है। पुलिस ने बताया कि खुराना ने अपनी ईमेल आईडी पर प्राप्त जबरन वसूली के ईमेल के संबंध में शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया कि शिकायत पर तुरंत कार्रवाई करते हुए शनिवार को सोहाना थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई।

## पीएम राहत योजना को मंजूरी, हादसा पीड़ितों को मिलेगा 1.5 लाख तक का कैशलेस इलाज

नई दिल्ली, एजेंसी

- पीएमओ ने सेवा तीर्थ भवन में स्थानांतरित होने के बाद लिया पहला निर्णय

सड़क दुर्घटना के पीड़ितों को आपातकालीन प्रतिक्रिया प्रणाली प्रदान कराने के उद्देश्य से सरकार ने शनिवार को पीएम राहत योजना की शुरुआत की। सड़क, परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने कहा कि भारत में हर साल सड़क दुर्घटनाओं में मौतें होती हैं, जिनमें से कई मौतें समय पर चिकित्सा मुहैया कराने से रोकी जा सकती हैं।

मंत्रालय ने अध्ययनों का जिक्र करते हुए कहा कि यदि पीड़ितों को सड़क दुर्घटना के पहले घंटे के भीतर अस्पताल में भर्ती कराया जाए तो सड़क दुर्घटना में होने वाली



लगभग 50 प्रतिशत मौतों को टाला जा सकता है। मंत्रालय ने कहा, प्रधानमंत्री कार्यालय 'सेवा तीर्थ' भवन में स्थानांतरित होने के बाद अपने पहले निर्णय में प्रधानमंत्री ने 'पीएम राहत' (सड़क दुर्घटना पीड़ितों के लिए अस्पताल में भर्ती और सुनिश्चित इलाज) योजना शुरू करने की मंजूरी दी। यह योजना सरकार के उस दृष्टिकोण को दिखाती है, जिसमें कमजोर नागरिकों के लिए सेवा, करुणा और सुरक्षा को प्राथमिकता दी जाती है।

मंत्रालय के मुताबिक, इस योजना के तहत किसी भी सड़क दुर्घटना में पात्र व्यक्ति को 1.5 लाख रुपये तक नकदी-रहति (कैशलेस) इलाज मिलेगा, जो दुर्घटना की तारीख से सात दिनों तक मान्य होगा। गंभीर मामलों में प्राथमिक उपचार 48 घंटे तक और गैर-गंभीर मामलों में 24 घंटे तक उपलब्ध रहेगा।

चेतावनी | जनता दर्शन के दौरान मुख्यमंत्री योगी को मिली निस्तारण की गलत जांच रिपोर्ट की शिकायत

## जन शिकायतों पर फर्जी रिपोर्ट पड़ेगी भारी, दर्ज होगी एफआईआर

- मुख्यमंत्री योगी ने कहा,किसी भी प्रकरण में लापरवाही या शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को जन शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही और गलत जांच रिपोर्ट लगाने वालों के खिलाफ कड़ा रुख अपनाया। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि यदि किसी भी प्रकरण में जांच के दौरान फर्जी या गलत रिपोर्ट लगाए जाने की पुष्टि होती है तो, संबंधित अधिकारी-कर्मचारी के खिलाफ एफआईआर



दर्ज कराई जाएगी। मुख्यमंत्री ने दो टूक कहा कि किसी भी स्तर पर शिथिलता या हीलाहवाली अक्षम्य होगी।

मुख्यमंत्री ने ये निर्देश शनिवार सुबह गोरखपुर मंदिर परिसर में आयोजित जनता दर्शन के दौरान प्रशासन और पुलिस अधिकारियों को तब दिए, जब कुछ प्रकरण ऐसे सामने आए जिनमें पीड़ितों ने गलत जांच रिपोर्ट लगाए जाने की शिकायत की। इस पर मुख्यमंत्री ने सख्त रुख अपनाते हुए निर्देश दिए कि ऐसे मामलों की जांच कर गलत रिपोर्ट लगाने वाले के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई जाए। उन्होंने कहा कि यदि किसी स्तर पर जानबूझकर प्रकरण लंबित रखा गया है तो संबंधित के खिलाफ कड़ी कार्रवाई तय है। जमीन पर अवैध कब्जे की शिकायतों पर भी विधिसम्मत कठोर कदम उठाने के निर्देश दिए गए। उन्होंने करीब 150 लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने लोगों को आश्वस्त किया कि किसी को भी घबराने की आवश्यकता नहीं है और हर समस्या का प्रभावी निस्तारण कराया जाएगा।

### शिकायतों का समयबद्ध, निष्पक्ष और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हो सुनिश्चित

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को मौके पर ही निर्देश दिए कि जन शिकायतों का समयबद्ध, निष्पक्ष और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। जनता दर्शन में इलाज के लिए आर्थिक सहायता की मांग लेकर पहुंचे लोगों को मुख्यमंत्री ने भरोसा दिलाया कि अस्पताल के एस्टीमेट की प्रक्रिया शीघ्र पूरी कर शासन को भेजी जाए, ताकि मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से समय पर सहायता उपलब्ध कराई जा सके। जनता दर्शन के दौरान परिजनों के साथ आए बच्चों पर मुख्यमंत्री ने विशेष स्नेह जताया, उन्हें दुलार किया, चॉकलेट दी और मन लगाकर पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया। गोरखनाथ मंदिर प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री की दिनचर्या परंपरागत रही। उन्होंने गुरु गोरखनाथ का दर्शन-पूजन किया और अपने गुरुदेव ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ की प्रतिमा के समक्ष शीश नवाया। इसके बाद मंदिर की गोशाला पहुंचकर मुख्यमंत्री ने गोसेवा की और गायों व गोवंश को अपने हाथों से गुड़ खिलाया।

## न्यूज ब्रीफ

### 16 से 28 तक भारत नेपाल मैत्री महोत्सव

**अमृत विचार, लखनऊ:** भारत-नेपाल मैत्री महोत्सव 2026 का आयोजन 16 से 28 फरवरी तक प्रदेश के आठ जिलों में किया जाएगा। 13 दिवसीय इस सांस्कृतिक उत्सव की शुरुआत 16-17 फरवरी को कुशीनगर से होगी, जबकि समापन 27-28 फरवरी को पीलीभीत में होगा। इसके अलावा सिद्धार्थनगर, महाराजगंज, बलरामपुर, श्रावस्ती, बहराइच और लखीमपुर खीरी में भी क्रमवार कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जनपदों के प्रमुख स्थलों पर सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, शोभायात्राएं, कवि सम्मेलन और संगोष्ठियां आयोजित होंगी। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि महोत्सव में 'एक जनपद एक उत्पाद' प्रदर्शनी आकर्षण का केंद्र होगी।

### किसानों तक पहुंचाएंगे नई तकनीक : शाही

**अमृत विचार, लखनऊ:** कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने झांसी स्थित रानी लक्ष्मीबाई केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय में आयोजित तीन दिवसीय अखिल भारतीय किसान मेला एवं कृषि प्रदर्शनी-2026 का उद्घाटन किया। "विकसित कृषि-विकसित भारत-2047" अभियान के तहत 14 से 16 फरवरी तक चलने वाले इस मेले का उद्देश्य आधुनिक कृषि तकनीकों को किसानों तक पहुंचाना है। कृषि मंत्री ने 'श्री अन्न उत्कृष्टता केंद्र' और 'खाद्य परीक्षण एवं प्रसंस्करण केंद्र' का लोकार्पण किया तथा 20 करोड़ रुपये की लागत से प्राकृतिक एवं जैविक खेती उत्कृष्टता केंद्र और 11 करोड़ रुपये की प्राकृतिक कृषि उत्पाद परीक्षण प्रयोगशाला का शिलान्यास किया। कार्यक्रम में एआई आधारित मोबाइल ऐप "डीआरएक्यू", "एक्वा स्कैन" और "पशु आहार मित्र" भी लांच किए गए।

### 74 जिलों को मिले विधिक सेवा प्रचार वाहन

**अमृत विचार, लखनऊ:** उप्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से 74 जिला विधिक सेवा प्राधिकरणों के लिए मल्टी यूटिलिटी विधिक सेवा प्रचार वाहनों का फ्लैग-ऑफ तथा राज्य स्तरीय मध्यस्थता हेल्पलाइन 1800-180-1212 की शुरुआत की गई है। हाईकोर्ट लखनऊ खंडपीठ परिसर में निकले ये प्रचार वाहन ग्रामीण और दूरदराज क्षेत्रों में जाकर नि:शुल्क विधिक सहायता और सरकारी योजनाओं की जानकारी देंगे। वहीं नई मध्यस्थता हेल्पलाइन के जरिए लोग अपने विवादों के समाधान हेतु मुफ्त परामर्श ले सकेंगे। कार्यक्रम का उद्घाटन सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश एवं राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यपालक अध्यक्ष न्यायमूर्ति विक्रम नाथ ने शनिवार को किया। इस अवसर पर सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश न्यायमूर्ति पंकज मित्तल, इलाहाबाद हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति अरुण भंसाली सहित कई वरिष्ठ न्यायाधीश उपस्थित रहे।

### महिला छात्रावासों के निर्माण को किस्त जारी

**अमृत विचार, लखनऊ:** शहरी क्षेत्रों में रोजगार के लिए आने वाली कामकाजी महिलाओं के लिए किफायती आवास उपलब्ध कराने के लिए आठ श्रमजीवी महिला छात्रावासों के निर्माण कार्य को तेज कर दिया गया है। केंद्र सरकार की एसएएससीआई योजना के अंतर्गत संचालित इस योजना के लिए कुल 382 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए हैं, जिसमें से 251.82 करोड़ रुपये (करीब 66 प्रतिशत) पहली किस्त के रूप में जारी कर दिए गए हैं। प्रदेश सरकार ने अप्रैल 2025 में सीएंडडीएस को इस परियोजना का कार्यदायी संस्थान नामित किया था। विभागीय स्तर पर भूमि चिन्हांकन की प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। वर्तमान में लखनऊ में 3, गौतमबुद्धनगर में 4 और गाजियाबाद में 1 कुल आठ छात्रावासों का निर्माण कार्य शुरू हो चुका है।

# नौकरी की गारंटी होगी वानिकी विश्वविद्यालय की डिग्री : योगी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/गोरखपुर

- जंगल कौड़िया ब्लॉक में पुनर्निर्मित बीडीओ कार्यालय का उद्घाटन

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि कैम्पियरगंज में प्रस्तावित प्रदेश का पहला वानिकी एवं उद्यान विज्ञान विश्वविद्यालय युवाओं के लिए रोजगार की गारंटी बनेगा। इस विश्वविद्यालय से डिग्री और डिप्लोमा लेकर निकलने वाले युवाओं को देश और दुनिया में व्यापक रोजगार अवसर मिलेंगे। साथ ही यह संस्थान किसानों की आय बढ़ाने और पर्यावरण संरक्षण में भी अहम भूमिका निभाएगा।

मुख्यमंत्री शनिवार को जंगल कौड़िया ब्लाक में पुनर्निर्मित बीडीओ कार्यालय के उद्घाटन के बाद जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आज पूरी दुनिया के सामने सबसे बड़ी चुनौती पर्यावरण प्रदूषण है। वायु प्रदूषण सीधे स्वास्थ्य को प्रभावित करता है, जबकि उत्तर प्रदेश ने विकास के साथ-साथ दमघोंटू वातावरण से मुक्ति की दिशा में ठोस कदम उठाए हैं। कैम्पियरगंज में बनने वाला वानिकी विश्वविद्यालय इन पर्यावरणीय चुनौतियों से निपटने में कारगर सिद्ध होगा। मुख्यमंत्री ने कैम्पियरगंज में स्थापित गिद्धराज जटायु संरक्षण केंद्र का उल्लेख करते हुए कहा कि माता सीता के हरण के समय रावण का प्रतिकार करने वाले गिद्धराज जटायु मानव जाति के लिए प्रेरणास्रोत हैं। आज रसायनों और कीटनाशकों के अत्यधिक प्रयोग से गिद्धों की संख्या घट रही है, ऐसे में संरक्षण केंद्र बनाकर उनके प्रति कृतज्ञता व्यक्त की गई है। इसी क्रम में वानिकी विश्वविद्यालय वनाच्छादन बढ़ाने और पर्यावरण संतुलन का नया मॉडल बनेगा।


गोरखपुर के जंगल कौड़िया ब्लॉक में पुनर्निर्मित बीडीओ कार्यालय का उद्घाटन करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

# विकास का मॉडल बना गोरखपुर: मुख्यमंत्री

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/गोरखपुर

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि विकास कैसे होता है, आज गोरखपुर उसका सजीव मॉडल बन चुका है। प्रधानमंत्री मोदी के मार्गदर्शन में उत्तर प्रदेश तेजी से विकास के पथ पर आगे बढ़ रहा है और गोरखपुर इसकी मजबूत मिसाल है।

मुख्यमंत्री शनिवार को वार्ड संख्या-22 जंगल तुलसीराम के बिछिया कॉलोनी में शहर के पांचवें कल्याण मंडपम के लोकार्पण के बाद जनसभा को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने 2.47 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित कल्याण मंडपम का फीता काटकर उद्घाटन किया। यह मंडपम मुख्यमंत्री की विधायक निधि से बनाया गया है। योगी ने कहा कि गोरखपुर में अब तक पांच कल्याण मंडपम बन चुके हैं और पांच अन्य निर्माणाधीन हैं।

मुख्यमंत्री ने बिछिया क्षेत्र को सड़कों और जलनिकासी का नया मॉडल बताते हुए कहा कि गोड़धोइया नाला और एसटीपी परियोजनाएं क्षेत्र की तस्वीर बदल देंगी। उन्होंने बताया कि राप्तीनगर विस्तार स्पोर्ट्स सिटी योजना के तहत एलआईजी और ईडब्ल्यूएस आवंटियों को आवास सुविधा दी जा रही है।

# एसएससी परीक्षा : साल्वर गैंग के सरगना समेत दो गिरफ्तार

## यूपीएस रूम का कंप्यूटर सिस्टम हैक कर कराई जा रही थी ऑनलाइन नकल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** स्टाफ सेलेक्शन कमीशन (एसएससी) की मल्टी टास्किंग स्टाफ (एमटीएस) के लिए की जा रही भर्ती में साल्वर गैंग के सरगना ने सेंध लगा दी। ऑनलाइन हाईटेक सुरक्षा व्यवस्था को भेदते हुए प्राक्सी सर्वर सेटअप के माध्यम से रिमोट एक्सेस से नकल कराई जा रही थी। यूपी और उत्तराखंड की एसटीएफ ने संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए देहरादून स्थित एमकेपी इंटर कालेज परिसर स्थित महादेव डिजिटल जोन के संचालक भास्कर नैथानी और सेंटर में तैनात इलेक्ट्रिशियन नीतीश कुमार को गिरफ्तार कर लिया। एसटीएफ तफ्तीश में अभी आधा दर्जन अभियुक्तों के भी साल्वर गैंग में शामिल होने के सुराग मिले हैं। सभी के खिलाफ साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं।

एसएससी द्वारा केंद्र सरकार के विभागों में एमटीएस के तहत सेंट्रल ऑफ इनडायरेक्ट टैक्सेस ब्यूरो ऑफ नारकोटिक्स (सीबीआईसी व सीबीएन) में हवलदार के पदों के लिए पहले चरण की कंप्यूटर आधारित परीक्षा चल रही है। यह परीक्षाएं चार फरवरी को शुरू हुई थीं, जो कि 15 फरवरी तक जारी रहेंगी। इसके लिए यूपी के साथ ही उत्तराखंड के तमाम डिजिटल से लैस संस्थान केंद्र बनाए गए हैं। इन सभी केंद्रों पर अलग-अलग तारीखों में परीक्षाएं एड्यूक्विटी कंपनी की ओर से कराई जा रही हैं।


गिरफ्तार भास्कर नैथानी व नीतीश कुमार।


परीक्षा केंद्र पर हैक कर चलाया जा रहा कंप्यूटर सिस्टम।

- एसटीएफ के रडार पर साल्वर गैंग के आधा दर्जन सदस्य, जांच जारी

एसटीएफ के एडीशनल एसपी ब्रजेश कुमार सिंह ने बताया कि ऑनलाइन हो रही परीक्षा में पता चला कि कुछ स्थानों पर सिस्टम हैक करके सॉल्वर बिठाकर परीक्षा कराई जा रही हैं। इसके बाद जब टीम को उतारा गया तो पता चला कि देहरादून स्थित डिजिटल जोन परीक्षा लैब के पास बने यूपीएस रूम से कंप्यूटर सिस्टम हैक करके नकल कराई जा रही है। इसके बाद यूपी और उत्तराखंड की एसटीएफ टीम ने संयुक्त रूप से परीक्षा केंद्र पर छापा मारा। वहां पर अंडर ग्राउंड चैंबर में दो लैपटाप चालू हालत में पाए गए, जिन पर करसर लगातार मूव कर रहा था। वहां पर टर्मिनल विंडो ओपन थीं, वहीं 16 कार्ड व आईकान दिखाई दे रहे थे।

एसटीएफ ने नकल कराने के आरोप में शनिवार को परीक्षा केंद्र के मालिक भास्कर नैथानी, निवासी सरस्वतीपुरम लेन नंबर-चार, देहरादून और नितीश कुमार निवासी सुरजीपुर, देवरिया को गिरफ्तार कर लिया। नितीश कुमार मौजूदा समय में परिवार के साथ दिल्ली के नांगलोई में रहता है। वह भाष्कर नैथानी के यहां संस्थान में इलेक्ट्रिशयन के पद पर तैनात है। पूछताछ में अभी आधा दर्जन अभियुक्तों के भी साल्वर गैंग में शामिल होने की आशंका है। टीमें लगातार साक्ष्य जुटाने में लगी हैं।

# दिल्ली पुलिस भर्ती में भी हुई थी नकल !

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** एसएससी की एमटीएस परीक्षा में ऑनलाइन साल्वर गैंग का खुलासा हुआ है तो अब बीते दिनों हुई दिल्ली पुलिस की भर्ती पर भी सवाल उठने शुरू हो गए हैं। एसटीएफ के मुताबिक, नवंबर-25 में दिल्ली पुलिस के चालक पद की भर्ती के लिए कंप्यूटर आधारित परीक्षा देहरादून के इसी महादेव डिजिटल जोन सेंटर पर कराई गई थी। गिरफ्तार इलेक्ट्रिशियन नितीश ने उस समय भी कथित तौर पर यूपीएस सिस्टम हैक करने के लिए अंडर ग्राउंड सिस्टम तैयार किया था। अब सवाल उठ रहे हैं कि क्या दिल्ली पुलिस की उस भर्ती में भी नकल कराई गई थी। हालांकि अभी यह महज आशंका है, लेकिन विस्तृत जांच के बाद ही सही स्थिति साफ हो पाएगी।

एसटीएफ प्रवक्ता के मुताबिक, गिरफ्तार किया गया अभियुक्त इलेक्ट्रिशियन नितीश कुमार मूलरूप से देवरिया का निवासी है। वह वर्ष 2007 से दिल्ली के नागलोई में माता-पिता और परिवार के साथ रहता है। आरोप है कि नकल माफियाओं के कहने पर नितीश कुमार ने राउटर को पावर सप्लाई और इंटरनेट के लिए अवैध रूप से छिपाते हुए चैंबर में अंडर ग्राउंड वायरिंग की थी। वायरिंग को लैब और कैमरे से कनेक्ट कर नकल कराई जा रही थी। एसटीएफ के मुताबिक, नितीश कुमार ने पूछताछ में बताया कि नवंबर 25 में देहरादून के इसी महादेव डिजिटल सेंटर पर दिल्ली पुलिस के चालक पदों की परीक्षा हुई थी। इस परीक्षा को भी एसएससी ने आयोजित किया था। उस दौरान भी उसने अंडर ग्राउंड सेटअप तैयार किया था। नितीश कुमार नकल माफियाओं के इशारे पर परीक्षा वाले दिन सुबह छह और 6.30 बजे के बीच में यूपीएस रूम के चैंबर को ओपन कर लैपटाप को ऑन कर देता था। बाद में उसके ढक्कन लगाकर उसे ढक देता था। आरोप यह भी है कि नितीश कुमार केंद्र के परीक्षार्थियों के कंप्यूटर की आईपी लिस्ट को एक पेपर पर लिखकर उसकी फोटो व्हाट्सएप के माध्यम से साथी साल्वरों को भेज देता था। इसी आईपी के जरिए प्रोक्सी एडमिन कंप्यूटर में मौजूद रिमोट एक्सेस टूल के माध्यम से दूर बैठकर पेपर हल कराते थे।

### सॉल्वर गैंग

- पुलिस परीक्षा में भी तैयार किया गया था अंडरग्राउंड सेटअप



### दस लाख में कराते थे नकल

एसटीएफ के मुताबिक, साल्वर गैंग प्रत्येक अभ्यर्थी को परीक्षा में नकल कराने के लिए दस-दस लाख लेते थे। इसमें चार लाख पहले और परीक्षा खत्म होने के बाद शेष छह लाख रुपये लिए जाते थे। साल्वर गैंग के सदस्यों ने भास्कर नैथानी के नाम से सेंटर ले रखे थे। इसके ऐवज में नैथानी को 30 हजार रुपये और नितीश कुमार को 40 हजार रुपये प्रतिमाह अतिरिक्त रूप से दिए जाते थे।

> परीक्षा सेंटर के यूपीएस सिस्टम को हैक कर ऑनलाइन परीक्षा कराई जा रही थी। अभियुक्त नितीश कुमार ने राउटर को पावर सप्लाई और इंटरनेट के लिए अवैध रूप से छिपाते हुए चैंबर में अंडर ग्राउंड वायरिंग की थी। इस मामले में साल्वर गैंग के भास्कर नैथानी समेत दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है, जबकि गैंग के अन्य आधा दर्जन एसटीएफ के रडार पर हैं।
>
> -ब्रजेश कुमार सिंह, एडीशनल एसपी, एसटीएफ

# नोएडा मेट्रो एक्सटेंशन कॉरिडोर को मंजूरी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- सेक्टर-142 से बॉटनिकल गार्डन तक 11.56 किमी एलिवेटेड विस्तार, 8 नए स्टेशन

**अमृत विचार:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने नोएडा मेट्रो रेल परियोजना के सेक्टर-142 से बॉटनिकल गार्डन तक 11.56 किलोमीटर लंबे एक्सटेंशन कॉरिडोर को मंजूरी दे दी है। यह नया एलिवेटेड कॉरिडोर कुल 8 स्टेशनों के साथ विकसित किया जाएगा। इसके संचालन में आने के बाद नोएडा और ग्रेटर नोएडा में सक्रिय मेट्रो नेटवर्क की कुल लंबाई 61.62 किलोमीटर हो जाएगी।

यह कॉरिडोर बॉटनिकल गार्डन मेट्रो स्टेशन तक जाएगा, जहां दिल्ली मेट्रो की ब्लू लाइन और मैजेंटा लाइन से इंटरचेंज की सुविधा मिलेगी। इससे नोएडा और ग्रेटर नोएडा के यात्रियों को दिल्ली, एयरपोर्ट, प्रमुख रेलवे स्टेशनों और बस अड्डों तक पहुंच और सुगम होगी। खासतौर पर परी चौक से बॉटनिकल गार्डन का सफर आसान होगा और यात्रा समय में उल्लेखनीय कमी आएगी। एक्सटेंशन कॉरिडोर से नोएडा के प्रमुख व्यावसायिक, औद्योगिक और शैक्षणिक क्षेत्रों को सीधी कनेक्टिविटी मिलेगी। सेक्टर-142 का एडवांट बिजनेस पार्क, सेक्टर-98 का स्काईमार्क वन मॉल, सेक्टर-93 का मॉल ऑफ नोएडा, सेक्टर-145 में माइक्रोसॉफ्ट, सेक्टर-157 में टीसीएस, सेक्टर-126 में हैवेल्स, सेक्टर-132 में इन्फोसिस व एडोबी, सेक्टर-135 में कॉग्निजेंट और सेक्टर-127 में ओरेकल जैसे बड़े संस्थानों को इसका सीधा लाभ मिलेगा।

# वाणी पोल खोल देती है : अखिलेश

**अमृत विचार, लखनऊ:** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने शंकराचार्य पर दिए गए कथित अपमानजनक बयान को लेकर भाजपा पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि "पहन ले कोई जैसे भी चोले, पर उसकी वाणी पोल खोल देती है। अहंकार व्यक्ति का सम्मान छीन लेता है और समाज सब देख रहा है।



सपा प्रमुख ने शनिवार को कहा कि पूज्य शंकराचार्य के खिलाफ अपशब्द कहना शाब्दिक हिंसा और पाप है। साथ ही आरोप लगाया कि महाकुंभ में हुई मौतों के सही आंकड़े सार्वजनिक नहीं किए जा रहे हैं और मुआवजा वितरण में भी पारदर्शिता नहीं है। उन्होंने कहा कि जो लोग अपने ऊपर लगे मुकदमे हटवाते हैं, उन्हें किसी के धर्म पद पर सवाल उठाने का नैतिक अधिकार नहीं है। साथ ही कहा कि सदन में दिया गया अभद्र बयान रिकॉर्ड का हिस्सा बन चुका है और यह अत्यंत निंदनीय है।

# स्वस्थ जच्चा-बच्चा के लिए बढ़ेंगी एफआरयू

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- राज्य स्तरीय टास्क फोर्स बैठक में लिया गया निर्णय

**अमृत विचार :** आपातकालीन प्रसव सेवाओं को मजबूत करने के लिए 24 घंटे संचालित फर्स्ट रेफरल यूनिट (एफआरयू) की संख्या 153 से बढ़ाकर 427 करने का निर्णय लिया गया। साथ ही विशेष नवजात देखभाल इकाइयों (एसएनसीयू) और न्यूबॉर्न स्टेबिलाइजेशन यूनिट (एनबीएसयू) का विस्तार, सीपीएपी सुविधा बढ़ाने और 24 घंटे जांच सेवाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए।

यह निर्णय शनिवार को प्रदेश में मातृ एवं नवजात मृत्यु दर में कमी लाने के उद्देश्य से अपर मुख्य सचिव अमित कुमार घोष की अध्यक्षता में हुई राज्य स्तरीय टास्क फोर्स बैठक में लिया गया है। महाप्रबंधक (बाल स्वास्थ्य) डॉ. मिलिंद वर्धन ने बताया कि सैंपल रजिस्ट्रेशन सर्वे 2023 के अनुसार, प्रदेश में मातृ मृत्यु दर 141 प्रति एक लाख, नवजात मृत्यु दर 26 प्रति हजार और शिशु मृत्यु दर 37 प्रति हजार हो गई है। गुणवत्तापूर्ण प्रसव सेवाओं और नवजात देखभाल से मातृ मृत्यु में 46 प्रतिशत तथा नवजात मृत्यु में 40 प्रतिशत तक कमी संभव है।

'मदर एंड न्यूबॉर्न केयर यूनिट' (एमएनसीयू) मॉडल को बढ़ावा देने और ई-कवच डिजिटल प्रणाली के माध्यम से हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं व कम वजन वाले नवजातों की ट्रैकिंग को मजबूत किया जाएगा। अब हर तीन महीने में समीक्षा सम्मेलन आयोजित होंगे और अस्पतालों की कार्यप्रणाली का मूल्यांकन तय मानकों पर किया जाएगा। सरकार का लक्ष्य गर्भावस्था से लेकर जन्म के बाद तक मां और बच्चे की निरंतर निगरानी सुनिश्चित कर मृत्यु दर में उल्लेखनीय कमी लाना है।


लखनऊ : प्रदर्शनकारी आप कार्यकर्ताओं को बस में बिठाकर ले जाते पुलिसकर्मी।

# ट्रेड डील की प्रतियां जलाकर आप ने किया प्रदेशव्यापी प्रदर्शन

**अमृत विचार , लखनऊ:** आम आदमी पार्टी (आप) ने कथित मोदी-ट्रंप ट्रेड डील के विरोध में प्रदेश के विभिन्न जिला मुख्यालयों पर प्रदर्शन किया। लखनऊ में स्वास्थ्य भवन चौराहे पर जिलाध्यक्ष इरम रिजवी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने समझौते की प्रतियां जलाकर राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा।

आप नेताओं ने आरोप लगाया कि यह डील किसानों, छोटे व्यापारियों और देश की संप्रभुता के खिलाफ है। जिलाध्यक्ष ने कहा कि यह "ट्रेड डील नहीं, थ्रेट डील" है और इससे भारतीय कृषि बाजार अमेरिकी उत्पादों के लिए खोला जा रहा है। प्रदर्शन के दौरान पुलिस ने कुछ कार्यकर्ताओं को हिरासत में लेकर ईको गार्डन भेज दिया। पार्टी ने प्रशासन की कार्रवाई को अलोकतांत्रिक बताते हुए डील को तत्काल निरस्त करने की मांग की है।

# प्रदेश की अदालतें पूर्व में झेल चुकी हैं आतंकी विस्फोट का दंश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- वर्ष 2007 में लखनऊ, वाराणसी व अयोध्या में हुए विस्फोटों में गई थी 11 लोगों की जान

**अमृत विचार:** लखनऊ, अयोध्या, वाराणसी समेत सूबे के 15 जिलों की अदालतों को बम से उड़ाने की धमकी मिली है तो अतीत की भयावह यादें ताजा हो रही हैं। बम विस्फोटों का दंश प्रदेश की अदालतें पूर्व में झेल चुकी हैं। इसी के चलते बीते दिनों मिली धमकियों को सुरक्षा एजेंसियां गंभीरता से ले रही हैं।

अतीत में जाएं तो 23 नवंबर 2007 में लखनऊ, वाराणसी और उस समय के फैजाबाद (अयोध्या) की अदालतों में सिलसिलेवार बम विस्फोट हुए थे। विस्फोटों में 11 लोगों को जान चली गई थी। इन विस्फोटों के पीछे आतंकी संगठन हरकत उल जिहाद अल इस्लाम (हूजी) और इंडियन मुजाहिदीन के संदिग्ध आतंकवादियों का हाथ होने के आरोप लगे थे। करीब दर्जन भर से अधिक अभियुक्तों की गिरफ्तारी भी की गई थीं। तोबड़तोड़ कार्रवाई के बाद माना गया था कि शायद अब अदालतें सुरक्षित रहेंगी। अदालत परिसरों में सीसीटीवी कैमरों के साथ ही तमाम सुरक्षा व्यवस्थाएं की गईं थीं। लेकिन चार अगस्त 2015 को कानपुर अदालत के परिसर में बम विस्फोट हो गया। चार अक्टूबर 2017 को लखनऊ के सिविल कोर्ट के बाथ रूम में विस्फोट हुआ। इसके बाद सुरक्षा एजेंसियां एक बार हरकत में आईं। लेकिन एक बार फिर शुक्रवार को जिस तरह से अदालतों को निशाना बनाने की धमकी दी गई है, उससे सुरक्षा एजेंसियां खासी चौकन्नी हो गई हैं।

## कार्यशाला

### कार्यकर्ता निर्माण ही संगठन निर्माण की कुंजी : ओमप्रकाश धनखड़

# प्रशिक्षण महाभियान से बूथ स्तर तक सशक्त होगा भाजपा संगठन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** भाजपा ने प्रदेश में शुरू किए जा रहे पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान की प्रदेश स्तरीय कार्यशाला में पार्टी के राष्ट्रीय मंत्री एवं प्रशिक्षण अभियान के राष्ट्रीय सहसंयोजक ओमप्रकाश धनकड़ ने कहा कि प्रशिक्षण महाभियान से बूथ स्तर तक भाजपा संगठन सशक्त होगा। कार्यकर्ता निर्माण ही संगठन निर्माण की कुंजी है, जबकि प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी ने वैचारिक दृढ़ता, अनुशासन और सेवा भाव पर बल दिया।

शनिवार को बीबीडी विश्वविद्यालय स्थित सभागार में हुई कार्यशाला में राष्ट्रीय मंत्री ओमप्रकाश धनखड़ ने कहा कि प्रशिक्षण तराशने की प्रक्रिया है, जो सीखता है, वही आगे बढ़ता है। पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान को उन्होंने संगठन सशक्तिकरण का ऐतिहासिक कदम बताते हुए कहा कि यह कार्यकर्ताओं को विचार, व्यवहार और नेतृत्व, तीनों स्तरों पर समृद्ध करेगा।

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष पंकज चौधरी ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय का एकात्म मानववाद और डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का एक देश-एक विधान का संदेश आज भी भाजपा के लिए पथप्रदर्शक है। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण प्राप्त कार्यकर्ता केवल चुनावी योद्धा नहीं, बल्कि समाज का मार्गदर्शक बनता है।

प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने कहा कि बूथ स्तर तक प्रशिक्षित कार्यकर्ता ही संगठन की वास्तविक शक्ति हैं। यह महाभियान कार्यकर्ताओं को पार्टी की रीति-नीति, सेवा कार्यों और जनसंपर्क अभियानों से जोड़ते हुए उन्हें अधिक प्रभावी बनाएगा। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण महाभियान के अंतर्गत प्रदेश स्तर पर तीन दिन, जिला स्तर पर दो दिन, मंडल स्तर पर 24 घंटे और बूथ स्तर पर दो सत्रों में प्रशिक्षण वर्ग आयोजित किए जाएंगे। प्रशिक्षण महाभियान के उत्तर-पूर्व क्षेत्र (उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, बिहार) के क्षेत्रीय प्रभारी एवं राज्यसभा सांसद अमर पाल मौर्य ने पीपीटी के माध्यम से अभियान की विस्तृत रूपरेखा साझा की। उत्तराखंड के पूर्व महामंत्री राजू भंडारी, प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। इस अवसर पर पार्टी के प्रदेश पदाधिकारी, क्षेत्रीय अध्यक्ष, जिलाध्यक्ष, मोर्चों के पदाधिकारी, मीडिया, सोशल मीडिया और आईटी टीम के प्रतिनिधि बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।



लखनऊ : पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान की प्रदेश स्तरीय कार्यशाला में उपस्थित राष्ट्रीय सहसंयोजक ओमप्रकाश धनकड़ व अन्य भाजपा पदाधिकारी।

- राज्य, जिला, मंडल व बूथ स्तर पर प्रशिक्षण वर्ग की बनी योजना




# महाशिवरात्रि आज, अयोध्या धाम में वाहनों की नो एंट्री

## आंतरिक डायवर्जन भी रहेगा लागू, नागेश्वरनाथ मंदिर समेत अन्य शिवालयों में उमड़ेगी भीड़

अयोध्या कार्यालय।

**अमृत विचार :** महाशिवरात्रि पर्व पर आज रविवार को रामनगरी भोलेनाथ के भक्तों से गुलजार रहेगी। रामनगरी सुरक्षा के कड़े घेरे में रहेगी। भीड़ को देखते हुए अयोध्या धाम में सभी प्रकार के वाहनों के प्रवेश पर रोक रहेगी, साथ ही आंतरिक डायवर्जन भी लागू रहेगा। मेला क्षेत्र को पांच जोन और 12 सेक्टर में बांटकर सुरक्षा अधिकारियों व मजिस्ट्रेट की तैनाती की गई है।

आज भोर से ही सरयू स्नान कर नागेश्वरनाथ समेत अन्य शिवालयों पर जलाभिषेक के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ेगी। साथ ही राम मंदिर परिसर स्थित शिव मंदिर में विशेष अनुष्ठान व अन्य धार्मिक कार्यक्रम होंगे। वहीं, नागेश्वरनाथ मंदिर में शनिवार को विवाह से पूर्व भोलेनाथ हल्दी लगाने की परंपरा का भी पालन किया गया।सरयू घाट, नागेश्वरनाथ मंदिर की सुरक्षा अर्धसैनिक बलों के हवाले होगी। सीसीटीवी, ड्रोन से भी निगरपानी की जाएगी। भीड़ प्रबंधन के लिए रामपथ पर अस्थायी बेरिकेडिंग की जा रही है। नागेश्वरनाथ मंदिर पर भी बेरिकेडिंग की गई, श्रत्रालुओं को रोककर जत्थों में गर्भगृह तक भेजा जाएगा। साथ ही महिला व पुरुषों की अलग-अलग कतार होगी। एसपी सिटी चक्रपाणि त्रिपाठी ने बताया कि सुरक्षा व्यवस्था मजबूत की गई है। नागेश्वर नाथ मंदिर के साथ-साथ क्षीरेश्वर महादेव मंदिर पर भी व्यापक सुरक्षा इंतजाम किए गए हैं। भीड़ बढ़ने की स्थिति में रूट डायवर्जन के लिए मास्टर प्लान तैयार है और भीड़ प्रबंधन की विशेष व्यवस्था लागू की गई है।

वहीं भारी भीड़ की संभावना को देखते हुए व परंपरा के अनुसार महाशिवरात्रि पर भोर करीब तीन बजे ही मंदिर के कपाट खुल जाएंगे। वहीं शिव विवाह की पूर्व संध्या पर भगवान की हल्दी लगाई गई, साथ ही विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। रविवार शाम हाथी-घोड़ों व बैंड बाजार के साथ शिव बरात शाम को निकलेगी, जो रामपथ पर क्षीरेश्वरनाथ पहुंचकर यहां से वापस मंदिर आएगी। देवरात भगवान शिव और माता पार्वती का विवाह संपन्न होगा। रात भर मंदिर परिसर में विवाह महोत्सव चलता रहेगा, जिसमें हजारों श्रद्धालु साक्षी बनेंगे। महाशिवरात्रि के अगले दिन कलेवा का आयोजन होगा और विशाल भंडारे के साथ पर्व का विधिवत समापन किया जाएगा। क्षीरेश्वरनाथ, रामेश्वर महादेव, हरदेव नाथ, झारखंडेश्वर मंदिर समेत सभी शिवालयों को सजाया संवारा जा रहा है। शिवालयों के पास बेलपत्र, दूध, दही, शहद, धतूरा, पुष्प आदि की दुकानें सज गई हैं। सभी जगहों पर रविवार को पूजन अर्चन के बाद ठंडाई का प्रसाद भी वितरित करने की तैयारी है।



भोलेनाथ के भक्तों के स्वागत के लिए सजाया गया नागेश्वरनाथ मंदिर।


क्षीरेश्वरनाथ मंदिर पर पूजन अर्चन करते श्रद्धालु।


महाशिवरात्रि की पूर्व संध्या पर कलश लेकर जातीं महिला श्रद्धालु। अमृत विचार

### राम मंदिर स्थित शिव मंदिरों में होगा विशेष अनुष्ठान

राम मंदिर में रविवार को पहली बार महाशिवरात्रि का पर्व भव्यता से मनाया जाएगा। राम मंदिर के परकोट में स्थित शिवालय व कुबेर टीला पर स्थित शिव मंदिर में रुद्राभिषेक किया जाएगा। विशेष अनुष्ठान के लिए महाकाल मंदिर से पुजारी अयोध्या आए हैं। प्रतीकात्मक शिव-पार्वती विवाह का भी आयोजन होगा। इसके अलावा अंगद टीला पर पार्थिव शिवलिंग पूजन किया जाएगा। यहां भगवान शिव की झांकी सजेगी। प्रतीकात्मक शिव विवाह का आयोजन होगा। इसके लिए राम मंदिर परिसर को सुगंधित पुष्पों से सजाया जा रहा है। मंदिर परिसर में पूरे दिन दर्शन की भी व्यवस्था की गई है।

### अधिकारियों ने किया निरीक्षण, दिये निर्देश

**अयोध्या, अमृत विचार :** कमिश्नर राजेश कुमार, डीआईजी सोमेन वर्मा, डीएम निखिल टीकाराम फुंडे, एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर ने महाशिवरात्रि और त्योहारों के मद्देनजर राम की पैड़ी, नागेश्वरनाथ मंदिर, क्षीरेश्वरनाथ महादेव मंदिर का स्थलीय निरीक्षण किया। संबंधित विभागों को निर्देश दिया महाशिवरात्रि के अवसर पर सुरक्षा व्यवस्था के व्यापक प्रबंध सुनिश्चित किए जाएं। श्रद्धालुओं के आगमन-प्रस्थान के लिए मार्गों को सुगम एवं व्यवस्थित बनाया जाए। भीड़ प्रबंधन की प्रभावी योजना लागू की जाए। पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती के साथ सतत निगरानी रखी जाए। साथ ही निर्माण कार्यों को निर्धारित समय सीमा में पूर्ण कराने, घाटों की साफ-सफाई, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था सहित दूसरी मूलभूत सुविधाओं को दुरुस्त रखने का निर्देश दिया। इस अवसर पर अपर नगर आयुक्त जयेंद्र कुमार, एडीएम सिटी योगानंद पांडे सहित अन्य लोग थे।


नागेश्वरनाथ मंदिर पर सजी दुकान। अमृत विचार

### महाशिवरात्रि पर्व पर भंडारा आज

**सत्तीचौरा, अयोध्या। अमृत विचार :** क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बरई कला में स्थित श्री दिगंबर नाथ मंदिर पर ग्राम सभा बरई कला के लोगों ने महाशिवरात्रि पर रामायण पाठ व भंडारा का आयोजन किया है। कार्यक्रम के अगवा संत त्यागी जी महाराज जी ने बताया कि यहां पर भू शिवलिंग स्थित है, जहां लोग महाशिवरात्रि पर्व पर जलाभिषेक करते हैं। यह परंपरा कई दशक पूर्व से चल रही है।

### सिद्धेश्वरनाथ मंदिर से निकली कलश यात्रा

**मिल्कीपुर, अयोध्या। अमृत विचार :** महाशिवरात्रि से पूर्व शाहगंज क्षेत्र स्थित 365 पुजारियों वाले सिद्धेश्वरनाथ मंदिर से शनिवार को कलश यात्रा निकाली गई। करीब चार किलोमीटर लंबी यह कलश यात्रा गाजे-बाजे और भक्तिमय संगीत के साथ निकली। जो 'हर-हर महादेव' और 'बम-बम भोले' के जयघोष से पूरे क्षेत्र को शिवमय बनाती हुई रामपुरवा शिवाला मंदिर पहुंची, जहां विधिवत समापन किया गया। यात्रा का नेतृत्व सह जिला कार्यवाह आनंद सोनी व सिद्धेश्वरनाथ मंदिर समिति के सदस्यों ने किया। भंडारे का आयोजन भी किया गया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रचारक (पंजाब प्रांत) रामगोपाल, शरद तिवारी, मानस मणि त्रिपाठी सहित अनेक कार्यकर्ता व श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### महाशिवरात्रि के आयोजन में शामिल होने पहुंचे बृजभूषण

**सोहावल, अमृत विचार :** कुश्ती संघ के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह महाशिवरात्रि पर्व के एक आयोजन में शामिल होने शनिवार को डेरामूसी गांव पहुंचे थे। अपने निजी हेलीकॉप्टर से आए पूर्व सांसद कृष्ण मोहन सिंह उर्फ दिलीप सिंह के आवास पर पहुंचे। यहां डेरामूसी प्रधान राजेश प्रताप सिंह ,पूर्व प्रधान हरिकरन सिंह , पूर्व प्रधान प्रतिनिधि विवेक सिंह पिंकू, युवा समाजसेवी हर्ष सिंह आदि ने स्वागत किया।

## नागेश्वरनाथ मंदिर परिसर मार्ग पर बिछेगी मैट

**अयोध्या, अमृत विचार :** शिवरात्रि के मौके पर रामनगरी आने वाले श्रद्धालुओं को सुगम दर्शन कराने के लिए महापौर गिरीश पति त्रिपाठी ने नगर आयुक्त जयेंद्र कुमार के साथ नागेश्वरनाथ मंदिर व श्री क्षीरेश्वर नाथ मंदिर परिसर का निरीक्षण कर व्यवस्था संबंधी तैयारियों को अंतिम रूप दिया। नागेश्वरनाथ मंदिर परिसर जाने वाले रास्ते पर मैट बिछाने का निर्देश दिया। महापौर ने नागेश्वरनाथ मंदिर के अन्य स्थानों पर लगातार सफाई व्यवस्था के लिए कर्मचारियों की तैनाती करने, स्वागत बोर्ड बदलवाने तथा मंदिर परिसर के आसपास की दीवारों को विशेष रंग से पेंटिंग कराने का निर्देश दिया। नगर आयुक्त ने मंदिर परिसर में जगह-जगह पान की पिच न थूकने संबंधी निर्देश लिखवाने के निर्देश दिए। भंडारा स्थल तथा शिव-पार्वती विवाह की झांकी के दौरान भी सफाई व्यवस्था, पेयजल व्यवस्था, प्रकाश व्यवस्था तथा सुगम दर्शन के लिए आवश्यक सुविधाएं मुहैया कराने का निर्देश दिया। उनके साथ अपर नगर आयुक्त भारत भार्गव, जोनल अधिकारी अशोक गुप्त, सहायक अभियंता सिविल राजपति यादव भी थे।


नागेश्वरनाथ मंदिर के निरीक्षण के दौरान महापौर गिरीशपति त्रिपाठी, नगर आयुक्त जयेंद्र कुमार व अन्य।

## न्यूज ब्रीफ

### कांग्रेस नेता डॉ. करन ने दिया इस्तीफा

**अयोध्या, अमृत विचार :** जिले के वरिष्ठ कांग्रेस नेता डॉ .करन त्रिपाठी ने कांग्रेस पार्टी से इस्तीफा दे दिया। डॉ .करन ने कहा कि वर्तमान समय में उत्तरप्रदेश कांग्रेस की कार्यशैली व कार्यव्यवस्था से आहत हूँ। वरिष्ठ कांग्रेस नेता पूर्व मंत्री नसीमुद्दीन सिद्दीकी के समर्थन में पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से त्यागपत्र दे रहा हूँ।

### आई 23 शिकायतें, नहीं हुआ समाधान

**बीकापुर, अयोध्या, अमृत विचार।** कोतवाली बीकापुर परिसर में शनिवार को प्रभारी निरीक्षक अमरेंद्र बहादुर सिंह की अध्यक्षता में आयोजित समाधान दिवस में 23 शिकायतें आई। जिसमें आठ पुलिस विभाग से संबंधित तथा 15 शिकायतें भूमि विवाद और राजस्व के मामलों की रही। मौके पर किसी भी शिकायत का निस्तारण नहीं हो सका। राजस्व से संबंधित मामलों में पुलिस और राजस्व की संयुक्त टीम गठन की गई।

### किसान नेता डॉ. रामजनम वर्मा बने जिला प्रभारी

**बारुन, अयोध्या। अमृत विचार :** मिल्कीपुर के पटखौली बाजार स्थित नव भारतीय किसान संगठन अराजनैतिक के जिला कार्यालय पर डॉ. रामजनम वर्मा को संगठन का जिला प्रभारी नियुक्त किया गया। संगठन के प्रदेश प्रभारी शिव शंकर मिश्र ने उन्हें मनोनयन का प्रमाण पत्र सौंपा। डॉ. वर्मा थाना पूराकलंदर के सुक्खा का पुरवा इटौरा गांव के निवासी हैं। महिला जिला अध्यक्ष चिंतामणि मिश्रा, जिला प्रवक्ता रंजन दुबे सहित संगठन के कई अन्य सदस्य मौजूद रहे।

### जेसीबी की टक्कर से युवक की मौत

**मवई, अयोध्या। अमृत विचार :** पटरंगा थाना क्षेत्र में बाकरपुर गांव के पास उसरा, थाना दरियाबाद, बाराबंकी निवासी बाइक सवार दीपक(18) पुत्र जगराम जेसीबी से टकरा गया। लोगों ने उसे गंभीर हालत में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बनीकोडर पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पटरंगा थाना प्रभारी निरीक्षक शशिकांत यादव ने बताया कि रामसनेहीघाट पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। जेसीबी को कब्जे में लेते हुए चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

### फूड इंस्पेक्टर पर वसूली का आरोप

**मिल्कीपुर, अयोध्या। अमृत विचार :** फूड इंस्पेक्टर मिल्कीपुर द्वारा छोटे-छोटे दुकानदारों से लगातार की जा रही अवैध वसूली का मामला अब मुख्यमंत्री के दरबार जा पहुंचा है। समाजसेवा से जुड़े नरसिंह ने फूड इंस्पेक्टर पर भ्रष्टाचार और धमकी देकर पैसे ऐंठने के आरोप लगाए हैं। खाद्य आयुक्त अयोध्या मानिकचंद सिंह ने बताया कि मामला संज्ञान में है। जांच की जा रही है।

### आशुतोष बने कांग्रेस विधि प्रकोष्ठ के अध्यक्ष



**अयोध्या, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी विधि प्रकोष्ठ के अध्यक्ष मो. आसिफ रिजवी ने जिला कांग्रेस कमेटी विधि प्रकोष्ठ का जिलाध्यक्ष पर अधिवक्ता आशुतोष त्रिपाठी को मनोनीत किया है। यह जानकारी जिला कांग्रेस प्रवक्ता शीतला पाठक ने दी। बताया त्रिपाठी लंबे समय से कांग्रेस पार्टी में एक सक्रिय सदस्य रहे हैं।

## प्रसव के दौरान बिगड़ी हालत, सीएचसी पहुंचने से पहले प्रसूता की मौत

**मवई,अयोध्या। अमृत विचार :** पश्चिम बखरा थाना शुक्ल बाजार जनपद अमेठी निवासी नीतू यादव (26) पत्नी विवेक यादव की प्रसव पीड़ा के दौरान हालत बिगड़ने से मौत हो गई। परिजन उसे दोपहर करीब तीन बजे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सुनवा लेकर पहुंचे थे। सीएचसी सुनवा के अधीक्षक डॉ. अखिलेश उपाध्याय ने बताया कि मरीज अस्पताल आई थी। प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल के लिए रेफर किया गया था। एम्बुलेंस उपलब्ध न होने के कारण मरीज को काफी देर तक इंतजार करना पड़ा। इसी दौरान परिजन उसे जिला अस्पताल ले जाने के बजाय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रुदौली लेकर चले गए। सीएचसी रुदौली के इमरजेंसी चिकित्सक डॉ. बुधराम ने बताया कि महिला को अस्पताल लाने से पहले ही उसकी मृत्यु हो चुकी थी। मामले को गंभीर मानते हुए स्वास्थ्य विभाग ने पोस्टमार्टम के लिए कोतवाली रुदौली मेमो भेज दिया। भेलसर चौकी प्रभारी युवराज सिंह भारी पुलिस बल के साथ सीएचसी रुदौली पहुंचे। उन्होंने बताया कि मृतका के शव को कब्जे में लेकर पंचायतनामा की कार्रवाई पूरी कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

- एंबुलेंस की देरी के कारण नहीं पहुंच सके जिला अस्पताल


ऊं शिवालय में शिव की आराधना करतीं सिंधी समाज की महिलाएं। अमृत विचार

### भजन गाकर की भोले की आराधना

**अयोध्या।** चौदह कोसी परिक्रमा मार्ग स्थित रामनगर कॉलोनी के ऊं शिवालय मंदिर में चल रहे महाशिवरात्रि महोत्सव में महिलाओं ने सिंधी भाषा में भजन गाकर भोलेनाथ की आराधना की। संचालिका आशा राय की अगुवाई में महिला संगीत का आयोजन हुआ। महंत गणेश राय दास ने बताया कि जिस तरह विवाह के एक दिन पूर्व महिला संगीत होता है, उसी तरह भगवान शंकर-पार्वती के विवाह पूर्व महिला संगीत हुआ। इस मौके पर दृष्टि राय, रेशमा अंदानी,काजल खत्री,सरिता मोटवानी,काजल रूपानी,हेमा वरियानी, सपना राजपाल,राशि संगतानी,रीता संगतानी आदि ने सिंधी गीतों व भजनों को प्रस्तुति दी।

## कश्मीर से कन्याकुमारी को निकली श्रीरामनवमी रथ यात्रा रामनगरी पहुंची

**अयोध्या, अमृत विचार :** कश्मीर से कन्याकुमारी को निकली श्रीरामनवमी रथ यात्रा का सत्यानंद रथ शनिवार शाम जगद्गुरु रामानन्दाचार्य द्वार अयोध्या पहुंचा। यात्री सेवा केंद्र पर थोड़ा विश्राम के बाद श्रीराम जन्मभूमि मन्दिर के व्यवस्थापक गोपाल राव व नरेंद्र के नेतृत्व में यह रथयात्रा श्रीरामकोट परिक्रमा पर निकली। रथ यात्रा सात फ़रवरी को श्रीनगर के ज्येष्ठा देवी मंदिर से प्रात: शुरू हुई थी। यात्रा का संयोजन श्री रामदास आश्रम तिरुवनंतपुरम के उपाध्यक्ष शंकर सरस्वती व रूद्रमठ केदारनाथ के धर्मानंद सरस्वती कर रहे हैं। रात भर अयोध्या में रुकने के बाद रविवार को सुरवारी स्थित श्रीराम दास आश्रम लिये निकलेगी। स्वामी शंकर सरस्वती के अनुसार रथ की लागत एक करोड़ रुपये से अधिक है।


भव्य रूप से सजी रथ यात्रा। अमृत विचार

### जिले में अब 20 क्रय केंद्रों पर धान बेच सकते किसान

**अयोध्या, अमृत विचार :** जिले के 20 क्रय केंद्रों को धान खरीद के लिए फिर से खोल दिया गया है। इन पर किसानों के धान तय समय तक खरीदे जाएंगे। धान वही किसान बेंच पाएंगे जो अब तक अपना धान नही बेंच पाए हैं और लघु या सीमांत किसान है। जिले में धान की खरीद का लक्ष्य की 95 फीसदी धान की खरीद हो चुकी है। इस पर 77 में से 66 केंद्रों को बंद करने का फरमान जारी कर दिया गया। किसानों का आरोप था कि अभी शासन से घोषित धान खरीद की तिथि 28 फरवरी नहीं आई है और धान की खरीद बंद कर दी गई। डिप्टी आरएमओ धनंजय सिंह ने जानकारी दी। आयुक्त खाद्य को पत्र के जरिए वस्तुस्थिति से अवगत कराया गया तो शासन ने 22 क्रय केंद्रों को चालू रखने का निर्देश दिये है। किसी समस्या पर मोबाइल नंबर7839565047 और कंट्रोल रूम के नंबर 9648114400 और 8707308272 पर किसान संपर्क कर सकते हैं।

### कौशल संग्रहालय की गैलरी होगी विकसित

**अयोध्या, अमृत विचार :** अवध विश्वविद्यालय इतिहास संस्कृति एवं पुरातत्व विभाग के सह- आचार्य डॉ. राजेश कुमार सिंह को कौशल संग्रहालय का समन्वयक नियुक्त किया गया है। उन्होंने कुलपति के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि कौशल संग्रहालय को वैश्विक धरोहरों की जानकारी के लिए विकसित किया जाएगा। शोध गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए छात्रों को प्रोत्साहित किया जाएगा। उन्होंने कहा संग्रहालय में वीथिका गैलरी को और विकसित किया जाएगा। डॉ. अवध नारायण, डॉ. दिवाकर त्रिपाठी, डॉ. मनीष कुमार सिंह, सहित अन्य शिक्षकों एवं अधिकारियों ने बधाई दी है।


डॉ. राजेश कुमार सिंह को पुष्प गुच्छ देकर स्वागत करते शिक्षक।

कवायद | जल्द ही चालकों को प्रशिक्षत कर किया जाएगा ट्रायल व होली से होगा संचालन, अयोध्या धाम बस स्टेशन पहुंचीं 18 बसें, दो और आएंगी

# लखनऊ, प्रयागराज, गोरखपुर और वाराणसी मार्ग पर चलेंगी ई-बसें

अयोध्या कार्यालय।

**अमृत विचार :** होली पर्व से पूर्व अयोध्या धाम बस स्टेशन से लखनऊ, प्रयागराज, गोरखपुर व वाराणसी मार्ग पर एसी ई- बसों का संचालन शुरू होगा। प्रत्येक मार्ग पर पांच-पांच बसें चलेंगी। पुणे की ईका कंपनी द्वारा निर्मित 18 बसें डिपो में पहुंच गई हैं, दो और आनी हैं। इन बसों को अटल सेवा के नाम से जाना जाएगा। आधुनिक सुविधाओं से लैस इन बसों से यात्रियों को आरामदेह यात्रा का अनुभव होगा।

इन बसों को चलाने वाले चालकों को प्रशिक्षित किया जाएगा, उसके बाद ट्रायल की प्रक्रिया की जाएगी। सरकार ने वर्ष 2025 में प्रदेश के महत्वपूर्ण व धार्मिक स्थलों से ई-बसों के संचालन की घोषणा की थी। वर्तमान में प्रयागराज से अयोध्या के लिए अटल बस सेवा की दो ई-बसों का संचालन हो रहा है। यहीं नहीं, लखनऊ से दो डबल डेकर बसों का भी संचालन अयोध्या डिपो तक हो रहा है। अब होली पर्व से पूर्व प्रयागराज, लखनऊ, गोरखपुर व वाराणसी के लिए पांच-पांच ई बसों का संचालन शुरू किया जाएगा।



अयोध्या धाम बस स्टेशन में खड़ी नई ई-बसें। अमृत विचार

### बनाए गए पांच चार्जिंग स्टेशन

इन बसों का संचालन अयोध्या धाम बस स्टेशन से किए जाने की योजना है। यहां पर ई-बसों को चार्ज करने के लिए पांच चार्जिंग स्टेशन बनाये गये हैं। इसके लिए परिवहन निगम ने अलग से 1260 केवीए का कनेक्शन लिया है, जिसके लिए लगभग 2.50 करोड़ रुपये पॉवर कॉर्पोरेशन में जमा किये है। इसके अलावा इन बसों की मेंटीनेंस के लिए ईका मोटर्स अयोध्या धाम बस स्टेशन पर वर्कशॉप भी बनाएगी। इन बसों में नियंत्रित एयर कंडीशनिंग सिस्टम, आरामदायक सीट, बेहतर सस्पेंशन, सीसीटीवी कैमरे, जीपीएस ट्रैकिंग सिस्टम और डिजिटल डिस्पले जैसी सुविधाएं भी है।

### ओवरब्रिज बनने से दोनों लेन से जुड़ा बस स्टेशन

जून वर्ष 2021 में करीब 14 करोड़ की लागत से निर्मित अयोध्या धाम बस स्टेशन को बसों के परिचालन के लिए खोल दिया गया था। हालांकि हाईवे की दोनों लेन से कनेक्टिविटी न होने के कारण परिचालन सुचारू नहीं हो पाया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर इस बस स्टेशन के सामने ओवरब्रिज बनाया गया। जो दिसंबर 2025 में तैयार हो गया। इसके नीचे अंडरपास बनने से अब यह बस स्टेशन हाईवे की दोनों लेन से जुड़ गया। इस बस स्टेशन के बगल नौ एकड़ भूमि पर करीब 250 करोड़ की लागत से एयरपोर्ट की तर्ज पर अंतरराज्यीय बस स्टेशन का निर्माण कराया जा रहा है। माना जा रहा है कि इसके निर्माण के बाद यहां से प्रदेश ही नहीं देश के कोने-कोने तक बसों का संचालन शुरू होगा।

> जल्द ही इन बसों का ट्रायल किया जाएगा, इससे यह पता चल पाएगा कि एक बार चार्जिंग में यह कितने किमी की दूरी तय कर सकेंगी। इसके बाद लखनऊ, गोरखपुर, प्रयागराज व वाराणसी के लिए पांच-पांच बसों का संचालन किया जाएगा। **–विमल राजन, क्षेत्रीय प्रबंधक परिवहन निगम**

### सांड़ से टकराकर गिरा बाइक सवार, मौत

**मिल्कीपुर, अयोध्या। अमृत विचार:** इनायत नगर थाने के ग्राम परसपुर सथरा निवासी रवि कुमार (25) पुत्र नन्हे लाल की सड़क हादसे में मौत हो गई। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि श्रवण जीत ने बताया कि गुरुवार शाम रवि कुमार बाइक से घर जा रहा था। सड़क पर अचानक एक सांड़ आ गया, जिससे टकराकर वह सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया।उसे मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान रात करीब 10 बजे उसने दम तोड़ दिया। पुलिस चौकी दर्शन नगर के उप निरीक्षक अरुण कुमार सिंह ने बताया कि मृतक रवि कुमार के शव का पोस्टमार्टम करा परिवारीजनों को सौंप दिया है।



# गणित के सूत्र चार्ट पर लिखकर करें याद, रसायन के पाठ्यक्रम परखें

**बोर्ड परीक्षा**

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** माध्यमिक शिक्षा परिषद की बोर्ड परीक्षा 18 फरवरी से शुरू हो रही है। परीक्षा में शामिल होने वाले बच्चे तनाव बिल्कुल न लें। हल्के मन से तैयारी करें। बोर्ड परीक्षार्थियों के लिए यहाँ विषय वार शिक्षकों के टिप्स आपकी तैयारी के काम आ सकते हैं। 'अमृत विचार' ने परीक्षार्थियों के लिए विषय विशेषज्ञों से बातचीत की।

## गणित प्रश्न पत्र हल करने में सूत्र की भूमिका अहम



बोर्ड परीक्षा में गणित विषय की तैयारी के लिए बच्चों को सबसे पहले अपने पाठ्यक्रम में उपस्थित सभी सूत्रों को एक चार्ट पर लिख कर याद कर लेना चाहिए। गणित के प्रश्नों को हल करने में सूत्र की एक महत्वपूर्ण भूमिका होती है। सूत्र के साथ साथ गणित के महत्वपूर्ण अवधारणाओं का रिवीजन अच्छे से कर लेना चाहिए। उसके बाद सभी प्रकार के महत्वपूर्ण प्रश्नों को संकलित करके उनका समुचित अभ्यास करना चाहिए। पुराने वर्ष के प्रश्नों से एक अच्छी प्रैक्टिस की जा सकती है। पेपर हल करते समय पहले जो प्रश्न आ रहा है उन प्रश्नों को हल करें। किसी भी प्रश्न को अनुत्तरित न छोड़े। गणित विषय की सफलता का एक मूल मंत्र अभ्यास ही है। **-डॉ. अशोक तिवारी, प्रवक्ता, गणित।**

## रसायन विज्ञान की प्रत्येक इकाई अंक के अनुसार करें विभाजित



रसायन विज्ञान में सर्वप्रथम पाठ्यक्रम को भलीभांति जान ले। प्रत्येक इकाई को उसके अंक के अनुसार विभाजित कर लें। विभिन्न अभिक्रियाओं और महत्वपूर्ण सूत्रों को समझ लें। विगत वर्षों के प्रश्न पत्रों के अनुसार प्रश्न तालिका बनाएं जिसका बार-बार अध्ययन करें। कुछ अभिक्रियाएं जिनमें संदेह हो उनका बार-बार अभ्यास करें। महत्वपूर्ण सूत्रों को बार-बार लिखकर अभ्यास करें। परीक्षा का बहुत अधिक दबाव न लें तनाव मुक्त रहें। सकारात्मक सोच, धैर्य और आत्मविश्वास के साथ परीक्षा दें सब अच्छा होगा। **-चंद्रकांत तिवारी, प्रवक्ता, रसायन विज्ञान।**

## पाठ्यक्रमों के हिसाब से करें हिन्दी पेपर की तैयारी



हाईस्कूल व इंटरमीडिएट हिंदी विषय में परीक्षा के दौरान तैयारी के लिए सभी छात्र-छात्राएं अपने पाठ्यक्रम के अनुसार ही अपने विषय की तैयारी करें।प्रश्न को हल करते समय समय का भी ध्यान रखें तथा कुछ महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विशेष ध्यान दें। विगत वर्षों में पूछे गए प्रश्नों को हल करें। कुछ प्रश्नों को हल करते समय आसानी से नंबर प्राप्त किया जा सकते हैं। जैसे औपचारिक अनौपचारिक पत्र कथा सारांश खंडकाव्य कवियों या लेखकों का साहित्यिक परिचय तथा निबंध लेखन निबंध लेखन यह प्रश्न पत्र में अंतिम प्रश्न होता है इस पर समय का विशेष ध्यान रखे। **-डॉ. अवधेश कुमार, प्रवक्ता, हिंदी।**

## तथ्यों को रटने के बजाए जीव विज्ञान के सिद्धांत समझें



विभिन्न तथ्यों को रटने के बजाय जीव विज्ञान के सिद्धांत को समझने का प्रयास करें। महत्वपूर्ण चित्रों को बिना देखे नामांकित करते हुए स्वयं बनाने का प्रयास करें। विभिन्न महत्वपूर्ण प्रश्नों की एक लिस्ट तैयार कर उन प्रश्नों को लिखने का प्रयास करें। भारअंक के अनुसार सभी इकाई को महत्व दें।पांच वर्षों के मॉडल पेपर को तैयार कर नोट्स बना ले तथा उसका प्रतिदिन रिवीजन करें। एक नियमित दिनचर्या का पालन करें। अपने शरीर को स्वस्थ रखें। स्वयं पर आत्मविश्वास रखें क्योंकि यह ही सफलता की कुंजी है। **-परमानंद, प्रवक्ता, जीव विज्ञान।**

## परीक्षा में बेसिक के 100 शिक्षकों की कक्ष निरीक्षक के लिए तैनाती

**अयोध्या, अमृत विचार :** यूपी बोर्ड परीक्षाओं हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट को नकलविहीन और सुचारु रूप से संपन्न कराने के लिए विभिन्न जिलों में ब्लॉक वार आधार पर इन शिक्षकों की ड्यूटी लगाई जा रही है। जिसमें लगभग 100 बेसिक शिक्षकों को कक्ष निरीक्षक की जिम्मेदारी दी गई है। कक्ष निरीक्षक की ड्यूटी वाले दिनों में ये शिक्षक परीक्षा केंद्र पर अपनी सेवाएं देंगे, जबकि जिन दिनों उनकी ड्यूटी नहीं लगी है, उन दिनों वे अपने नियमित स्कूल में पढ़ाई कार्य जारी रखेंगे। इससे एक ओर बोर्ड परीक्षा की निगरानी मजबूत होगी, वहीं दूसरी ओर परिषदीय स्कूलों की नियमित पढ़ाई प्रभावित नहीं होगी। कक्ष निरीक्षकों के लिए सख्त दिशा-निर्देश जारी किए हैं, जिसमें प्रत्येक कक्ष में कम से कम दो निरीक्षक (एक बाहरी), सत्यापन अनिवार्य, क्यूआर कोड युक्त परिचय पत्र और तीन दिन पहले ज्वॉइनिंग शामिल हैं। बेसिक शिक्षा अधिकारी लालचंद ने बताया कि ड्यूटी वाले शिक्षकों को सूचित किया गया है।

## परीक्षा की तैयारी करने के सरल और प्रभावी टिप्स

**अयोध्या, अमृत विचार :** बोर्ड परीक्षा में विद्यार्थियों को अधिकतम अंक प्राप्त करने के लिए सही रणनीति अपनानी चाहिए। मंडलीय मनोविज्ञान केन्द्र, अयोध्या के प्रवक्ता डॉ. जंगजीत कुमार ने 10वीं एवं 12वीं कक्षा के छात्रों के लिए परीक्षा की तैयारी के कुछ सरल, व्यावहारिक और मनोवैज्ञानिक तरीके सुझाए हैं। परीक्षा से पहले का यह समय बहुत कीमती होता है, इसलिए इन टिप्स को अपनाकर बेहतर परिणाम हासिल किए जा सकते हैं।

**नियमित दिनचर्या बनाएं**

- अध्ययन के दौरान कई सवाल मन में आते हैं, जैसे : कितने समय पहले पढ़ाई शुरू करें? कौन-सा विषय पहले पढ़ें?
- डॉ. अंगजीत कुमार के अनुसार, एक लिखित समय-सारिणी (टाइम टेबल) बनाकर पढ़ाई करें। परीक्षा के समय भारी भोजन न करें, भरपूर नींद लें। इससे अनुशासन बनेगा और तनाव कम होगा।

**पाठ्यक्रम की तैयारी कैसे करें**

- स्कूल में पढ़ाए गए पाठ्यक्रम को पाठ के अनुसार प्रश्न बनाकर तैयार करें।
- प्रत्येक पाठ को समझकर अच्छी तरह पढ़ें, फिर छोटे-छोटे खंडों में विभाजित करें।
- बचे समय में नियमित अभ्यास (रिवीजन) और मॉडल पेपर सॉल्व करें।

**मॉडल पेपर और पुराने प्रश्न-पत्र कहाँ से प्राप्त करें**

- गाइड बुक या अन्य अच्छी गाइडों के पिछले कवर में कई वर्षों के पुराने पेपर मिल जाते हैं।
- इनके अनुसार समयबद्ध तरीके से अभ्यास करें, ताकि परीक्षा में असली पेपर जैसा अनुभव हो।

**याददाश्त मजबूत कैसे रखें (मेमोरी टिप्स)**

- कई बार पढ़ा हुआ भूल जाते हैं। सके कारण हो सकते हैं :
- पढ़ते समय ध्यान भटकना
- नकारात्मक या बेकार विचार आना
- नींद की कमी
- अस्थिर मन
- गलत खान-पान (जंक फूड, अधिक चाय/कॉफी आदि)

**याददाश्त बनाए रखने के प्रमुख टिप्स**

- नियमित दिनचर्या लिखकर उसका पालन करें।
- पढ़ाई के समय मोबाइल, सोशल मीडिया का उपयोग बिल्कुल न करें।
- पढ़ते समय मन में बेकार विचार न आने दें लक्ष्य पर फोकस रखें।
- रात को सोने से पहले पढ़े हुए विषयों का मनन (रिव्यू) करें।
- पढ़े हुए पाठ का समय-समय पर रिवीजन करते रहें।
- शारीरिक एवं मानसिक संतुलन बनाए रखें – इससे आत्मविश्वास बढ़ेगा।
- रोजाना कम से कम 6-8 घंटे की अच्छी नींद लें, ताकि दिमाग तरोताजा रहे और कन्फ्यूजन न हो।
- समय प्रबंधन (टाइम मैनेजमेंट) करें और नियमित मॉडल पेपर का अभ्यास जारी रखें।

# जिले के 8100 बच्चे देंगे सीबीएसई की परीक्षा

**अयोध्या कार्यालय।**

- **17 से शुरू हो रहे 10 वीं व 12 वीं के एग्जाम 10 अप्रैल तक चलेंगे, परीक्षा केन्द्रों पर होगी सीबीएसई की पैनी नजर**

**अमृत विचार:** सीबीएसई की 10 वीं व 12 वीं कक्षा के बोर्ड एग्जाम जिले के 13 परीक्षा केन्द्रों पर 17 फरवरी से शुरू होंगे। सीबीएसई के जिला को-ऑर्डिनेटर व महाराजा पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्य अजीत कुमार द्विवेदी ने बताया कि इस बार एग्जाम में जिले के लगभग 8100 छात्र-छात्राएं शामिल होंगी। इसमें 10वीं में 3500 और 12 वीं में लगभग 4600 छात्र-छात्राएं शामिल होंगी।

सीबीएसई की नकल विहीन बोर्ड परीक्षा सम्पन्न कराने के उद्देश्य से सभी परीक्षा केन्द्र सीसीटीवी की नजर में होंगे। सभी परीक्षा केन्द्रों पर सीबीएसई की ओर से एक पर्यवेक्षक नियुक्त होगा। परीक्षा के दौरान परीक्षा केन्द्रों पर औचक निरीक्षण के लिए फ्लाइंग स्क्वायड होगा।

### ये बनाये गये परीक्षा केंद्र

1. सेठ एमआर जयपुरिया स्कूल।
2. द कैम्ब्रियन स्कूल।
3. टाइनी टाट्स सीनियर सेकेन्ड्री स्कूल।
4. आर्मी पब्लिक स्कूल।
5. केन्द्रीय विद्यालय।
6. अनिल सरस्वती विद्यामन्दिर।
7. जवाहर नवोदय विद्यालय।
8. उदया पब्लिक स्कूल।
9. महाराजा पब्लिक स्कूल।
10. अवध इंटरनेशनल स्कूल।
11. जेबी अकादमी।
12. भवदीय पब्लिक स्कूल।
13. एनडीडीएवी स्कूल।

### सुबह 10 बजे के बाद परीक्षा केन्द्र में नहीं मिलेगा प्रवेश



अजीत कुमार द्विवेदी

सीबीएसई के जिला को-आर्डिनेटर अजीत कुमार द्विवेदी ने बताया कि सीबीएसई की 10 और 12 वीं की बोर्ड परीक्षा के लिए छात्र-छात्राओं को किसी भी हालत में सुबह 10 बजे तक परीक्षा भवन में प्रवेश करना होगा। इसके बाद किसी भी परीक्षार्थी को प्रवेश नहीं मिलेगा। इसलिए भीड़-भाड़ से बचने और समय से पहुंचने के लिए परीक्षा से एक दिन पूर्व परीक्षार्थी स्वयं परीक्षा केन्द्र का अवलोकन जरूर कर लें। परीक्षार्थी को स्कूल यूनिफार्म में अपने स्कूल का परिचय पत्र और अभिभावक के हस्ताक्षर युक्त परीक्षा प्रवेश पत्र लाना अनिवार्य होगा। परीक्षा के दौरान पारदर्शी पेन, पाउच और पारदर्शी वाटर बॉटल लाने की अनुमति होगी। परीक्षार्थी अपने साथ किसी भी तरह इलेक्ट्रॉनिक गैजेट, घड़ी या लिखी सामग्री कदापि न लाएं। प्रवेश पत्र पर लिखे निर्देशों को परीक्षा से पूर्व अवश्य पढ़ लें।

### ऑनलाइन होगी 12 वीं बोर्ड परीक्षा की कॉपी जांच

जिला को-आर्डिनेटर अजीत कुमार द्विवेदी ने बताया कि सीबीएसई इस बार बोर्ड परीक्षा की कॉपी जांच का अनूठा प्रयोग करने जा रहा है। सीबीएसई की कक्षा 12 की बोर्ड परीक्षा की कॉपियों की जांच इस बार नई तकनीक से ऑनलाइन होगी। उन्होंने बताया कि जिले के जांच केन्द्रों के स्क्रीन पर ऑनलाइन डिस्पले कॉपियों की विषय विशेषज्ञ जांच करेंगे। इसके लिए सीबीएसई ने नया सॉफ्टवेयर लागू किया है। इससे चेकिंग में होने वाली गलतियां पकड़ में आ सकेंगी और उनमें सुधार किया जा सकेगा। साथ ही सीबीएसई किसी भी प्रांत या क्षेत्र की कॉपी किसी भी प्रांत या क्षेत्र चेक करवा सकेगा और इससे ट्रान्सपोर्टेशन में लगने वाले समय की भी बचत होगी। जिससे परिणाम भी शीघ्र घोषित हो सकेगा। इस नई तकनीक से चेक हुई कॉपियों की साथ-साथ क्रॉस चेकिंग भी आसानी से हो सकेगी। बोर्ड परीक्षा की कॉपी जांच की सारी व्यवस्था सीबीएसई की नजर में होगी। परीक्षार्थी अपनी कॉपी परिणाम घोषित होने के बाद पुराने तरीके से ही ऑन लाइन देख सकेंगे और पुन: जांच करवा सकेंगे। जबकि 10 कक्षा की कॉपियां पुराने तरीके से ही जांच केन्द्रों पर जांची जाएंगी।

## पुलवामा शहीदों को किया नमन

**मसौधा, अयोध्या। अमृत विचार:** ग्रामीणांचल के रेवतीगंज में संचालित देवास पब्लिक स्कूल में शनिवार को पुलवामा शहीदों को नमन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शुभारंभ विद्यालय निदेशक सहदेव उपाध्याय व विद्यालय प्रमुख पिंकी उपाध्याय ने मां सरस्वती का पूजन-अर्चन व दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इसके बाद भारतीय सेना के शहीदों को देवास परिवार ने भावभीनी श्रद्धांजलि दी। शिक्षक ने बच्चों को इसके बारे में बताया। निदेशक ने कहा कि 14 फरवरी का दिन पुलवामा शहीदों को समर्पित है। सेना के त्याग और बलिदान के परिणामस्वरूप हमारा देश व सीमाएं सुरक्षित हैं। देश की एकजुटता व अखंडता को बनाए रखना ही शहीदों को सच्ची श्रद्धांजलि है। इस अवसर पर सभी शिक्षक शिक्षिकाएं, छात्र-छात्राएं व कार्यालय कर्मी मौजूद रहे।

## यात्री का कीमती बैग पुलिस ने किया सकुशल बरामद

**अयोध्या, अमृत विचार।** पंजाब से अयोध्या दर्शन पूजन करने आए जीवन कुमार मोदी (एडवोकेट) का कीमती सामान से भरा बैग गोल्फकार्ट में छूट गया था। कोतवाल पंकज सिंह की तत्परता से बैग बरामद कर उन्हें सौंपा गया।

कोतवाल ने बताया कि जीवन मोदी गोल्फकार्ट में सवार होकर जा रहे थे। यात्रा के दौरान कीमती सामान से भरा बैग छूट गया था। उन्होंने इसकी सूचना पुलिस को दी। इसके बाद उन्होंने सीसीटीवी कैमरों की मदद से जांच कराई तो पता चला कि उन्होंने गोल्फकार्ट नंबर 14 में यात्रा की थी। इसके बाद उक्त वाहन से उनका बैग बरामद कर उन्हें सौंप दिया। कीमती सामान वापस मिलने पर जीवन ने खुशी जाहिर की व अयोध्या पुलिस की सराहना की।

# सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्रों को दिलाएं : सांसद



कलेक्ट्रेट सभागार में दिशा की बैठक करते सांसद अवधेश प्रसाद व मौजूद अन्य लोग। अमृत विचार

**अयोध्या कार्यालय**

**अमृत विचार:** सांसद अवधेश प्रसाद ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार की जितनी भी जन कल्याणकारी योजनाएं चल रही है उन सभी का लाभ पात्र लाभार्थियों को दिलाया जाए। वह शनिवार को कलेक्ट्रेट सभागार में विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक को संबोधित कर रहे थे।

कहा कि शासन से स्वीकृत सड़कों की सूची व पेयजल मिशन की सूची भी जनप्रतिनिधियों को क्षेत्रवार उपलब्ध कराएं। बैठक में जनप्रतिनिधियों से जिन-जिन योजनाओं में शिकायतें बताई गई है। प्रशासन के अफसर उनका संज्ञान लेते हुए निस्तारण कराएं। सांसद ने कहा कि जिले में जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधी कैंप, शिविर व कार्यक्रमों के आयोजन में उस क्षेत्र से संबंधित जनप्रतिनिधियों को अवश्य आमंत्रित किया जाए। डीएम निखिल टीकाराम फुंडे ने कहा कि बैठक में जनप्रतिनिधियों से जो भी सुझाव व शिकायतें बताई गई है उस पर सभी संबंधित विभागीय अधिकारी त्वरित कार्रवाई करते हुए समस्याओं का निस्तारण कराए, सुझावों का अनुपालन किया जाय। बिन्दुवार विवरण सीडीओ कृष्ण कुमार सिंह ने प्रस्तुत किया। परियोजना निदेशक, उपनिदेशक कृषि, उपनिदेशक पर्यटन, जिला विकास अधिकारी, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी, जिला पंचायती राज अधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी सहित जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद थे।

## मोदी ट्रंप डील के विरोध में आप का प्रदर्शन

**अयोध्या, अमृत विचार :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच हुई ट्रेड डील को देश की संप्रभुता, किसानों, छोटे व्यापारियों और आम नागरिकों के हितों पर सीधा हमला बताते हुए आम आदमी पार्टी के यू पी प्रभारी एवं राज्यसभा सांसद संजय सिंह के आवाह्न पर आम आदमी पार्टी अयोध्या के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं गांधी पार्क सिविल लाइंस में जिलाध्यक्ष अनिल प्रजापति के नेतृत्व में विरोध प्रदर्शन किया। राष्ट्रपति के नाम संबोधित ज्ञापन जिला प्रशासन को सौंपा। प्रदेश प्रवक्ता जिला प्रभारी संजीव निगम व जिलाध्यक्ष अनिल प्रजापति एडवोकेट ने कहा कि क्या अडानी पर भ्रष्टाचार के आरोपों और 'एपस्टीन फाइल्स' में चौंकाने वाले खुलासों के दबाव में आकर प्रधानमंत्री समझौते कर रहे हैं? गायत्री मिश्रा, विद्या वर्मा, स्वर्णिम वर्मा, शारजहा मास्टर, यूके द्विवेदी आदि मौजूद रहे।




गांधी पार्क में प्रदर्शन करते आम आदमी पार्टी के पदाधिकारी।

# पूर्णता की ओर ले जाती है शिक्षा : श्री श्रीधराचार्य

**अयोध्या कार्यालय**



पत्रिका का विमोचन करते मुख्य अतिथि अध्यक्ष व अन्य। अमृत विचार

**अमृत विचार :** अशर्फी भवन के पीठाधीश्वर जगतगुरू रामानुजाचार्य स्वामी श्री श्रीधराचार्य महाराज ने कहा कि पाषाणरूपी शिला अपने में कुछ नहीं होती। उसके वास्तविक स्वरूप को पहचान कर मूर्तिकार उसे एक नया रूप देते हैं। फिर वही पाषाण रामलाल बन जाते हैं। जिसका दर्शन करने करोड़ भक्ति पहुंचते हैं। यही कार्य विद्यालय का भी होता है। जहां के मूर्तिकार रूपी शिक्षक अपने विद्यार्थियों में ज्ञान का संचार करते हैं।

वह शनिवार को महाराज एसएसवी इंटर कॉलेज में आयोजित विद्यालय के वार्षिक समारोह को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि शिक्षा के बिना सब अपूर्ण है। प्रधानाचार्य डॉ. मणि शंकर तिवारी ने कहा कि धर्मनगरी अयोध्या हमेशा से संस्कार और अनुशासन का संदेश देती रही है। शिक्षा से ही विद्यार्थी प्रगति करता है और उन्नति के मार्ग पर आगे बढ़ता है। वरिष्ठ शिक्षक डॉ. देवेंद्र कुमार मिश्रा ने विद्यालय के इतिहास पर प्रकाश डाला। प्रबंधक शची मेहरोत्रा ने धन्यवाद व्यक्त करते हुए विद्यालय की प्रगति और इसके उत्तरोत्तर विकास पर विस्तार से चर्चा की। शिक्षक विवेकानंद पांडेय ने समारोह का संचालन किया। इसके पहले एनसीसी कैप्टन उमाकांत भारती के निर्देशन में कैडेट ने अतिथि को गार्ड ऑफ ऑनर दिया। विद्यालय की पत्रिका सौरभ के 52 वें अंक का विमोचन हुआ। शिक्षक अनिल मिश्र के निर्देशन में विद्यार्थियों ने स्वस्तिवाचन, स्वागत गीत, सरस्वती वंदना, वन्देमातरम, बंधुत्व गीत, अवधी लोकगीत और राग यमन में शास्त्रीय संगीत की मनोहारी प्रस्तुति दी। आपरेशन सिंदूर पर आधारित हिंदी एकांकी ने देश भक्ति का जोश भर दिया। मार्मिक प्रस्तुति देख सभी विभोर हो गए।

इस अवसर पर एसएसवी के प्रबन्ध कार्यसमिति सदस्य व पूर्व प्रबंधक पुनीत मेहरोत्रा, महर्षि महेश योगी रामायण विश्वविद्यालय के असिस्टेंट रजिस्ट्रार रजनीश गुप्ता, गोयनका स्कूल के चेयरमैन मदन मोहन त्रिपाठी, शिक्षक अभिभावक संघ के अध्यक्ष आशुतोष मिश्रा, पूर्व अध्यक्ष रमाकांत पांडेय, जयसराज वर्मा, रामनेग गौतम, डॉ. घनश्याम यादव मौजूद रहे।

### 300 से अधिक मेधावियों को किया गया पुरस्कृत

एसएसवी इंटर कॉलेज के वार्षिक समारोह में छात्र उमंग विश्वकर्मा और ओम यादव को मुकुंदी देवी मेहरोत्रा मेमोरियल अवार्ड के रूप में 11000-11000 रुपये की धनराशि प्रदान की गई। चार छात्र ऋषभ यादव, समीर सिंह व अन्य को रोटरी क्लब सम्मान के रूप में 2500-2500 रुपये दिये गये। काव्य पाठ, संगीत, सुलेख, हिंदी श्रुति लेख, अंत्याक्षरी, निबंध, भाषण, स्काउट, रेडक्रॉस, खेल, विज्ञान प्रदर्शनी, एनसीसी, सांस्कृतिक कार्यक्रम और एकांकी के 300 से अधिक विद्यार्थियों को मुख्य अतिथि व अन्य अतिथियों ने पुरस्कृत किया। इस दौरान उपस्थित विभिन्न विद्यालयों के प्रधानाचार्य सहित सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य और अतिथियों को भी सम्मानित किया गया।

**खेलकूद**

**कनक किड्स इंटरनेशनल स्कूल प्रांगण में वार्षिक स्पोर्ट्स-डे सत्र संपन्न**

# शालू और राधिका को मिला बेस्ट ड्रेस अवार्ड

**अयोध्या कार्यालय।**



प्रतियोगिताओं के विजेता बच्चों के साथ स्कूल के पदाधिकारी।

**अमृत विचार :** पंचकोसी परिक्रमा मार्ग पर स्थित कनक किड्स इंटरनेशनल स्कूल में चल रहे दो दिवसीय स्पोर्ट्स-डे का शनिवार को समापन हुआ। सीनियर सेक्शन से शालू सिंह व जूनियर सेक्शन से राधिका पाठक को बेस्ट ड्रेस अवार्ड दिया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत सरयू इंटरनेशनल स्कूल के चेयरमैन डॉ. संजय तिवारी, कनक किड्स इंटरनेशनल स्कूल की डायरेक्टर डॉ. मधु त्रिपाठी, सरयू इंटरनेशनल स्कूल की प्रिंसिपल सोनल शुक्ला, कनक किड्स इंटरनेशनल स्कूल की हेडमिस्ट्रेस प्रीति सिंह ने मां भगवती के समक्ष दीप प्रज्वलित करके की। इसके बाद मशाल प्रज्वलित कर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। एलकेजी के बच्चों ने ग्लव्स ड्रिल, मंकी रेस, हुपला रेस, यूकेजी के बच्चों ने पपेट ड्रिल, टरटल, पिक द बॉल, डंबल ड्रिल, हर्डल और पैक योर बैग आदि प्रतियोगिता में भाग लिया। वेयर द् शर्ट जैसी गतिविधि में अभिभावक भी सम्मिलित हुए। मंकी रेस में श्रेयांश गुप्ता प्रथम, कार्तिक गुप्ता द्वितीय व जोएब तृतीय स्थान पर रहे। हुपला रेस में सूर्यांश दूबे प्रथम, भावना वर्मा द्वितीय व आदित सिंह को तृतीय पुरस्कार मिला। पपेट ड्रिल में वीर अवस्थी प्रथम, आरुजा द्वितीय एवं अनाबिया तृतीय रहीं। पिक द बॉल में अक्षत शुक्ला प्रथम, नील पटेल द्वितीय, आशी गुप्ता तृतीय, हर्डल रेस में दक्षित सिंह प्रथम, प्रांजय सोनी द्वितीय एवं आश्वी सिंह तृतीय, पैक योर बैग रेस में श्रेया प्रथम, अविका सिंह द्वितीय और अनादि मिश्रा तृतीय पुरस्कार से पुरस्कृत किये गए।

खेल प्रतियोगिता में सम्मिलित अभिभावक युगल दंपति जितेंद्र यादव व पूजा यादव और स्वरित सिंह को प्रथम पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया। डॉ.संजय तिवारी ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल विद्यार्थियों के शारीरिक एवं मानसिक विकास के लिए अत्यंत आवश्यक है। डॉ. मधु त्रिपाठी ने कहा खेलों से शारीरिक मजबूती, मन एकाग्र, अनुशासन, तीम भावना और आत्मविश्वास का विकास होता है। सोनल शुक्ला ने बच्चों की सराहना करते हुए कहीं खेल जीवन में सफलता का मार्ग दिखाते हैं। विद्यालय की शिक्षिका राधिका पाठक ने कार्यक्रम का संचालन किया। म्यूजिक टीचर अनुष्का ने ड्रिल कोरियोग्राफी के लिए बच्चों को प्रेरित किया। कार्यक्रम राष्ट्रगान से संपन्न हुआ। कार्यक्रम में शिक्षिकाओं शिल्पी जायसवाल, साक्षी यादव, अंजली मिश्रा, अजिता तिवारी, निकिता सहदेव, रिंकी सिंह, सीमा का सहयोग रहा।

## महाशिवरात्रि पर्व पर आयोजन

**मसौधा अयोध्या। अमृत विचार :** उसरू-अमौना के देवा इंटर कॉलेज में शहानिवार को शिवरात्रि पर्व धूमधाम से मनाया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में सराहनीय प्रस्तुति देने वाली छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। शुभारंभ विद्यालय निदेशक सहदेव उपाध्याय, को-ऑर्डिनेटर रीतू त्रिपाठी व शिक्षक सीता शरण मिश्र ने मां सरस्वती का पूजन अर्चन के साथ शिव आराधना की। इसके पूर्व विद्यालय निदेशक ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। संचालन शिक्षक कमलेश कुमार श्रीवास्तव, शिक्षिका नेहा पांडे ने किया। प्रियंका का विशेष योगदान रहा।



देवा इंटर कॉलेज में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते बच्चे। अमृत विचार

# मुख्यालय पर जीर्णोद्धार, शिफ्ट हो सकते हैं अफसर व कर्मी

**अयोध्या कार्यालय**

- **नगर निगम मुख्यालय पर चल रहा है संग्रहालय का निर्माण**

**अमृत विचार :** रामनगरी में सिविल लाइंस स्थित पुराने नगर निगम भवन में संग्रहालय के निर्माण और भवन के जीर्णोद्धार का कार्य जोरों पर चल रहा है। इससे अफसरों और कर्मचारियों को कामकाज में परेशानी हो रही है। सूत्रों के अनुसार निर्माणाधीन म्यूजियम और मरम्मत कार्य पूरा होने तक नगर निगम के निर्माण और स्वास्थ्य अनुभाग को छोड़कर अन्य सभी विभागों को अस्थाई रूप से शिफ्ट करने पर मंथन हो रहा है। शिफ्टिंग का प्रमुख स्थान बाग बिगेसी क्षेत्र में हाल ही में बने अयोध्या जोनल ऑफिस को बनाया जा रहा है। राज्य स्मार्ट सिटी मिशन के तहत करीब 10 करोड़ रुपये की लागत से तैयार यह जोनल ऑफिस आधुनिक सुविधाओं से लैस है। इसमें चार से पांच कमरे, दो-तीन हॉल और ओपन ऑफिस की तरह कल्चर वाला स्पेस उपलब्ध है, जो अस्थायी रूप से मुख्यालय के कामकाज को संभालने के लिए उपयुक्त माना जा रहा है, लेकिन अभी उद्घाटन नहीं हुआ है।

### कक्ष में मरम्मत के दौरान गिरा मलबा

मुख्यालय में संग्रहालय का निर्माण चल रहा है, जिससे पूरे भवन में मरम्मत, पेंटिंग, विद्युत व्यवस्था और अन्य आधुनिक सुविधाओं का काम जारी है। नगर निगम सूत्रों का कहना है कि अभी दो दिन पूर्व मरम्मत कार्य के बीच नगर आयुक्त के कक्ष में एक मलबा भी ऊपर से गिर पड़ा। गनीमत रही कि उस दौरान वहां कोई मौजूद नहीं था। घटना के बाद से नगर आयुक्त ने अपने बैठने की जगह भी बदल ली है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि यह शिफ्टिंग जल्द ही अमल में लाई जा सकती है। हालांकि एक अफसर का यह भी मानना है कि शिफ्टिंग में तमाम फाइलों व फर्नीचर को कैसे ले जाया जाएगा?

> नहीं अभी हम लोगों का ऐसा कोई विचार नहीं है। सदर तहसील के निकट जल्द ही नया कार्यालय बनकर तैयार हो जाएगा। हम लोग वहीं शिफ्ट होंगे।
> **-जयेंद्र कुमार, नगर आयुक्त**

# बड़े शाहखर्च निकले डॉ. बिजेन्द्र सिंह, बंगले पर ही उड़ाए 50 लाख

- पत्नी के नाम पर पंजाब नेशनल बैंक में 50 लाख का फिक्स डिपाजिट भी जांच के दायरे में
- अनियमित नियुक्तियों में भी मिला बड़ा चढ़ावा छह साल होता रहा विवि फंड का खुला दुरुपयोग

अयोध्या कार्यालय।

**अमृत विचार :** प्रदेश के लब्ध प्रतिष्ठित आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के तत्कालीन कुलपति डॉ. बिजेन्द्र सिंह की शाहख़र्ची का बड़ा खुलासा हो रहा है। शासन के आदेश के बाद जांच के दायरे में आए कुलपति ने छह साल दोनों हाथों से मलाई काटी। कृषि विश्वविद्यालय में कुलपति रहते हुए डॉ. बिजेन्द्र सिंह ने नियमों तक को ताख पर रखा। अब जब कृषि विश्वविद्यालय में नए कुलपति डॉ. ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह की तैनाती हो गई है तो परत दर परत खुलने लगी है।

सूत्रों के अनुसार आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. बिजेंद्र सिंह पर कुलपति आवास (बंगला) की सजावट और सौंदर्यीकरण में अनियमित खर्च के गंभीर आरोप लगे हैं। जांच में खुलासा हुआ है कि छह वर्षों में बंगले को सजाने-संवारने के नाम पर 50 लाख रुपये से अधिक की राशि खर्च की गई। कुलपति ने हाथ खोलकर इस मद में व्यय किया, जबकि वित्त नियंत्रक ने कोई आपत्ति दर्ज नहीं की।

विधायक रामचंद्र यादव ने इस मामले में शिकायत दर्ज कराई थी। जिसमें आरोप लगाया गया कि कुलपति विश्वविद्यालय के बंगले का मोह छोड़ नहीं पा रहे हैं और इसी कारण पद छोड़ने में आनाकानी कर रहे हैं। शिकायत के आधार पर उत्तर प्रदेश सरकार ने जांच शुरू कराई। जिसमें अब तक के खर्चों का ब्योरा सामने आ रहा है। जांचकर्ता यह देख रहे हैं कि क्या ये खर्च विश्वविद्यालय के नियमों, वित्तीय मापदंडों और आवश्यकता के अनुरूप थे या इसमें कोई अनियमितता बरती गई। सूत्रों के अनुसार, बंगले में फर्नीचर, इंटीरियर डेकोरेशन, लाइटिंग, पेंटिंग और अन्य सज्जा सामग्री पर लाखों रुपये खर्च किए गए। कुलपति के कार्यकाल में यह खर्च लगातार बढ़ता रहा, लेकिन वित्तीय नियंत्रण तंत्र ने इसे रोकने या जांचने में कोई रुचि नहीं दिखाई। विधायक की शिकायत के बाद ही मामला सुर्खियों में आया और जांच प्रक्रिया तेज हुई।

यह मामला विश्वविद्यालय प्रशासन की पारदर्शिता और जवाबदेही पर सवाल उठा रहा है। कुलपति आवास का रखरखाव सार्वजनिक धन से होता है, इसलिए इसमें उचित खर्च और मंजूरी आवश्यक होती है। जांच पूरी होने के बाद दोषी पाए जाने पर कार्रवाई की संभावना है।



कृषि विवि में तत्कालीन कुलपति द्वारा तैयार कराया गया आलीशान बंगला।

## अनियमित नियुक्तियों से लेकर वित्तीय दुरुपयोग की मंडलायुक्त कर रहे हैं जांच

सरकार ने आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. विजेंद्र सिंह के खिलाफ अनियमित नियुक्तियों, वित्तीय दुरुपयोग और प्रशासनिक उल्लंघनों के आरोपों की जांच का आदेश दिया है। यह जांच एक आरटीई कार्यकर्ता बृजेश मिश्रा की शिकायत पर आधारित है, जो देवरिया जिले के निवासी हैं। शिकायत मुख्यमंत्री कार्यालय में दाखिल की गई थी। जिसमें विश्वविद्यालय में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार और नियमों की अनदेखी का आरोप लगाया गया। जांच का आदेश जनवरी 2026 में दिया गया और इसे अयोध्या के मंडलीय आयुक्त को सौंपा गया है। जांच निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से की जा रही है, और इसके निष्कर्षों के आधार पर आगे कार्रवाई होगी।

## विश्वविद्यालय के वित्त अधिकारी ने नहीं की बात

इस संदर्भ में विश्वविद्यालय के वित्त अधिकारी नीरज श्रीवास्तव का पक्ष जानने के लिए उनके मोबाइल नंबर 94503 97500 पर कई बार फोन किया गया, लेकिन उन्होंने फोन नहीं उठाया। इसके बाद व्हाटसप पर भी बात करने के लिए मैसेज किया गया, लेकिन उन्होंने मैसेज का कोई जवाब नहीं दिया और न ही कॉल रिसीव की। जिससे उनकी ओर से न पक्ष मिल सका न कोई बात हो पाई।

> कुलपति डॉ. बिजेंद्र सिंह पर लगे सभी आरोप और तथ्यों की जांच के लिए शिकायतकर्ता आरटीई कार्यकर्ता बृजेश कुमार से शपथ पत्र मांगा गया था मिल गया है। प्रारंभिक जांच चल रही है। सभी बिंदुओं को पूर्ण अभिलेख विश्वविद्यालय से मांगे गए हैं। **-अजय कांत सैनी, अपर आयुक्त, प्रशासन।**

### शिकायत के मुख्य बिंदु

- कुलपति पर आरोप है कि उन्होंने विश्वविद्यालय में नियुक्तियों को प्रभावित किया, मध्यस्थों के माध्यम से पैसे लेकर पद दिए गए।
- विश्वविद्यालय के फंड का दुरुपयोग, जिसमें व्यक्तिगत लाभ शामिल है, का आरोप।
- बालदाऊ वाटिका के उद्घाटन (13 फरवरी 2025) पर करोड़ों रुपये का खर्च, आरोप है कि यह खर्च अनुपातहीन और वित्तीय नियमों के उल्लंघन का आरोप।
- पूर्व निदेशक (प्रशासन और परीक्षा) डॉ. एके सिंह द्वारा संचालित एक परियोजना में 2.23 करोड़ का नुकसान राज्य कोष को हुआ, जिसमें कुलपति की संलिप्तता का आरोप।
- कुलपति की पत्नी का विश्वविद्यालय परिसर में स्थित पंजाब नेशनल बैंक में 50 लाख प्रत्येक के फिक्स्ड डिपॉजिट बनाने का आरोप।
- फंड का दुरुपयोग कर वाराणसी में जमीन खरीद का आरोप।
- डॉ. संजीत कुमार सिंह को अपूर्ण दस्तावेजों के बावजूद प्रोफेसर के रूप में सीधे नियुक्त करने व वरिष्ठ संकाय को नजरअंदाज करने का आरोप।
- डॉ. डीके सिंह आजमगढ़ कॉलेज से एसोसिएट प्रोफेसर को जूनियर होने के बावजूद महत्वपूर्ण पद देने का आरोप।
- डॉ. राम बदुक सिंह की निदेशक (एक्सटेंशन) के रूप में नियुक्ति पर सवाल।
- डॉ. विनोद सिंह को सुरक्षा प्रभारी समेत कई भूमिकाएं सौंपने का आरोप।
- सहायक प्रोफेसर, एसोसिएट प्रोफेसर और प्रोफेसर पदों में नियमों के विपरीत समायोजन का आरोप।
- कुलपति के निजी सचिव डॉ. जसवंत सिंह जैसे मध्यस्थों के माध्यम से पैसे लेकर पद दिए जाने का आरोप।

## वर्तमान युग का सिर्फ डिग्री का नहीं कौशल का : प्रो अनूप

**अयोध्या कार्यालय अमृत विचार :** अवध विश्वविद्यालय स्थित अमर शहीद संत कंवरराम साहिब सिंधी अध्ययन केंद्र में सात दिवसीय कौशल विकास कार्यक्रम में शनिवार को चौथे दिन विद्यार्थियों को पारंपरिक सिंधी शिल्प की बारीकियों से अवगत कराया गया। आज के सत्र का मुख्य विषय सिंधी कढ़ाई रही। कार्यक्रम के संयोजक एवं सिंधी केंद्र के मानद निदेशक प्रो. अनूप कुमार ने कहा कि वर्तमान युग केवल डिग्रियों का नहीं, बल्कि कौशल का है। सिंधी कढ़ाई मात्र धागों का खेल नहीं, बल्कि एक समृद्ध सांस्कृतिक विरासत है। इसे नई पीढ़ी तक पहुंचाना हमारी जिम्मेदारी है।हस्तशिल्प विशेषज्ञ शालिनी पांडेय और रेखा खत्री ने विद्यार्थियों को टांके लगाने की तकनीक और डिजाइनिंग सिखाई।आयोजन समिति के सदस्य प्रतिभा त्रिपाठी, विनीता मोटवानी, प्रतीक तिवारी, योगेश, क्षितिज द्विवेदी ने कार्यक्रम के सुचारू संचालन में योगदान दिया।



गुलाबबाड़ी में गश्त करती पुलिस। अमृत विचार

## प्यार पर पुलिस का पहरा, प्रेमी जोड़ों को दी मर्यादा में रहने की नसीहत

**अयोध्या, अमृत विचार :** वैलेंटाइन-डे के मौके पर शनिवार को शहर के प्रमुख उद्यानों, पार्कों और ऐतिहासिक स्थलों पर पुलिस का सख्त पहरा रहा। प्रेमी जोड़ों को मर्यादा में रहने की नसीहत देते हुए पुलिस ने सार्वजनिक स्थानों पर अतिरिक्त बल तैनात किया, ताकि कोई अव्यवस्था या हुड़दंग न हो। महिला पुलिस, एंटी रोमियो स्कवॉयड के साथ सादे कपड़ों में महिला व पुरुरू पुलिसकर्मियों की तैनाती रही। सीओ सिटी श्रीयश त्रिपाठी, नगर कोतवाल अश्विनी पांडेय, थाना कैंट प्रभारी संदीप सिंह, महिला थाना प्रभारी आाशा शुक्ला अटीमों के साथ भ्रमणशील रहे। सीओ ने बताया कि सार्वजनिक स्थलों पर शालीनता और कानून का पालन जरूरी है। महिलाओं की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए एंटी-रोमियो स्क्वॉड जैसी टीमों को सक्रिय रखा गया।

# खो-खो और वॉलीबॉल प्रतियोगिता में अयोध्या बना मंडल विजेता

अयोध्या कार्यालय।

**अमृत विचार :** बेसिक मंडलीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता प्राथमिक बालक व बालिका वर्ग में सुल्तानपुर की टीम को हराकर अयोध्या की टीम खो-खो प्रतियोगिता में विजेता बनी।वहीं वॉलीबॉल प्रतियोगिता में अयोध्या ने सुल्तानपुर को हराकर मंडल चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। प्राथमिक स्तर 100 व 200 मीटर दौड़ प्रतियोगिता में वैष्णवी (अमानीगंज)ने पहला स्थान प्राप्त किया।

जूडो के 20/25 किलोग्राम भार में रामफल और 40/45 में शिवा ने पहला स्थान बनाया। व्यायाम शिक्षक सरबजीत सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय एकांकी लोक नृत्य समूह गान आदि खेलो में अमानीगंज अयोध्या की टीम ने मंडल प्रतियोगिता में दूसरा स्थान प्राप्त किया। मवई के शिक्षक आदित्य शुक्ला ने बताया कि जूडो में रामफल और शिवा ने पहला, श्रवण ने दूसरा और अमन ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। कुश्ती प्रतियोगिता में 38 से 40 किलोग्राम में रोहित और 48 से 52 किलोग्राम में शिवा को तीसरा स्थान मिला। 400 मीटर की रिले रेस में अयोध्या को दूसरा स्थान प्राप्त हुआ है।

मंडलीय क्रीडा प्रतियोगिता की उपलब्धि पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी लालचंद और वित्त लेखा अधिकारी अनुपम कुमार ने सभी विजेता बच्चों को राज्यस्तरीय प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं दी हैं। इस मौके ऋचा उपाध्याय,अनुपम सिंह,गीता राणा, कीर्ती श्रीवास्तव,साधना मौर्या,भारती द्विवेदी आदि शिक्षक शामिल रहे।



उत्कृष्ट छात्रा वैष्णवी को पुरस्कार देते डायट प्राचार्य डॉ. धर्मेंद्र सिंह व अन्य।

## प्रसूता की मौत मामले में झोलाछाप और उसका सहयोगी गिरफ्तार

**अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** जनपद में हुई एक प्रसूता की मौत के मामले में पुलिस ने फर्जी डॉक्टर और उसके एक सहयोगी को गिरफ्तार किया है। यह घटना बसखारी बाजार स्थित एक क्लीनिक में हुई, जहां बिना वैध पंजीकरण के ऑपरेशन किया गया था। मृतका प्रियंका 28 वर्ष को 6 फरवरी को नवजीवन हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था। बच्ची के जन्म के बाद प्रियंका की तबीयत बिगड़ गई। आरोप है कि इसके बाद डॉक्टर और उसका सहयोगी महिला को अस्पताल में छोडकर भाग गए थे। प्रियंका की लखनऊ ले जाते समय रास्ते में उसकी मौत हो गई थी। परिजनों की शिकायत पर फर्जी डॉक्टर के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। बसखारी पुलिस ने कार्रवाई करते हुए फर्जी डॉक्टर योगेश यादव 32 वर्ष और उसके सहयोगी शुभम विश्वकर्मा 19 वर्ष को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष सुनील कुमार पाण्डेय ने बताया कि दोनों को पूर्वी जौराहा बसखारी बाजार के पास से हिरासत में लिया गया था। पुलिस जांच में सामने आया है कि योगेश यादव अपने पिता भगवान दास जो सीएचसी जलालपुर में पूर्व वार्ड बॉय थे उनके साथ दवा-इलाज का काम करता था।

# धोखाधड़ी के पैसे से खरीदी जमीन कुर्क

संवाददाता, आजमगढ़।

**अमृत विचार :** जिले के मुबारकपुर थाना क्षेत्र से जुड़े एक धोखाधड़ी के मामले में लगभग 50 लाख रुपये मूल्य की भूमि को प्रशासन ने कुर्क कर लिया। न्यायालय के आदेश पर राजस्व व पुलिस की संयुक्त टीम ने शनिवार को कार्रवाई करते हुए संपत्ति को कब्जे में लिया।

वादी मैनुद्दीन पुत्र स्व. अब्दुल गफ्फार की तहरीर पर थाना मुबारकपुर में धारा 406 व 506 भादवि के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। विवेचना के दौरान यह तथ्य सामने आया कि अभियुक्त अमान अहमद पुत्र शहवान एवं फरहाना बानो पत्नी अमान अहमद, निवासी ग्राम करमैनी थाना बिलरियागंज, जनपद आजमगढ़ ने पीड़ित से धोखाधड़ी कर कुल 36 लाख रुपये प्राप्त किए थे। इसमें 16 लाख रुपये आरटीजीएस के माध्यम से तथा शेष धनराशि नगद ली गई थी। जांच में यह भी पाया गया कि उक्त धनराशि से 4 फरवरी 2022 को ग्राम चांदपट्टी, परगना व तहसील सगड़ी, थाना रौनापार क्षेत्र में भूमि क्रय की गई, जो फरहाना बानो के अंश में दर्ज है। प्रकरण में उपनिरीक्षक धर्मराज यादव द्वारा न्यायालय में प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया गया, जिस पर मा0 मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट आजमगढ़ ने पत्रावली में उपलब्ध बैनामा, बैंक अभिलेख, लेखपाल रिपोर्ट व अभियोजन पक्ष के तर्कों का परीक्षण करते हुए भूमि को आपराधिक कृत्य से अर्जित धन से खरीदा जाना पाया। इसके बाद धारा 107 बीएनएसएस के तहत 13 जनवरी 2026 को कुर्की आदेश पारित किया गया। शनिवार को जिलाधिकारी आजमगढ़ रविन्द्र कुमार के निर्देश पर क्षेत्राधिकारी सदर आस्था जायसवाल, प्रभारी निरीक्षक मुबारकपुर शशिमौलि पाण्डेय, नायब तहसीलदार सगड़ी तथा राजस्व व पुलिस की संयुक्त टीम की मौजूदगी में नियमानुसार उक्त संपत्ति को कुर्क कर लिया गया।



जमीन को कब्जे में लेते पुलिस और राजस्व की टीम।

## सचिव का महिला के साथ अश्लील हरकत करते वीडियो वायरल

**जलालपुर, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** विकास खंड भियांव की बरौना ग्राम सभा में तैनात ग्राम सचिव का एक महिला के साथ कथित अश्लील हरकत करते हुए वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। हालांकि अमृत विचार दैनिक वायरल वीडियो की पुष्टि नहीं करता है। बता दें कि बरौना ग्राम सभा के पंचायत भवन में लगे सीसीटीवी कैमरे में ग्राम सचिव सुरजीत यादव एक महिला के साथ आपत्तिजनक स्थिति में दिखाई दे रहे हैं। यह वीडियो सोशल मीडिया पर प्रसारित होते ही क्षेत्र में चर्चा का विषय बन गया। वीडियो सामने आने के बाद ग्रामीण शिव प्रसाद, कन्हैयालाल, अरविंद पांडेय समेत दर्जन भर ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से मामले की निष्पक्ष जांच कर सचिव के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीणों का आरोप है कि सचिव जरूरतमंद महिलाओं की मजबूरी का लाभ उठाते हुए अनुचित व्यवहार करते हैं। इस संबंध में उपजिलाधिकारी जलालपुर राहुल गुप्ता ने बताया कि प्रकरण की जांच के लिए खंड विकास अधिकारी भियांव को निर्देशित कर आख्या तलब की गई है। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। मामले को लेकर क्षेत्र में तरह-तरह की चर्चाएं हैं।

## स्कूल बैग व स्टेशनरी सामग्री का किया वितरण



स्कूल बैग और स्टेशनरी सामान पाकर खुशी से झूमते बच्चे।

**संवाददाता, आजमगढ़। अमृत विचार :** प्रयास सामाजिक संगठन की ओर से अहिरौला ब्लॉक के प्राथमिक पाठशाला बिलारी के बच्चों में शनिवार को स्कूल बैग से लेकर स्टेशनरी सामग्री का वितरण किया गया। वितरण से बच्चों के चेहरे खिल उठे वहीं संगठन ने ऐसे कार्यक्रम को आवश्यक बताया। प्रयास अध्यक्ष रणजीत सिंह ने कहा कि प्राथमिक पाठशाला के 57 बच्चों में शिक्षण सामग्री, स्कूली बैग, कॉपी पेंसिल आदि का वितरण हुआ है। संस्था द्वारा शुरू से ही ऐसे कार्यक्रम के जरिये विद्यालयों में पढ़ने वाले बच्चों की आवश्यकता की पूर्ति कर आमजन में प्रेरणा जगाई जाती है। विद्यालय के प्रधानाध्यापक कला भूषण चौबे ने प्रयास के कार्यो की सराहना की। इस मौके पर दिनेश कुमार मौर्य, लालपरी सिंह के साथ प्रयास के ओम नारायण श्रीवास्तव, राजीव कुमार शर्मा आदि उपस्थित रहे।

## महाशिवरात्रि की तैयारियां पूरी

**अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** जनपद में महा शिवरात्रि पर्व की तैयारियां लगभग पूरी हो चुकी हैं। अकबरपुर नगर के शिवबाबा धाम समेत विभिन्न शिवालयों को आकर्षक ढंग से सजाया गया है और भव्य आयोजनों की रूपरेखा तैयार की गई है। बता दें कि इस वर्ष शिवरात्रि का पर्व विशेष धूमधाम से मनाया जा रहा है। कार्यक्रम की शुरुआत अखंड रामायण पाठ के साथ हो चुकी है, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु भाग ले रहे हैं। विशाल भंडारे का भी आयोजन किया जाएगा। जहां सभी श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद की व्यवस्था रहेगी। शिवरात्रि के दिन सुबह से ही भगवान भोलेनाथ के जलाभिषेक का दौर प्रारंभ हो जाएगा। श्रद्धालु जल, बेलपत्र और फूल लेकर शिवालय पहुंचेंगे और भगवान शिव का आशीर्वाद लेंगे। महा शिवरात्रि को लेकर पुलिस प्रशासन भी अलर्ट पर है। शिवबाबा धाम समेत विभिन्न शिव मंदिरों में पुलिस बल की तैनाती रहेगी।

## 73 हज यात्रियों का हुआ टीकाकरण

**जलालपुर, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** नगर स्थित मदरसा करामतिया में सीएचसी नगपुर अधीक्षक के नेतृत्व में 73 हज यात्रियों को टीका लगा। उन्हें यात्रा के बाबत जागरूक किया गया। हज यात्रा पर जाने वाले यात्रियों को प्रशिक्षित कर उनका टीकाकरण किया जा रहा है। इसी क्रम में नगर स्थित मदरसा करामतिया में 73 हज यात्रियों को टीका लगाया गया। जिसमें 44 पुरूष और 29 महिलाएं शामिल रहीं। हज यात्रियों को टीका लगाने के साथ ही पोलियो की खुराक भी दी गई। 60 वर्ष से अधिक आयु वाले हज यात्रियों को इंफ्लुएंजा का टीका लगाया गया। मास्टर ट्रेनर डॉ. मोहम्मद यूनुस ने प्रशिक्षण के दौरान बताया कि हज यात्रा के दौरान पूरी सजगता बरतनी होगी। नियम कानून का अच्छे ढ़ंग से पालन करना होगा। यदि कोई समस्या आती है तो तत्काल सम्बंधित को इसकी जानकारी दें। स्वयं कोई निर्णय न लें। टीकाकरण कार्यक्रम में शामिल चिकित्सा अधिकारी डॉ. रमा वर्मा, डॉ. संग्राम, फर्मासिस्ट मनोज यादव, स्टाफ नर्स सोनी कुमारी, तमन्ना आजमी, नेत्र परीक्षण अधिकारी तहजीब हैदर, हाजी मोहम्मद आरिपु, मास्टर कफील, सिराजुद्दीन महतो आदि ने सहयोग किया।

## अनियंत्रित ट्रक पलटा, चालक व खलासी गंभीर

**जलालपुर, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** कटका थाना क्षेत्र में शनिवार तडक़े एक अनार लदा ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया, जिससे चालक और खलासी गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों घायलों को पुलिस ने तत्काल अस्पताल पहुंचाकर भर्ती कराया। बता दें कि शनिवार सुबह करीब पांच बजे कटका टोल प्लाजा के पास राजस्थान से अनार लेकर जा रहा ट्रक अचानक अनियंत्रित होकर सडक़ किनारे पलट गया। दुर्घटना में चालक राम राम तथा खलासी रमेश दोनों निवासी राजस्थान गंभीर रूप से घायल हो गए। इस संबंध में थाना अध्यक्ष अवधेश श्रीवास्तव ने बताया कि ट्रक पलटने की सूचना प्राप्त हुई थी। मौके पर पुलिस टीम भेजकर दोनों घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। आगे की आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

## ऑपरेशन के लिए पंजीकरण शिविर 23 व 24 को

**टांडा अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** एनटीपीसी टांडा द्वारा नैगमिक सामाजिक दायित्व के अंतर्गत गरिमा महिला मंडल के सहयोग से आसपास के क्षेत्रों के जरूरतमंद मरीजों के लिए निशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए पंजीकरण शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह पंजीकरण शिविर 23 और 24 फरवरी को आरोग्यम चिकित्सालय एनटीपीसी टांडा में आयोजित होगा। जहां विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा मरीजों की जांच कर ऑपरेशन के लिए चयन किया जाएगा। चयनित मरीजों का नि:शुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन 25 और 27 फरवरी को महामाया मेडिकल कॉलेज में कराया जाएगा।

# कार्यकर्ताओं की समस्याओं का हो प्राथमिकता से निस्तारण : उप मुख्यमंत्री

**अंबेडकरनगर, अमृत विचार।** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने भाजपा जिला उपाध्यक्ष मनोज मिश्र की अध्यक्षता में जिला मुख्यालय स्थित न्यू सर्किट हाउस में भाजपा के जनप्रतिनिधियों और भाजपा नेताओं के साथ बैठक कर जनपद में प्रदेश और केंद्र सरकार की योजनाओं के प्रगति और विभागों के कार्यशैली पर जानकारी लिया। उपमुख्यमंत्री ने जनप्रतिनिधियों और भाजपा नेताओं से लिए गए फीड बैक के आधार पर कलेक्ट्रेट में जनपद स्तरीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक में अधिकारियों की पेंच कसा।

उपमुख्यमंत्री के साथ न्यू सर्किट हाउस में हुई बैठक में शामिल नेताओं ने विद्युत विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों के कार्य और कार्यशैली पर ध्यान आकर्षित किया। पुलिस थानों पर जनसमस्याओं का समाधान करने में बरती जा रही शिथिलता की भी चर्चा हुई। राजस्व विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा जनहित के योजनाओं की अनदेखी और हर घर, नल से जल पहुंचाने के लिए कार्यदाई संस्था द्वारा ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में खोदे गए रास्तों को समय से ठीक नहीं करने पर भी नाराजगी व्यक्त किया गया।

### ये भी रहे उपस्थित

बैठक में मुख्य रूप से पूर्व सांसद रितेश पाण्डेय, एमएलसी डॉ. हरिओम पाण्डेय, विधायक धर्मराज निषाद, पूर्व विधायक त्रिवेणी राम, पूर्व जिलाध्यक्ष कपिल देव वर्मा, राम प्रकाश यादव, ज्ञान सागर सिंह, यमुना प्रसाद चतुर्वेदी, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि आनंद वर्मा, चेयर मैन ओमकार गुप्ता, भाजपा नेता विद्यावती राजभर, पूर्व चेयर मैन सरिता गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष डॉ. रजनीश सिंह, जिला मीडिया प्रभारी बाल्मीकि उपाध्याय, केशरी नंदन त्रिपाठी आदि शामिल रहे।

## उप मुख्यमंत्री के आगमन के पहले आप जिलाध्यक्ष हाउस अरेस्ट

**अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** जनपद में उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के आगमन से पहले आम आदमी पार्टी आप के जिलाध्यक्ष को पुलिस ने हाउस अरेस्ट कर लिया। यह कार्रवाई पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच हुई ट्रेड डील के विरोध में प्रदर्शन की योजना के मद्देनजर की गई। आप कार्यकर्ता कलेक्ट्रेट के निकट स्थित आंबेडकर प्रतिमा के पास धरना देने की तैयारी में थे। उनका उद्देश्य जिलाधिकारी के माध्यम से राष्ट्रपति को एक ज्ञापन सौंपना था, जिसमें देश के किसानों और आम नागरिकों के हितों पर संभावित प्रभावों को लेकर अपनी चिंता व्यक्त की जानी थी। आप जिलाध्यक्ष एडवोकेट बृजेश चौधरी ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी द्वारा अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ की गई ट्रेड डील को लेकर देशभर में गंभीर चिंताएं हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि इस समझौते की शर्तों, इसके संभावित लाभार्थियों और दूरगामी प्रभावों के संबंध में न तो संसद को विश्वास में लिया गया और न ही जनता के समक्ष पूर्ण पारदर्शिता बरती गई। उन्होंने कहाकि पार्टी इसी महत्वपूर्ण मुद्दे पर शांतिपूर्ण धरना देकर ज्ञापन सौंपने वाली थी। हालांकि प्रशासन ने उन्हें और उनके कई कार्यकर्ताओं को पहले ही हाउस अरेस्ट कर लिया। उन्होंने इस कार्रवाई को लोकतंत्र में विरोध प्रदर्शन के संवैधानिक अधिकार का सीधा हनन बताया है।



भीमराव अम्बेडकर विवि में आयोजित सम्मान समारोह में मौजूद छात्र-छात्राएं।

## प्रतियोगिता में श्रेयांश, अपूर्व और आदित्य रहे अव्वल

**टांडा, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** भारत स्काउट और गाइड उत्तर प्रदेश के तत्वाधान में राज्य स्तर पर आयोजित बीएसजी ज्ञान प्रतियोगिता का भीम राव अम्बेडकर विश्वविद्यालय लखनऊ में सम्मान समारोह का आयोजित किया गया। जिसमें जनपद के तक्षशिला अकादमी के श्रेयांश वर्मा, अपूर्व सिंह और आदित्य प्रताप सिंह ने कब संवर्ग में पूरे प्रदेश में क्रमश: प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान, तक्षशिला अकादमी के आराध्या पटेल, नवधा मेहरोत्रा व अरीबा फातिमा ने क्रमश: प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं आदर्श जनता इंटर कॉलेज टांडा के स्काउट हर्षित गुप्ता ने स्काउट संवर्ग में प्रथम स्थान तक्षशिला अकादमी लोरपुर की आर्या उपाध्याय ने गाइड संवर्ग में प्रथम स्थान तथा बी पी स्काउट दल स्वतंत्र के रोवर संवर्ग में सिराज अहमद खान ने प्रथम स्थान प्राप्त कर पूरे जनपद का नाम रौशन किया। जिन्हें भारत स्काउट और गाइड उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री जल शक्ति डॉ. महेंद्र सिंह, प्रादेशिक मुख्यायुक्त डॉ. प्रभात कुमार द्वारा पुरस्कार राशि और प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

# पात्रों को मिले जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ : केशव प्रसाद मौर्य

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।

**अमृत विचार।** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य शनिवार को जनपद के दौरे पर रहे। उपमुख्मंत्री भीटी ब्लॉक के खजुरी ग्राम में आयोजित ग्राम चौपाल एवं स्वयं सहायता समूह कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री ने 4 करोड़ गरीबों के पास पक्का घर दिया, 3 करोड़ और बनाने जा रहे है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री का 6 करोड़ दीदियों को लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य है। प्रदेश में 3 करोड़ लखपति दीदियाँ बनाने का लक्ष्य को पूरा किया जाएगा। प्रदेश भी दीदियों को लखपति बनाने में अग्रणी राज्य की भूमिका निभाएगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सरकारी आवश्यकताओं की सामग्री की खरीद समूह की दीदियों के माध्यम से की जाए। उन्होंने कहा कि वृद्धा, दिव्यांग और निराश्रित महिला पेंशन को बढ़ाकर 1 अप्रैल से 1500 रुपए दिया जाएगा।

उप मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि ग्राम स्तर पर संचालित योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों तक समयबद्ध एवं पारदर्शी ढंग से पहुंचे। उन्होंने कहा कि ग्राम चौपाल कार्यक्रम सरकार और जनता के बीच सीधा संवाद स्थापित करने का प्रभावी माध्यम है, जिसके माध्यम से समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि गांवों का विकास ही प्रदेश के विकास का आधार है। सरकार की प्राथमिकता है कि अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पारदर्शी तरीके से पहुंचे। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि विकसित भारत, विकसित उत्तर प्रदेश, विकसित अंबेडकरनगर का मतलब गरीब को अमीर बनाना है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि रोजगार पाने वाले नहीं रोजगार देने वाले बनें। उन्होंने विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई विकासपरक प्रदर्शनी का अवलोकन किया। उप मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम स्थल पर आयोजित अन्नप्राशन संस्कार में सहभागिता करते हुए नन्हे बच्चों को अन्न ग्रहण कराया और माताओं को संतुलित पोषण के महत्व के बारे में जानकारी दी। उन्होंने उपस्थित महिलाओं एवं अभिभावकों से संवाद करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार कुपोषण मुक्त उत्तर प्रदेश के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए प्रतिबद्ध है। इस क्रम में उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से वितरित किए जा रहे पोषाहार का वितरण भी किया और लाभार्थियों से जानकारी लिया। उपमुख्यमंत्री ने बीसी सखियों के स्टाल का भी भ्रमण किया और उनसे ग्रामीण क्षेत्रों में बैंकिंग सुविधाओं की उपलब्धता, डिजिटल लेन-देन तथा महिला सशक्तिकरण के प्रयासों की विस्तृत जानकारी ली।

- ग्राम चौपाल कार्यक्रमों से होता ग्रामीण समस्याओं का एक स्थान पर सम्पूर्ण समाधान



महिला लाभार्थी को पीएम आवास की चाबी देते उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और साथ में मौजूद एमएलसी डॉ. हरिओम पांडेय।



कलेक्ट्रेट में समीक्षा बैठक करते उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य व साथ में मौजूद जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला, पुलिस अधीक्षक अभिजित आर शंकर व अन्य।

## न्यूज ब्रीफ

### यूजीसी एक्ट लागू करने की मांग को लेकर प्रदर्शन

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** वीर एकलव्य समाज सेवा संस्थान ने कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन कर यूजीसी इक्विटी रेगुलेशन एक्ट 2026 लागू करने की मांग की। राष्ट्रपति व प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट प्रीति जैन को सौंपा गया। संस्थान ने कहा, यह कानून एससी, एसटी, ओबीसी और महिलाओं के साथ भेदभाव रोकने में सहायक होगा।

### धार्मिक यात्रा पर निकले युवाओं का स्वागत

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** औरैया से 48 युवक धार्मिक यात्रा पर निकले है। उन्होंने लोधेश्वर नाथ मंदिर व राम मंदिर अयोध्या में दर्शन किए और शनिवार को सुलतानपुर पहुंचे। यहां उनका जोरदार स्वागत किया गया। रविवार को काशी विश्वनाथ मंदिर के दर्शन कर चित्रकूट रवाना होंगे।

### रंगीन रोशनी से जगमगाएगा जनवारीनाथ धाम

**लंभुआ, सुलतानपुर, अमृत विचार :** महाशिवरात्रि से पूर्व जनवारीनाथ धाम को रंग-बिरंगी रोशनी से सजाया जा रहा है। जलाभिषेक हेतु विशेष प्रबंध, सफाई व्यवस्था और वालंटियर तैनात किए गए हैं। पुलिस-प्रशासन ने दो पार्किंग स्थल बनाए हैं तथा अतिरिक्त पुलिस बल, सीसी कैमरे और खोया-पाया केंद्र की व्यवस्था की है। दिव्यांग व वृद्ध श्रद्धालुओं के लिए नि:शुल्क ई-रिक्शा सुविधा रहेगी। स्वास्थ्य विभाग को अलर्ट रखा गया है। प्रबंधक रणवीर सिंह ने भक्तों से सहयोग की अपील की है। लाखों श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना जताई जा रही है।

# घर में मृत मिला वृद्ध, हत्या की आशंका

## मीरापुर में संदिग्ध हालात में मिला शव, दूसरी पत्नी हिरासत में, जांच-पड़ताल में जुटी पुलिस

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** कुड़वार थाना क्षेत्र के कमालपुर मीरापुर गांव में शनिवार सुबह एक वृद्ध का शव घर के अंदर लहूलुहान अवस्था में मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार राम तेज कोरी (65) पुत्र स्व. राम प्रसाद, जो ई-रिक्शा चलाकर अपना जीवन यापन करते थे, शुक्रवार को रोज की तरह ई-रिक्शा खड़ा कर घर लौटे थे। शनिवार सुबह करीब 10 बजे तक जब वह और उनकी पत्नी घर से बाहर नहीं निकले तो पड़ोसियों को अनहोनी की आशंका हुई। ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान व डायल 112 पर सूचना दी।

सूचना पर पहुंची डायल 112 की टीम ने बगल की टूटी दीवार से घर में प्रवेश किया, जहां राम तेज मृत अवस्था में पड़े मिले। उनके शरीर पर चोट के निशान थे और पास में खून लगी ईंट भी बरामद हुई। मृतक की दूसरी पत्नी भवानी देवी (45) भी घर के अंदर मौजूद थी।पीआरवी की सूचना पर कुड़वार थाने की पुलिस, फोरेंसिक टीम और क्षेत्राधिकारी नगर सौरभ सामंत मौके पर पहुंचे। फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य एकत्र किए। सीओ सिटी सौरभ सामंत ने घटनास्थल का निरीक्षण कर बताया कि मृतक की बेटी बसंता पत्नी मोतीलाल निवासी कटावा की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और सभी पहलुओं की गहन जांच की जा रही है।


रोते-बिलखते परिजन व इनसेट में राम तेज कोरी की फाइल फोटो। ● अमृत विचार

पुलिस ने मृतक की दूसरी पत्नी भवानी देवी को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। बताया जाता है कि मृतक की पहली पत्नी करमैंता की लगभग दो वर्ष पूर्व मृत्यु हो चुकी थी। उनकी इकलौती बेटी बसंता की शादी करीब 30 वर्ष पहले हो चुकी है। पहली पत्नी की मौत के बाद राम तेज ने भवानी देवी को अपने साथ रखना शुरू कर दिया था। सीओ सिटी सौरभ सावंत ने बताया कि उनकी बेटी की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कार्यवाही की जा रही है फिलहाल पुलिस मामले की गुत्थी सुलझाने में जुटी है और जल्द ही पूरे घटनाक्रम का खुलासा कर दिया जाएगा।

# हसनपुर-2 में रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण का समापन

**सुलतानपुर, अमृत विचारः** उच्च प्राथमिक विद्यालय हसनपुर-2, विकास खंड दूबेपुर में रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफलतापूर्वक समापन हुआ। इस अवसर पर प्रशिक्षण प्राप्त करने वाली सभी बालिकाओं को प्रशिक्षक अभिषेक सिंह एवं विद्यालय परिवार द्वारा प्रमाणपत्र वितरित किए गए।

विद्यालय के प्रधानाध्यापक दिलीप कुमार पांडेय ने बताया कि आत्मरक्षा प्रशिक्षण एक अनिवार्य जीवन कौशल है, जो बालिकाओं को शारीरिक हमलों, संभावित खतरों और आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने के लिए मानसिक मजबूती और व्यवहारिक तकनीकेंकृजैसे जूडो-कराटेकृसिखाता है। यह प्रशिक्षण बालिकाओं में आत्मविश्वास बढ़ाने के साथ-साथ उन्हें स्वावलंबी बनाने में सहायक है। उन्होंने कहा कि इस प्रशिक्षण का प्रमुख उद्देश्य सरकारी विद्यालयों, विशेषकर उच्च प्राथमिक विद्यालयों की छात्राओं को सशक्त बनाना है। इसके लाभ के रूप में बालिकाओं में आत्मविश्वास की वृद्धि, शारीरिक शक्ति का विकास तथा विद्यालय उपस्थिति में सुधार देखा जा रहा है। बताया गया कि प्रदेश सरकार द्वारा बेसिक शिक्षा के अंतर्गत सभी उच्च प्राथमिक विद्यालयों में 24 दिवसीय आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है, जिससे छात्राएं मानसिक एवं शारीरिक रूप से स्वयं की सुरक्षा के लिए सक्षम बन सकें।

# वंदन योजना के तहत नये हनुमान घाट का शिलान्यास

संवाददाता, सुलतानपुर

● 171.21 लाख से होगा निर्माण, गोमती तट पर विकसित होगा आधुनिक घाट

**अमृत विचारः** सीएम योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली प्रदेश सरकार की महत्त्वाकांक्षी "वंदन योजना" के अंतर्गत नगर क्षेत्र वार्ड बढ़ैयाबीर में गोमती नदी के तट पर स्थित पौराणिक एवं ऐतिहासिक महत्व के स्थल पर नये हनुमान घाट के निर्माण कार्य का शिलान्यास पालिकाध्यक्ष प्रवीन कुमार अग्रवाल द्वारा विधिवत भूमि पूजन के साथ किया गया।

पालिकाध्यक्ष ने बताया कि आदि गंगा मां गोमती के तट पर स्थित यह कच्चा घाट धार्मिक, पौराणिक एवं ऐतिहासिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है। श्रद्धालुओं एवं स्थानीय सभासदों द्वारा इसे सीताकुंड घाट की तर्ज पर विकसित किए जाने की मांग लंबे समय से की जा रही थी। पालिका द्वारा इस प्रस्ताव को शासन को भेजा गया था, जिसे 171.21 लाख रुपये की स्वीकृति प्राप्त हुई है। परियोजना के तहत सीढ़ीयुक्त पक्का घाट, 350 वर्गमीटर इंटरलॉकिंग मार्ग, दो बड़े हाल, पांच सीट वाला शौचालय, प्रकाश व्यवस्था के लिए दो हाईमास्ट लाइट, वृक्षारोपण, इंटरलॉकिंग पाथवे एवं अन्य सौंदर्यीकरण कार्य कराए जाएंगे। पालिकाध्यक्ष ने कहा कि घाट के निर्माण से श्रद्धालुओं को नियमित पूजा-पाठ, स्नान के साथ छठ पूजा, पूर्णिमा, अमावस्या एवं अन्य पर्वों पर विशेष अनुष्ठान के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा। भविष्य में यह स्थल धार्मिक पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित होकर स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी गति देगा।

वरिष्ठ साहित्यकार कमल नयन पांडेय ने कहा कि घाट निर्माण से नगर क्षेत्र के श्रद्धालुओं को बड़ी राहत मिलेगी। भाजपा नेता राम चंद्र मिश्र ने कहा कि सरकार शहरी विकास के साथ-साथ प्राचीन धार्मिक स्थलों के जीर्णोद्धार और सौंदर्यीकरण को प्राथमिकता दे रही है। कार्यक्रम संयोजक स्थानीय सभासद प्रवीण मिश्र ने बताया कि वर्षों से श्रद्धालुओं को यहां असुविधा का सामना करना पड़ता था, जो अब दूर होगी। इस अवसर पर सभासद प्रवीण मिश्र, अखिलेश मिश्र, गिरीश कुमार मिश्र, अरशद हबीब, संजय कप्तान, अरुण कुमार तिवारी, मनीष कुमार जायसवाल, संदीप गुप्ता, राम चंद्र मिश्र, पूर्व मंत्री ओम प्रकाश पांडेय, डॉ. जे.पी. सिंह, साहित्यकार कमल नयन पांडेय, अमरपाल जी, संजय सिंह सोमवंशी, विजय त्रिपाठी, सुजीत सिंह, आर्यन मिश्रा, मीनू पांडे, वरुण, कुलदीप मिश्रा, संतोष मिश्रा (पूर्व सभासद), नवीन मिश्रा, सुरसेन सिंह, अनिल सिंह, अनिरुद्ध शुक्ला सहित भारी संख्या में स्थानीय नागरिक मौजूद रहे।

# मनरेगा मजदूरों का हक दो के गूंजे नारे

विंदेश्वरीगंज, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** मनरेगा योजना की बहाली और मजबूती की मांग को लेकर 187 विधानसभा इसौली क्षेत्र के बल्दीराय में बुधवार को भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने "मनरेगा बचाओ संग्राम अभियान" के तहत पदयात्रा निकाली। पदयात्रा में कांग्रेस पदाधिकारी, कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीण शामिल हुए।


बल्दीराय में कांग्रेस ने निकाली पदयात्रा। ● अमृत विचार

● बल्दीराय में कांग्रेस की "मनरेगा बचाओ" पदयात्रा योजना की मजबूती को सरकार पर साधा निशाना

पदयात्रा की शुरुआत बल्दीराय बाजार क्षेत्र से हुई और विभिन्न प्रमुख मार्गों से गुजरते हुए बल्दीराय नहर चौराहे पर समाप्त हुई। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने हाथों में बैनर, झंडे और तख्तियां लेकर केंद्र और प्रदेश सरकार की नीतियों के विरोध में नारेबाजी की। बैनरों पर मनरेगा मजदूरों के अधिकारों की रक्षा, लंबित भुगतान शीघ्र कराने, कार्य दिवस बढ़ाने और योजना को कमजोर न करने जैसी मांगें प्रमुख रूप से दर्ज थीं।

सभा को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि मनरेगा ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। यदि इस योजना को कमजोर किया गया तो गांवों की आय और रोजगार पर गंभीर असर पड़ेगा। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि मांगों पर ध्यान नहीं दिया गया तो व्यापक जनआंदोलन छेड़ा जाएगा। पदयात्रा के समापन पर सभा आयोजित कर आगे ज्ञापन भेजने और आंदोलन की रणनीति पर चर्चा की गई। इस मौके पर विधानसभा प्रभारी अजय पांडेय, हाजी इरफान अंसारी ब्लॉक अध्यक्ष बल्दीराय, हर्षनारायण शुक्ला, ब्लॉक अध्यक्ष धनपतगंज, अतिउल्लाह जिला सचिव, पंकज कुमार मिश्रा, सालिकराम जायसवाल, निकलेश सरोज, रणजीत सिंह सलूजा, कालीसहाय सिंह, नंदलाल मौर्या, मामून आलम, अरुण मिश्रा सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# पेंटिंग के माध्यम से जवानों को किया नमन

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** एक प्राइवेट विद्यालय में पुलवामा में हुए आतंकी हमले में शहीद हुए 40 वीर जवानों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर विद्यालय में पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन कर देश के अमर सपूतों को नमन किया गया।


पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित कर दी गई श्रद्धांजलि। ● अमृत विचार

कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं ने अपनी कलाकृतियों के माध्यम से शहीद जवानों के साहस, बलिदान और देशभक्ति की भावना को सजीव रूप में प्रस्तुत किया। बच्चों की रचनात्मक अभिव्यक्ति में राष्ट्रप्रेम और सम्मान की झलक साफ दिखाई दी। विद्यालय की आर्ट शिक्षिका शिवानी प्रजापति ने बताया कि आज ही के दिन हमारे वीर जवानों ने राष्ट्र की रक्षा के लिए सर्वोच्च बलिदान दिया था। उन्होंने कहा कि प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में देशभक्ति, सम्मान और राष्ट्र प्रेम की भावना विकसित करना है, ताकि वे शहीदों के योगदान को सदैव स्मरण रखें। विद्यालय के प्रिंसिपल आनंदन ने भी शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि देश की सुरक्षा में अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले जवानों का बलिदान कभी भुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने विद्यार्थियों को राष्ट्रहित में समर्पित रहने और शहीदों के आदर्शों पर चलने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम के अंत में सभी शिक्षकों एवं छात्रों ने दो मिनट का मौन रखकर शहीदों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।

# पुलवामा कांडः रक्तदान शिविर लगा

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** पुलवामा में हुए आतंकी हमले में शहीद 40 वीर जवानों की स्मृति में शनिवार को राष्ट्रीय सामाजिक सेवा संघ के तत्वावधान में स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय एवं जिला चिकित्सालय स्थित ब्लड बैंक में रक्तदान महादान शिविर का आयोजन किया गया।


जिला अस्पताल के ब्लड बैंक में सम्मानित किए गए रक्तदानी।

● 40 शहीदों की याद में 30 यूनिट रक्तदान राष्ट्रवादियों ने निभाई सामाजिक जिम्मेदारी

कार्यक्रम का शुभारंभ स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. प्रियंक वर्मा, ब्लड बैंक प्रभारी प्रो. डॉ. संजय सिंह ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। शिविर का नेतृत्व राष्ट्रीय सामाजिक सेवा संघ के अध्यक्ष मेराज अहमद खान ने किया। शिविर में उपस्थित चिकित्सकों एवं समाजसेवियों ने शहीद जवानों की स्मृति में दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की। संस्था के संस्थापक निजाम खान ने जानकारी दी कि शिविर में कुल 30 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया। शिविर में निजाम अहमद खान, सुफियान खान, अबरार अहमद खान, अनिल कुमार निर्मल, राज कोरी, अभय दत्त उपाध्याय, अजय कुमार पाल, सर्वेंद्र मिश्रा, मो. शाहिद खान, प्रधान अंसार खान, हेमंत कुमार यादव, इंद्रसेन यादव, आदम हुसैन, मो. सिराज, गुल मुहम्मद, मो. सुल्तान सलाहुद्दीन खान, अमानत खान, मुफ्ती अब्दुल्ला अंजुम, योगेश कुमार यादव, दिव्यांश सिंह, विनय पांडेय, राकेश कुमार शुक्ला सहित अन्य महादानियों ने रक्तदान कर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की।

# सीनियर छात्रों को दी गई भावभीनी विदाई

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** शहर के प्रतिष्ठित एमजीएस इंटर कॉलेज में कक्षा 11 विज्ञान वर्ग के छात्रों द्वारा कक्षा 12 विज्ञान वर्ग के विद्यार्थियों के सम्मान में भव्य विदाई समारोह का आयोजन क्षत्रिय भवन में किया गया। कार्यक्रम भावनात्मक माहौल और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के बीच संपन्न हुआ।


विदाई समारोह में शामिल शिक्षकगण व विद्यार्थी। ● अमृत विचार

● एमजीएस इंटर कॉलेज में इंटर के छात्रों का विदाई समारोह संपन्न

कार्यक्रम की शुरुआत लक्ष्मी, संध्या, रुचि और सलोनी द्वारा प्रस्तुत स्वागत गीत से हुई, जिसने सभी का मन मोह लिया। इसके बाद खुशनूर, सुकृति, चेष्टा, यशवर्धन सिंह, राम दुबे, प्रियांशु और ओम सिंह ने रैंप वॉक कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों की श्रृंखला में सलोनी, रुचि, अनीता और कशिश ने मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया, जबकि जिकरा, मुस्कान, विक्रम, प्रियांशु और श्याम दुबे ने गीतों की प्रस्तुति देकर समारोह में चार चांद लगा दिए। प्रधानाचार्य महेश कुमार सिंह ने छात्रों को आगामी बोर्ड परीक्षा एवं उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते हुए इंटर परीक्षा में उत्तर पुस्तिका लिखने के महत्वपूर्ण टिप्स भी साझा किए। उन्होंने कहा कि परिश्रम, अनुशासन और आत्मविश्वास ही सफलता की कुंजी हैं। कार्यक्रम का संचालन सुरजीत पाल ने किया। आयोजन में डॉ. अमरीश सिंह, अंजनी श्रीवास्तव, रमेश प्रजापति, बलराम सिंह, आलोक सिंह, राजेश कनौजिया, सुमित श्रीवास्तव, उपकार श्रीवास्तव एवं संदीप सिंह का विशेष सहयोग रहा।

इस अवसर पर विद्यालय के पुरातन छात्र अखंड प्रताप और विकास ने अपने अनुभव साझा करते हुए छात्रों को आगे की पढ़ाई और करियर को लेकर प्रेरित किया। समारोह के अंत में सीनियर छात्रों को स्मृति-चिह्न भेंट कर भावभीनी विदाई दी गई।

# करियर गाइडेंस मेला में 29 स्कूलों के छात्रों ने लगाए स्टॉल

**संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचार :** राजकीय शिल्पकार अनुदेशक प्रशिक्षण संस्थान पयागीपुर में समग्र शिक्षा माध्यमिक के अंतर्गत राजकीय माध्यमिक विद्यालयों के लिए जनपदीय करियर गाइडेंस मेले का आयोजन किया गया। मेले में जनपद के सभी 29 राजकीय माध्यमिक विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने अपने-अपने नोडल शिक्षकों की उपस्थिति में विद्यालयी स्टॉल लगाए। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला सेवायोजन अधिकारी दिनकर कुमार, सह जिला विद्यालय निरीक्षक जटाशंकर यादव, डॉ. बी.के. झा, व्यवसायी सुनील श्रीवास्तव, चार्टर्ड अकाउंटेंट सुनील शर्मा तथा अभिनव विद्यालय टिकरी पन्ना के प्राचार्य संतोष मिश्रा (पीईएस) की उपस्थिति में सरस्वती प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। मुख्य अतिथि डॉ. बी.के. झा ने विद्यार्थियों को विभिन्न करियर क्षेत्रों की जानकारी देते हुए गुणवत्ता आधारित करियर निर्माण के लिए उपयोगी सुझाव दिए। प्रधानाचार्य चारुल गुप्ता ने गृह विज्ञान के क्षेत्र में डायटिशियन, होटल प्रबंधन और शिक्षण जैसे करियर विकल्पों पर प्रकाश डाला। पूर्व सैनिक, कवि एवं शिक्षक हरिनाथ शुक्ला ने सेना में करियर के अवसरों पर प्रेरक कविता के माध्यम से विद्यार्थियों को मार्गदर्शन दिया। स्टॉल प्रतियोगिता में पीएम श्री केश कुमारी राजकीय बालिका इंटर कॉलेज को प्रथम पुरस्कार, राजकीय हाई स्कूल केनौरा को द्वितीय तथा राजकीय हाई स्कूल कनकपुर शिकवा को तृतीय पुरस्कार प्राप्त हुआ। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न विद्यालयों से आए छात्रों ने कविता और संभाषण के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

महाशिवरात्रि आज

रंगाई-पुताई, साफ-सफाई और आकर्षक साज-सज्जा से सज-धज कर तैयार हुए शिव मंदिर

# शिवालयों में उमड़ेगा आस्था का सैलाब, गूंजेगा हर-हर महादेव

विंदेश्वरीगंज, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** भोलेनाथ की आस्था और श्रद्धा का प्रतीक पर्व महाशिवरात्रि को लेकर क्षेत्र में भक्तिमय वातावरण बनता जा रहा है। पर्व के मद्देनज़र मंदिरों और शिवालयों में रंगाई-पुताई, साफ-सफाई और आकर्षक साज-सज्जा का कार्य अंतिम चरण में हैं। श्रद्धालुओं में इस पावन पर्व को लेकर विशेष उत्साह और उल्लास देखा जा रहा है। महाशिवरात्रि को रुद्राभिषेक, ओम नमः शिवाय के जाप इत्यादि आयोजन किए जाएंगे।

बल्दीराय तहसील क्षेत्र के प्रसिद्ध जंगलीनाथ धाम वलीपुर एवं शिवाला समरथपुर में मंदिर परिसरों की विशेष साफ-सफाई के साथ सजावट की गई है। समरथपुर ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधान राजेश तिवारी ने बताया कि मंदिर पर कोई स्थायी पुजारी नहीं है, लेकिन आसपास के गांवों के श्रद्धालु आपसी सहयोग से भगवान शिव की नियमित पूजा-अर्चना करते हैं। महाशिवरात्रि पर्व को लेकर ग्रामीणों के सहयोग से मंदिर की विशेष तैयारियां की गई हैं। पर्व के दिन श्रद्धालुओं के लिए सभी ग्रामवासियों के सहयोग से प्रसाद वितरण की भी व्यवस्था की जाएगी।


समरथपुर स्थित शिवाला।


समरथपुर शिवाला मंदिर में स्थापित शिवलिंग। ● अमृत विचार

वहीं आस्था और श्रद्धा का प्रमुख केंद्र मिझूटी महादेवन स्थित मौलेश्वरनाथ महादेव मंदिर में भी महाशिवरात्रि की तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। सुलतानपुर जनपद के पश्चिमी छोर पर, अयोध्या जनपद की सीमा के निकट स्थित इस प्राचीन धाम में महाशिवरात्रि के अवसर पर अयोध्या, सुलतानपुर, अमेठी और प्रतापगढ़, रायबरेली सहित कई जनपदों से बड़ी संख्या में शिवभक्त जलाभिषेक और पूजन-अर्चन के लिए पहुंचते हैं।

मौलेश्वरनाथ धाम के पुजारी बाबा सीताराम दास ने बताया कि महाशिवरात्रि पर्व की सभी आवश्यक तैयारियां प्रारंभ कर दी गई हैं। उन्होंने कहा कि इस पावन अवसर पर श्रद्धा और भक्ति के साथ पर्व मनाया जाएगा। महाशिवरात्रि के दिन भोर से ही जलाभिषेक का सिलसिला शुरू हो जाएगा। उन्होंने विश्वास जताया कि सच्चे मन से की गई प्रार्थना कभी व्यर्थ नहीं जाती और भगवान भोलेनाथ अपने भक्तों की मनोकामनाएं अवश्य पूर्ण करते हैं।

वहीं वलीपुर स्थित जंगलीनाथ धाम पर भी क्षेत्र सहित दूर-दराज से शिवभक्त जलाभिषेक और पूजन-अर्चन के लिए पहुंचते हैं। मंदिर के पुजारी स्वामी जगदेवानंद गिरी ने बताया कि महाशिवरात्रि के दिन भोर से ही बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिर पहुंचकर भगवान शिव का पूजन-अर्चन कर जलाभिषेक करते हैं।

अमृत विचार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु अमृत विचार कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**
मैने अपना नाम MOHAMMAD EKHALAK से बदलकर MOHAMMAD AKHLAQUE रख लिया अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। S/0- MOHAMMAD AFJAL ADD-220 ASAHI AZAMPUR PS-KASIMPUR, DIST-HARDOI-241305 (U.P.)

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**
मै प्रदीप कुमार पुत्र गया प्रसाद वर्मा नि0 ग्राम देवमनपुर पोस्ट गोसवा तहसील बिलग्राम जिला हरदोई, यह कि पुत्री प्रियांशी वर्मा उर्फ भूमिका वर्मा दोनो नाम मेरी पुत्री के ही है। भविष्य मे भी मेरी पुत्री को दोनो नामो से ही जाना पहचाना जाएगा।

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे आधार कार्ड नंबर 659147815695 मैं जन्मतिथि 4/06/1997 भूल बस अंकित हो गई है जबकि उत्तर प्रदेश संस्कृत शिक्षा परिषद बोर्ड आफ सेकेंडरी संस्कृत एजुकेशन लखनऊ वर्ष 2014 के मूल प्रमाण पत्र में 9/05/1996 सही अंकित है मूल प्रमाण पत्र में अंकित जन्मतिथि सही और सत्य है इसी को पढ़ा और लिखा जाए। **संगीता देवी पत्नी मंगल प्रसाद निवासी पराको राजापुर चित्रकूट**

**सूचना**
पहले मेरा नाम TAHIR MAHMOOD था अब मैने बदलकर अपना नाम MAHMOOD KHAN रख लिया है भविष्य में मुझे MAHMOOD KHAN के नाम से जाना व पहचाना जाए। S/O- MOHAMMAD SALEEM MAMMON R/O- MOHAN ROAD KHUSHALGANJ KAKORI, LUCKNOW

**सूचना**
मैं MOHAMMAD JAVED RAZA पुत्र श्री YAR MOHAMMAD, निवासी ग्राम-गिरधारी पुरवा, पो0 व थाना-वजीरगंज, गोण्डा, उ0प्र0, सबको सूचित करता हूँ कि मैंने अपना नाम बदलकर MO JAVED RAJA रख लिया है, अतः आज से मुझे MO JAVED RAJA S/O YAR MOHAMMAD के नाम से जाना पहचाना व लिखा जाये।

**सूचना**
मैंने अपना नाम HARJASS SINGH से बदल कर HARJOT SINGH रख लिया है। अब मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। C/O: KULWINDER SINGH R/O:E-34 SECTOR C1 LDA COLONY KANPUR ROAD LUCKNOW UTTAR PRADESH 226018

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं निदा कौसर, पुत्री सिराजुद्दीन, निवासी अहमदाबाद, गुजरात , मेरे आधार कार्ड में नाम निदा कौसर है, जबकि एल.आई.सी. पॉलिसी संख्या 215022118 में नाम शगुफ्ता कुरैशी अंकित है। यह स्पष्ट किया जाता है कि दोनों नाम एक ही महिला के हैं। दिनांक: 12/02/2026
भवदीया
निदा कौसर

**सूचना**
मेरे आधारकार्ड संख्या में मेरा नाम अवंतिकावेन पटेल दर्ज है वहीं मेरे पासपोर्ट संख्या P4372349 में मेरा नाम त्रुटिवश अंवतिकाबेन कल्पेश पटेल दर्ज हो गया है जोकि गलत है अतः मेरा नाम अवंतिकाबेन पटेल दर्ज किया जाया। **अवंतिकाबेन पटेल पत्नी कल्पेश पटेल निवासी मकान संख्या-15 इलाहाबाद बैंक रोड रेलवे गंज जिला हरदोई।**

**सूचना**
मेरे आधारकार्ड में मेरा नाम कल्पेश पटेल दर्ज है वहीं मेरे पासपोर्ट संख्या P4372306 में मेरा नाम त्रुटिवश कलेश राजेंद्रभाई पटेल दर्ज हो गया है जोकि गलत है। अतः मेरा नाम कल्पेश पटेल दर्ज किया जाए। **कलेश पटेल पुत्र राजेंद्र भाई पटेल निवासी मकान संख्या 15 इलाहाबाद बैंक रोड रेलवेगंज जिला हरदोई।**

**कार्यालय ग्राम पंचायत हांसापुर, वि0ख0 मोतिगरपुर, जनपद सुलतानपुर**

पत्रांक-मेमो/ग्रा0पं0/निविदा/कोटेशन सूचना/2025-2026 दिनांक-14.02.2025

अल्पकालीन निविदा सूचना/कोटेशन

सर्वसाधाण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत हांसापुर, विकासखंड मोतिगरपुर, जनपद सुलतानपुर मे राज्यवित्त /केंद्रीय वित्त योजना के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 के क्रम में कराये जाने वाले कार्य पर निम्न विवरण के अनुसार सामग्री की आवश्यकता है। इच्छुक स्थानीय फर्म/भठ्ठा मालिक आपूर्ति के लिए दिनांक-15.02.2026 से 21.02.2026 सायं 03:00 बजे तक निविदा/कोटेशन सचिवालय ग्राम पंचायत हांसापुर, विकास खण्ड मोतिगरपुर, जनपद सुलतानपुर में दे सकते हैं। प्राप्त निविदा उसी दिनांक-21.02.2026 को सायं 04: 00 बजे ग्राम पंचायत द्वारा गठित समिति के समक्ष खोली जाएगी। समिति द्वारा दिया गया निर्णय अंतिम और सर्वमान्य होगा।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (रुपये में) | सामग्री विवरण | शपथ पत्र हेतु स्टाम्प का मूल्य (रुपये में) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | कंद्रवारे पक्की सड़क से रवींद्र सिंह के घर तक इंटरलाकिंग निर्माण कार्य। | 2,24,942 रुपये। | बालू, मोरंग, सीमेन्ट, ईट गिट्टी, इंटरलाकिंग ईट, प्रथम श्रेणी ईट, गिट्टी आदि सामग्री । | 100 |

**नोट-** निविदा से सम्बंधित नियम व शर्ते कार्यालय के किसी भी कार्य दिवस के निर्धारित समय में देखी जा सकती है।

ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत सचिव
ग्रा0पं0- हांसापुर , वि0खं0-मोतिगरपुर जनपद-सुलतानपुर।

# महाशिवरात्रि आज: शिवालयों में उमड़ेगा आस्था का सैलाब

## सुबह चार बजे खुलेंगे कपाट, दिनभर होगा जलाभिषेक, शाम को निकलेगी शिव बारात, हर-हर महादेव के जयघोष से गूंजेगा शहर

संवाददाता, गोंडा

**अमृत विचार :** महाशिवरात्रि पर्व को लेकर जिले भर में उत्साह चरम पर है। रविवार को शिवालयों और मंदिरों में बाबा भोलेनाथ का दरबार सजेगा और लाखों श्रद्धालु हर-हर बम-बम के जयघोष के साथ जलाभिषेक कर अपनी मनोकामना पूर्ण होने का आशीर्वाद मांगेंगे। सुबह चार बजे से मंदिरों के कपाट खुल जाएंगे और देर रात तक पूजा-अर्चना व जलाभिषेक का सिलसिला जारी रहेगा। शहर के ऐतिहासिक दुखहरण नाथ मंदिर से शाम को आकर्षक झांकियों के साथ शिव बारात निकाली जाएगी, जिसमें हाथी-घोड़े समेत विभिन्न वेशभूषा में सजे शिव बराती आकर्षण का केंद्र होंगे।


पृथ्वीनाथ शिव मंदिर।


मंदिर में स्थापित शिवलाट।

महाशिवरात्रि को देवाधिदेव महादेव की आराधना की पावन रात्रि माना जाता है। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार फाल्गुन माह के कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी को भगवान शिव और माता पार्वती का विवाह हुआ था। इसी उपलक्ष्य में यह पर्व मनाया जाता है। इस दिन अविवाहित कन्याएं योग्य वर की कामना से व्रत रखती हैं, जबकि सुहागिन महिलाएं अपने पति और परिवार की दीर्घायु व सुख-समृद्धि के लिए निर्जला व्रत रखकर पूजा करती हैं। श्रद्धालु शिवलिंग पर बेलपत्र, बेर, धतूरा आदि अर्पित कर भगवान शिव से क्षमा याचना करते हैं। मुख्यालय स्थित दुखहरण नाथ मंदिर और खरगूपुर के बाबा पृथ्वीनाथ मंदिर के अलावा वजीरगंज के बाबा बालेश्वर नाथ मंदिर, करनैलगंज के बाबा बरखंडी नाथ मंदिर तथा मनकापुर के करोहानाथ मंदिर में भी भारी भीड़ उमड़ने की संभावना है। मंदिरों को फूल-मालाओं और आकर्षक रोशनी से सजाया गया है। श्रद्धालुओं की संभावित भीड़ को देखते हुए जिला प्रशासन और मंदिर प्रबंधन ने व्यापक इंतजाम किए हैं। मंदिरों की ओर जाने वाले प्रमुख मार्गों पर बैरिकेडिंग की गई है। शिवालय परिसरों में सादे कपड़ों में पुलिसकर्मियों की तैनाती रहेगी।

### महाशिवरात्रि के अवसर पर निकाली गई भव्य शिव बारात

**तरबगंज, गोंडा, अमृत विचार :** ब्रह्माकुमारी की शाखा तरबगंज की तरफ से महाशिवरात्रि के अवसर पर भव्य शिव बारात निकाली गई, जिसमें परमात्मा शिव के 12 पवित्र ज्योतिर्लिंगों की झांकी सजाई गई थी। शिव बारात पकड़ी बाजार के सेवा केंद्र पर शिव ध्वज फहरा करके शुरू हुई जो तरबगंज बाजार होते हुए वापस सेवा केंद्र पर आकर रुकी। यहां सभी ने शिव ध्वज फहराया और मिलकर भारत को समृद्ध बनाने की प्रतिज्ञा की। इस मौके पर न्यू लखनऊ कान्वेंट स्कूल के प्रबंधक आलोक मिश्रा स्कूल के छात्रों सहित शिव बारात का हिस्सा बने। ब्लॉक प्रमुख मनोज पांडेय ने शिवजी की आरती करने के पश्चात बारात को हरी झंडी दिखाकर नगर भ्रमण के लिए रवाना किया। तरबगंज बाजार में केदारनाथ बर्तन भंडार की तरफ से शिव बारातियों का स्वागत करते हुए उनके जलपान की व्यवस्था की गई। इस मौके पर बीके रेखा, ममता, सावित्री, संगीता, किरन, आरती, मधु, गुंजन, मानसी तथा देवी श्याम शुक्ला, रमाशंकर, गौतम, रिंकू, अशोक, रामचंद्र, व राहुल भाई समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।


शिवलिंग की बारात निकालते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

## न्यूज़ ब्रीफ

### पेशी पर गया बुजुर्ग तीन चार दिन से लापता

**करनैलगंज, अमृत विचार :** मसौलिया के मजरा पाठक पुरवा निवासी शिवकुमार पाठक 11 फरवरी की सुबह करीब 9 बजे घर से गोंडा कचहरी में पेशी पर जाने के लिए निकले थे, लेकिन देर शाम तक घर नहीं लौटे। जब उनका मोबाइल मिलाया गया तो फोन बंद मिला। इसके बाद उनके अधिवक्ता से संपर्क किया गया तो उन्होंनें बताया कि शिवकुमार पाठक दोपहर में ही कचहरी से निकल चुके थे। पुत्र गोपाल पाठक ने गोंडा नगर कोतवाली में प्रार्थना पत्र देकर पिता की गुमशुदगी दर्ज कराई है। चार दिन बीत जाने के बावजूद अभी तक उनका पता नहीं चल सका है। इससे परिजन परेशान हैं। परिजनों ने मामले की सूचना करनैलगंज कोतवाली पुलिस को भी दे दी है।

### बाइक की टक्कर से वृद्ध महिला घायल

**इटियाथोक, गोंडा, अमृत विचार :** बाइक की टक्कर से एक वृद्धा घायल हो गयी। करमडीह कलां पंडित पुरवा के अरविंद कुमार शुक्ला ने बताया कि उनकी मां शिव कुंवरि( 60 ) घर के दरवाजे के पास खड़ी थीं। तभी बाइक चालक बजरंगी ने शिवकुंवरि को टक्कर मार दी। घटना में शिवकुंवरि को काफी चोटें आईं। हालत गंभीर होने पर उन्हें उपचार के लिए लखनऊ के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उधर, हादसे के बाद चालक बाइक छोड़कर भाग गया। घटना की सूचना थाने पर दी गई है। थाने पर तहरीर देकर बाइक सवार के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

# 9वीं की छात्रा ने फंदे से लटक कर दे दी जान

**मनकापुर, गोंडा, अमृत विचार:** गायत्री नगर में शनिवार को नौवीं की एक छात्रा ने कमरे में फांसी लगाकर जान दे दी। मूल रूप से ग्राम करनूपुर राजा निवासी कुसुम शुक्ला, जो आशा बहू के रूप में कार्यरत हैं। वर्तमान में गायत्री नगर स्थित अपने मकान में दो बेटियों के साथ रहती हैं। उनकी 15 वर्षीया पुत्री काजल उर्फ लक्ष्मी, जो आरपी आदर्श इंटर कॉलेज की नौवीं कक्षा की छात्रा थी। शनिवार दोपहर करीब ढाई बजे अपने कमरे में चली गई और दरवाजा अंदर से बंद कर लिया। काफी देर तक दरवाजा न खुलने पर बड़ी बहन कोमल ने आवाज दी और जवाब नहीं मिला, तो शोर मचाया। आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और दरवाजा तोड़कर छात्रा को नीचे उतारा। मौके पर पहुंची पुलिस ने छात्रा को सीएचसी पहुंचाया, जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण किया।

# थाने के पास दुकान से लाखों की चोरी

● **वजीरगंज में चोरों ने सर्राफा की दुकान को बनाया निशाना**

**नवाबगंज, गोंडा, अमृत विचार:** अयोध्या-गोंडा मार्ग स्थित वजीरगंज बाजार में शुक्रवार की रात दुस्साहसी चोरों ने थाने से चंद कदम की दूरी पर स्थित सर्राफा दुकान को निशाना बनाते हुए करीब 25 लाख रुपये के सोने-चांदी के जेवरात पार कर दिए। बदमाश गैस कटर से छत का लोहे का दरवाजा काटकर अंदर घुसे और तिजोरी तोड़कर माल समेट ले गए। जाते-जाते सीसीटीवी का डीवीआर भी उखाड़ ले गए, ताकि साक्ष्य मिटाया जा सके।

पीड़ित सर्राफा व्यवसायी विकास सोनी ने बताया कि वह शुक्रवार शाम करीब 8 बजे दुकान बंद कर घर चले गए थे। शनिवार सुबह जब दुकान खोली तो अंदर का नजारा देख वह सन्न रह गए। तिजोरी टूटी हुई थी और सामान बिखरा पड़ा था। छत पर लगा लोहे का दरवाजा गैस कटर से कटा मिला तथा पीछे का दरवाजा भी खुला था। सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष विपुल कुमार पांडेय ने उच्चाधिकारियों को अवगत कराते हुए मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कराई। एएसपी राधेश्याम राय, क्षेत्राधिकारी उमेश्वर प्रभात सिंह, एसओजी प्रभारी गौरव सिंह तथा विधि विज्ञान प्रयोगशाला की टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण कर साक्ष्य एकत्र किए। दुकानदार के अनुसार, चोर संभवतः गली के रास्ते छत पर चढ़े और सीढ़ी पर लगे लोहे के दरवाजे को गैस कटर से काटकर अंदर दाखिल हुए। इसके बाद लोहे के संबल से तिजोरी तोड़कर उसमें रखे जेवरात लेकर फरार हो गए। थानाध्यक्ष विपुल कुमार पांडेय ने बताया कि चोरी की प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है।

# रविचंद्र आठवीं बार अध्यक्ष, सुनील बने महामंत्री

**बार एसोसिएशन चुनाव**

**गोंडा, अमृत विचार:** शुक्रवार को हुए बार एसोसिएशन के चुनाव में एक बार फिर अधिवक्ताओं ने अनुभव पर भरोसा जताया। अध्यक्ष पद पर रविचंद्र त्रिपाठी ने लगातार आठवीं बार जीत दर्ज कर रिकॉर्ड कायम किया, जबकि महामंत्री पद पर सुनील कुमार पांडेय निर्वाचित हुए। हालांकि चुनाव परिणामों की औपचारिक घोषणा सोमवार को की जाएगी।

शुक्रवार को अध्यक्ष, वरिष्ठतम उपाध्यक्ष, वरिष्ठ उपाध्यक्ष, महामंत्री, संयुक्त मंत्री, कोषाध्यक्ष सहित वरिष्ठ एवं कनिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य पदों के लिए मतदान हुआ। मतदान समाप्त होने के बाद शाम से मतगणना शुरू हुई, जो रात करीब 12:30 बजे तक चली। चुनाव समिति के अनुसार मतगणना पूरी हो चुकी है, लेकिन शनिवार को कचहरी बंद होने के कारण परिणामों की आधिकारिक घोषणा सोमवार को की जाएगी। अध्यक्ष पद पर कड़ा मुकाबला रहा।


निर्वाचित अध्यक्ष रविचंद्र त्रिपाठी व महामंत्री सुनील पांडेय के साथ समर्थक।

अध्यक्ष पद के लिए कुल सात उम्मीदवार मैदान में थे। रविचंद्र त्रिपाठी को 629 मत प्राप्त हुए, जबकि उनके निकटतम प्रतिद्वंदी अनिल कुमार सिंह को 525 मत मिले। इस प्रकार त्रिपाठी ने स्पष्ट बढ़त के साथ जीत दर्ज की। महामंत्री पद पर भी सात प्रत्याशी थे। महामंत्री पद के लिए भी सात उम्मीदवारों के बीच मुकाबला हुआ। सुनील कुमार पांडेय को 463 मत मिले, जबकि डीपी ओझा 298 मत पाकर दूसरे स्थान पर रहे। अन्य निर्वाचित पदाधिकारियों में वरिष्ठतम उपाध्यक्ष पद पर विनय कुमार तिवारी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर रजनी त्रिपाठी एवं राजेंद्र प्रताप द्विवेदी, कनिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर उमेश प्रताप मिश्र एवं शुभम चौबे, कोषाध्यक्ष पद पर श्रीभगवान पांडेय, संयुक्त मंत्री पद पर आदित्य तिवारी, बृजेश कुमार पांडेय, अतुल कुमार दुबे निर्वाचित हुए। संयुक्त मंत्री पद पर आदित्य तिवारी को 1652 मतों में से 810 मत पाकर बड़ी जीत दर्ज की है।

चुनाव शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। अधिवक्ताओं में परिणाम को लेकर उत्साह देखा गया। अब सभी की निगाहें सोमवार को होने वाली आधिकारिक घोषणा पर टिकी हैं।

# लोको शेड के पास मिला महिला का शव

**गोंडा, अमृत विचार :** नगर कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत लोको शेड के निकट पाठक पुरवा व नई बस्ती क्रॉसिंग के पास लगभग 40 वर्षीय अज्ञात महिला का शव मिलने से हड़कंप मच गया। लोगों ने क्रॉसिंग के पास महिला का शव पड़े देखा, जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। सेमरा चौकी प्रभारी व नगर कोतवाली पुलिस टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। फॉरेंसिक टीम को भी घटनास्थल पर बुलाया गया। एएसपी भी घटनास्थल पर पहुंचे और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। पुलिस के अनुसार, फिलहाल मृतका की पहचान नहीं हो सकी है। आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है।

# विकसित भारत के संकल्प को मिलेगी गति:वर्मा

● **बजट को लेकर आयोजित गोष्ठी को विधायक ने किया संबोधित**

**गौरा चौकी, गोंडा, अमृत विचार:** भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के निर्देश पर विधानसभा और क्षेत्र में केंद्र सरकार एवं उत्तर प्रदेश सरकार के बजट पर एक गोष्ठी का आयोजन ब्लॉक सभागार गौरा चौकी में किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक प्रभात कुमार वर्मा ने केंद्र और राज्य सरकार के बजट को विकसित भारत के संकल्प को गति देने वाला बताया।


गोष्ठी को संबोधित करते विधायक प्रभात वर्मा। ● अमृत विचार

अपने संबोधन में विधायक ने कहा कि देश में सात हाई-स्पीड रेल कॉरिडोर के आधुनिकीकरण, रेलवे नेटवर्क के विस्तार, राष्ट्रीय राजमार्ग एवं एक्सप्रेस-वे नेटवर्क को सुदृढ़ कर उत्तर प्रदेश को लॉजिस्टिक हब बनाने पर विशेष जोर दिया गया है। पूर्वांचल, बुंदेलखंड और पश्चिमी उत्तर प्रदेश को जोड़ने वाली परियोजनाएं क्षेत्रीय संतुलित विकास को मजबूती देंगी। उन्होंने कृषि क्षेत्र में एआई एवं तकनीकी प्लेटफॉर्म के माध्यम से किसानों को मौसम और बाजार की सटीक जानकारी उपलब्ध कराने, नेशनल वाटर वे की स्थापना, जीवन रक्षक दवाओं पर शुल्क में राहत, प्रत्येक जिले में गर्ल्स हॉस्टल निर्माण, औद्योगिक क्लस्टरों के आधुनिकीकरण तथा शहरी अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने जैसे प्रावधानों को बजट की प्रमुख उपलब्धियां बताया। विधायक ने गौरा विधानसभा क्षेत्र में कराए गए और प्रस्तावित विकास कार्यों का भी उल्लेख करते हुए कहा कि यह बजट प्रदेश और देश को विकास की नई ऊंचाइयों तक ले जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से राकेश तिवारी जिला महामंत्री, भाजपा, जीतेन्द्र पांडे, राम चन्दर वर्मा, राधिका देवी, विक्रम वर्मा, पप्पू शुक्ला, राजन सिंह, धर्मेंद्र पाठक, इन्द्र बहादुर वर्मा, पिंकू सिंह, सोहरथ वर्मा, हरिप्रसाद, राम बाबू मिश्रा, राम खेलावन, गुलाब चंद वर्मा, विनय वर्मा, पप्पू मौर्य, विश्वनाथ पाठक, राजेश्वरी वर्मा सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# दो पक्षों में मारपीट, 15 लोगों पर मुकदमा दर्ज

**मनकापुर, गोंडा, अमृत विचार:** धर्मपुर में रंजिश को लेकर दो पक्षों के बीच हुई मारपीट के मामले में पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर पर 9 महिलाओं सहित 15 लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। घटना में दोनों पक्षों के कई लोग घायल हो गए।

पहले पक्ष के खुर्शीद ने पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाया कि शुक्रवार सुबह करीब 8 बजे गांव के ही बब्बू, झूलन उर्फ सहजाद, झिनकन, सकरुन, साइदा, सरफूना व तहज्जुन ने रंजिश को लेकर गाली-गलौज करते हुए खुर्शीद, उनकी पत्नी रुकसाना, भाई इरशाद अली, भाभी रिजवाना, सजीना, सूफिया, इकरा व खुशबुद्दीन को लाठी-डंडे, थप्पड़ व मुक्कों से पीटकर घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी दी। वहीं दूसरे पक्ष के सहजाद ने तहरीर देकर आरोप लगाया कि खुर्शीद, इरशाद अली, सबाना, अरजद, सुफिया, जकरुना, बड़का व मझिला ने पुरानी रंजिश को लेकर गाली-गलौज करते हुए सहजाद अली, उनके भाई बब्बू, पुत्री सरफुननिशा, भतीजी तहज्जुम, बहू आशमीन व अन्य से मारपीट की, जिससे कई लोग घायल हो गए। प्रभारी निरीक्षक अरविन्द सिंह ने बताया कि दोनों पक्षों की तहरीर पर 15 नामजद आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

**यूपी बोर्ड परीक्षा**

**97340 परीक्षार्थी 151 केंद्रों पर देंगे परीक्षा, 4625 कक्ष निरीक्षकों की लगाई गई ड्यूटी**

# 4 जोनल, 13 सेक्टर व 151 स्टैटिक मजिस्ट्रेट करेंगे निगरानी

**गोंडा, अमृत विचार:** माध्यमिक शिक्षा विभाग ने 18 फरवरी से प्रारंभ हो रही यूपी बोर्ड परीक्षा की तैयारी पूरी कर ली है। गए 151 केंद्रों पर 97340 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। इन केंद्रों पर 151 केंद्र व्यवस्थापक व 4625 कक्ष निरीक्षकों की ड्यूटी लगाई गई है। चार जोनल, 13 सेक्टर व 151 स्टेटिक मजिस्ट्रेट परीक्षा केंद्रों की निगरानी करेंगे। शनिवार को जिला विद्यालय निरीक्षक ने प्रेस कांफ्रेंस कर परीक्षा के तैयारियों की जानकारी दी।


परीक्षा की तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक करते एडीएम आलोक कुमार व अन्य अफसर। ● अमृत विचार

बोर्ड परीक्षा में इस बार 97340 परीक्षार्थी शामिल हो रहे हैं। सभी केंद्रों को सीसीटीवी कैमरे और वॉयस रिकॉर्डर से लैस किया गया है। जिले को चार जोन तथा 13 सेक्टर में बांटा गया है। प्रत्येक जोन और सेक्टर में मजिस्ट्रेट की तैनाती की गयी है। इसी तरह प्रत्येक केंद्र पर केंद्र व्यवस्थापक के अलावा परीक्षा के दौरान स्टेटिक मजिस्ट्रेट की तैनाती रहेगी। पांच सचल दल भी बनाए गए हैं। शनिवार को एडीएम आलोक सिंह ने डीआईओएस डॉ. रामचंद्र व सभी तहसीलों के एसडीएम के साथ परीक्षा की तैयारियों को लेकर जोनल, सेक्टर, स्टेटिक मजिस्ट्रेट व केंद्र व्यवस्थापकों के साथ समीक्षा बैठक की। एडीएम ने कहा कि नकलविहीन परीक्षा संपन्न कराने को लेकर प्रशासन पूरी तरह तैयार है। बैठक में करनैलगंज एसडीएम नेहा मिश्रा, मनकापुर एसडीएम अवनीश त्रिपाठी, एसडीएम सदर अशोक गुप्ता, बीएसएए अमित सिंह, शिक्षक नेता अजीत सिंह समेत सभी जोनल ,सेक्टर व स्टेटिक मजिस्ट्रेट थे।

### संस्थागत परीक्षार्थियों का विवरण

| | | | |
|---|---|---|---|
| हाईस्कूल | 50375 | इंटरमीडिएट | 45618 |
| बालक | 26211 | बालक | 23577 |
| बालिका | 24161 | बालिका | 22040 |
| ट्रांसजेंडर | 03 | ट्रांसजेंडर | 01 |

कुल संस्थागत परीक्षार्थी - 95993

### व्यक्तिगत परीक्षार्थियों का विवरण

| | | | |
|---|---|---|---|
| हाईस्कूल | 154 | इंटरमीडिएट | 1193 |
| बालक | 112 | बालक | 836 |
| बालिका | 42 | बालिका | 357 |

कुल व्यक्तिगत परीक्षार्थी- 1347

### किस ब्लाक में कितने केंद्र

इटियाथोक में 9, कटरा में 6, कर्नलगंज में 7, छपिया में 17, झंझरी में 10, तरबगंज में 7, नगर में 10, नवाबगंज में 12, पंड़रीकृपाल में 3, परसपुर में 8, बभनजोत में 14, बेलसर में 11, मनकापुर में 7, मुजेहना में 7, रुपईडीह में 8, वजीरगंज में 8 व हलधरमऊ में 7 केंद्र।

### पुलवामा के शहीदों को दी गई भावभीनी श्रद्धांजलि


शहीदों को श्रद्धांजलि देते बच्चे व अन्य। ● अमृत विचार

**करनैलगंज, अमृत विचार :** जम्मू-कश्मीर के पुलवामा में 14 फरवरी 2019 को हुए आतंकी हमले में शहीद सीआरपीएफ के वीर जवानों को क्षेत्र के भुलियापुर स्थित एन.एच. पब्लिक परिवार की ओर से भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। विद्यालय परिसर में दो मिनट का मौन रखकर अमर शहीदों को नमन किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों को देशभक्ति, अनुशासन एवं राष्ट्र सेवा का संदेश दिया गया। संस्था निदेशक ने अपने संबोधन में कहा शहीदों का बलिदान कभी व्यर्थ नहीं जाएगा। हमें उनके आदर्शों पर चलकर देश के सशक्त नागरिक बनना है। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य संजय कुमार त्रिवेदी, रामप्रताप दीक्षित, मधु सिंह, प्रतिभा सिंह, निधि सिंह, निधि गौतम, निशा सिंह, मानसी सिंह, युवराज सिंह, काजल दूबे, राधे श्याम वर्मा, मीना आदि मौजूद रहे।

### पुल निर्माण की मांग तेज, मुख्यमंत्री को भेजे 80 पत्र


सीएम को भेजे गए पत्र दिखाते कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

**इटियाथोक, गोंडा, अमृत विचार :** राष्ट्रीय छात्र पंचायत के कार्यकर्ताओं द्वारा बिसुही पुल निर्माण की मांग को लेकर चल रहा प्रदर्शन आठवें दिन भी जारी रहा। प्रदर्शन की शुरुआत पुलवामा में शहीद जवानों को श्रद्धांजलि देकर की गई। कार्यकर्ताओं ने मौन रखकर और मोमबत्तियां जलाकर शहीदों को नमन किया। इसके बाद छात्रों ने बिसुही पुल निर्माण की मांग को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को संबोधित पत्र लिखा। कार्यकर्ताओं ने पुल के शीघ्र निर्माण की मांग करते हुए कहा कि यह क्षेत्र की जनता की लंबे समय से लंबित समस्या है। कार्यक्रम संयोजक युगांक मिश्रा ने बताया कि मुख्यमंत्री के नाम से 80 पत्र लिखे गए हैं। पारा सराय निवासी सूरज शुक्ला ने कहा कि उन्हें पूरा विश्वास है कि बिसुही पुल का निर्माण शीघ्र कराया जाएगा। इस अवसर पर शिव प्रसाद, मन्नू तिवारी, अमर नाथ, शिव वर्मा, सूरज कसौधन, मुंशी कन्नौजिया, आरिफ सिद्दीकी, संतोष यादव, मोबीन खान सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### बजरंगदल ने वैलेंटाइन डे का कार्ड जला जताया विरोध


वैलेंटाइन डे का कार्ड जलाते बजरंग दल कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

**गोंडा, अमृत विचार :** वैलेंटाइन डे को भारतीय संस्कृति पर पाश्चात्य सभ्यता का आक्रमण बताते हुए बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने वैलेंटाइन डे का बधाई कार्ड जलाकर विरोध जताया। दोपहर 12 बजे बजरंग दल कार्यकर्ता रामलीला मैदान पर एकत्र हुए और यहीं से विहिप सह विभाग मंत्री भरत गिरि व बजरंग दल के सोनू सोनकर के नेतृत्व में हनुमानगढ़ी चौराहे पहुंचे और यहां पर उन्होंने वैलेंटाइन डे के बधाई कार्ड को जलाया। बजरंग दल के पूर्व प्रांत संयोजक राकेश वर्मा गुड्डू का कहना है कि हिंदू संस्कृति में प्रेम के सबसे बड़े प्रतीक राधा कृष्ण का प्रेम व शंकर पार्वती का प्रेम है प्रेम की अभिव्यक्ति के लिए इनसे प्रेरणा लेनी चाहिए। इस मौके पर बबलू वर्मा, सोनू सोनकर, संतोष साहू, रजत सोनी परलेश वर्मा, बिरजू कुमार, विनोद गौतम आनंद वर्मा, विशाल सोनी, विनोद गौतम, विजय वर्मा, राजू मौर्या, रमेश सोनी, सुनील कश्यप, कल्लू गौतम, दीपेंद्र गौतम इत्यादि उपस्थित रहे।

### खाटू श्याम जी की निशान शोभायात्रा निकली


फागुन उत्सव में निशान यात्रा निकालते मारवाड़ी समाज के लोग।

**गोंडा, अमृत विचार :** शुक्रवार की रात्रि रानी बाजार पुरानी गल्ला मंडी पर बाबा खाटू के फाल्गुन उत्सव पर भजन कीर्तन का आयोजन किया गया। गणेश वन्दना से भजनों की शुरुआत परमानंद शर्मा ने की। पुनीत बंसल ने गाया बनता है सारा काम मेरा खाटू धाम से, मुझे जानते हैं लोग आपके नाम से। सूरजगढ़ निशान के नीचे जो कोई आया है, खाटू वाले श्याम ने उसका भाग्य बनाया है आदि भजनों की हाजिरी लगाई। आलोक भावसिंहका ने गाया चढ़वा दें बाबा श्याम निशान मेरो चढ़वा दें। नितेश मित्तल, अंकित लवी, ने भी बाबा खाटू श्याम के भजनों की हाजिरी लगाई। शनिवार को पुरानी परंपरा को लेकर सुबह बाबा खाटू श्याम जी का निशान ध्वजा शोभायात्रा पुरानी गल्ला मंडी से निकाली गई। श्याम प्रेमी 32 लोगों का जत्था बस से रवाना हुआ जो सोमवार को राजस्थान स्थित रिंगस से खाटू धाम के लिए पैदल चलकर खाटू धाम पर निशान अर्पित करेंगे। कार्यक्रम में सुशील पचेरिया, विजेंद्र, नवनीत, राजकुमार, प्रेमलता सिंघल, रोली पचारिया, अर्चना, मोहिनी, प्रिया, मीना देवी, मीनू, रितिका आदि मौजूद रही।

### पूर्व सैनिकों को किया गया सम्मानित


समारोह में मौजूद पूर्व सैनिक व उनके परिजन। ● अमृत विचार

**नवाबगंज, गोंडा, अमृत विचार :** कटरा कुटी धाम में शनिवार को भूतपूर्व सैनिक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पूर्व सैनिकों को अंगवस्त्र और स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि अयोध्या नगर निगम के पूर्व महापौर ऋषिकेश उपाध्याय ने कहा कि पूर्व सैनिकों का जीवन त्याग, साहस और अनुशासन की जीवंत मिसाल है। उन्होंने कहा कि सेना में सेवा देने वाले जवान कठिन परिस्थितियों में भी देश की सुरक्षा के लिए समर्पित रहते हैं। ऐसे वीरों का सम्मान करना समाज का दायित्व है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे सैनिकों के आदर्शों को अपनाकर राष्ट्र निर्माण में योगदान दें। अध्यक्षता मंदिर के महंत स्वामी चिन्मयानंद दास ने की। उन्होंने कहा कि सैनिक राष्ट्र की आत्मा के संरक्षक भी होते हैं। देश और धर्म की रक्षा के लिए उनका योगदान सदैव स्मरणीय रहेगा। उन्होंने कहा कि कटरा कुटी धाम ऐसे राष्ट्रसेवकों के सम्मान के लिए सदैव तत्पर रहेगा। इस अवसर पर परमानंद मिश्रा ने कहा कि देश की शांति और सुरक्षा में सैनिकों की भूमिका अतुलनीय है। अरुण सिंह ने कहा कि युवाओं को सेना की परंपराओं और मूल्यों से प्रेरणा लेनी चाहिए। विनोद गुप्ता ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम समाज में देशभक्ति की भावना को सशक्त करते हैं। कार्यक्रम में करीब दो दर्जन से अधिक भूतपूर्व सैनिकों को सम्मानित किया गया। अंत में सभी ने राष्ट्रगान के साथ समारोह का समापन किया और वीर सैनिकों के प्रति आभार व्यक्त किया।

# महाशिवरात्रि पर आज शिव मंदिरों में उमड़ेगा का आस्था का सैलाब

संवाददाता, बलरामपुर

**अमृत विचार :** महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर आज जिले के शिव मंदिरों में आस्था का सैलाब भोर से ही उमड़ेगा। महाशिवरात्रि पर्व को लेकर जनपद भर में व्यापक तैयारियां की गई हैं। नगर से लेकर ग्रामीण अंचलों तक स्थित प्रमुख शिव मंदिरों में साफ-सफाई, रंग-रोगन, प्रकाश व्यवस्था और श्रद्धालुओं की सुविधा को अंतिम रूप दिया गया है। प्रशासन और मंदिर समितियां मिलकर व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने में जुटी हैं।



महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर सजा शिवालय • अमृत विचार

नगर क्षेत्र के झारखंडी महादेव मंदिर में विशेष सजावट की जा गई है, जहां जलाभिषेक के लिए लंबी कतारों की व्यवस्था, पेयजल और प्रकाश की व्यवस्था की गई है। इसी तरह दुःखहरन नाथ मंदिर उतरौला में भी महाशिवरात्रि पर होने वाले रुद्राभिषेक और पूजा-अर्चना को लेकर तैयारियां की गई हैं।

उतरौला क्षेत्र के राजापुर भरिया मंदिर, शिवभक्तों की आस्था का केंद्र शिवगढ़ धाम पचपेड़वा में भी भक्तों की भारी भीड़ को देखते हुए विशेष इंतजाम किए गए हैं। मार्गों की मरम्मत, बैरिकेडिंग और स्वच्छता पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस-प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। संवेदनशील मंदिरों पर अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती, सीसीटीवी निगरानी, यातायात व्यवस्था और भीड़ नियंत्रण के लिए स्वयंसेवकों की तैनाती की गई है। प्रशासन का कहना है कि महाशिवरात्रि के दिन किसी भी प्रकार की अव्यवस्था न हो, इसके लिए सभी आवश्यक कदम उठाए गए हैं। श्रद्धालुओं से भी सहयोग की अपील की गई है।

### मेले की तैयारियों का एसडीएम व नगर पंचायत अध्यक्ष ने किया निरीक्षण



मेले की तैयारी का जायजा लेते एसडीएम और नगर पंचायत अध्यक्ष। • अमृत विचार

**पचपेड़वा, बलरामपुर, अमृत विचार :** महाशिवरात्रि पर्व के अवसर पर शिवगढ़ धाम मंदिर में आयोजित होने वाले मेले की तैयारियों को लेकर एसडीएम तुलसीपुर राकेश कुमार जयंत एवं नगर पंचायत अध्यक्ष रवि वर्मा ने संयुक्त रूप से स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा को लेकर दिशा-निर्देश दिए गए। निरीक्षण में मंदिर परिसर में स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने के लिए नई पानी की टोंटियों की व्यवस्था, परिसर को स्वच्छ बनाने के लिए विशेष सफाई अभियान तथा मार्गों पर प्रकाश व्यवस्था के लिए नई स्ट्रीट लाइट लगाने के निर्देश दिए गए। अधिकारियों ने कहा कि महाशिवरात्रि मेले में आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। सुरक्षा व्यवस्था व भीड़ नियंत्रण के बारे में चर्चा की गयी। इस मौके पर प्रभारी निरीक्षक ओम प्रकाश चौहान, पुजारी गिरि बाबा, मेला व्यवस्थापक बाबूलाल कौशल व नगर पंचायत के कर्मचारी एवं अन्य संबंधित लोग मौजूद रहे।

# भागवत कथा की पुस्तक देने गए मामा-भांजे को ट्रक ने रौंदा, मौत

## देवलहा गांव के सामने घर जाने के लिए वाहन का इंतजार करते समय हुआ हादसा

**रफ्तार की मार**

संवाददाता, बलरामपुर

**अमृत विचार :** पिता को श्रीमद्भागवत कथा की पुस्तक देने गए मामा और उसके भांजे को शुक्रवार देर रात अज्ञात ट्रक ने रौंद दिया। दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। हादसा देवलहा गांव के सामने हुआ, जिसमें नगर के खलवा मुहल्ला निवासी मामा 40 वर्षीय सुनील मणि त्रिपाठी और 35 वर्षीय भांजे नितिन कुमार पांडेय की मौके पर ही मौत हो गई। दुर्घटना के बाद चालक वाहन समेत फरार हो गया। पुलिस वाहन की तलाश में जुटी है।



सुनीलमणि व नितिन की फाइल फोटो।

खलवा मुहल्ला निवासी गोवर्धन दास महाराज उर्फ देवमणि त्रिपाठी गौरा चौराहा क्षेत्र के देवलहा निवासी संभर सिंह भदौरिया के यहां श्रीमद्भागवत कथा का प्रवचन करने गए थे। एक पुस्तक घर पर छूट जाने पर उन्होंने फोन कर अपने बेटे सुनील मणि त्रिपाठी से मंगाई। पुस्तक देने के लिए सुनील अपने भांजे नितिन पांडेय के साथ देवलहा पहुंचे। दोनों पुस्तक सौंपने के बाद पैदल लौट रहे थे और बलरामपुर जाने के लिए सड़क किनारे वाहन का इंतजार कर रहे थे, तभी अज्ञात ट्रक ने दोनों को कुचल दिया। ग्रामीणों के अनुसार घटना के समय मार्ग से दो ट्रक गुजरे थे, आशंका है कि इन्हीं में से किसी एक ने हादसा किया। गौरा चौराहा थाना प्रभारी हरीश सिंह ने बताया कि विधिक कार्रवाई की जा रही है और वाहन की तलाश जारी है।

### दोनों परिवारों पर टूटा दुखों का पहाड़

नितिन कुमार पांडेय अपने पीछे पत्नी और 12 वर्षीय बेटे सक्षम को छोड़ गए हैं। एक माह पूर्व उनकी माता का निधन हुआ था, जबकि बड़े भाई की पहले ही मौत हो चुकी है। वहीं सुनील मणि त्रिपाठी की पत्नी का करीब सात वर्ष पहले निधन हो गया था। उनके परिवार में छह बेटियां और एक बेटा है। घटना से दोनों परिवारों में कोहराम मचा है।

# साड़ी से फंदा लगाकर विवाहिता ने दी जान

कटरा बाजार, गोंडा

**अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के लोनियनपुरवा गांव में शनिवार को एक 22 वर्षीय विवाहिता ने साड़ी के फंदे से फांसी लगाकर जान दे दी। घटना से गांव में शोक और सनसनी का माहौल है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, नकहा के लोनियनपुरवा निवासी रक्षाराम ने बताया कि शनिवार को उनका बेटा मजदूरी करने के लिए बाहर जा रहा था। इसी बात को लेकर पति-पत्नी के बीच कहासुनी हो गई।

बताया जा रहा है कि कहासुनी के बाद नाराज होकर उसकी बहू सरस्वती (22) घर की दूसरी मंजिल पर चली गई और छत की हुक में साड़ी का फंदा बनाकर फांसी लगा ली।

रक्षाराम, जो सफाई कर्मी के पद पर कार्यरत है, ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही वह तुरंत घर पहुंचे और बहू को बाइक से अस्पताल लेकर गए। अस्पताल में मौजूद डॉ. अरुण सिंह ने बताया कि सरस्वती को अस्पताल लाने से पहले ही उसकी मौत हो चुकी थी। चिकित्सक के अनुसार, उसके गले पर फांसी का निशान पाया गया।

इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक विवेक त्रिवेदी ने बताया कि विवाहिता के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मामले की जांच की जा रही है और आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

## मतदाता सूची में गड़बड़ी का आरोप

**खरगूपुर, गोंडा, अमृत विचार:** निधि नगर की मतदाता सूची में कथित अनियमितताओं को लेकर जिला निर्वाचन अधिकारी से शिकायत की गई है। प्रधान मालती देवी के पति राम नरेश मौर्य ने आरोप लगाया है कि बीएलओ द्वारा नामावली के सत्यापन में मनमानी की गई है। शिकायत के अनुसार, बीएलओ ने सत्यापन के दौरान कई नामों को बाहरी दर्शाते हुए हटाने की प्रक्रिया अपनाई है। राम नरेश मौर्य ने मांग की है कि डुप्लीकेट मतदाता सूची के सत्यापन की निष्पक्ष जांच कराई जाए।

# बजट में हर वर्ग के कल्याण का रखा गया ध्यान

**बलरामपुर, अमृत विचार :** केंद्रीय बजट 2026-27 को लेकर सदर विधायक एवं पूर्व राज्यमंत्री पल्टूराम ने इसे गांव, गरीब, किसान और नौजवान के कल्याण का बजट बताते हुए देश के समग्र विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम कहा। विधायक आवास पर आयोजित प्रेस वार्ता में उन्होंने कहा कि करीब 53.5 लाख करोड़ रुपये के कुल व्यय और जीडीपी के 4.3 प्रतिशत राजकोषीय घाटे के लक्ष्य के साथ वित्तीय अनुशासन और विकास के बीच संतुलन बनाया गया है। पूंजीगत व्यय को 12.2 लाख करोड़ रुपये तक बढ़ाने से इंफ्रास्ट्रक्चर, रोजगार और औद्योगिक गतिविधियों को नई रफ्तार मिलेगी।



केंद्रीय बजट के बारे में जानकारी देते सदर विधायक पल्टूराम व अन्य। • अमृत विचार

उन्होंने बताया कि नई फ्रेट कॉरिडोर, हाई-स्पीड रेल और नेशनल वाटरवे परियोजनाएं कनेक्टिविटी मजबूत करेंगी। भारत की वैश्विक प्रतिस्पर्धा क्षमता बढ़ेगी। आयकर कानून 2025 को 1 अप्रैल 2026 से लागू करने और टीसीएस दरों में कमी से मध्यम वर्ग, छात्रों और छोटे व्यापारियों को राहत मिलेगी। एमएसएमई के लिए विशेष निधि से युवाओं को रोजगार के अवसर मिलेंगे। रक्षा क्षेत्र में 7.8 लाख करोड़ रुपये का प्रावधान राष्ट्रीय सुरक्षा को मजबूती देगा। उत्तर प्रदेश और बलरामपुर के संदर्भ में उन्होंने कहा कि सिंचाई परियोजनाओं, ग्रामीण सड़कों, कृषि आधारित उद्योगों, कौशल विकास केंद्रों को प्राथमिकता मिलेगी। प्रेस वार्ता में डीपी सिंह बैस, अवधेश पाण्डेय, बृजेन्द्र तिवारी, वरुण सिंह मोनू व संदीप उपाध्याय सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

## ट्रेन की चपेट में आने से महिला की मौत

**मनकापुर, गोंडा, अमृत विचार :** मनकापुर स्टेशन के पश्चिमी छोर पर शनिवार को 35 वर्षीय महिला की ट्रेन की चपेट में आकर मौत हो गई। समसापुर के तिवारी पुरवा निवासी अर्चना तिवारी (35) शनिवार दोपहर रेलवे स्टेशन पर ट्रेन पकड़ने जा रही थीं। इसी दौरान पश्चिमी छोर पर रेलवे लाइन पार करते समय अचानक ट्रेन आ गई और वह उसकी चपेट में आ गईं। हादसा इतना भीषण था कि उनकी मौके पर ही मृत्यु हो गई। घटना की सूचना मिलते ही जीआरपी ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# स्पर्धा में खिलाड़ियों ने दिखाया दम

**बलरामपुर, अमृत विचार:** एमएलके पीजी कॉलेज में प्राचार्य प्रो. जेपी पांडेय के निर्देशन में क्रीड़ा विभाग द्वारा आयोजित वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता प्रयास एवं पराक्रम का समापन गुरुवार को हुआ। अंतिम दिन एथलेटिक्स की स्पर्धाएं हुईं।

800 मीटर बालिका वर्ग में अनुपमा (बीए प्रथम वर्ष) प्रथम, खुशी सिंह (बीए द्वितीय वर्ष) द्वितीय व शिखा तिवारी (बीकॉम द्वितीय वर्ष) तृतीय रहीं। 800 मीटर बालक वर्ग में शिवम तिवारी (बीए द्वितीय वर्ष) ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। 400 मीटर बालक वर्ग में शिवम तिवारी (बीसीए प्रथम वर्ष) विजेता रहे। 200×4 मीटर रिले बालिका वर्ग में टीम काजल प्रथम रही। 200 मीटर बालिका वर्ग में डिंपल शर्मा तथा बालक वर्ग में मिंटू यादव ने प्रथम स्थान हासिल किया। हैमर थ्रो में बालक वर्ग में हर्ष चौधरी और बालिका वर्ग में कृतिका मिश्रा विजयी रहीं। प्रतियोगिताएं डॉ. श्री नारायण सिंह व अन्य शिक्षकों की देखरेख में संपन्न हुईं। क्रीड़ा अध्यक्ष डॉ. बी.एल. गुप्ता ने आभार जताया। पुरस्कार वितरण 17 फरवरी को होगा।



दौड़ प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते खिलाड़ी। • अमृत विचार

## बैनामे से अधिक भूमि पर कर लिया कब्जा

**मनकापुर, गोंडा, अमृत विचार:** कोतवाली में आयोजित थाना समाधान दिवस की अध्यक्षता एएसपी मनोज रावत ने की। कोपा करनूपुर राजा निवासी ज्योति प्रकाश शुक्ल ने विपक्षियों द्वारा नाली का पानी अवरुद्ध करने की शिकायत दर्ज कराई। संवारी देवी ने अपने तथाकथित रिश्तेदार पर मकान पर अवैध कब्जा करने का आरोप लगाया। शमसाद अहमद ने उनकी निजी भूमि पर अवैध निर्माण की शिकायत की। अस्मा ने बताया कि वह एक भूमि की सह खातेदार है, लेकिन बैनामेदारों द्वारा बैनामे से अधिक भूमि पर कब्जा कर लिया गया है, जिसे मुक्त कराने की मांग की।

# पंचायत सहायक और रोजगार सेवक को दिया विकलांग आवास

**बालपुर, गोंडा, अमृत विचार:** बेघर और गरीब परिवारों को घर मुहैया कराने के लिए सरकार हर साल तरह तरह की योजनाओं का संचालन करती है। लेकिन इन योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक पहुंच रहा है या नहीं इसे देखने वाला कोई नहीं है।

हलधरमऊ के हरसिंहपुर के रहने वाले राजेंद्र कुमार तिवारी ने आईजीआरएस के माध्यम से शिकायत की कि हरसिंहपुर में आठ विकलांगों को आवास मिलना था जिसको किसी भी पात्र व्यक्ति को नहीं दिया गया है। ग्राम प्रधान और सचिव ने मिलीभगत कर इस आवास को फर्जी तरीके से विकलांग प्रमाण पत्र और फर्जी तरीके से स्कैनिंग कराकर आवंटित कर दिया गया है। जिन लोगों को आवास आवंटित किया गया उनमें से ज्यादा से ज्यादा लोग शारीरिक रूप से ठीक हैं। राजेंद्र तिवारी ने आईजीआरएस में यह भी बताया है कि इस योजना का लाभ गांव में तैनात रोजगार सेवक और पंचायत सहायक को दे दिया गया है जिसकी जांच कर करवाई की मांग की गयी है। खंड विकास अधिकारी देव नायक सिंह ने बताया कि मामला गंभीर है हालांकि जानकारी में नहीं है। जानकारी में आने पर जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी।

**निर्देश** — डीएम ने सुनी फरियाद, भूमि विवाद निपटारे को संयुक्त चौपाल की पहल

# शिकायतों के समाधान में लापरवाही बर्दाश्त नहीं

**बलरामपुर, अमृत विचार :** जनसमस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण के उद्देश्य से जिलाधिकारी विपिन कुमार जैन की अध्यक्षता में शनिवार को थाना रेहरा बाजार एवं थाना गैंडास बुजुर्ग में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। समाधान दिवस में बड़ी संख्या में फरियादी पहुंचे, जिनकी शिकायतों को जिलाधिकारी ने एक-एक कर गंभीरता और संवेदनशीलता के साथ सुना।

डीएम ने निर्देश दिए कि हर शिकायत का समयबद्ध, पारदर्शी और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि थाना समाधान दिवस समस्याओं के समाधान का प्रभावी मंच है, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। भूमि विवाद के मामलों के स्थायी समाधान के लिए नई पहल करते हुए जिलाधिकारी ने ऐसे गांव चिन्हित करने के निर्देश दिए, जहां भूमि संबंधी प्रकरण अधिक हैं। इन गांवों में राजस्व और पुलिस विभाग की संयुक्त चौपाल आयोजित कर सहमति से विवाद निपटाने की कार्ययोजना बनाई जाएगी। उन्होंने भूमि, आपसी एवं राजस्व विवादों में स्थलीय निरीक्षण कर समाधान सुनिश्चित करने पर जोर दिया। राजस्व एवं पुलिस विभाग के अधिकारियों को संयुक्त टीम बनाकर मौके पर जांच करने, तथ्यात्मक रिपोर्ट प्रस्तुत करने तथा निष्पक्ष निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। अपर पुलिस अधीक्षक विशाल पांडे सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।



थाना समाधान दिवस में लोगों की फरियाद सुनते डीएम और अन्य अधिकारी। • अमृत विचार

## भागवत कथा सुन भक्त भावविभोर

**रुपईडीह, गोंडा, अमृत विचार :** असिधा गांव में चल रही संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा में भगवान श्री कृष्ण के जन्म की कथा सुनाई गई। अयोध्या से पधारे कथा वाचक आचार्य कौशल किशोर ने कहा कि यदुवंश के बड़े पुत्र वासुदेव थे। उनका 17 विवाह हुआ था, अठारहवां विवाह देवकी से हुआ। इसके बाद कंस ने आकाशवाणी को सुनकर दोनों को कारागार में डाल दिया। भादो की मध्यरात्रि को अष्टमी के दिन कारागार में माता देवकी के गर्भ से भगवान श्री कृष्ण का प्राकट्य हुआ। कारागार के दरवाजे खुल गए। आकाशवाणी हुई, जिसे सुनकर वासुदेव नन्हे बालक रूप में लेकर नंदबाबा के घर पहुंचकर वहां से नवजात कन्या को लेकर वापस आये। श्रद्धालु कथा सुनकर भाव विभोर हो उठे। यजमान जगदम्बा व प्रेमलता तिवारी ने सभी श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त किया। मिट्ठू लाल, राजू तिवारी, अंश कुमार आदि थे।

एच0सी0जे0 फार्म सं0 23 भाग–7
**हेतु संदर्शित करने का सूचना**
**(साधारण प्रारूप)**
न्यायालय श्रीमान. अपर जनपद एवं सत्र न्यायाधीरा कक्ष सं0–06 महोदय
बलरामपुर...
ता0पेशी – 10/03/2026
फौजदारी निगरानी सं0 वाद संख्या: 85 सन् 2025
प्रति
गोपाल कृष्णा कौशिक शर्मा पुत्र श्री विजय कुमार शर्मा
बनाम
**जितेन्द्र प्रताप सिंह पुत्र स्व0 दलपत सिंह, निवासी मोती सागर वार्ड काली माई थान, तुलसीपुर रोड थाना को0 नगर जनपद बलरामपुर**
चूंकि ऊपर नामांकित..ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया है.....अतएव आपको एतद्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप इस आवेदन के विरूद्ध हेतु संदर्शित करने के लिए दिनांक. 10/03/2026 को 10 बजे पूर्वान्ह स्वयं और सम्यक को अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपस्थित हो और ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एकपक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।
मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित दिनांक..को निकाली गई।
**आज्ञा से**
**न्यायालय**

## ग्राम प्रधान और सचिव बने डिजिटल दक्ष



डिजिटल दक्षता का प्रशिक्षण प्राप्त करते प्रधान व सचिव। • अमृत विचार

**बलरामपुर, अमृत विचार :** ग्राम पंचायतों को तकनीकी रूप से मजबूत बनाने की दिशा में सदर विकास खंड कार्यालय सभागार में प्रधानों व सचिवों के लिए डिजिटल साक्षरता प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण का उद्देश्य जनप्रतिनिधियों को स्मार्टफोन, कंप्यूटर और इंटरनेट के सुरक्षित व प्रभावी उपयोग के प्रति जागरूक करना रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) अशोक कुमार दुबे ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। मास्टर ट्रेनर पूजा कश्यप ने प्रतिभागियों को सुरक्षित पासवर्ड तैयार करने, ऑनलाइन व्यवहार की सावधानियां, साइबर खतरों से बचाव तथा डिजिटल प्लेटफॉर्म की सुरक्षा संबंधी जानकारी दी। साथ ही सरकारी योजनाओं की ऑनलाइन जानकारी, डिजिटल भुगतान, ई–स्वास्थ्य सेवाएं और ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया के बारे में समझाया गया। प्रशिक्षकों ने यह भी बताया कि इंटरनेट पर उपलब्ध किसी भी सूचना की विश्वसनीयता जांचने के बाद ही उसे स्वीकार करें। प्रशिक्षण विशेष रूप से महिलाओं, दिव्यांगजनों और ग्रामीण नागरिकों को डिजिटल रूप से सशक्त बनाने पर केंद्रित रहा। मास्टर ट्रेनर मीरा देवी, विधि चतुर्वेदी व देवेंद्र पांडेय ने ई–सेवा, ऑनलाइन बैंकिंग, साइबर सुरक्षा और सूचना साक्षरता के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में डीपीआरसी सह प्राचार्य हरकीरत सिंह व सहायक विनीत सागर मौजूद रहे। इसी प्रकार गैंसड़ी और तुलसीपुर ब्लॉक सभागार में भी प्रधानों और सचिवों को डिजिटल दक्षता का प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

## पुलवामा शहीदों को दी गयी भावभीनी श्रद्धांजलि




पुलवामा के शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करते शिक्षक व स्कूली बच्चे।

**बलरामपुर, अमृत विचार :** पायनियर पब्लिक स्कूल एण्ड कॉलेज, कालीथान में शनिवार को पुलवामा आतंकी हमले में शहीद हुए वीर जवानों की स्मृति में श्रद्धांजलि दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रबंध निदेशक डॉ. एम.पी. तिवारी, उप प्रधानाचार्या शिखा पाण्डेय, उप प्रधानाचार्य राघवेन्द्र त्रिपाठी एवं कोषाध्यक्षा मीता तिवारी ने शहीदों के चित्र पर पुष्प अर्पित कर की। इसके बाद समस्त शिक्षक–शिक्षिकाओं ने भी श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस अवसर पर डॉ. तिवारी ने विद्यार्थियों को बताया कि 14 फरवरी 2019 को जम्मू–श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर सीआरपीएफ के काफिले पर हुए आत्मघाती हमले में लगभग 40 जवान शहीद हो गए थे। उन्होंने कहा कि देश सदैव उनके बलिदान का ऋणी रहेगा। विद्यालय के बच्चों ने कैंडल जलाकर और पोस्टर लेकर शहीदों को नमन किया। कक्षा–4 के छात्र देव तिवारी ने मार्मिक भाषण प्रस्तुत कर सभी को भावुक कर दिया। कार्यक्रम में विद्यालय परिवार ने वीर जवानों के शौर्य और बलिदान को शत–शत नमन करते हुए राष्ट्र की एकता और सुरक्षा के प्रति संकल्प लिया।

## ज्योति कलश यात्रा का शुभारंभ



ज्योति कलश यात्रा निकालते गायत्री परिवार के सदस्य। • अमृत विचार

**पचपेड़वा, बलरामपुर, अमृत विचार :** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार द्वारा संचालित 'ज्योति कलश यात्रा' के तहत जनपद में चार दिवसीय कार्यक्रम की शुरुआत पचपेड़वा क्षेत्र से हुई। 13 से 16 फरवरी तक चलने वाली इस यात्रा के प्रथम दिवस रथ विभिन्न ग्रामीण अंचलों की परिक्रमा करते हुए सायं गायत्री शक्तिपीठ पचपेड़वा पहुंचा। शांतिकुंज प्रतिनिधि समर बहादुर सिंह एवं मुनस्यारी साधना केंद्र (उत्तराखंड) के प्रभारी सूर्या कुशवाहा ने गुरुदेव के संदेशों का प्रसार किया। सती अनुसुइया, राम वन गमन और सती पार्वती प्रसंगों के साथ भजन–कीर्तन व दीपयज्ञ का आयोजन हुआ। विचार क्रांति अभियान के संदेश के साथ जन–जन तक गायत्री साधना पहुंचाने का आह्वान किया गया। द्वितीय दिवस प्रात: यात्रा पुन: ग्रामीण क्षेत्रों के लिए रवाना हुई। आयोजन में अंगद प्रजापति, बालेश्वर चौरसिया, ठाकुर प्रसाद सहित अनेक गणमान्य नागरिक, युवा शक्ति व महिला मंडल की सक्रिय भागीदारी रही।

## रुक्मिणी विवाह प्रसंग सुन श्रद्धालु भावविभोर

**करनैलगंज, अमृत विचार :** शिव–पार्वती विवाह महोत्सव एवं श्रीमद्भागवत कथा में शुक्रवार की रात्रि रुक्मिणी विवाह का प्रसंग सुनकर श्रद्धालु भावविभोर हो गए। बलमत्थर पूरे टीका मिश्र में आयोजित आयोजन में रुक्मिणी विवाह प्रसंग का वर्णन किया गया। राजदत्त मिश्र के आवास पर चल रही कथा में प्रवाचक डॉ. महीधर शुक्ल ने रुक्मिणी हरण एवं विवाह प्रसंग का सजीव चित्रण प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि माता रुक्मिणी की अटूट श्रद्धा, विश्वास और समर्पण ने भगवान श्रीकृष्ण को उन्हें वरण करने के लिए प्रेरित किया। जब रुक्मणी ने भगवान श्रीकृष्ण को संदेश भेजकर भावनाएं व्यक्त कीं, तब श्रीकृष्ण ने आकर उनका हरण किया और विधि–विधान से विवाह संपन्न हुआ। यह प्रसंग सच्चे प्रेम, धर्म और आस्था की विजय का प्रतीक है। कथा के दौरान उपस्थित श्रद्धालु इस दिव्य प्रसंग को सुनकर भाव–विभोर हो उठे। कार्यक्रम में राजदत्त मिश्रा, प्रयाग दत्त मिश्र, चंद्रमौली मिश्र, सुभाष मिश्र, अवधेश मिश्र, प्रद्युम्न नारायण मिश्र, लालजी मिश्र, श्याम जी मिश्र, अखिलेश मिश्र, मुकेश, आशुतोष, आकाश, चंद्रिका तिवारी, सच्चिदानंद शुक्ला, रामगोपाल मिश्र, दुर्गा मिश्र, बाबा दीन मिश्र आदि थे।

**LALPATI PUBLIC SCHOOL**
Bhikarpur, Sanjaynagar, Sultanpur
REQUIRED TEACHERS
Applications are invited from qualified, experienced, and dedicated candidates for the following posts:
PGT – All Subjects. TGT – All Subjects. PRT – All Subjects. NTT (Nursery Trained Teachers)
Eligibility: As per CBSE/State Government norms
Excellent communication skills in English
Contact: **[6307204798,9454763679]**

**कार्यालय ग्राम पंचायत समसाबाद वि0ख0 अहरौला आजमगढ़**
अल्पकालीन निविदा सूचना
ग्राम पंचायत समसाबाद द्वारा वर्ष 2025–26 में मनरेगा, चतुर्थ वित्त, पंचम वित्त, राज्य वित्त, केंद्रीय वित्त,14वां वित्त, 15 वां वित्त, स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) योजनान्तर्गत ग्राम पंचायत में अंत्येष्टि स्थल/ श्मशान घाट निर्माण एवं अतिरिक्त कक्ष/ सी.एस.सी. कक्ष निर्माण हेतु सामाग्री जैसे सीमेन्ट, इण्टर लाकिंग ईट, प्रथम श्रेणी ईट, एसओबी ईट, मोरंग बालू, सफेद बालू, स्टोन ब्लास्ट, ईट गिट्टी, सरिया, ह्यूम पाईप, हैण्ड पम्प सामाग्री, चूना, पेंट सामग्री, लोहे का एंगल, जाली, जंगला, सी.एफ.एल. बल्ब, सोलर, स्ट्रीट लाईट, डस्टविन, समरसेबल, पानी की टंकी, एसबेस्टस सीट, टाइल्स, लकड़ी की सामाग्री एवं अन्य सामाग्री की आपूर्ति कार्यस्थल पर कराने जाने हेतु दरें आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 15/02/26 से 22/02/26 तक अपराह्न 2 बजे तक उक्त सामाग्री हेतु अपनी दरें वांछित बन्द लिफाफे में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है। निविदा 22/02/2026 को शाम 4 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय पर खोली जाएगी ।नियम व शर्ते ग्राम पंचायत के कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है।
श्री धर्मकांत यादव — ग्राम प्रधान
श्री संजय यादव — सचिव
ग्राम पंचायत समसाबाद विकासखंड – अहरौला, जिला आजमगढ़

# बाबा बागेश्वर नाथ पर आज दिखेगा भक्ति का विराट संगम

## महाशिवरात्रि पर जलाभिषेक के लिए उमड़े भक्त, सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध


बाबा बागेश्वरनाथ का मंदिर। अमृत विचार


सिरसिया में भोलेनाथ को हल्दी-चंदन का लेप लगाते भक्त। अमृत विचार

पयागपुर बहराइच

**अमृत विचार :** महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर आस्था का केंद्र माने जाने वाले पांडव कालीन बाबा बागेश्वर नाथ मंदिर में रविवार को भक्ति का विराट संगम देखने को मिलेगा। भोर से ही शिवभक्तों के पहुंचने का सिलसिला शुरू होने की संभावना है। पर्व को लेकर मंदिर समिति, स्थानीय प्रशासन और पुलिस सतर्क है। पयागपुर-हुजूरपुर मार्ग पर स्थित यह प्राचीन शिवालय अपनी ऐतिहासिक विरासत और धार्मिक मान्यता के कारण दूरदराज के क्षेत्रों तक श्रद्धा का केंद्र बना हुआ है। लखौटी ईंटों से निर्मित मंदिर के गर्भगृह में पंच शिवलिंग स्वरूप विराजमान भगवान शंकर के साथ माता पार्वती, गणेश, कार्तिकेय और नंदी की प्रतिमाएं श्रद्धालुओं को दिव्य अनुभूति कराती हैं। मान्यता है कि यहां सच्चे मन से जलाभिषेक करने पर भक्तों की मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। मंदिर का अष्टभुजाकार चबूतरा, परिसर में स्थित पवित्र सरोवर और प्राचीन वट वृक्ष इस स्थल की आध्यात्मिक गरिमा को और बढ़ाते हैं। यहां लगने वाला मेला क्षेत्रीय आस्था और लोक संस्कृति का जीवंत प्रतीक बन जाता है।

**सुरक्षा व्यवस्था पर विशेष ध्यान:** मंदिर समिति के पंचदेव बाबा के अनुसार पूरे परिसर को सीसीटीवी निगरानी में रखा गया है। भीड़ नियंत्रण, कतारबद्ध दर्शन और आपात व्यवस्था के लिए पुलिस बल व स्वयंसेवकों की तैनाती की गई है।

**स्वच्छता और सुविधाओं की व्यापक तैयारी:** नगर पंचायत प्रशासन ने पर्व को देखते हुए मंदिर परिसर, संपर्क मार्गों और सार्वजनिक स्थलों पर विशेष सफाई अभियान चलाया है। पेयजल, प्रकाश व्यवस्था और मार्ग साफ-सफाई पर भी ध्यान दिया गया है। महाशिवरात्रि के इस पावन पर्व पर बाबा बागेश्वर नाथ धाम एक बार फिर श्रद्धा, विश्वास और लोक आस्था के अद्भुत संगम का साक्षी बनेगा।

### नागेश्वरनाथ में निभाई गई विवाह की हल्दी रस्म

**श्रावस्ती, अमृत विचार :** महाशिवरात्रि पर रविवार को जिले के विभिन्न शिवालयों में शिव का जलाभिषेक होगा। इसके पूर्व शनिवार को सिरसिया के नागेश्वर नाथ मंदिर में शिवलिंग पर हल्दी व चंदन का लेप लगाकर हल्दी रस्म की अदायगी की गई। सोहेलवा वन क्षेत्र स्थित बाबा विभूतिनाथ मंदिर के महंत बाबा शिवनाथ गिरी ने बताया कि मंदिर प्रशासन की ओर से तैयारियां कर ली गई हैं। मेला क्षेत्र में निगरानी के लिए सीसीटीवी कैमरे भी लगाए गए हैं। भगवान शंकर व माता पार्वती का विवाह आज के दिन ही हुआ था। तभी से फाल्गुन माह के कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि को महाशिवरात्रि का पर्व मनाया जाता है। शनिवार को भोलेनाथ को हल्दी व चंदन का लेप लगाकर उन्हें गंगाजल से स्नान कराकर शृंगार किया गया है। महिलाओं ने वैवाहिक गीत गाए। आज रविवार को विभूतिनाथ मंदिर, कटरा के बनीनाथ महादेव मंदिर, इकौना के बेचूबाबा मंदिर, भिनगा के राजर्षि काली मंदिर स्थित शिवालय, बगुरईयां स्थित शिवाला शिवजी महाराज सहित अन्य शिवालयों में भोर से ही शिवभक्त जलाभिषेक करेंगे। हल्दी चंदन नाम से...

### समय पर नहीं पहुंचे शिक्षक बच्चों की पढ़ाई हुई बाधित

**श्रावस्ती, अमृत विचार:** हरिहरपुररानी विकास क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय जानकीनगर में शिक्षकों की लापरवाही उजागर हुई है। शनिवार को सुबह लगभग 10:10 बजे तक विद्यालय में कोई शिक्षक मौजूद नहीं मिला, जबकि बच्चे बिना निगरानी के परिसर में खेलते नजर आए। ग्रामीणों का कहना था कि इस विद्यालय में तीन शिक्षकों की तैनाती है। प्रभारी प्रधानाध्यापक नीतू यादव, शिक्षामित्र राम गोपाल तथा शिक्षामित्र गीता देवी। ग्रामीणों का आरोप है कि निर्धारित समय बीतने के बावजूद विद्यालय में पढ़ाई शुरू नहीं हो सकी। लोगों ने बताया कि शिक्षामित्र राम गोपाल की बीएलओ ड्यूटी लगी होने के कारण वे क्षेत्र में गए हुए थे, जबकि प्रभारी प्रधानाध्यापक नीतू यादव और शिक्षामित्र गीता देवी भी समय पर विद्यालय नहीं पहुंचीं। विद्यालय में शिक्षकों की अनुपस्थिति के चलते पठन-पाठन पूरी तरह ठप रहा। अभिभावकों ने कहा लापरवाही से बच्चों का भविष्य प्रभावित हो रहा है। उन्होंने बीएसए से मामले की जांचकर दोषी शिक्षकों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है।

# क्षयरोग के प्रति किया गया जागरूक


टीबी के लक्षण, जांच और उपचार की जानकारी देते गुलाम गौस। अमृत विचार

**बहराइच, अमृत विचार:** जिले में राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के तहत ब्लॉक बलहा और नानपारा के उप्राथवि लक्ष्मणपुर व मटेही में जागरुकता रैली आयोजित की गई। विभिन्न आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में बैठकों के माध्यम से ग्रामीणों को टीबी के प्रति जागरूक किया गया। बैठक में टीबी चैंपियन गुलाम गौस ने बताया कि कुछ वर्ष पहले उन्हें लगातार खांसी और कमजोरी रहने लगी थी। जांच कराने पर टीबी की पुष्टि हुई। डॉक्टरों ने भरोसा दिलाया कि यह ठीक होने वाली बीमारी है। मुझे सरकारी अस्पताल से निःशुल्क दवा मिली और छह महीने तक नियमित उपचार लिया। आज मैं पूरी तरह स्वस्थ हूं। ब्लॉक मिहीपुरवा के आरोग्य मंदिर उर्रा में टीबी चैंपियन कृती कुशवाहा ने बताया कि टीबी खांसने-छींकने से फैलती है। उन्होंने कहा मरीजों को निक्षय पोषण योजना के तहत प्रतिमाह 1000 रुपये की सहायता दी जाती है। इसी क्रम में ब्लॉक हुजूरपुर के आयुष्मान आरोग्य मंदिर आदिलपुर में टीबी चैंपियन सुरेश पाल सिंह ने ग्रामीणों को बताया कि सरकारी अस्पतालों में बलगम जांच, एक्स-रे और सीबी-नॉट मशीन की सुविधा उपलब्ध है। पुष्टि होने पर मरीज का पंजीकरण कर निःशुल्क दवा दी जाती है। वर्ल्ड हेल्थ पार्टनर्स से विकास चंद्र सिंह ने बताया कि जनपद में 419 टीबी चैंपियनों को प्रशिक्षित किया जा चुका है। जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. एमएल वर्मा ने बताया वर्तमान में जिले में लगभग 6100 टीबी मरीजों का उपचार चल रहा है। सभी मरीजों को जांच, दवा, निक्षय पोषण योजना का लाभ और परामर्श उपलब्ध कराया जा रहा है।

# डीएम ने की मतदाता सत्यापन कार्य की समीक्षा

संवाददाता, बहराइच


कलेक्ट्रेट सभागार में समीक्षा बैठक करते जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी। अमृत विचार

**अमृत विचार:** विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण-2026 के अन्तर्गत भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार नो मैपिंग एवं तार्किक विसंगतियों की श्रेणी के मतदाताओं को जारी की जा रही नोटिसों, मतदाताओं की सुनवाई एवं आवश्यक दस्तावेजों के सत्यापन के लिए निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, अतिरिक्त सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी तथा बूथ लेबिल अधिकारियों के स्तर पर की जा रही कार्यवाही की समीक्षा हेतु कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी अक्षय त्रिपाठी की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न हुई। जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया कि नो मैपिंग के सम्बन्ध जारी की गई नोटिस की सुनवाई तथा तार्किक विसंगतियों से सम्बन्धित मतदाताओं के सत्यापन का कार्य माह फरवरी 2026 में ही पूर्ण कर लिया जाय। डीएम ने बताया कि अतिरिक्त सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों के सहयोग हेतु एक-एक अतिरिक्त अधिकारी की ड्यूटी लगा दी गई है। डीएम ने समस्त निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को निर्देश दिया कि विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र अन्तर्गत समस्त सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी व अतिरिक्त सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों से समन्वय रखते हुए भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार त्रुटि रहित तरीके से प्रगाढ़ पुनरीक्षण अन्तर्गत नोटिस की सुनवाई व तार्किक विसंगतियों के सत्यापन का कार्य समयबद्धता के साथ पूर्ण करायें। डीएम ने समस्त निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को यह भी निर्देश दिया कि नोटिसों की सुनवाई एवं तार्किक विसंगतियों की श्रेणी वाले मतदाताओं के सत्यापन दौरान यदि किसी स्तर पर कोई समस्या आती है तो उसका समय से समाधान भी कराया जाय। डीएम ने सम्बन्धित अधिकारियों को यह भी निर्देश दिया कि सुनवाई स्थल ऐसी व्यवस्थाएं की जायें कि आने वाले मतदाताओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी अमित कुमार, विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों के निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी समेत कई लोग मौजूद रहे।


महिलाओं को जागरूक करती पुलिस। अमृत विचार

### पुलिस ने महिलाओं को किया जागरूक

**जमुनहा, श्रावस्ती:** मिशन शक्ति अभियान के तहत महिला सुरक्षा, सम्मान एवं साइबर सतर्कता के लिए पुलिस जागरूकता अभियान चला रही है। इसी के क्रम में शनिवार को एसपी राहुल भाटी के निर्देशन में पुलिस ने महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान, स्वावलंबन तथा साइबर सुरक्षा को सुदृढ़ एवं प्रभावी बनाने के लिए उन्हें जागरूक किया। मिशन शक्ति व शक्ति मोबाइल टीम ने मल्हीपुर थाना क्षेत्र के विद्यालयों, गांवों तथा सार्वजनिक स्थलों पर पहुंचकर महिलाओं एवं बालिकाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा उपायों एवं उपलब्ध सहायता सेवाओं के प्रति जागरूक किया। इस दौरान उन्हें निडर होकर अपनी समस्या साझा करने एवं सहायता प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया गया। सोशल मीडिया फ्रॉड, ऑनलाइन ठगी, फर्जी कॉल, संदिग्ध लिंक एवं डिजिटल अरेस्ट जैसी साइबर धोखाधड़ी से बचाव के उपायों की जानकारी दी गई। उन्हें ओटीपी साझा न करने, मजबूत एवं सुरक्षित पासवर्ड के प्रयोग करने तथा साइबर अपराध की स्थिति में साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर शिकायत दर्ज कराने के लिए कहा गया।

# विधायक ने किया सड़क का शिलान्यास


भूमि पूजन करते पयागपुर विधायक सुभाष त्रिपाठी। अमृत विचार

**पयागपुर, बहराइच:** क्षेत्रीय विधायक सुभाष त्रिपाठी ने भूपगंज बाजार की महत्वपूर्ण सड़क का विधि-विधान से भूमि पूजन कर शिलान्यास किया।

भूपगंज बाजार की यह सड़क पिछले कई सालों से बदहाल थी। रेलवे स्टेशन से लेकर मुख्य डाकघर, ब्लॉक मुख्यालय, पशु चिकित्सालय, किसान कल्याण केंद्र, पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस, सरकारी विद्यालय और बाल विकास परियोजना कार्यालय जैसे अति-महत्वपूर्ण संस्थान इसी मार्ग पर स्थित हैं। विधायक के व्यक्तिगत हस्तक्षेप और शासन स्तर पर की गई सतत पैरवी के बाद इस मार्ग के पुनरुद्धार की अनुमति मिली है इस मार्ग के शिलान्यास के अवसर पर त्रिदेव मंदिर समिति के सदस्य श्याम सुंदर अग्रवाल व अवनीश अग्रवाल की अगुवाई में इनके सदस्यों से विधायक का श्याम मंदिर की स्मारिका एवं फूल मालाओं से स्वागत किया। शिलान्यास के दौरान विधानसभा संयोजक निशंक त्रिपाठी ने कहा यह सड़क केवल ईंट-पत्थर का निर्माण नहीं बल्कि इस क्षेत्र के सम्मान की बहाली है।

विधायक ने कहा क्षेत्र का विकास ही उनकी राजनीति का एकमात्र ध्येय है। इस अवसर पर प्रमुख प्रतिनिधि समय प्रसाद मिश्र, कपीस सिंह, मंडल अध्यक्ष प्रमोद पांडेय, जिला उपाध्यक्ष उमा शंकर तिवारी, प्रखर सिंह, पवन शर्मा 'कमांडो', बबलू रावत, प्रदीप तिवारी, अजीत शुक्ल, ओम प्रकाश मिश्र, चंदन त्रिपाठी, छोटू माहेश्वरी, सुधीर अग्रवाल, बिट्टन सिंह, हरेंद्र सिंह, राकेश केडिया, श्याम बिहारी अग्रवाल, शिम्पू अग्रवाल सहित भाजपा के सैकड़ों कार्यकर्ता और नगर के प्रतिष्ठित व्यापारी उपस्थित रहे।

### प्रशिक्षण में शिक्षकों ने सीखीं रोचक गतिविधियां

**इकौना, श्रावस्ती :** विद्या वाहिनी पहल कार्यक्रम के तहत जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान इकौना में दो दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन हुआ। जिसका समापन शनिवार को किया गया। प्रशिक्षण में शिक्षकों को रोचक गतिविधियों से शिक्षण के लिए प्रशिक्षित किया गया। प्रशिक्षण का आयोजन शुक्रवार व शनिवार दो दिन हुआ। जिसमें जिले के 18 शिक्षकों ने प्रतिभाग किया। इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य कक्षा-कक्ष में शिक्षण को और प्रभावी बनाना, शिक्षकों को हैंड्स-ऑन साइंस गतिविधियों के माध्यम से सक्षम करना तथा नवाचारी व बाल केंद्रित शिक्षण पद्धतियों को बढ़ावा देना था। अंतिम दिवस प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरुआत डायट प्रवक्ता ओम प्रकाश यादव व गिरीश प्रसाद मिश्र ने सरस्वती पूजन और दीप प्रज्वलन कर किया। प्रशिक्षण के दौरान शिक्षकों ने दाब और हवा तथा लो-कॉस्ट मॉडल निर्माण जैसे विषयों पर रोचक गतिविधियां सीखीं। साथ ही अगस्त्या इंटरनेशनल फाउंडेशन के मिशन व आह, अहा और हा-हा की शिक्षण दर्शनशैली से भी शिक्षकों को परिचित कराया गया। जिसके माध्यम से शिक्षकों को रचनात्मक, जिज्ञासापूर्ण और आनंददायक शिक्षण पद्धति अपनाने के लिए प्रेरित किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम ने यह सिद्ध किया कि शिक्षक ही जिज्ञासा और रचनात्मकता की चिंगारी प्रज्वलित करने वाले वास्तविक इग्नेटर हैं।

### थाना समाधान दिवस में निपटे पांच मामले


कटरा में फरियाद सुनने पहुंचे एसडीएम व सीओ इकौना। अमृत विचार

**श्रावस्ती, अमृत विचार :** जिले के थानों में शनिवार को थाना समाधान दिवस का आयोजन हुआ। इस दौरान जिलेभर के थानों में कुल 24 मामले आए। इनमें से पांच मामलों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। जिले सभी थानों पर आयोजित थाना समाधान दिवस पर राजस्व व पुलिस के अधिकारियों ने थाने पर उपस्थित फरियादियों की शिकायतों को सुना। नवीन मॉडर्न थाना कटरा में एसडीएम इकौना पीयूष जायसवाल व सीओ भरत पासवान थाना समाधान दिवस पर मौजूद रहे, लेकिन यहां कोई फरियादी समस्या लेकर नहीं पहुंचा। थाना समाधान दिवस पर हरदत्त नगर गिरंट में राजस्व से संबंधित एक मामला आया। इकौना में राजस्व से संबंधित तीन, मल्हीपुर में राजस्व से संबंधित दो, सिरसिया में राजस्व से संबंधित तीन, भिनगा में राजस्व से संबंधित पांच व एक पुलिस संबंधित, सोनवा में राजस्व से संबंधित चार तथा गिलौला में राजस्व से, चार व पुलिस से संबंधित एक मामला आया। इनमें से मात्र पांच मामले ही मौके पर निस्तारित हुए। शेष प्रकरणों केलिए संयुक्त टीम बनाकर निस्तारण कराया जा रहा है।

# साइबर फ्रॉड करने वाले 3 जालसाजों को जेल

संवाददाता श्रावस्ती


भिनगा कोतवाली पुलिस की गिरफ्त में आरोपी। अमृत विचार

**अमृत विचार:** भिनगा की साइबर टीम ने शनिवार मनरेगा में साइबर फ्राड करने वाले तीन वांछितों को गिरफ्तार किया। उनके विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई कर रिमांड मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश किया गया। जहां से उन्हें जेल भेजा गया है। एसपी राहुल भाटी ने बताया कि भिनगा कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सेहनियां निवासी ओमकार पुत्र कमलेश ने गुरुवार को प्रार्थना पत्र देकर तीन लोगों पर मनरेगा के नाम पर धोखाधड़ी के लिए खाता खुलवाकर उसकी पास बुक एवं एटीएम कार्ड अपने पास रखने व मनरेगा पर काम करने के बाद खाते मे पैसा न आने तथा पैसा मांगने पर गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया था। इस पर कोतवाली पुलिस ने सुजानडीह निवासी गोलू उर्फ तेज प्रकाश पुत्र पंकज, मनिकाचौक निवासी रामजस पुत्र सतगुरु प्रसाद व टपरा निवासी ननके उर्फ रमेश शर्मा पुत्र बच्चाराम के विरुद्ध संबंधित धाराओं में केस दर्ज किया था। शनिवार को पुलिस टीम ने भिनगा रेंजरी के पास से तीनों को गिरफ्तार किया। तीनों आरोपियों के पास से पास से तीन पासबुक, एक एटीएम व 1500 रूपये नगदी बरामद हुई। उनके विरुद्ध नियमानुसार विधिक कार्रवाई कर जेल भेजा गया है। गिरफ्तार करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक राज प्रकाश सिंह, एसआई मनोज कुमार यादव, आरक्षी प्रमोद कुमार व अनिल भार्गव शामिल रहे।

### फसलों पर कहर बरपा रहे वनरोज, किसान परेशान

**कानीबोझी/वीरगंज/सिरसिया, श्रावस्ती:** खाद व बीज सहित मौसम की मार झेल चुके गेहूं किसान अब छुट्टा मवेशी व वनरोज से परेशान है। खेतों में लगी गेहूं आदि फसलों को बचाने के लिए उन्हें दिनरात पहरेदारी करनी पड़ रही है। समस्या पर ध्यान न देने से किसानों में नाराजगी देखी जा रही है। गेहूं की बुआई के मौसम में किसानों को कई कई दिन डीएपी व यूरिया के लिए लाइन में लगना पड़ा। राजकीय बीज भंडारों पर समय से बीज न मिलने पर उन्हें बाजार से महंगे दामों में गेहूं बीज खरीदना पड़ा। हैंवती (शरद ऋतु की बरसात) न होने के कारण किसानों को बेहतर पैदावार के लिए अब तक दो बार गेहूं के फसल की सिंचाई करनी पड़ी। ऐसे में फसल की लागत बढ़ गई है। अब जब फसल खेत में खड़ी है तो मल्हीपुर, वीरगंज, कानीबोझी, माल्ही चौराहा, सिरसिया, हरदत्तनगर गिरन्ट, बदला, सिरसिया, लक्ष्मणपुर क्षेत्र सहित अन्य क्षेत्र के गांवों में छुट्टा मवेशी व वनरोज फसलों को चट कर रहे है। फसल को बचाने के लिए किसान दिनरात खेत की रखवाली करने को विवश है।

### महिला पर युवक ने धारदार हथियार से किया हमला

**बहराइच, अमृत विचार:** जिले के मोतीपुर थाना क्षेत्र में खेत में मवेशी जाने को लेकर दस दिन पूर्व बुजुर्ग महिला का पड़ोस में रहने वाले महाजन नाम के युवक से विवाद हो गया था । इसी रंजिश के चलते युवक ने महिला पर धारदार हथियार से हमला कर दिया । चीख सुनकर दौड़े परिजनो ने महिला की जान बचाई । दयाल महिला को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। शाहपुर खुर्द ग्राम की रहने वाली मंजू नाम की महिला ने बताया कि दस दिन पूर्व ग्राम के रहने वाले महाजन नाम के व्यक्ति के खेत में उनकी बकरी चली गई थी जिसको लेकर उस समय विवाद हुआ था लेकिन लोगों ने मामला शांत कर दिया था। शनिवार को जब वो अपनी मां भुना देवी उम्र 65 वर्ष के साथ जा रही थी। तभी ग्रामीण ने उनकी मां के सिर पर हंसिए से वार कर दिया। जिसके चलते वो गंभीर रूप से घायल हो गई। महिला को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### तेरहवीं कार्यक्रम में उमड़े जनप्रतिनिधि


शांति भोज में अपने शुभ चिंतकों के साथ पूर्व मंत्री मुकुटबिहारी वर्मा। अमृत विचार

**जरवल रोड, बहराइच :** ग्राम बम्भौरा निवासी स्व . राम तूफानी गुप्ता जिनके नाम से जरवल रोड का प्रसिद्ध तूफानी चौराहा विख्यात तथा सरकारी सभी अभिलेखों में तूफानी चौराहा एड्रेस में दर्ज है के निधन उपरांत आयोजित तेरहवीं कार्यक्रम के शांत भोज में क्षेत्र के गणमान्य जनप्रतिनिधियों व समाजसेवियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम में पूर्व सहकारिता मंत्री मुकुट बिहारी वर्मा ने पहुंचकर दिवंगत आत्मा के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी तथा ईश्वर से उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। इस अवसर पर श्री वर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि "स्वर्गीय राम तूफानी गुप्ता जी केवल एक व्यक्ति नहीं, बल्कि क्षेत्र की पहचान थे। उनके नाम से विख्यात 'तूफानी चौराहा' इस बात का प्रमाण है कि उन्होंने समाज में अपनी अलग छाप छोड़ी। उनका सरल स्वभाव, मिलनसार व्यक्तित्व और सामाजिक सरोकार सदैव स्मरण किए जाएंगे। उनका निधन क्षेत्र की अपूरणीय क्षति है।" उन्होंने शोक संतप्त परिवारजनों– पप्पू गुप्ता राकेश कुमार गुप्ता, राजू गुप्ता, अमरेश कुमार गुप्ता, अभिषेक गुप्ता एवं अभिजीत गुप्ता–को ढांढस बंधाते हुए इस कठिन घड़ी में धैर्य बनाए रखने का संदेश दिया। इस अवसर पर ओम प्रकाश अवस्थी, मुकेश जायसवाल, ऋषि राजपूत तथा राम नेवाज वर्मा सहित अनेक क्षेत्रीय गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सभी ने दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की।

# ब्लॉक स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स का तीन दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित

**पयागपुर, बहराइच:** बेसिक शिक्षा विभाग ने आउट ऑफ स्कूल बच्चों को शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ने की कवायद शुरू कर दी गई है। कार्यक्रम के प्रथम चरण में तीन दिवसीय प्रशिक्षण के माध्यम से ब्लॉक स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स को राजकीय इंटर कॉलेज में प्रशिक्षित किया गया।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आशीष कुमार सिंह के निर्देशन में आयोजित इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में संदर्भदाता राजेश कुमार मिश्र ने प्रतिभागियों को आउट ऑफ स्कूल बच्चों के चिन्हांकन तथा उनके शिक्षण की रणनीतियों से अवगत कराया।प्रशिक्षण के प्रथम दिवस मे तीन दिवसीय प्रशिक्षण की रूपरेखा तथा निशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम 2009 के मुख्य प्राविधानों की जानकारी दी। प्रशिक्षण के द्वितीय दिवस मास्टर ट्रेनर राजेश कुमार मिश्र ने आउट ऑफ स्कूल बच्चों के लिए भाषा, गणित तथा पर्यावरण अध्ययन के पाठ्यक्रम तथा शिक्षण विधाओं की जानकारी दी। प्रशिक्षण सत्र को संबोधित करते हुए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आशीष कुमार सिंह ने कहा कि मुझे आशा ही नहीं बल्कि पूर्ण विश्वास है कि सभी प्रतिभागी प्रशिक्षण में प्राप्त जानकारियों का सम्यक प्रयोग करते हुए आउट ऑफ स्कूल बच्चों को शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ने में अपना महत्वपूर्ण योगदान देंगे।

# 4 लाख बच्चे होंगे संक्रामक रोगों से मुक्त


अधिकारियों साथ बैठक करते सीएमओ डॉ. संजय शर्मा। अमृत विचार

**बहराइच, अमृत विचार:** जनपद में खसरा-रूबेला (एमआर) टीकाकरण अभियान 16 फरवरी से 27 फरवरी 2026 तक संचालित किया जाएगा। अभियान के तहत कक्षा 1 से 5 (5 से 10 वर्ष आयु वर्ग) के लगभग चार लाख से अधिक बच्चों को टीका लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

सीएमओ डॉ. संजय कुमार ने बताया कि जिले के 2893 विद्यालयों में कुल 2720 टीकाकरण सत्र आयोजित किए जाएंगे। इनमें 2146 सत्र सरकारी विद्यालयों, 384 सत्र निजी विद्यालयों तथा 190 सत्र मदरसा व अन्य शिक्षण संस्थानों में प्रस्तावित हैं। उन्होंने बताया कि वर्ष 2025 में जनपद में मीजल्स (खसरा) तथा रूबेला के 23 मामले सामने आए थे, जबकि वर्ष 2026 में अब तक मीजल्स और रूबेला के चार मामले चिन्हित किए गए हैं।

संक्रमण की कड़ी तोड़ने के लिए व्यापक टीकाकरण बेहद आवश्यक है। सीएमओ ने बताया कि बच्चों को 12 जानलेवा बीमारियों से बचाने के लिए नियमित टीकाकरण कार्यक्रम संचालित होता है, जिसमें खसरा और रूबेला भी शामिल हैं। दो वर्ष से कम आयु वर्ग में एमआर-1 का कवरेज 84 प्रतिशत तथा एमआर-2 का कवरेज 83 प्रतिशत है। अब स्कूल आधारित विशेष अभियान के माध्यम से बड़े आयु वर्ग के बच्चों को भी कवर किया जा रहा है। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. एसके सिंह ने बताया कि खसरा और रूबेला अत्यंत संक्रामक वायरल रोग हैं, जो खांसने-छींकने, गले व नाक के स्राव तथा संक्रमित व्यक्ति के निकट संपर्क से तेजी से फैलते हैं। खसरा में तेज बुखार, खांसी, आंखों में लाली और शरीर पर दाने निकलना प्रमुख लक्षण हैं, जबकि रूबेला गर्भवती महिलाओं के लिए बेहद गंभीर हो सकता है।

एमआर का टीका एक ही बार में दोनों बीमारियों से प्रभावी सुरक्षा प्रदान करता है। डब्ल्यूएचओ एसएमओ डॉ. विपिन लिखोरे ने बताया कि अभियान के दौरान सर्विलांस व्यवस्था भी मजबूत रखी जाएगी। उन्होंने बताया कि केवल बुखार के साथ दाने वाले मामलों को एमआर संदिग्ध केस माना जाता है।



'तुलसी' काया खेत है, मनसा भयौ किसान।
पाप-पुन्य दोउ बीज हैं, बुवै सो लुनै निदान॥

गोस्वामी तुलसी दास कहते हैं कि शरीर खेत के समान है और मन मानो किसान है, जिसमें यह किसान पाप और पुण्य रूपी दो प्रकार के बीजों को बोता है। जैसे बीज बोएगा वैसे ही इसे अंत में फल काटने को मिलेंगे।

# शिव सभी कालों में हैं और काल के परे भी

> ऋग्वेद वाले रूद्र शिव 'सुगंधिं पुष्टिवर्द्धनं' हैं। देवों को पुष्पार्चन किया जाता है, लेकिन शिव को बेलपत्र और धतूरे का फल। शिव मस्त-मस्त बिंदास देवता हैं। परम योगी। चरमोत्कर्ष वाले नृत्यकर्ता। श्रीकृष्ण के पास बांसुरी तो शिव के पास डमरू। बांसुरी की धुन पर तीनों लोक मोहित हुए थे, तो डमरू की धुन पर तीनों लोक अस्तित्व में रहते हैं। शिव जब चाहते हैं, रूद्र हो जाते हैं। प्रलयंकार हो जाते हैं, लेकिन यही रूद्र शिव हैं। ऋग्वेद में 'जो रूद्र है, वही शिव भी है।' त्रिशूल उनका हथियार।

हम भारत के लोग देवों को भी धरती पर बुलाते रहते हैं। ईश्वर भी धर्म संस्थापना के लिए अवतार लेते हैं। भारत देवभूमि है। भारतवासी बहुदेव उपासक हैं। जहां-जहां आभा, प्रभा, सुभा और दिव्यता वहां-वहां देवता। शिव देव नहीं महादेव हैं। वे भारत के मन में रमते हैं। एक अकेले ही। एको रूद्र द्वितीयोनास्ति। भारत के कुछेक विद्वान रूद्र शिव को आयातित देवता मानते हैं। शिव उपासना पश्चिम एशिया व मध्य एशिया तक विस्तृत थी भी। वे इसी क्षेत्र को शिव उपासना का मूल केंद्र बताने की गल्ती करते हैं। मार्क्सवादी चिंतक डॉ. रामविलास शर्मा ने भारतीय संस्कृति और हिंदी प्रदेश (पृष्ठ 679) में लिखा है, 'वास्तव में शैवमत, वैष्णवमत, बौद्धमत इन सबके स्रोत भारत में थे। यहां से इन मतों का प्रसार मध्य एशिया और पश्चिमी एशिया में हुआ।'

शिव गूढ़ रहस्य हैं। युधिष्ठिर ने शर शैय्या पर लेटे भीष्म से तमाम प्रश्न पूछे थे। वे भीष्म से शिव गुण भी सुनना चाहते थे। भीष्म ने कहा, 'शिवगुणों का वर्णन करने में मैं असमर्थ हूं। वे सर्वत्र व्यापक हैं। ब्रह्मा, विष्णु और इंद्र के सृष्टा हैं। वे प्रकृति से परे और पुरुष से विलक्षण हैं। श्रीकृष्ण के अलावा उनका तत्व दूसरा कोई नहीं जानता। फिर अर्जुन से कहा, 'रूद्र भक्ति के कारण ही श्रीकृष्ण ने जगत् को व्याप्त किया है।' संप्रति महाशिवरात्रि उत्सवों में भारत सहित एशिया के बड़े भूभाग में बम भोले की बम-बम है।

शिव भोले शंकर हैं, औघड़दानी हैं। गण समूहों के मित्र हैं। गणों के साथ स्वयं भी नृत्य करते हैं। गण देवता गणेश स्वाभाविक ही उनके पुत्र हैं। सत्य आराध्य है, लेकिन शिव सत्य आनंददाता हैं। सत्य और शिव का एकात्म सुंदर होता है। शिव अखिल ब्रह्म की ऊर्जा हैं। इस ऊर्जा प्राप्ति के प्रयास जरूरी हैं। पार्वती को भी शिव प्राप्ति के लिए महातप करना पड़ा था। कालिदास के 'कुमार संभव' में तपरत पार्वती को एक ब्रह्मचारी ने बहुत भड़काया 'पार्वती! आप भी किस प्रेम में फंस गईं। आपका सुंदर हाथ सांप लिपटे शंकर को कैसे छुएगा। कहां हंस छपी चूनर ओढ़े आप? और कहां खाल ओढ़े शंकर?' शिव शंकर के रूप-कुरूप पर उसने बहुत कुछ कहा। पार्वती ने कहा, "संसार के सारे रूप शिव के ही हैं- विश्वकूर्तेखाधार्यते वपु।"

शिव ही सभी रूपों में प्रकट होकर रूप-रूप प्रतिरूप हैं। कालिदास के कथानक में जब-तब शिव ने अपना रूप प्रकट कर दिया। शिव बोले, "अब मैं तुम्हारा दास हूं, पार्वती-तवस्मि दासः।" मन करता है कि प्रश्न पूछूं शिव से- महादेव! इतना कठोर तप क्यों कराते हैं? लेकिन अपना प्रश्न वापस भी लेता हूं। शिव तप का पुरस्कार भी तो देते हैं। तप प्रभाव में वे स्वयं भक्त के भी भक्त बन जाते हैं।



**हृदय नारायण दीक्षित**
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उत्तर प्रदेश

सुनता आया हूं कि शिव सोम प्रेमी हैं। सोम प्रकृति की सृजन शक्ति है। सृजन की यही शक्ति शिव ललाट की दीप्ति है। शिव के माथे पर सोम चंद्र हैं। वैदिक ऋषियों के दुलारे सोम वनस्पतियों के राजा हैं। सोम प्रसन्न होते हैं, वनस्पतियां-औषधियां उगती हैं। खिलती हैं। खिलखिलाती हैं। भारतीय सप्ताह में एक दिन सोम का। पहला दिन रविवार रवि का तो दूसरा दिन सोमवार सोम का। सोमवार को शिव आराधन का मुहूर्त जाना गया है। ठीक भी है। हमारे समाज में भी प्रतिष्ठित लोग सप्ताह में एक दिन खुलकर मिलते हैं, बाकी दिन व्यस्त रहते हैं। शिवभक्तों को सोमवार और शिवरात्रि प्रीतिकर है। शिव भी सोमवार का दिन भक्तों के लिए ही खाली रखते होंगे। नहीं जानता सच। काशी बहुत जाता हूं, लेकिन मंदिर दर्शन बहुत पहले एक बार ही हुआ। मैंने समूची काशी में शिव चैतन्य पाया है। मैं कर्मकांडी हूं नहीं। योग, तप से परिचित नहीं, लेकिन भारत के मन के साथ मन मिलाते हुए देवों के देव महादेव को नमस्कार करता हूं।

शिव सभी कालों में हैं। काल के परे भी हैं, लेकिन भारत के मन में वे पार्वती के साथ हैं। कालिदास ने शिव बरात का मनोरम शब्द चित्र खींचा है। बताया है कि शिव बरात नगर पहुंची। स्त्रियां अपना कामधाम छोड़कर छतों की ओर भागीं। एक की जूड़े की माला टूट गई। एक ने दांई आंख में ही काजल लगाया था, वह बांई आंख का काजल लगाना छोड़ भाग चली। पार्वती शिव जगत् के माता-पिता हैं। विवाह के बाद सभी देवों ने शुभकामनाएं दीं।

कालिदास जैसे प्रत्यक्षदशा बराती थे- शिव बारात के। उनकी अनुभूति में भारत का मन-दर्पण प्रकट हुआ है। सूरदास भी श्रीकृष्ण की बरात में गाना चाहते थे- सूरदास होई कुटिल बराती गीत सुमंगल गइहौं। अजब अंतर्विरोध, सुमंगल गीत, लेकिन कुटिल बराती। हम शिव भक्त कांवड़ियों को दूर से ही देखते आए हैं। हम भी शिवार्चन उत्सवों में कुटिल आस्तिक की तरह दूर से सम्मिलित होते रहे हैं। मन को वात्सल्य रस देने वाली सई नदी हमारे गांव के पास ही शिव सीढ़ी का जलाभिषेक करती है। यहां भवरेश्वर शिव मंदिर में शिवरात्रि और सावन के सोमवारों में लाखों श्रद्धालु जुटते हैं। लोकमन हर-हर महादेव हो जाता है।

भारतीय साहित्य शिव-पार्वती के संवाद से भरा-पूरा है। पार्वती प्रश्नाकुल हैं और शिव समाधानकर्त्ता। तुलसीदास के रामचरित मानस में पार्वती ने सीधे राम के अस्तित्व पर ही प्रश्न पूछा। शिव ने ब्रह्म तत्व समझाया, लेकिन पार्वती ने स्वयं परीक्षा ली। यह भी उचित था। अनुभव करना सुनने से ज्यादा श्रेष्ठ है, लेकिन शिव सब जानते थे। वे प्रतिपल यत्र-तत्र-सर्वत्र उपस्थित हैं। उनके कंठ में विष है। वे नीलकंठ हैं। गले में सांप भी है, लेकिन चंद्रमा शिव का प्रिय आभूषण है। सोम और चंद्र पर्यायवाची हैं। शिव ने सनत कुमारों को बताया कि उनके तीन नेत्र हैं। सूर्य दांया नेत्र है और बांया चंद्रमा। अग्नि मध्य नेत्र हैं।

सूर्य की अपनी प्रिय राशि सिंह है। चंद्र की कर्क है। सूर्य इस यात्रा में कर्क से सिंह क्षेत्र में पहुंचते हैं। तब शिवार्चन की शुभ मुहुर्त बनती है। ऐसी संक्रांति सावन मास में पड़ती है। सो शिव को सावन प्रिय है। श्रीकृष्ण को बसंत ऋतु प्रिय है और मार्गशीर्ष-अगहन का मास, लेकिन शिव की बात निराली है। ऋतुराज बसंत में पृथ्वी और वायु का चरम आनंद है। बसंत हहराता है तब क्षिति, जल, पावक और गगन समीर भी मधुरसा हो जाते हैं। शिवरात्रि आती है। वायु सुकुमार लज्जाशील नायिका की तरह बहती है।

मनुष्य सुगंध प्रिय है। ऋग्वेद वाले रूद्र शिव 'सुगंधिं पुष्टिवर्द्धनं' हैं। देवों को पुष्पार्चन किया जाता है, लेकिन शिव को बेलपत्र और धतूरे का फल। शिव मस्त मस्त बिंदास देवता हैं। परम योगी। चरमोत्कर्ष वाले नृत्यकत्ता। श्रीकृष्ण के पास बांसुरी तो शिव के पास डमरू। बांसुरी की धुन पर तीनों लोक मोहित हुए थे, तो डमरू की धुन पर तीनों लोक अस्तित्व में रहते हैं। शिव जब चाहते हैं, रूद्र हो जाते हैं। प्रलयंकार हो जाते हैं, लेकिन यही रूद्र शिव हैं। ऋग्वेद में 'जो रूद्र है, वही शिव भी है।' त्रिशूल उनका हथियार।

सोंचता हूं कि ये तीन शूल क्या हैं? ये दैविक, दैहिक और भौतिक कष्ट तो नहीं हैं? या भौतिक, आधिभौतिक और आध्यात्मिक वेदनाएं हैं। शिव दुख हारी हैं- त्रिशूल धारक जो हैं, लेकिन सोंचने से मन नहीं भरता। मन यहां, वहां, जहां, तहां भागता ही है। राजनीति में हूं सो मंच, माला, माइक का त्रिशूल भीतर बहुत गहरे तक धंसा हुआ है। कह सकता हूं कि मैं भी त्रिशूलधारी हूं। सोम सामने है, भीतर ओम है। सोम ओम की यारी पुरानी है, लेकिन सोम से वंचित हूं। ओम् की अनुभूति नहीं। ऋग्वेद के ऋषि वशिष्ठ ने आर्तभाव से पुकारा था- त्र्यम्बक रूद्र को- हमें पकी ककड़ी की तरह मृत्यु बंधन से मुक्त करो।'

# बांग्लादेश में कट्टरपंथियों की हार से सुधरेगा रिश्ता

बांग्लादेश के आम चुनाव में बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) के नेतृत्व वाले गठबंधन ने प्रचंड जीत दर्ज कर ली है। बांग्लादेश की जनता से कट्टरपंथी जमात-ए-इस्लामी और नेशनल सिटीजन पार्टी को करारी हार मिली है। बांग्लादेश की सत्ता बीएनपी के हाथों में जाना भारत के लिए राहत की बात है, क्योंकि पार्टी मुखिया तारिक रहमान ने चुनावी सभाओं में भारत से रिश्ते सुधारने के न सिर्फ संकेत दिए बल्कि उनके बयानों में भी भारत के लिए कभी कड़वापन नहीं दिखा। तारिक रहमान की मां एवं पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया ने भारत से रिश्ते सुधारने की कभी पहल नहीं की, लेकिन जब वह बीमार हुईं तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इलाज में सहयोग की पहल की और निधन पर विदेश मंत्री को भी वहां भेजा। यह रिश्तों में जमीं बर्फ को पिघलाने वाली पहल मानी गई। बीएनपी की जीत पर प्रधानमंत्री मोदी द्वारा फोन कर तारिक रहमान को बधाई देना और भविष्य में पूर्व की भांति ही सहयोग देने के आश्वासन को बड़ी कूटनीतिक पहल माना जा रहा है।



**अमित नारायण**
राजनीतिक विश्लेषक

बांग्लादेश की जनता ने बीएनपी को बहुमत देकर बता दिया है कि वह कट्टरपंथ को पसंद नहीं करती। बीएनपी का पाकिस्तान और चीन के प्रति लचीला रुख रहा है, लेकिन भारत के विरुद्ध बहुत कटुता वाला भी नहीं रहा है। ऐसे में यह माना जा रहा है कि भारत से पुरानी कड़वाहट को भूलकर तारिक रहमान दोस्ती का हाथ बढ़ाएंगे। वह ऐसी गलती नहीं करेंगे, जो मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस ने की।

> बांग्लादेश की जनता ने कट्टरपंथी जमात-ए-इस्लामी और नेशनल सिटीजन पार्टी को नकार दिया है। बांग्लादेश की सत्ता बीएनपी के हाथों में जाना भारत के लिए बड़ी राहत की बात है। बीएनपी मुखिया तारिक रहमान ने भी भारत से रिश्ते सुधारने के संकेत दिए हैं।

प्रधानमंत्री शेख हसीना को सत्ता से हटाने के लिए आंदोलन करने वाले छात्रों ने भारत विरोध का रुख अख्तियार कर रखा था। उन्हें जमात-ए-इस्लामी का पूर्ण समर्थन भी था। हिंदुओं पर हुए अत्याचार में इसी कट्टरपंथी गैंग का हाथ है। उनकी कट्टरता और भारत व हिंदू विरोधी सोच के कारण ही वहां हिंसा भड़की और एक दर्जन से अधिक हिंदुओं की हत्या हुई। जमात-ए-इस्लामी सदैव वहां इस्लामिक शासन की मांग करती रही है। पाकिस्तान के आतंकी समूहों को भी उसका समर्थन रहा है। ऐसे में अगर जमात और छात्र नेताओं के नेतृत्व वाली पार्टी सत्ता में आती है, तो भारत की मुश्किलें कम होने के बजाय बढ़ जातीं। फिर तो वहां न सिर्फ पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई के पांव पूरी तरह से जम जाते, बल्कि आतंकी समूहों का बोलबाला भी होता।

प्रधानमंत्री मोदी की पहल के बाद अब यह माना जा रहा है कि तारिक रहमान के शपथ ग्रहण समारोह में केंद्र सरकार का कोई मंत्री जरूर हिस्सा लेगा। इसी माह होने वाली एआई समिट में शामिल होने के लिए तारिक रहमान को निमंत्रण दिया जा सकता है। वैसे कुछ राजनीतिक विश्लेषक यह कह रहे हैं कि शेख हसीना के प्रत्यर्पण की मांग को लेकर तारिक रहमान से भारत के रिश्ते खराब हो सकते हैं, लेकिन कई विश्लेषकों का यह कहना है कि 20 साल बाद सत्ता में वापसी कर रही बीएनपी कड़वाहट वाले मुद्दों को भूलकर भारत से रिश्ते मजबूत करना चाहेगी, क्योंकि इसमें ही उसका भला है।

# समाज बेटियों को नियंत्रित करता है

'सुरक्षा' एक ऐसा शब्द है, जिसे सुनते ही मन में भरोसे और संरक्षण की छवि उभरती है। यही शब्द माता-पिता की सबसे बड़ी ढाल माना जाता है और यही समाज की सबसे बड़ी दलील भी, लेकिन जब यह शब्द बेटी की आज़ादी छीनने का माध्यम बन जाए, तब इसका अर्थ बदल जाता है। तब सुरक्षा एक ऐसा ताला बन जाती है, जो बेटी के सपनों, इच्छाओं और आत्मसम्मान पर जड़ दिया जाता है। यह ताला दिखाई नहीं देता, पर इसका बोझ हर सांस के साथ महसूस होता है। बेटी को बताया जाता है कि यह सब उसके भले के लिए है, जबकि असल में यह उसके अस्तित्व पर नियंत्रण की प्रक्रिया होती है।

भारतीय समाज में बेटी को आज भी एक स्वतंत्र व्यक्ति के बजाय परिवार की प्रतिष्ठा से जोड़कर देखा जाता है। उसकी चाल, पहनावा, दोस्ती और निर्णय- सब पर निगाह रखी जाती है। जैसे ही बेटी अपने जीवन के फैसले खुद लेने की बात करती है, 'सुरक्षा' का तर्क सामने खड़ा कर दिया जाता है। प्रेम, विवाह, शिक्षा या करियर- हर क्षेत्र में उसकी आज़ादी सीमित कर दी जाती है। यह सीमाएं परिवार द्वारा खींची जाती हैं और समाज द्वारा स्वीकार कर ली जाती हैं। यही स्वीकृति इस समस्या को और गहरा बनाती है।



**कृति जैन**
लेखिका

इस तथाकथित सुरक्षा का सबसे खतरनाक पहलू यह है कि इसे प्रेम का रूप देकर प्रस्तुत किया जाता है। माता-पिता कहते हैं कि दुनिया बहुत खराब है, इसलिए बेटी को घर में रखना ज़रूरी है, लेकिन सवाल यह है कि क्या दुनिया केवल बेटी के लिए ही खराब है? बेटे भी उसी दुनिया में रहते हैं, वही रास्ते तय करते हैं, वही जोखिम उठाते हैं। फर्क सिर्फ़ इतना है कि बेटी को कमजोर और असहाय मान लिया जाता है और यही मान्यता उसकी आज़ादी की सबसे बड़ी दुश्मन बन जाती है।

यह कैद केवल दरवाज़े बंद करने तक सीमित नहीं होती। यह सोच, भावनाओं और निर्णयों पर भी पहरा बिठा देती है। बेटी से बार-बार कहा जाता है कि वह समझदार बने, समाज की बात माने, परिवार की इज़्ज़त रखे। धीरे-धीरे वह अपने मन की बात कहना छोड़ देती है। सवाल पूछना, विरोध करना या अपनी इच्छा जताना उसे अपराध जैसा लगने लगता है। यह मानसिक कैद शारीरिक कैद से कहीं अधिक खतरनाक होती है, क्योंकि इसमें सलाखें दिखाई नहीं देतीं, लेकिन रास्ते पूरी तरह बंद हो जाते हैं।

ग्रामीण क्षेत्रों में यह समस्या परंपरा और जाति की कठोर दीवारों से और भी मज़बूत हो जाती है। प्रेम विवाह या अंतरजातीय संबंधों के मामलों में बेटियों को घर में बंद कर देना, मोबाइल छीन लेना या बाहर निकलने से रोक देना, वहां सामान्य व्यवहार माना जाता है। कई बार यह कैद महीनों नहीं, बल्कि वर्षों तक चलती है। शहरों में इसका रूप थोड़ा बदला हुआ दिखता है, लेकिन सार वही है। यहां बेटी को 'आधुनिक सुरक्षा' के नाम पर निरंतर निगरानी में रखा जाता है-लोकेशन ट्रैकिंग, समय की सख्त पाबंदी और हर निर्णय पर सवाल। फर्क सिर्फ़ दिखावे का है, सोच वही पुरानी है।

# ऑप्टिकल माइक्रो चिप में चीन की बढ़त

> सबसे एडवांस्ड इलेक्ट्रॉनिक चिप्स तक चीन की पहुंच सीमित करने की अमेरिकी नीतियों के बाद चीन में ऑप्टिकल कंप्यूटिंग को अपनाने में तेजी आई है। ऐसी चिप क्वांटम कम्प्यूटिंग की नींव होती है। ऐसे चिप्स बड़े आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस मॉडल की मेधा बढ़ाने के लिए जरूरी हैं।

सबसे एडवांस्ड इलेक्ट्रॉनिक चिप्स तक चीन की पहुंच को सीमित करने और उन्हें बनाने के लिए ज़रूरी उपकरणों पर प्रतिबंध लगाने की अमेरिकी नीतियों के बाद चीन में ऑप्टिकल कंप्यूटिंग को अपनाने में तेज़ी आई है। ऐसी चिप क्वांटम कम्प्यूटिंग की नींव होती है। ऐसे चिप्स बड़े आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस मॉडल को प्रशिक्षित करके इसकी मेधा को बढ़ाने और इसे काम पर लगाने के लिए ज़रूरी हैं। चीन शांगहाई में फु दां यूनिवर्सिटी के मटीरियल साइंटिस्ट ज़ेंग गुआंग चेंग कहते हैं कि अमेरिकन और उसके दोस्तों के प्रतिबंधों ने चीन को हाई-परफॉर्मेंस कंप्यूटिंग के लिए वैकल्पिक रास्ते खोजने के लिए और ज़्यादा प्रेरित किया है। वह कहते हैं कि चीन की 14वीं पंचवर्षीय योजना में फोटोनिक्स का ज़िक्र है, साथ ही क्वांटम कंप्यूटिंग प्रोजेक्ट्स का भी। चीन की सरकार ने इसके लिए लगातार बहुत ऊंचे स्तर का निवेश किया है।

कंप्यूटिंग के क्षेत्र में फु दां यूनिवर्सिटी विश्व की टॉप दस में से एक है। एक ऑप्टिकल चिप, जिसे अक्सर फोटोनिक चिप भी कहा जाता है, एक माइक्रोचिप है, जो जानकारी भेजने और प्रोसेस करने के लिए लाइट वेव्स अर्थात प्रकाश कणों/तरंगों का इस्तेमाल करती है और यह मॉडर्न ऑप्टिकल कम्युनिकेशन सिस्टम में बहुत ज़रूरी भूमिका निभाती है। एक फोटोनिक चिप बनाने के लिए पारंपरिक फोटोलिथोग्राफी, एक्सट्रीम अल्ट्रावायलेट और रेजोनेंट फोटोनिक इंटरफेरोमेट्री की ज़रूरत होती है। इसमें अत्यंत बारीक पराबैंगनी किरण की बहुत तेज़ धार से सिलिकॉन और गैलियम नाइट्राइड के वेफर्स या चिप्पड़ों पर बनाए गए इंटिग्रेटेड सर्किट्स से करोड़ों की संख्या में ट्रांजिस्टर्स को चिपकाना संभव है, ताकि डाटा प्राप्त करने के बाद ये बहुत तेज़ी से काम करते हुए क्षणभर में निष्कर्ष निकाल सकें।



**रनबीर सिंह**
विज्ञान लेखक

चीन ने ऑप्टिकल चिप्स बनाने के लिए टेक्नोलॉजी डेवलप कर ली है, खासकर फोटोनिक कंप्यूटिंग के फील्ड में। शांगहाई में जिओ टोंग यूनिवर्सिटी और सिंग हुआ यूनिवर्सिटी के रिसर्चर्स द्वारा डेवलप की गई लाइट-जेन चिप, ऑप्टिकल एआई टेक्नोलॉजी में एक बड़ी तरक्की है, जो हाई-रिज़ॉल्यूशन इमेज बनाने और वीडियो बनाने में सक्षम है। वैसे, शोध साहित्य देखा जाए तो इस टेक्नोलॉजी के विकास के लिए बेसिक रिसर्च सन् 2019 से ही हो रही है और चीन के साइंटिस्ट्स ने इस बारे में सर्वाधिक शोधपत्रों का प्रकाशन किया। ऑप्टिकल कंप्यूटिंग में चीन की रिसर्च से दुनिया की पहली ऑल-ऑप्टिकल कंप्यूटिंग चिप बनी है, जो बड़े पैमाने पर जेनरेटिव एआई मॉडल को सपोर्ट करती है। देश ने थिन-फिल्म लिथियम नायोबेट फोटोनिक चिप्स के लिए अपनी पहली प्रोडक्शन लाइन भी शुरू की है, जिससे वह आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और क्वांटम कंप्यूटिंग के लिए ग्लोबल मार्केट में मुकाबला करने की स्थिति में आ गया है।

डेटा ट्रांसमिशन, मॉड्यूलेशन और डीमॉड्यूलेशन जैसे कई काम करने के लिए ऑप्टिकल चिप्स इलेक्ट्रिकल सिग्नल या इलेक्ट्रॉन्स के बजाय लाइट कणों फोटॉन का इस्तेमाल करती हैं। ये एक ही चिप पर कई ऑप्टिकल कंपोनेंट्स को इंटीग्रेट करती हैं, जिससे ऑप्टिकल सिग्नल की कुशल प्रोसेसिंग हो पाती है। यह टेक्नोलॉजी हाई-स्पीड डेटा कम्युनिकेशन के लिए बहुत ज़रूरी है, खासकर फाइबर-ऑप्टिक नेटवर्क में, जहां लाइट पल्स लंबी दूरी तक जानकारी ले जाती हैं।

भारत एक्टिव रूप से ऑप्टोइलेक्ट्रॉनिक मॉड्यूल और सब-असेंबली बनाने की जुगत में है, लेकिन पूरी तरह से इंटीग्रेटेड ऑप्टिकल चिप्स अथवा फोटोनिक इंटिग्रेटेड सर्किट्स बनाना एक मायने में एडवांस्ड लिथोग्राफी और मटेरियल एक्सपर्टाइज पर निर्भर करते हैं। भारत के अनुसंधानकर्मी इसे अभी भी स्वायत्त रहकर देश में डेवलप कर रहे हैं, परंतु समय सीमाएं और एडवांस्ड लिथोग्राफी और अत्यधिक सटीक फैब्रिकेशन के लिए चुनौतियां मौजूद हैं, जोकि फोटोनिक चिप्स और हाई-एंड ऑप्टिकल इंटिग्रेटेड सर्किट्स के लिए ज़रूरी हैं। फिलहाल एक फोटोनिक चिप के लिए एक फैब लगाना भारत की स्वदेशी क्षमताओं से पूरी तरह बाहर है।

मुख्य प्रोसेस नोड्स और ऑप्टिकल-ग्रेड सिलिकॉन-ऑन-इंसुलेटर या पीरियाडिक टेबल में ग्रुप III और V एलेमेंट्स/मटेरियल के लिए टेक्नोलॉजी ट्रांसफर या विदेशी सहयोग की ज़रूरत होती है। भारत ने 2018 व 2023 के बीच चिप डिजाइन और फैब्रिकेशन पर पब्लिश रिसर्च पेपर की संख्या में ग्लोबल लेवल पर तीसरा स्थान हासिल किया है, जैसा कि जॉर्जटाउन यूनिवर्सिटी, यूएस द्वारा बनाए गए इमर्जिंग टेक्नोलॉजी ऑब्जर्वेटरी ने पुष्ट किया है।

# मर्यादित जीवन जीने वाला जीत लेता है हरेक का दिल

सामान्यतया सरल, शिष्ट एवं समाज के प्रति शालीनता का भाव प्रदर्शित करने को मर्यादायुक्त जीवन जीना कहते हैं। मर्यादित जीवन जीने वाला हरेक का दिल जीत लेता है। वह दूसरों को आदर देता है, तो बदले में आदर पाता भी है, जबकि अमर्यादित जीवन जीने वाले समाज में हेय दृष्टि से देखे जाते है, क्योंकि अमर्यादित जीवन वाला अपने पद एवं संपदा के बल पर अहंकारग्रस्त रहते हैं। अपने से अशक्त लोगों का माखौल उड़ाते हैं, जबकि मर्यादा का ख्याल रखने वाला कोशिश करता है कि उसके आचरण से दूसरों को कष्ट न हो।



**सलिल पाण्डेय**
मिर्जापुर

उदाहरण के रूप में लें तो त्रेतायुग के महानायक श्रीराम मनुष्य रूप में इतना मर्यादित आचरण करते हैं कि उनके नाम के आगे मर्यादा पुरुषोत्तम पद का उपयोग किया जाता है। भगवान राम की यह मर्यादा थी कि उन्हें 14 वर्ष वनवास का आदेश कराने वाली कैकेई एवं मंथरा तक को वे अपमानित नहीं करते, जबकि अयोध्या की जनता श्रीराम के साथ थी। वे चाहते तो जनता के बल पर सिंहासन हासिल कर सकते थे, लेकिन पिता का सम्मान करते हुए प्रसन्नता के साथ वनवास चले गए।

दूसरी ओर उसी युग में रावण का पूरा जीवन अमर्यादित था। अपनी शक्ति के बल पर अनाचार एवं अमर्यादित आचरण करता था। दूसरे की पत्नी पर कुदृष्टि डालने वाला सर्वाधिक अमर्यादित होता है। उसने भगवान श्रीराम की पत्नी का अपहरण किया। जिन-जिन लोगों ने इसकी निंदा की, उसे वह अपमानित करता रहा। यहां तक की उनकी पत्नी मंदोदरी तक ने जब इस गलत काम की निंदा की तो भी उसके ऊपर असर नहीं पड़ा। यहां तक कि भाई विभीषण को लंका से निकाल दिया।

इस तरह समाज मर्यादा पुरुषोत्तम की तरह आचरण करने वाले को सम्मान की नजर से देखता है। मर्यादापूर्ण जीवन से सुख-शांति मिलती है। कहते हैं कि इज्जत देने से इज्जत मिलती है। ऐसा नहीं हो एकता कि हम दूसरों का अपमान करें और बदले में वह इज्जत दे। भले अशक्त है तो चुप रह जाएगा, कोई प्रतिक्रिया नहीं व्यक्त करेगा, लेकिन मन ही मन कोसेगा जरूर। जीवन में शुभकामनाओं का एवं बद्दुआओं का असर पड़ता है। अतः कोशिश करनी चाहिए कि मर्यादापूर्ण जीवन जीते हुए लोगों की शुभकामनाएं ही मिलती रहें।

# सप्त चक्र और सप्त पावन पुरियां: आनंद की ओर एक अंतर्यात्रा

जैसे पतंग को आकाश में ऊंचा उड़ाने और धरती से साधने के लिए एक पतली डोर की आवश्यकता होती है। डोर भले ही भूमि पर रहती है, किंतु उसी के सहारे पतंग अनंत गगन में विचरती है। वह डोर 'सूत्र' कहलाती है। वैसे ही जीवन को ऊर्ध्वगामी बनाने और अनंत आकाश में विस्तार देने के लिए हमें भी एक ऐसे सूत्र की आवश्यकता होती है, जो पृथ्वी और आकाश, मानव और देवत्व के बीच सेतु का कार्य करे।



सूत्र ज्ञान का सार है, यह अल्प शब्दों में गहनतम अर्थ का प्रकाश छिपाए हुए है। हम जिस सूत्र को थामते हैं, वही हमारे जीवन की दिशा और गुणवत्ता निर्धारित करता है। प्रत्येक जीवन में शुभता की कोई न कोई ज्योति अवश्य विद्यमान होती है। प्रश्न यह है कि हम उस शुभता को पकड़ते हैं या दुर्भाग्य और नकारात्मकता से चिपके रहते हैं।

हर जीवन में कुछ न कुछ मंगल घटित हुआ है, परंतु मन की प्रवृत्ति प्रायः सकारात्मक को उपेक्षित कर नकारात्मक को पकड़ लेने की होती है। इस वृत्ति को रूपांतरित करने के लिए हमें 'शिव सूत्रों' का आश्रय लेने का संकेत दिया गया है। ये सूत्र हमें सत्य, सौंदर्य और 'शिव तत्त्व', अर्थात्शुभता और निर्दोषिता के सिद्धांत की ओर अग्रसर करते हैं, इसीलिए शिव सूत्रों का अध्ययन और मनन करने की प्रेरणा सदा से दी जाती रही है।



**गुरुदेव श्री श्री रविशंकर**
आध्यात्मिक गुरु

'शिव सूत्र' सनातन होते हुए भी निर्मल वायु के ताज़ा झोंके की तरह सदा नवीन हैं। वे मन को मुक्त करते हैं और आनंद का संचार करते हैं। वे मात्र दर्शन नहीं, अपितु चेतना का विज्ञान हैं। पांच-छः वर्ष के बालक या कुछ महीनों के शिशु को देखिए, उनके प्रत्येक कोश में उत्साह का प्रवाह स्पंदित होता है। अब वयस्कों को देखिए, आयु के साथ उनका उत्साह क्षीण होता जाता है। जब उत्साह ही मंद पड़ जाए, तो क्या हम वास्तव में जीवित हैं? यह ह्रास हमारे ही निर्मित 'विश्व' के कारण होता है। उस संसार के कारण, जिसे हमने अपने मन में रचा है।

क्या इसका समाधान समाज से पलायन कर हिमालय की गुफाओं में जा बैठना है? मात्र गुफा में प्रवेश कर लेने से आनंद नहीं मिलता, क्योंकि संसार बाहर नहीं, मन में विद्यमान है। उसे आपने ही रचा है और आप ही उसका विसर्जन कर सकते हैं। समाधान आपके ही भीतर निहित है।

शिव सूत्र का एक वाक्य स्पष्ट दिशा देता है-
'शक्ति-चक्र-संधाने विश्वसंहारः।'

अर्थात् जब साधक अपने भीतर स्थित विभिन्न ऊर्जा-केंद्रों पर सजगता लाता है और उनका साक्षी बनता है, तब चिंताओं और चंचल विचारों का विश्व स्वयं विलीन हो जाता है। शांति स्वयमेव अवतरित होती है। यही बहिरंग को छोड़ अंतर्मुख होने की कला है।

विभिन्न भावनाएं शरीर के भिन्न-भिन्न केंद्रों को सक्रिय करती हैं। क्रोध उत्पन्न होता है तो भ्रूमध्य में स्पंदन अनुभव होता है। विषाद आता है तो कंठ अवरुद्ध हो उठता है। घृणा हृदय प्रदेश में हलचल करती है, जबकि ईर्ष्या उदर में मंथन उत्पन्न करती है। सद्भाव भी वहीं से अंकुरित होता है। प्रेम का अनुभव भी हृदय क्षेत्र में ही होता है।

यह सूक्ष्म जगत् विराट जगत् से जुड़ा हुआ है। शरीर में सात प्रमुख चक्रों के रूप में सात ऊर्जा केंद्र स्थित हैं, जिन्हें सहस्त्रों सूक्ष्म नाड़ियों का जाल जोड़ता है। आश्चर्य की बात है कि ये सात चक्र भारत के सात पवित्र नगरों से भी संबद्ध माने गए हैं, माया या हरिद्वार, कांची, अयोध्या, मथुरा, काशी, अवंती (उज्जयिनी) और द्वारका।

चक्रों को भौतिक चक्र के रूप में कल्पित न करें। ध्यान के समय केवल सजगता को उन केंद्रों तक ले जाना ही पर्याप्त है। ऐसा करते ही नकारात्मक ऊर्जा क्षीण होने लगती है और सकारात्मक गुण जागृत होते हैं। माया या हरिद्वार, मेरुदंड के आधार पर स्थित मूलाधार चक्र का प्रतीक है। जड़ता के हटते ही उत्साह जागृत होता है और यात्रा आरंभ होती है।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 1224, देवकाली रोड, निकट यश पेट्रोल पंप अयोध्या-224001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- विवेक सक्सेना*** 05278-352045 (कार्यालय), ईमेल- editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/84450, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अयोध्या होगा)।

# महाशिवरात्रि आज, शिवालयों में की गयी आकर्षक सजावट

**आस्था**

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकीः

**अमृत विचार :** जिलेभर के शिवालय महाशिवरात्रि के अवसर पर सजधज कर पूजा-अर्चना के लिए तैयार हैं। रंग-बिरंगी रोशनी और फूलों की सजावट के साथ हर तरफ बम-बम की गूंज और श्रद्धालुओं की हर हर महादेव की आवाज़ से पर्व का उल्लास महसूस किया जा रहा है।

महाशिवरात्रि पर शहर के नागेश्वरनाथ मंदिर से शिव बरात निकाली जाएगी, जो घंटाघर, धनोखर होते हुए पंचमदास कुटी पहुंचेगी। ओम नगर नई बस्ती बंकी में जिला संयोजक भाजपा विधि प्रकोष्ठ के अनूप यादव के नेतृत्व में शोभायात्रा और भंडारे का आयोजन होगा।

इस अवसर पर कैलाश आश्रम में चार पहर की सामूहिक पूजा आयोजित होगी, जबकि दूधेश्वर महादेव मंदिर में कलाकारों द्वारा शिवलीला और झांकियों का प्रदर्शन किया जाएगा।

### कमल के पुष्पों से किया जाएगा श्रृंगार

औसानेश्वर महादेव मंदिर में कमल पुष्पों से बाबा का श्रृंगार किया जाएगा और गोमती नदी से मंदिर तक बैरिकेडिंग की गई है। कुंतेश्वर महादेव मंदिर में रात 1 बजे तक ओम नमः शिवाय का जाप निरंतर चलता रहा। शिवरात्रि पर भंडारे में फलाहार वितरण की व्यवस्था भी की गई है। सिद्धौर के सिद्धेश्वर महादेव मंदिर को फूलों और रंग-बिरंगी लाइटों से सजाया गया है, जबकि पुजारी अनिल पुरी महाराज ने बताया कि शिव बरात निकाली जाएगी। सतोखर तालाब स्थित सिद्धेश्वर, मत्थेश्वर महादेव मंदिर, और रामसनेहीघाट के बुढ़वा बाबा मंदिर समेत जिले के सभी प्रमुख शिवालयों में आकर्षक सजावट की गयी है।

### पूजा का सर्वोत्तम मुहूर्त

पं. नित्यानंद बाजपेई ने बताया कि रविवार शाम 05:04 से सोमवार शाम 05:34 बजे तक पूजा का शुभ मुहूर्त है। रात की पूजा में चार पहर रविवार को शाम 06:35 से सोमवार भोर 03:47 बजे तक हैं। उन्होंने बताया कि रात के पूजन में शिवयोग का बहुत महत्व होता है।

### चार जोन व 8 सेक्टरों में बांटा गया महादेवा

**रामनगर, बाराबंकी : अमृत विचार :** महाशिवरात्रि को लेकर प्रशासन सुरक्षा और व्यवस्थाओं के साथ तैयार है। लाखों श्रद्धालु आज जलाभिषेक करेंगे। मेला क्षेत्र को चार जोन और आठ सेक्टरों में विभाजित किया गया है। जोनों की जिम्मेदारी एसडीएम और सीओ को सौंपी गई है। सेक्टरों में इंस्पेक्टर, थानाध्यक्ष, तहसीलदार, नायब तहसीलदार और अन्य विभागीय अधिकारी सेक्टर मजिस्ट्रेट के रूप में तैनात हैं। सुरक्षा व्यवस्था में 7 सीओ, 11 प्रभारी निरीक्षक, 30 इंस्पेक्टर, 133 उपनिरीक्षक, 485 कांस्टेबल व हेड कांस्टेबल, 100 महिला आरक्षी शामिल रहेंगे। इसके साथ ही बड़ी संख्या में रंगरूट, सीसीटीवी और ड्रोन कैमरे, मोटर बोट पर पीएसी जवान, विशेष पुलिस टीमें मंदिर में तैनात की गयी हैं।



हरिद्वार से कांवर लेकर आये शिव भक्त। ● अमृत विचार

### हरिद्वार से कालेश्वर धाम तक पैदल कांवर यात्रा

**हैदरगढ़, बाराबंकी, अमृत विचार :** सौरभ कुमार शुक्ल और उनके सहयोगियों ने हरिद्वार से कालेश्वर धाम, कैथी तक पैदल कांवर यात्रा निकाली। यह यात्रा महाशिवरात्रि पर भगवान भोलेनाथ का गंगाजल से अभिषेक कर समाप्त होगी। 10 फरवरी की सुबह हरिद्वार से पैदल यात्रा आरंभ हुई। यात्रा में आचार्य कंचन शुक्ला, सौरभ कुमार शुक्ल, विक्की शर्मा, लवलेश शुक्ला, प्रिंस शुक्ला, योगेश, सिद्धार्थ, दिनेश कुमार मौर्या, विनोद कुमार रावत और उन्नाव के अमन कनौजिया सहित कई शिव भक्त शामिल थे। यात्रा हरिद्वार से मुरादाबाद, बरेली, सीतापुर और लखनऊ होते हुए शुक्रवार की रात हैदरगढ़ पहुंची।

### जनमेजय-अमर जिला मंत्री, अमरदीप-सिद्धार्थ शहर मंत्री



संगठन का नियुक्ति पत्र देते जिलाध्यक्ष इं. जयदीप सिंह सिद्धू। ● अमृत विचार

**बाराबंकी, अमृत विचार :** शनिवार को उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन के जिलाध्यक्ष इं. जयदीप सिंह सिद्धू के आवास पर संगठन विस्तार एवं व्यापारी हितों को लेकर बैठक हुई। उद्योग व्यापार मंडल प्रतिनिधि कंछल ग्रुप के जनमेजय गुप्ता एवं अमर जायसवाल को जिला मंत्री, जबकि अमरदीप सिंह और सिद्धार्थ पाण्डेय को शहर मंत्री का दायित्व सर्वसम्मति से सौंपा गया। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष इं. जयदीप सिंह सिद्धू, जिला मीडिया प्रभारी अमरेश शुक्ला, जिला उपाध्यक्ष वीरेंद्र वर्मा, शहर अध्यक्ष मन्नू लाल चौरसिया, शहर उपाध्यक्ष मनोज कुमार रस्तोगी, संतोष कश्यप, आदिल लखपेड़ाबाग, अजय श्रीवास्तव, शहर कोषाध्यक्ष सौरभ शर्मा, शहर संगठन मंत्री संतोष कश्यप पेड़ा, बड़ेल अध्यक्ष अनुपम शुक्ला, अनुपम बाथम, नरेंद्र सोनी, बंकी नगर पंचायत अध्यक्ष किशन जायसवाल, बंकी नगर पंचायत महामंत्री मोहित जायसवाल, अमित श्रीवास्तव, रवि द्विवेदी सहित बड़ी संख्या में व्यापारी मौजूद रहे। संचालन जिला संगठन मंत्री व शहर संयोजक अतुल गुप्ता ने किया।

# 24 घंटे बाद भी पुलिस के हाथ खाली

## शोएब हत्याकांड : एसटीएफ और पुलिस की पांच टीमें कर रही हैं मामले की जांच, कई संदिग्ध हिरासत में

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** जेलर हत्याकांड के आरोपी व मुख्तार अंसारी गैंग के सदस्य रहे शोएब किदवई उर्फ बॉबी की नृशंस हत्या को 24 घंटे बाद भी पुलिस खाली हाथ है। हालांकि घटना की जांच के लिए एसटीएफ व स्वाट समेत पुलिस की पांच टीमें लगाई गई हैं और बाराबंकी व लखनऊ मिलाकर कई संदिग्धों से लगातार पूछताछ की जा रही है। उधर मृतक की पत्नी की तहरीर पर अज्ञात हमलावरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। वहीं शनिवार को सुरक्षा व्यवस्था व बड़ी संख्या में लोगों की मौजूदगी में बॉबी का शव उनके पैतृक गांव गदिया में सुपुर्द ए खाक कर दिया गया।

बताते चलें कि शुक्रवार दोपहर अयोध्या लखनऊ हाईवे पर बाराबंकी सीमा में असैनी मोड़ पर लखनऊ से बाराबंकी कार से अकेले आ रहे पूर्व प्रमुख शोएब किदवई उर्फ बॉबी की गोलियों से छलनी कर हत्या कर दी गई थी।



शोएब उर्फ बॉबी के अंतिम संस्कार में उमड़ा हुजूम। ● अमृत विचार

### नम आंखों के बीच बॉबी सुपुर्द ए खाक

शव मिलने के बाद अंतिम संस्कार के लिए बॉबी के परिजन जुट गए। वहीं लंदन में रह रहे छोटे भाई सोहेल के आने का भी इंतजार किया गया। शनिवार की शाम करीब चार बजे बॉबी का शरीर उनके पैतृक गांव शहर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम गदिया ले जाया गया। जहां पुलिस बल व परिजनों की मौजूदगी के बीच शव सुपुर्द ए खाक किया गया। इस दौरान मृतक के परिजनों के अलावा उनके परिचित, शुभचिंतक आदि मौजूद रहे। वहां मौजूद परिजनों की आंखें लगातार नम रहीं।

घटना की खबर फैलते ही एसपी व कोतवाली समेत कई थानों की पुलिस ने मौके पर पहुंच कर जांच पड़ताल की उधर एडीजी लखनऊ प्रवीण कुमार ने भी मौके पर आ कर जांच पड़ताल की। शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया, वहीं डाक्टरों के पैनल के पोस्टमार्टम करने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। इस बीच वकील भी रहे बॉबी की हत्या से अधिवक्ता समुदाय में भी आक्रोश देखा जा रहा है। इस घटना को लेकर एसपी अर्पित विजयवर्गीय के निर्देश पर स्वाट के अलावा चार अन्य पुलिस टीमों को जांच के लिए जुटा दिया गया। एसटीएफ भी हत्यारों की तलाश में जुटी है। हत्याकांड को 24 घंटे से ऊपर हो गए लेकिन पुलिस अभी कोई दिशा तय नहीं कर सकी है। बाराबंकी व लखनऊ मिलाकर कई संदिग्धों से पूछताछ के लिए उठाया गया है। इस संबंध में अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी विकास चंद्र त्रिपाठी ने बताया कि पुलिस की जांच जारी है। टीमें कई पहलू पर काम कर रही हैं। परिजनों से भी बातचीत की जाएगी।

### बड़ा सवाल, ताबड़तोड़ फायरिंग एक भी चश्मदीद नहीं

कार सवार शोएब किदवई बॉबी की हत्या का दृश्य कम चौंकाने वाला नहीं। पुलिस की ही मानें तो ताबड़तोड़ फायरिंग हुई यानी गोलियों की तड़तड़ाहट दूर तक सुनने वाली रही पर मौके का न कोई गवाह और न ही कोई चश्मदीद, वह भी हाईवे की उस जगह पर जो रात में भी व्यस्त रहती है। करीब 15 राउंड गोलियां बरसाई गई, जिसके अनुसार करीब 15 मिनट का समय हमलावरों ने लिया लेकिन इस दौरान क्या चंद लोग भी उधर से नहीं गुजरे होंगे, यह सवाल हैरान कर देने वाला है। फायरिंग जिस तरह हुई बेशक हत्यारे पेशेवर रहे लेकिन उनकी यह करतूत न कैमरे में कैद हुई न किसी ने देखा। यह चौंकाने वाली बात जरूर है।

### शरीर से निकलीं 10 गोलियां

सूत्रों के हवाले से पता चला कि पोस्टमार्टम के दौरान शोएब किदवई बॉबी के मृत शरीर पर दस घाव मिले और अंदर फंसी बुलेट निकाली गई। इससे साफ है कि हमलावर पेशेवर तो थे ही, उन्हें किसी भी हाल में हत्या करना ही था। पुलिस की जांच शनिवार को भी जारी रही। इस बीच हाईवे पर तमाम सीसीटीवी कैमरे भी चेक किए गए। पुलिस सूत्रों के मुताबिक कैमरे में हत्यारे बाइक से अयोध्या रोड की ओर जाते दिखे भी हैं। पुलिस की जांच में बॉबी का प्रापर्टी डीलिंग कारोबार भी शामिल है। वहीं पत्नी शाजिया खान की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात हमलावरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

## ट्रक के केबिन में मिला चालक का शव

**बाराबंकीः अमृत विचार :** तीन दिन से लापता चालक का शव ट्रक के केबिन में पड़ा मिला। यह ट्रक लखनऊ-अयोध्या हाईवे पर एक ढाबा के पास खड़ा था। बरेली निवासी मृतक का मोबाइल बंद होने से परेशान परिजन इसकी तलाश कर रहे थे। पोस्टमार्टम के बाद शव लेकर परिजन चले गए।

बरेली के थाना सुभाषनगर क्षेत्र में करगैना विकास नगर के रहने वाले हंसराज (50) से उसके परिजनों का संपर्क 11 फरवरी तक रहा फिर मोबाइल बंद बताने लगा। इससे परिवार के सदस्य परेशान हो उठे और संपर्क न होने पर पुलिस से मदद की गुहार लगाई। पुलिस ने मोबाइल ट्रेस करना शुरू किया तो उसकी लोकेशन बाराबंकी में मिली। बाराबंकी पुलिस के सहयोग से बरेली पुलिस ने खोजबीन शुरू की तो अंतिम लोकेशन शहर कोतवाली के दारापुर के पास मिली। पुलिस ने जांच की तो एक ढाबे के पास ट्रक खड़ा मिला। केबिन खोले जाने पर ड्राइवर सीट पर हंसराज मृत मिला। शुरुआती जांच में कुछ भी असामान्य नहीं मिला और पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### मोदी-ट्रंप ट्रेड डील के खिलाफ आप का प्रदर्शन



ज्ञापन लेते प्रशासनिक अधिकारी। ● अमृत विचार

**बाराबंकी, अमृत विचार :** आम आदमी पार्टी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच हुई कथित ट्रेड डील के विरोध में प्रदर्शन किया। पार्टी कार्यकर्ताओं ने समझौते की प्रतियां जलाकर राष्ट्रपति संबोधित ज्ञापन प्रशासनिक अधिकारी को सौंपा और डील को तत्काल निरस्त करने की मांग की। जिलाध्यक्ष जुगराज सिंह ने कहा कि यह ट्रेड डील नहीं, ग्रेट डील है। पार्टी ने डील की शर्तों को सार्वजनिक करने और पारदर्शिता की मांग की। बाराबंकी में प्रदर्शन के दौरान प्रशासन की सख्ती पर पार्टी ने नाराजगी जताई और इसे अलोकतांत्रिक बताया। ज्ञापन में डील को देश, किसानों और स्वाभिमान के खिलाफ बताते हुए इसे तुरंत रद्द करने की मांग की गई। प्रदर्शन में जिलाध्यक्ष प्रचार प्रकोष्ठ नफीस अंसारी, जिला महासचिव चांद बाबू, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष अरविंद यादव, महिला जिलाध्यक्ष अफसाना बानो, वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष स्नेहराम यादव, पूर्व जिला उपाध्यक्ष नफीस खान, विधानसभा अध्यक्ष रामनगर राजू शुक्ला, शिक्षक प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष अजय कुमार वर्मा आदि मौजूद रहे।

### वार्षिकोत्सव व खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित



कार्यक्रम के दौरान मौजूद मुख्य अतिथि, शिक्षक व बच्चे। ● अमृत विचार

**सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी, अमृत विचार :** विकासखंड सिरौलीगौसपुर के पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय सहरी में विद्यालय स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता एवं वार्षिकोत्सव आयोजित किया गया। शुभारंभ मुख्य अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी फिजा मिर्जा ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। छात्र-छात्राओं ने सरस्वती वंदना, स्वागत गीत व गणेश वंदना प्रस्तुत की। संचालन मनीष बैसवार ने किया। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में छात्रा प्रियांशी ने देवा श्री गणेशा, शिवानी व नरगिश ने राधा रानी तेरा श्याम दीवाना, बाल विवाह एवं प्रा. वि. किन्तुर द्वितीय की छात्राओं ने भुखमरी पर आधारित नाटक तथा ऐ वतन आबाद रहे की प्रस्तुति दी। खेल प्रतियोगिताओं में कबड्डी बालक वर्ग में हिमांशु प्रथम रहे। दौड़ जूनियर बालक वर्ग में सूरज प्रथम, अरुण द्वितीय, चंद्रेश तृतीय तथा प्राथमिक बालक वर्ग में फरहान प्रथम, दिव्यांश द्वितीय, अंश तृतीय रहे। उत्कृष्ट प्रतिभागियों को खंड शिक्षा अधिकारी फिजा मिर्जा, यूटा जिलाध्यक्ष आशुतोष कुमार, प्राथमिक शिक्षक संघ ब्लॉक अध्यक्ष दिलीप तिवारी, जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह एवं जूनियर हाई स्कूल ब्लॉक अध्यक्ष रामानंद ने पुरस्कृत किया। समापन पर प्रधानाध्यापक सतगुरु शरण ने अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर आभार जताया। कार्यक्रम में एआरपी रश्मि शुक्ला, प्रदीप महाजन, वेद प्रकाश श्याम, शिक्षक शफीक अहमद, सचिन जायसवाल, अपर्णा श्रीवास्तव, नीलेश कुमार तिवारी, प्रिया शुक्ला, राजन वर्मा आदि थे।

## संदिग्ध हालात में विवाहिता की मौत

**देवा, बाराबंकी, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र में शनिवार भोर एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। बेटी के घर पहुंचे मृतका के पिता ने ससुरलीजनों पर हत्या का आरोप लगाते हुए पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

जानकारी के अनुसार रामनगर थाना क्षेत्र के ग्राम भवानीगंज निवासी इंद्रसेन की पुत्री नीलम (22) की शादी 30 अप्रैल 2025 को विजय पुत्र गोकरन निवासी हरबंशपुरवा मजरे मोहम्मदपुर थाना देवा के साथ हुई थी। शनिवार तड़के नीलम की संदिग्ध हालत में मौत हो गई। मृतका के पति इंद्रसेन ने बताया कि उन्हें ससुराल पक्ष से फोन पर सूचना मिली कि नीलम की तबीयत अचानक गंभीर रूप से खराब हो गई है। इस सूचना के लगभग एक घंटे बाद ही उन्हें नीलम की मौत की खबर मिली।



बृजभूषण शरण सिंह का स्वागत करते महंत बलराम दास। ● अमृत विचार

### लाभ के लिए जातियों में बंटते जा रहे लोग : बृजभूषण

**सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी, अमृत विचार :** के दुल्हादेपुर स्थित श्री राम जानकी मंदिर बजरंग व्यायाम शाला में महंत बाबा बलराम दास द्वारा आयोजित धार्मिक कार्यक्रम में शनिवार को पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह पहुंचे। उन्होंने राजनीतिक क्षेत्र में बढ़ते जातिवाद पर चिंता व्यक्त की और लोगों से एकजुट रहने का आह्वान किया। कार्यक्रम में बृजभूषण सिंह ने कहा कि देशभर में राजनीतिक जातिवादी संग्राम बढ़ता जा रहा है और लोग जातियों में बंटते जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि पहले केवल चार जातियां थीं, जो कर्म के आधार पर बनी थीं, लेकिन अब इन जातियों के भीतर उप-जातियां बन रही हैं, जिसका उद्देश्य व्यक्तिगत लाभ प्राप्त करना है। सांसद ने लोगों को संबोधित करते हुए सभी से एक गाय पालने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि यदि बड़ी गाय पालना संभव न हो तो कम दूध देने वाली देशी गाय भी रखें, ताकि घर में शुद्ध दूध उपलब्ध हो सके। इसके साथ ही उन्होंने बाजार में मिलावट और उत्पादों की गुणवत्ता पर चिंता जताई। उन्होंने अपने पहलवानी गुरु बाबा हरिशंकर दास के बारे में यादें साझा कीं। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम एकता को बढ़ावा देता है। वरिष्ठ नागरिक सम्मान समारोह और वस्त्र वितरण का आयोजन किया गया। पूर्व सांसद बृजभूषण सिंह शनिवार दोपहर करीब 12:30 बजे अपने हेलीकॉप्टर से कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे, जहां हेलीपैड और मंच पर समर्थकों द्वारा भव्य स्वागत किया गया।

## 150 दिव्यांग बच्चों को उपकरण वितरित

**हैदरगढ़, बाराबंकी, अमृत विचार :** बीआरसी परिसर में निपुण भारत मिशन के तहत हमारा आंगन हमारे बच्चे उत्सव का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बेसिक शिक्षा और बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग ने भाग लिया। उत्सव में 150 दिव्यांग बच्चों को विशेष उपकरण वितरित किए गए, जबकि अन्य बच्चों को पुरस्कार देकर उनका उत्साहवर्धन किया गया। मिशन के तहत उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख आरती रावत मुख्य अतिथि, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रामदेव सिंह और चेयरमैन आलोक तिवारी विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। कार्यक्रम की शुरुआत बच्चों द्वारा सरस्वती वंदना और स्वागत गीत से हुई, जिसके बाद सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने सबका मन मोह लिया। मुख्य अतिथि आरती रावत ने बच्चों को सरकारी स्कूल भेजने की अपील की।



पानी की टंकी का उद्घाटन करते सांसद तनुज पुनिया। ● अमृत विचार

### सांसद ने किया पानी की टंकी का उद्घाटन

**बाराबंकी, अमृत विचार :** शनिवार को नानमऊ ब्लाक हरख और बेहटा ब्लाक मसौली में आयोजित बैठकों के दौरान सांसद तनुज पुनिया ने जल ज्योति मिशन और जल निगम द्वारा निर्मित पानी की टंकी का उद्घाटन किया। उद्घाटन समारोह में विभाग के सभी संबंधित अधिकारी भी उपस्थित रहे। सांसद पुनिया ने उद्घाटन के बाद कहा कि कीमत पानी की नहीं, प्यास की होती है। मेरा प्रयास रहता है कि केन्द्र और राज्य सरकार की योजनाओं को अपने जनपद में सुचारु रूप से लागू कर आम जनता को किसी भी असुविधा से बचाया जा सके। बेहटा ब्लाक मसौली में टंकी का उद्घाटन करते हुए उन्होंने बताया कि ग्रामवासियों को गर्मियों में पानी की समस्याओं का पूर्ण आभास था और आज यह प्रयास सफल हुआ। उन्होंने यह भी कहा कि कोई समस्या जटिल नहीं होती अगर प्रयास ईमानदारी से किया जाए। सांसद पुनिया ने अपने दो वर्ष के कार्यकाल का उल्लेख करते हुए कहा कि इस दौरान उन्होंने जनपद की कई समस्याओं का समाधान किया और केन्द्र व राज्य सरकार की योजनाओं को अपने क्षेत्र में लाकर आम जनता को लाभ पहुंचाया। बैठक में हरख ब्लाक अध्यक्ष संतशरण वर्मा, मसौली ब्लाक अध्यक्ष श्रवण रावत, जसवंत वर्मा, शिव नारायण वर्मा, जितेन्द्र वर्मा, अशोक रावत, तेजा रावत, धर्मेन्द्र वर्मा, शिव शंकर, हरि प्रसाद धीमान, आरिफ करपिया, नियाज वारिस और मोहम्मद हारून सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### पेड़ की अवैध कटान की शिकायत करने पर पीटा

**सफदरगंज, बाराबंकी, अमृत विचार :** क्षेत्र में हरे आम के पेड़ अवैध रूप से काटने की शिकायत करना एक ग्रामीण को भारी पड़ गया। इससे नाराज़ लोगों ने युवक को बुलाकर मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ने पुलिस से शिकायत की है। जमलापुर निवासी सियाराम का आरोप है कि गत 4 फरवरी को गांव में लगे करीब 17 हरे आम के पेड़ बिना परमिट काटे जा रहे थे। इस कटान में पप्पू ड्राइवर, अरमान, ओमकार सिंह व रणजीत सिंह शामिल थे। सियाराम के मुताबिक, उन्होंने इसकी सूचना रामनगर वन विभाग के अधिकारियों को दी और मीडिया को भी अवगत कराया। शिकायत से नाराज़ विपक्षियों उन्हें सैदनपुर की पुलिया पर बुलाया, जहां गाली-गलौज करते हुए उनके साथ मारपीट की गई। घटना में उन्हें गंभीर चोटें आईं और मौके पर काफी भीड़ जुट गई। आरोप यह भी कि आरोपियों ने उनके खिलाफ छिनैती का मुकदमा दर्ज कराने की कोशिश की। प्रभारी निरीक्षक सफदरगंज अमित चौरसिया ने बताया कि प्रकरण संज्ञान में है। मामले की गहन जांच कर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

# फर्जी अधिकारी बनकर 48 लाख रुपये ठगे

संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** खुद को प्रदेश सरकार में विशेष सचिव व सीनियर पीसीएस अधिकारी बताकर योजना में निवेश के नाम पर एक व्यक्ति से 48 लाख रुपये ठग लिए गए। पीड़ित पुलिस के पास गया। वहां सुनवाई न होने पर उसने कोर्ट का सहारा लिया। आवास विकास कालोनी निवासी उत्कर्ष वर्मा ने कोर्ट को बताया कि दो वर्ष पूर्व उनकी मुलाकात लखनऊ निवासी सूर्य प्रकाश सैनी से वैवाहिक समारोह में हुई। सैनी ने स्वयं को प्रदेश में विशेष सचिव बताया। आरोप है कि सूर्य प्रकाश ने विकास भवन रोड स्थित 5000 वर्गफीट के प्लॉट पर मार्केट निर्माण की योजना बताकर उसमें 4500 वर्गफीट का हॉल जिम के लिए देने का प्रस्ताव रखा। इसके लिए पहले निवेश करने को कहा गया। विश्वास दिलाने के लिए वह उसे और अन्य लोगों को अपनी कथित सरकारी कार से सचिवालय ले गया और वहां पूरी प्रक्रिया समझाई। उसने अपने तथा अन्य साथियों से धन एकत्र कर आरटीजीएस, जीपीए और नकद के माध्यम से करीब 28,60,600 रुपये बैंक खाते से और लगभग 20 लाख रुपये नकद दो वर्षों में आरोपी को दिए। नकद राशि लेने के लिए आरोपी अपनी कार से बाराबंकी आता था। समय बीतने के बाद न तो कोई निर्माण कार्य शुरू हुआ और न ही रजिस्ट्री की गई। आरोप है कि जब उसने संपर्क करना चाहा तो आरोपी ने फोन उठाना बंद कर दिया। बाद में जानकारी मिली कि आरोपी के विरुद्ध गौतम पल्ली थाना में धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज है और वह गिरफ्तार भी हो चुका है।

**आईआईए की मंथन बैठक** | 50 से अधिक उद्योग प्रतिनिधि हुए शामिल

# समस्याओं का निस्तारण प्राथमिकता : एसई

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन (आईआईए) बाराबंकी चैप्टर द्वारा 'मंथन बैठक' के अंतर्गत विद्युत वितरण खंड (ईडीसी) अधिकारियों के साथ कुर्सी रोड इंडस्ट्रियल एरिया स्थित आईआईए कार्यालय एडमिन ब्लॉक में बैठक आयोजित की गई।

उद्योगों की सुविधा के लिए बैठक औद्योगिक क्षेत्र में ही रखी गई, जिसमें 50 से अधिक उद्योग प्रतिनिधियों ने भाग लिया। बैठक में अधीक्षण अभियंता (एसई) राजबाला की विशेष उपस्थिति रही। उद्योग प्रतिनिधियों ने विद्युत आपूर्ति, बिलिंग, ब्रेकडाउन व तकनीकी समस्याएं विस्तार से रखीं, जिनमें कई का समाधान मौके पर ही कर दिया गया। कुछ इकाइयों के मामलों का एक सप्ताह में निस्तारण का आश्वासन दिया।



बैठक में शामिल अधीक्षण अभियंता व आईआईए के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

बिलिंग समस्याओं के समाधान के लिये एसई ने अगले सप्ताह कुर्सी रोड इंडस्ट्रियल एरिया में तीन दिवसीय विशेष कैंप लगाने की घोषणा की, जिससे उद्योगों को फतेहपुर कार्यालय नहीं जाना पड़ेगा। इस पहल का प्रतिनिधियों ने स्वागत किया। अधीक्षण अभियंता राजबाला ने कहा कि विभाग के लगभग 90 प्रतिशत राजस्व का स्रोत एमएसएमई इकाइयां हैं, इसलिए उद्योगों की समस्याओं का निवारण सर्वोच्च प्राथमिकता हैं। बैठक में अधिशासी अभियंता, एसडीओ, जेई सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। आयोजन आईआईए बाराबंकी चैप्टर के अध्यक्ष विद्यु गुप्ता, सचिव अमन अग्रवाल व कोषाध्यक्ष अभिषेक पाठक के नेतृत्व में हुआ। इस अवसर पर आईआईए के राष्ट्रीय सचिव प्रमित सिंह, अयोध्या मंडल अध्यक्ष डॉ. कैप्टन राजेश तिवारी तथा महिला प्रकोष्ठ की कप्तान अपर्णा मिश्रा भी उपस्थित रहीं।

### जीत के बाद बच्चों का प्रधान ने किया सम्मान



छात्र-छात्राओं को सम्मानित करते ग्राम प्रधान व स्कूल स्टाफ। ● अमृत विचार

**मसौली, बाराबंकी, अमृत विचार :** परिषदीय विद्यालयों की जनपद सुल्तानपुर में आयोजित मंडलीय स्तर की बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम में कंपोजिट विद्यालय चिलौकी के छात्रों ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में अमेठी, अंबेडकर नगर, अयोध्या, सुल्तानपुर और बाराबंकी के छात्र-छात्राओं की टीमें शामिल थीं। कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच चिलौकी की टीम ने शानदार प्रदर्शन कर मंडल में पहला स्थान प्राप्त किया। सभी विजेताओं का स्वागत और सम्मान ग्राम प्रधान सोमनाथ राजपूत और सुरेश चंद्र, अध्यक्ष उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षक संघ मसौली ने किया। सम्मानित छात्र-छात्राओं में समरीन, फरहीन, अंशिका, अन्नपूर्णा, अन्नया यादव, मुकेश, राम मोहन और कपिल शामिल थे। मंडल स्तरीय प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राएँ अब राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे। इस अवसर पर विश्वनाथ वर्मा, नरेंद्र कुमार, शालिनी अवस्थी, संगीता वर्मा, सुमन वर्मा, प्रतिमा गुप्ता, निहारिका सिंह, ममता द्विवेदी, दीक्षा श्रीवास्तव, गरिमा, नीलम, पार्वती, सुनीता, प्रीति, मालती, लखदेई राम, हेतु वर्मा और राहुल कुमार सहित अन्य लोग भी उपस्थित थे।

### 11,000 करोड़ रुपये की सड़क परियोजनाओं को मंजूरी

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने महाराष्ट्र, तेलंगाना और गुजरात में 11,000 करोड़ रुपये से अधिक की सड़क परियोजनाओं को मंजूरी दी है। शनिवार को आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई। आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति (सीसीईए) ने शुक्रवार को 3,320.38 करोड़ रुपये की कुल पूंजी लागत पर महाराष्ट्र में एनएच-160ए के घोटी-त्र्यंबक-जवाहर-मनोर-पालघर खंड के पुनर्वास और उन्नयन को मंजूरी दे दी।

अमृत विचार
अयोध्या, रविवार, 15 फरवरी 2026
www.amritvichar.com



न्यूज ब्रीफ

### सिग्नेचर वाणिज्यिक परियोजना में करेगी 7,500 करोड़ निवेश

**नई दिल्ली।** जमीन, मकान के विकास से जुड़ी प्रमुख कंपनी सिग्नेचर ग्लोबल (इंडिया) लिमिटेड ने गुरुग्राम में बड़ी वाणिज्यिक परियोजना विकसित करने के लिए आरएमजेड ग्रुप के साथ संयुक्त उद्यम बनाया है। इस परियोजना में कुल मिलाकर 7,500 करोड़ का निवेश किया जाएगा। गुरुग्राम स्थित सिग्नेचर ग्लोबल और बेंगलुरु की कंपनी आरएमजेड ग्रुप ने गुरुग्राम में सदर्न पेरिफेरल रोड (एसपीआर) पर 18 एकड़ में व्यावसायिक परियोजना विकसित करने के लिए संयुक्त उद्यम बनाया है। जिसमें दोनों की बराबर हिस्सेदारी है।

### ट्रेनेस का अधिग्रहण करेगी इक्सिगो

**नई दिल्ली।** यात्रा बुकिंग पोर्टल इक्सिगो के निदेशक मंडल ने स्पेन के दूसरे सबसे बड़े ट्रेन बुकिंग मंच ''ट्रेनेस'' में 60 प्रतिशत हिस्सेदारी का 1.17 करोड़ यूरो (125 करोड़ रुपये) में अधिग्रहण करने संबंधी बाध्यकारी समझौते को मंजूरी दे दी है। इक्सिगो का यह पहला बड़ा अंतर्राष्ट्रीय अधिग्रहण है। ट्रेनेस मंच का संचालन करने वाली कंपनी ऑनलाइन ट्रैवल सॉल्यूशंस में नियंत्रक हिस्सेदारी का अधिग्रहण इक्सिगो के लिए यूरोप के बाजार में रणनीतिक प्रवेश का मार्ग प्रशस्त करता है।

### जीएमआर एयरपोर्ट्स का लाभ 14 % घटा

**नई दिल्ली।** दिल्ली और हैदराबाद जैसे प्रमुख हवाई अड्डों का संचालन करने वाली कंपनी जीएमआर एयरपोर्ट्स लिमिटेड (जीएएल) का चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 14 प्रतिशत घटकर 173.96 करोड़ रुपये रहा। जीएएल ने शेयर बाजार को अक्टूबर-दिसंबर, 2025 तिमाही के इस नतीजे की सूचना दी। कंपनी ने पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 202.10 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ अर्जित किया था। लाभ में आई इस गिरावट का मुख्य कारण एकमुश्त खर्च रहे, जिनमें नए श्रम कानूनों के क्रियान्वयन से जुड़े प्रभाव और तुर्की की कंपनी सेलिबी के साथ अनुबंध समाप्त होने से जुड़े खर्च शामिल हैं।

# शहरी अवसंरचना के लिए एक लाख करोड़ का अर्बन चैलेंज फंड

## केंद्रीय मंत्रिमंडल ने केंद्रीय सहायता के साथ यूसीएफ शुरू करने को दी मंजूरी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने शहरी अवसंरचना को बड़ा प्रोत्साहन देते हुए शनिवार को एक लाख करोड़ रुपये की कुल केंद्रीय सहायता के साथ अर्बन चैलेंज फंड (यूसीएफ) शुरू करने को मंजूरी दे दी। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मंत्रिमंडल की बैठक के बाद कहा कि इस योजना के तहत केंद्र सरकार परियोजना लागत का 25 प्रतिशत हिस्सा वहन करेगी, बशर्ते कि परियोजना के लिए कम से कम 50 प्रतिशत धन बाजार से जुटाया गया हो।

आधिकारिक बयान के अनुसार, इस पहल से अगले पांच वर्षों में शहरी क्षेत्र में कुल चार लाख करोड़ रुपये का निवेश होने की उम्मीद है। यह कदम भारत के शहरी विकास दृष्टिकोण में एक बड़े बदलाव का प्रतीक है, जिसके तहत अब अनुदान-आधारित वित्तपोषण के बजाय बाजार से जुड़े, सुधार-



- बाजार से जुटाए 50% धन के बाद केंद्र परियोजना लागत का 25% हिस्सा करेगी वहन

आधारित और परिणाम-उन्मुख बुनियादी ढांचे के निर्माण पर जोर दिया जाएगा। शहरी अवसंरचना के विकास पर केंद्रित यह कोष उच्च गुणवत्ता वाले शहरी बुनियादी ढांचे के निर्माण के लिए बाजार वित्तपोषण, निजी क्षेत्र की भागीदारी और नागरिक-केंद्रित सुधारों का लाभ उठाएगा। इस कोष का लक्ष्य शहरों को भविष्य की चुनौतियों के प्रति सुदृढ़, उत्पादक, समावेशी और जलवायु-अनुकूल बनाना है, ताकि उन्हें देश की आर्थिक वृद्धि के अगले चरण के प्रमुख चालक के रूप में स्थापित किया जा सके। यह कोष वित्त वर्ष 2025-26 से वित्त वर्ष 2030-31 तक प्रभावी रहेगा, जिसे वित्त वर्ष 2033-34 तक बढ़ाया जा सकता है। यह योजना बजट 2025-26 के उस दृष्टिकोण को लागू करती है जिसमें शहरों को वृद्धि के केंद्र के रूप में विकसित करने और शहरों के रचनात्मक पुनर्विकास का प्रस्ताव दिया गया था।

### चैलेंज मोड से होगा परियोजनाओं का चयन

सरकार के अनुसार, परियोजना के वित्तपोषण का कम-से-कम 50 प्रतिशत हिस्सा म्यूनिसिपल बॉण्ड, बैंक ऋण और सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी) जैसे बाजार स्रोतों से जुटाना अनिवार्य होगा। शेष हिस्सा राज्यों, केंद्र शासित प्रदेशों या शहरी स्थानीय निकायों द्वारा वहन किया जा सकता है। परियोजनाओं का चयन पारदर्शी और प्रतिस्पर्धी ''चैलेंज मोड'' से किया जाएगा। यह कोष 10 लाख से अधिक आबादी वाले शहरों, सभी राज्यों की राजधानियों और एक लाख से अधिक आबादी वाले प्रमुख औद्योगिक शहरों को कवर करेगा। साथ ही, पूर्वोत्तर और पहाड़ी राज्यों के सभी शहरी स्थानीय निकायों और एक लाख से कम आबादी वाले छोटे निकायों को ऋण पुनर्भुगतान गारंटी योजना के तहत सहायता दी जाएगी।

### 5,000 करोड़ की ऋण पुनर्भुगतान गारंटी योजना

परियोजनाओं का मूल्यांकन उनके आर्थिक, सामाजिक और जलवायु परिवर्तन से निपटने के प्रभाव, रोजगार सृजन, सुरक्षा और स्वच्छता जैसे मानकों पर किया जाएगा। पूर्वोत्तर, पहाड़ी राज्यों और छोटे निकायों को बाजार से कर्ज लेने में मदद करने के लिए 5,000 करोड़ रुपये की ऋण पुनर्भुगतान गारंटी योजना को भी मंजूरी दी गई है। इसके तहत पहले ऋण के लिए सात करोड़ रुपये या ऋण राशि का 70 प्रतिशत (जो भी कम हो) की केंद्रीय गारंटी दी जाएगी। पहले ऋण का सफलतापूर्वक पुनर्भुगतान करने पर, अगले कर्ज के लिए सात करोड़ रुपये या ऋण राशि का 50 प्रतिशत, जो भी कम हो, उसकी केंद्रीय गारंटी प्रदान की जाएगी।

# अमेरिकी समझौते से भारत को मिलेगा प्रतिस्पर्धी दाम पर कच्चा तेल

**मुंबई, एजेंसी**

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शनिवार को कहा कि भारत एवं अमेरिका के बीच हुआ अंतरिम व्यापार समझौता देश की ऊर्जा जरूरतों को भी शामिल करेगा और इससे भारत को कच्चा तेल अधिक प्रतिस्पर्धी दरों पर हासिल करने में मदद मिलेगी। गोयल ने कहा कि भारत और अमेरिका ने वर्ष 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार को 500 अरब डॉलर तक पहुंचाने की दिशा में काम करने पर सहमति जताई है और सरकार इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए प्रयासरत है।

उन्होंने कहा कि प्रस्तावित 500 अरब डॉलर के व्यापार में कच्चा तेल, एलएनजी और रसोई गैस जैसी भारत की ऊर्जा जरूरतें भी शामिल होंगी। भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्था है और इसकी ऊर्जा मांग प्रतिवर्ष लगभग सात प्रतिशत की दर से बढ़ रही है। आयात बढ़ाने और आपूर्तिकर्ताओं की संख्या अधिक होने से कच्चा तेल अधिक प्रतिस्पर्धी कीमतों पर प्राप्त किया जा सकेगा। भारत और अमेरिका ने पिछले सप्ताह एक अंतरिम व्यापार समझौते की रूपरेखा



पर सहमति की घोषणा की थी, जिसके तहत कई वस्तुओं पर आयात शुल्क में कटौती कर द्विपक्षीय व्यापार को बढ़ावा दिया जाएगा। समझौते के तहत अमेरिका भारतीय वस्तुओं पर शुल्क 50 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत करेगा, जबकि भारत सभी अमेरिकी औद्योगिक उत्पादों और खाद्य एवं कृषि उत्पादों की एक व्यापक श्रृंखला पर आयात शुल्क खत्म कर देगा या उसमें कटौती करेगा।

वाणिज्य मंत्री ने कहा कि भारत वर्तमान में करीब 14 करोड़ टन इस्पात का वार्षिक उत्पादन करता है और आने वाले वर्षों में इसे दोगुना करने की उम्मीद है। इसके लिए देश को इस्पात निर्माण में प्रयुक्त विशेष कोयला कोकिंग कोल की जरूरत

- 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार को 500 अरब डॉलर तक पहुंचाने पर सहमत
- केंद्रीय उद्योग मंत्री बोले- व्यापार में कच्चा तेल, एलएनजी और रसोई गैस जैसी ऊर्जा जरूरतें शामिल

होगी, जिसका आयात फिलहाल लगभग 1.50 लाख करोड़ रुपये का है और इसके तीन लाख करोड़ रुपये तक पहुंचने की संभावना है। उन्होंने कहा कि भारत कोकिंग कोल के आयात के लिए दो-तीन देशों पर निर्भर है और आपूर्तिकर्ताओं की संख्या बढ़ने से प्रतिस्पर्धी मूल्य और आपूर्ति सुरक्षा सुनिश्चित होगी। गोयल ने कहा कि अमेरिका बुनियादी ढांचा, कनेक्टिविटी और वितरण से जुड़े उत्पादों में मजबूत है और भारत इन क्षेत्रों में अधिक पहुंच चाहता है ताकि डेटा सेंटर जैसे क्षेत्रों में विस्तार किया जा सके। उन्होंने बताया कि भारत का सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) निर्यात फिलहाल करीब 200 अरब डॉलर (करीब 18 लाख करोड़ रुपये) है और उन्नत अमेरिकी उपकरणों तक पहुंच से इस क्षेत्र में और बढ़ोतरी होगी। इस तरह आईटी निर्यात लगभग 45 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच सकता है।

# चावल सस्ता, चीनी महंगी खाद्य तेलों में घट-बढ़

**नई दिल्ली, एजेंसी**

घरेलू थोक जिंस बाजारों में शनिवार को चावल के औसत भाव घट गए। गेहूं में टिकाव रहा जबकि चीनी की कीमत बढ़ गयी। दालों और खाद्य तेलों की कीमतों में उतार-चढ़ाव देखा गया। औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत 106 रुपये घटकर 3,753 रुपये प्रति क्विंटल पर रही। गेहूं की कीमत 2,856 रुपये प्रति क्विंटल पर लगभग स्थिर रही। आटा 23 रुपये महंगा हुआ। दाल-दलहनों में उतार-चढ़ाव रहा। मसूर दाल औसतन 83 रुपये सस्ती हुई। चना दाल 68 रुपये और तुअर दाल 29 रुपये प्रति क्विंटल टूट गयी।

वहीं, उड़द दाल 20 रुपये और मूंग दाल चार रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई। स्थानीय बाजारों में सूरजमुखी तेल औसतन 186 रुपये और पाम ऑयल 173 रुपये प्रति क्विंटल महंगा हुआ। सोया तेल 78 रुपये और सरसों तेल 55 रुपये मजबूत हुआ। मूंगफली तेल की कीमत 38 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ी। वनस्पति 32 रुपये सस्ता हुआ।

# जियो समेत 10 देशों की 15 टेक कंपनियों ने बनाया ट्रस्टेड टेक एलायंस

**म्यूनिख, एजेंसी**

रिलायंस जियो समेत अफ्रीका, एशिया, यूरोप और उत्तरी अमेरिका की 15 अग्रणी प्रौद्योगिकी कंपनियों ने ट्रस्टेड टेक एलायंस (टीटीए) के गठन की घोषणा की है। जियो ने शनिवार को बताया कि यह गठबंधन संचार सुविधा, क्लाउड इंफ्रास्ट्रक्चर, सेमीकंडक्टर, सॉफ्टवेयर और कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) तक फैले टेक्नोलॉजी स्टैक के लिए भरोसेमंद और सत्यापित मानक विकसित करने के लिए साथ आये हैं। एलायंस में भारत की ओर से जियो प्लेटफॉर्म्स शामिल है।

जर्मनी में आयोजित म्यूनिख सिक्योरिटी कॉन्फ्रेंस के दौरान इस एलायंस का एलान किया गया। गठबंधन के संस्थापक सदस्यों में अमेजन, वेब सर्विसेज, माइक्रोसॉफ्ट, गूगल क्लाउड, एरिक्सन, नोकिया, एसएपी और एनटीटी जैसी कुल 15 कंपनियां शामिल हैं। भविष्य में और कंपनियों को इससे जोड़ा जायेगा तथा राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर तकनीकी संप्रभुता, प्रतिस्पर्धात्मकता और लचीले डिजिटल ढांचे को मजबूत करने की दिशा में काम जारी रहेगा।

- जर्मनी में आयोजित म्यूनिख सिक्योरिटी कॉन्फ्रेंस के दौरान एलायंस का किया गया एलान

लॉन्च के मौके पर जियो प्लेटफॉर्म्स के सीईओ किरण थॉमस ने कहा कि विश्व स्तर पर डिजिटल विकास को गति देने के लिए भरोसेमंद, सुरक्षित और पारदर्शी प्रौद्योगिकी जरूरी है। जियो प्लेटफॉर्म्स को टेक्नोलॉजी स्टैक में साझा मानक और सत्यापित किए जा सकने वाले तौर-तरीकों को आगे बढ़ाने के लिए ट्रस्टेड टेक एलायंस में शामिल होने पर गर्व है। इस पहल के जरिये हम वैश्विक साझेदारों के साथ मिलकर अगली पीढ़ी की संचार सुविधा, क्लाउड और एआई प्रणालियों में दीर्घकालिक भरोसा कायम करना चाहते हैं। माइक्रोसॉफ्ट के वाइस चेयर और प्रेसिडेंट ब्रैड स्मिथ ने कहा कि मौजूदा वैश्विक माहौल में समान सोच वाली कंपनियों का साथ आना जरूरी है, ताकि सीमाओं के पार तकनीक में भरोसा और उच्च मानक कायम रह सकें। एरिक्सन के सीईओ बोर्ये एकहोम ने कहा कि कोई एक कंपनी या देश अकेले सुरक्षित और भरोसेमंद डिजिटल ढांचा नहीं बना सकता, इसके लिए वैश्विक सहयोग अनिवार्य है। एलायंस के तहत सदस्य कंपनियों ने पांच प्रमुख सिद्धांतों पर सहमति जताई है। इनमें पारदर्शी कॉरपोरेट प्रशासन और नैतिक आचरण, सुरक्षित विकास प्रक्रिया और स्वतंत्र मूल्यांकन, मजबूत सप्लाई चेन व सुरक्षा निगरानी, खुला और सहयोगात्मक तथा लचीले डिजिटल पारितंत्र को बढ़ावा देना और कानून के अनुरूप डेटा सुरक्षा का सम्मान शामिल है। इन सिद्धांतों के माध्यम से कंपनियां यह सुनिश्चित करेंगी कि तकनीक सुरक्षित, विश्वसनीय और जिम्मेदारी के साथ संचालित हो, चाहे उसका विकास या उपयोग कहीं भी हो।



# राहुल गांधी अपरिपक्व, उन्हें अर्थव्यवस्था की समझ नहीं : गोयल

## विपक्ष के पास सरकार की आलोचना के लिए कोई रचनात्मक एजेंडा नहीं

**मुंबई, एजेंसी**

केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शनिवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी को अपरिपक्व बताते हुए कहा कि उन्हें अर्थव्यवस्था की समझ नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्ष के पास नरेन्द्र मोदी सरकार की आलोचना के लिए कोई रचनात्मक एजेंडा नहीं है, इसलिए वह भ्रामक सूचनाएं फैला रहा है। केंद्रीय बजट पर संवाददाताओं से बातचीत में गोयल ने कहा कि राहुल गांधी सच से हजारों मील दूर हैं और उनके जैसा विश्वनीयता खो चुका नेता चाहे लाख कोशिश कर ले, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी और उनकी राष्ट्र सेवा को नहीं रोक सकता।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस हताश है। उसके पास झूठे और मनगढ़ंत दावे करने के अलावा अन्य कोई योजना या समाधान नहीं है। हमारी आलोचना करने का कोई ठोस आधार नहीं है। वे गलत जानकारी फैलाकर किसानों को गुमराह करने की कोशिश कर रहे हैं। मुंबई उत्तर से भाजपा के लोकसभा सांसद गोयल ने कहा कि कांग्रेस अपनी सीमाओं को समझने में विफल रही है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी को अर्थव्यवस्था की कोई समझ नहीं है, वे केवल सोशल मीडिया पर झूठी और भ्रामक बातें लिखते हैं। वह सच से मीलों दूर हैं। भारत की कपास उत्पादन क्षमता और आवश्यकता दोनों बढ़ेंगी। कच्चा माल आयात कर उसे प्रसंस्कृत कर निर्यात करना वैश्विक व्यापार में पुराना तरीका है। भारत-अमेरिका व्यापार समझौते और कपास व वस्त्र क्षेत्र को लेकर राहुल गांधी की ओर से की गई आलोचना पर पलटवार करते हुए गोयल ने कहा कि जब अपरिपक्व लोग राजनीति में आते हैं तो इस स्तर के आरोप लगाए जाते हैं।

### मोदी सरकार ने नुकसान पहुंचाने वाला व्यापार समझौता किया: राहुल



**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने शनिवार को कहा कि दूरदर्शी और राष्ट्रहित में सोचने वाली कोई सरकार अमेरिका के साथ ऐसा व्यापार समझौता करती जो कपास किसानों और कपड़ा निर्यात दोनों के हितों की रक्षा सुनिश्चित करता, लेकिन मोदी सरकार ने इसके बिल्कुल उलट किया। उन्होंने यह दावा भी किया कि सरकार ने व्यापार समझौते के इन पहलुओं को छिपाया भी है। राहुल गांधी ने एक वीडियो जारी कर कहा कि 18 प्रतिशत बनाम शून्य प्रतिशत शुल्क। झूठ बोलने में माहिर प्रधानमंत्री और उनकी कैबिनेट इस बारे में भ्रम फैला रही है। किस तरह से वे भारत-अमेरिका व्यापार समझौते से देश के कपास उत्पादकों और वस्त्र निर्यातकों को धोखा दे रहे हैं।" उन्होंने कहा कि बांग्लादेश को अमेरिका में वस्त्र निर्यात पर शून्य प्रतिशत शुल्क का फायदा दिया जा रहा है, शर्त बस इतनी है कि वे अमेरिकी कपास आयात करें। कांग्रेस नेता ने कहा कि भारत के गारमेंट्स पर 18 प्रतिशत शुल्क की घोषणा के बाद जब मैंने संसद में बांग्लादेश को मिल रही खास रियायत पर सवाल उठाया, तब मोदी सरकार के मंत्री का जवाब आया कि अगर यही फायदा हमें भी चाहिए, तो अमेरिका से कपास मंगवानी होगी। उन्होंने सवाल किया कि आखिर ये बात देश से छुपाई क्यों गई? कांग्रेस नेता ने कहा कि ये कैसी नीति है? क्या यह सचमुच में कोई विकल्प है या फिर आगे कुआं, पीछे खाई की हालत में फंसाने वाला जाल?

### शबरिमला सोना चोरी मामले की जांच अंतिम चरण में

**तिरुवनंतपुरम।** केरल के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) आर चंद्रशेखर ने शनिवार को कहा कि शबरिमला के भगवान अयप्पा मंदिर में सोने की चोरी से जुड़े मामले में एसआईटी की ओर से की जा रही जांच अंतिम चरण में है और उचित तरीके से आगे बढ़ रही है। चंद्रशेखर ने यहां संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि जांच उच्च न्यायालय की निगरानी में की जा रही है, जो उस पर कड़ी नजर रख रहा है।

उन्होंने कहा कि विशेष जांच दल मामले की अच्छी तरह से जांच कर रहा है। उच्च न्यायालय उचित निगरानी कर रहा है। चंद्रशेखर ने कहा कि एसआईटी की जांच अंतिम चरण में पहुंच गई है। शबरिमला मंदिर में सोने की चोरी से जुड़ा मामला द्वारपालकों (संरक्षक देवता) की मूर्तियों और श्रीकोविल (गर्भगृह) के दरवाजे की चौखटों पर सोने की अतिरिक्त परत चढ़ाने के काम के दौरान हुई कथित हेराफेरी से उपजा है। उच्च न्यायालय की ओर से गठित एसआईटी द्वारपालकों की मूर्तियों और श्रीकोविल के दरवाजे की चौखटों से सोना गायब होने से जुड़े मामले की जांच कर रही है।

### डिब्रूगढ़ में प्रधानमंत्री



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को असम के डिब्रूगढ़ जिले में स्थित आपातकालीन लैंडिंग सुविधा (ईएलएफ) में भारतीय वायु सेना के लड़ाकू विमानों, परिवहन विमानों और हेलीकॉप्टरों द्वारा प्रदर्शित हवाई प्रदर्शन में शामिल होने पहुंचे। पीएम मोदी ने भारतीय वायु सेना के विमान से पूर्वोत्तर की पहली आपातकालीन लैंडिंग सुविधा पर लैंडिंग की। ● एजेंसी

### आंध्र प्रदेश ने पेश किया 3.32 लाख करोड़ का बजट

**अमरावती।** आंध्र प्रदेश सरकार ने शनिवार को 2026-27 के लिए 3.32 लाख करोड़ से अधिक का बजट पेश किया जिसमें 2.56 लाख करोड़ रुपये के राजस्व व्यय और लगभग 54,000 करोड़ रुपये के पूंजीगत व्यय का प्रस्ताव रखा गया है। आंध्र प्रदेश के वित्त मंत्री पय्यावुला केशव ने विधानसभा में बजट पेश करते हुए कहा कि अनुमानित राजस्व घाटा 22,000 करोड़ (जीएसडीपी का 1.11 प्रतिशत) होगा।

# आतिशी वीडियो विवाद में दस्तावेज उपलब्ध कराने की मांग

**नई दिल्ली, एजेंसी**

दिल्ली विधानसभा ने सिख गुरुओं के खिलाफ विपक्ष की नेता आतिशी की कथित टिप्पणी वाले वीडियो को लेकर पंजाब के जालंधर में दर्ज मामले से जुड़े दस्तावेज उपलब्ध कराने की मांग दोहराई है। विधानसभा सचिवालय ने शुक्रवार को पंजाब के अतिरिक्त मुख्य सचिव (गृह), पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) और अन्य अधिकारियों को पत्र लिखकर मामले में 20 फरवरी तक अपना रुख स्पष्ट करने को कहा है।

पत्र में पंजाब के अतिरिक्त मुख्य सचिव (गृह) को जालंधर में दर्ज प्राथमिकी, जिस शिकायत के आधार पर मामला दर्ज किया गया और फॉरेंसिक प्रयोगशाला, सोशल मीडिया विशेषज्ञ तथा पुलिस के तकनीकी प्रकोष्ठ की रिपोर्ट की प्रतियां पेश करने का भी निर्देश दिया गया है। यह मामला जनवरी में दिल्ली विधानसभा के शीतकालीन सत्र में आतिशी की ओर से कथित तौर पर की गई एक टिप्पणी से उपजा है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेताओं ने आरोप लगाया था कि आम आदमी पार्टी (आप) की वरिष्ठ नेता की टिप्पणी सिख गुरुओं के प्रति अपमानजनक थी। उन्होंने विधानसभा की कार्यवाही से जुड़ी एक वीडियो क्लिप सोशल मीडिया पर साझा की थी।

इसी बीच, पंजाब पुलिस ने संबंधित वीडियो क्लिप को साझा किए जाने के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया। बाद में इस मामले को दिल्ली विधानसभा की विशेषाधिकार समिति के पास भेजा गया। विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता के निर्देश पर वीडियो क्लिप की फिर से फॉरेंसिक जांच कराई गई, जिसमें दावा किया गया कि वीडियो के साथ कोई "छेड़छाड़" नहीं की गई है। आतिशी ने विशेषाधिकार समिति के समक्ष पेश दलीलों में अपने ऊपर लगे आरोपों का खंडन किया है और विधानसभा की कार्यवाही की रिकॉर्डिंग उपलब्ध कराने की मांग की है। विधानसभा सचिवालय ने पंजाब के अधिकारियों को लिखे पत्र में कहा कि प्रक्रिया नियमों के अनुसार, विशेषाधिकार समिति के विचार के लिए उनके जवाब और दस्तावेज निर्धारित समय के भीतर उपलब्ध कराए जाने आवश्यक हैं, ऐसा न करने पर विशेषाधिकार का उल्लंघन और अवमानना मानी जा सकती है।

# निसार उपग्रह मिट्टी की नमी का कर रहा आकलन :इसरो

**चेन्नई, एजेंसी**

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने शनिवार को बताया कि भारत-अमेरिका का संयुक्त उपग्रह निसार (एनआईएसएआर) अब हर 12 दिन में 100 मीटर रेजोल्यूशन पर मिट्टी की नमी (सॉइल मॉइस्चर) की लगभग रियल-टाइम निगरानी कर रहा है। इसरो ने जानकारी देते हुए बताया कि नासा-इसरो सिंथेटिक अपर्चर रडार (निसार) एस-बैंड और एल-बैंड में भारतीय भू-भाग की व्यवस्थित इमेजिंग कर रहा है, जिससे उच्च-रिजोल्यूशन वाला और जमीन पर घास का व्यापक डेटा प्राप्त हो रहा है। इस डेटा का उपयोग 100 मीटर रेजोल्यूशन पर मिट्टी की नमी के उत्पाद तैयार करने में सफलतापूर्वक किया गया है। मिट्टी की नमी, फसल स्वास्थ्य, सिंचाई की आवश्यकता और सूखे के जोखिम का प्रमुख संकेतक है, जो भारत की कृषि और जल प्रबंधन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

एस-बैंड और एल-बैंड दोनों के आंकड़ों से तैयार उत्पाद देश के विविध कृषि-जलवायु क्षेत्रों-सिंचित मैदानों, वर्षा-आधारित खेती, अर्ध-शुष्क और उच्च वर्षा क्षेत्रों-में सुसंगत आकलन प्रदान करते हैं। इसरो ने कहा कि निसार के एल-बैंड और एस-बैंड की पूरक क्षमताएं इसे और प्रभावी बनाती हैं-एल-बैंड वनस्पति के भीतर गहराई तक प्रवेश और बेहतर संवेदनशीलता देता है, जबकि एस-बैंड सतही स्तर पर अधिक सूक्ष्म विवरण प्रदान करता है। संयुक्त दोहरी-आवृत्ति आधारित उत्पाद विविध कृषि परिदृश्यों में अधिक सुदृढ़ परिणाम देते हैं।

### सोनीपत में सड़क हादसे में पांच दोस्तों की मौत

**चंडीगढ़, एजेंसी:** हरियाणा के सोनीपत जिले में एक एसयूवी पेड़ से टकरा गई और इस हादसे में पांच दोस्तों की मौत हो गई, जबकि दो घायल हो गए। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि सातों लोग गोहाना के भावड़ गांव में एक शादी समारोह में शामिल होने के बाद शुक्रवार शाम को रोहतक लौट रहे थे और इस दौरान यह हादसा हुआ। पुलिस ने कहा कि टक्कर में एसयूवी क्षतिग्रस्त हो गई और तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो ने अस्पताल में दम तोड़ दिया। घायलों में से एक की हालत गंभीर बनी हुई है। अधिकारियों ने कहा कि मृतकों की पहचान सागर, दीपक, साहिल, मोहित और अंकुश के रूप में हुई है। सभी की उम्र 22 से 27 साल के बीच है।

# मुंबई में निर्माणाधीन मेट्रो लाइन का स्लैब गिरने से एक व्यक्ति की मौत

● मुलुंड इलाके में शनिवार दोपहर को हुई घटना में तीन लोग घायल

मुंबई, एजेंसी

मुंबई के मुलुंड इलाके में शनिवार दोपहर निर्माणाधीन मेट्रो रेल लाइन-चार के पुल का स्लैब कुछ वाहनों पर गिर गया, जिससे एक व्यक्ति की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि दोपहर बाद एलबीएस रोड पर जॉनसन एंड जॉनसन फैक्टरी के पास गर्डर पुल की पैरापेट दीवार का एक स्लैब एक ऑटो रिक्शा और स्कोडा कार पर गिर गया, जिससे दोनों वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए।

दमकल विभाग के अधिकारी ने मृतक की पहचान रामधन यादव



और घायलों की पहचान राजकुमार इंद्रजीत यादव, महेंद्र प्रताप यादव और दीपा रुहिया के रूप में की। राजकुमार की हालत गंभीर है और उसे पास के अस्पताल के आईसीयू में भर्ती कराया गया है, जबकि महेंद्र व दीपा की स्थिति स्थिर बताई गई है। मुंबई महानगर क्षेत्रीय विकास प्राधिकरण ने बताया कि दोपहर 12: 15 बजे पियर-196 के पास, मुलुंड दमकल केंद्र के नजदीक दीवार का एक हिस्सा वहां से गुजर रहे ऑटो रिक्शा पर गिर गया। मेट्रो परियोजना की टीम बीएमसी अधिकारियों के साथ राहत कार्यों में जुटी है। हादसे के सटीक कारण का पता लगाने के लिए जांच जारी है। दक्षिण-मध्य मुंबई के वडाला से पड़ोसी जिले ठाणे तक लाइन-चार का निर्माण किया जा रहा है और इसका बड़ा हिस्सा घाटकोपर, विक्रोली, भांडुप और मुलुंड जैसे क्षेत्रों को जोड़ने वाले एलबीएस रोड के ऊपर से गुजरता है।

## इमरजेंसी लैंडिंग फैसिलिटी

चीन सीमा के करीब देश की सामरिक शक्ति में शनिवार 14 फरवरी 2026 को एक नया अध्याय जुड़ गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वायुसेना के विशेष विमान से असम के डिब्रूगढ़ जिले में मोरान बाईपास पर बनी आपात लैंडिंग सुविधा पर उतरे। प्रधानमंत्री मोदी की लैंडिंग के साथ ही हाइवे पर स्थित यह पट्टी वायुसेना के रणनीतिक नेटवर्क का हिस्सा बन गई। पीएम मोदी भारतीय वायुसेना के सी-130जे सुपर हरक्यूलिस विमान से हाइवे पर बने इस 4.2 किलोमीटर लंबी एयरस्ट्रिप (इमरजेंसी लैंडिंग फैसिलिटी) पर उतरे। यह सुविधा न केवल राष्ट्रीय सुरक्षा के लिहाज से महत्वपूर्ण है, बल्कि प्राकृतिक आपदाओं के समय राहत कार्यों में भी गेम-चेंजर साबित होगी। आइए जानते हैं देश में यह सुविधा और कहां है और इसके क्या लाभ हैं।

## युद्ध व शांति का सारथी



### क्या है इमरजेंसी लैंडिंग फैसिलिटी

● ईएलएफ यानी इमरजेंसी लैंडिंग फैसिलिटी युद्ध और आपात स्थिति में वैकल्पिक रनवे की सुविधा है। जहां हाईवे पर पट्टी बनाई जाती है। जो कि युद्ध या आपातकाल में लड़ाकू विमानों, ट्रांसपोर्ट विमान और हेलीकॉप्टरों के लिए वैकल्पिक लैंडिंग की जगह देती है। ईएलएफ 40 टन तक के फाइटर विमान और 74 टन तक के अधिकतम भार वाला परिवहन विमान को संभालने में सक्षम है।

● सरकार की देशभर में 28 ईएलएफ बनाने की योजना है। फिलहाल असम को छोड़कर देश में पांच जगह इमरजेंसी लैंडिंग की सुविधा है। असम में यह सुविधा का शुरू होना इसलिए भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह चीन सीमा के काफी पास है, जो कि सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है।

### विशेषताएं एवं क्षमता

● विमानों की क्षमता : असम की इस 4.2 किमी लंबी एयरस्ट्रिप पर 40 टन तक के लड़ाकू विमान (जैसे राफेल, सुखोई-30 एमकेआई) और 74 टन तक के भारी मालवाहक विमान (जैसे सी-130जे) आसानी से उतर और उड़ान भर सकते हैं।

● रणनीतिक स्थान : यह चीन सीमा (एलएसी) से लगभग 300 किमी और म्यांमार सीमा से 200 किमी की दूरी पर स्थित है, जो युद्ध की स्थिति में त्वरित प्रतिक्रिया के लिए महत्वपूर्ण है।

● लागत : मोरान ईएलएफ को लगभग 100 करोड़ की लागत से विकसित किया गया है।

### देश में इन पांच जगहों पर सुविधा

● राजस्थान के बाड़मेर (एनएच-925ए) ● यूपी के आगरा-लखनऊ और पूर्वांचल एक्सप्रेसवे ● ओडिशा के बालासोर (एनएच-16) ● आंध्र प्रदेश के नेल्लोर (एनएच-16)

प्रधानमंत्री मोदी हाईवे रनवे पर उतरने वाले देश के पहले प्रधानमंत्री बन गए हैं। उद्घाटन के दौरान राफेल और सुखोई विमानों ने शानदार हवाई प्रदर्शन किया।

### ईएलएफ के मुख्य फायदे

● रणनीतिक बढ़त : यदि युद्ध के समय दुश्मन मुख्य वायु सेना ठिकानों (एयर बेस) को निशाना बनाता है, तो ये राजमार्ग वैकल्पिक रनवे के रूप में काम आएंगे।

● आपदा राहत : भूकंप या बाढ़ जैसी आपदाओं में, जब पारंपरिक हवाई अड्डे बाधित हों, तब इन स्ट्रिप्स के जरिए राहत सामग्री और रेस्क्यू टीमों को सीधे प्रभावित इलाकों तक पहुंचाया जा सकता है।

● लागत प्रभावी : अलग से बड़े रनवे और बुनियादी ढांचे के बजाय मौजूदा राजमार्गों का उपयोग करना किफायती और व्यावहारिक है।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### बांग्लादेश में 18 तक शपथ लेगी नई सरकार

**ढाका।** बांग्लादेश के कैबिनेट सचिव डॉ. शेख अब्दुर रशीद ने शनिवार को घोषणा की कि देश की नई कैबिनेट 18 फरवरी तक शपथ ले लेगी। डॉ रशीद ने आज यहां सचिवालय स्थित अपने कार्यालय में यह जानकारी दी। संवैधानिक और कानूनी अनिवार्यताओं का स्पष्ट करते हुए उन्होंने बताया कि कानून के अनुसार, नवनिर्वाचित सांसदों का शपथ ग्रहण समारोह 17 फरवरी तक हर हाल में पूरा किया जाना अनिवार्य है। सांसदों के शपथ लेने के तुरंत बाद नई सरकार के गठन की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। विश्वास जताया कि 18 फरवरी तक नई कैबिनेट का शपथ ग्रहण हो जाएगा।

### नौका पर अमेरिकी हमले में तीन की मौत

**वाशिंगटन।** अमेरिकी सेना ने कहा कि उसने मादक पदार्थ तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए कैरेबियाई सागर में फिर एक नौका पर हमला किया है। अमेरिका के दक्षिणी कमान ने सोशल मीडिया पर बताया कि यह नौका कैरेबियाई सागर में मादक पदार्थ तस्करी के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले मार्गों से गुजर रही थी और इसके जरिए तस्करी की जा रही थी। उसने हमले में तीन लोगों के मारे जाने की पुष्टि की है। पोस्ट के साथ साझा किए गए एक वीडियो में एक नौका पानी में जाती दिखाई दे रही है और अचानक आग लगने के बाद विस्फोट हो जाता है।

### नोबेले विजेता नरगिस की तबीयत बिगड़ी

**पेरिस।** ईरान की जेल में बंद नोबेल शांति पुरस्कार विजेता नरगिस मोहम्मदी की सेहत लगातार खराब हो रही है। यह जानकारी उनके पति ताघी रहमानी ने दी। रहमानी ने पेरिस में अपने घर पर कहा कि 12 दिसंबर को ईरान के पूर्वी शहर मशहद की यात्रा के दौरान उनकी पत्नी को गिरफ्तार किया गया, जिसके बाद से वह उनसे बात नहीं कर पाए हैं। रहमानी ने कहा कि नरगिस की खराब सेहत की जानकारी रिहा किए गए बंदियों से मिली है, जिन्हें उनकी पत्नी के साथ रखा गया था।

### रूसी नेता नवलनी को दिया गया था जहर

**लंदन।** पांच यूरोपीय देशों ने दावा किया कि रूस के विपक्षी नेता एलेक्सी नवलनी को प्राण घातक जहर दिया गया था और इसके लिए रूस की सरकार जिम्मेदार है। ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी, स्वीडन और नीदरलैंड के विदेश मंत्रालयों ने शनिवार को कहा कि दो साल पहले दिवंगत हुए नवलनी के नमूनों के विश्लेषण से एपाइबेटिडाइन की पुष्टि हुई है। यह दक्षिण अमेरिका में पाए जाने वाले जहरीले डार्ट मेंढकों में पाया जाने वाला एक विष है।

# ट्रंप बोले-ईरान में सत्ता का परिवर्तन सबसे अच्छी बात होगी, जो संभव है

## अमेरिकी राष्ट्रपति ने फोर्ट ब्रैग में सैनिकों से मुलाकात के दौरान की टिप्पणी

● ईरान को लेकर ट्रंप का अब तक का सबसे स्पष्ट बयान

वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि ईरान में सत्ता परिवर्तन सबसे अच्छी बात होगी जो हो सकती है। जो देश के धार्मिक नेतृत्व को हटाने के समर्थन में उनके अब तक के सबसे स्पष्ट बयानों में से एक को दर्शाता है। ट्रंप ने ये टिप्पणियां उत्तरी कैरोलिना के फोर्ट ब्रैग में सैनिकों से मुलाकात के तुरंत बाद कीं और इससे पहले दिन में उन्होंने पुष्टि की थी कि वह मध्य पूर्व में दूसरा विमानवाहक पोत समूह तैनात कर रहे हैं।

राष्ट्रपति ट्रंप ने चेतावनी दी कि ईरान के साथ परमाणु समझौता न होने पर बेहद भयावह परिणाम हो सकते हैं। उन्होंने अतीत के सैन्य हमलों और संभावित परिणामों का भी हवाला दिया। उन्होंने कहा, ईरान के साथ हमें समझौता करना ही होगा, अन्यथा यह बेहद-बेहद भयावह होगा। उन्हें पहली बार में ही समझौता कर लेना चाहिए था लेकिन उन्हें इसके बजाय मिडनाइट हैमर मिला। उन्होंने दशकों की कूटनीति की आलोचना करते हुए कहा, पिछले 47 वर्षों से वे सिर्फ बातें करते रहे हैं। इस बीच हमने बहुत सी जानें गंवाई हैं... पैर, हाथ, चेहरे सब उड़ गए। यह संघर्ष बहुत लंबा चल रहा है। उन्होंने पुष्टि की कि वे पश्चिम एशिया में दूसरा विमानवाहक पोत भेज रहे हैं और कहा, अगर इस्लामिक गणराज्य के साथ हमारा कोई समझौता नहीं होता तो हमले की राह खुली है।

जब उनसे पूछा गया कि ईरान का नेतृत्व कौन संभालेगा, तो उन्होंने कहा, कुछ लोग हैं लेकिन कोई विशिष्ट जानकारी नहीं दी।

ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई ने अभी तक राष्ट्रपति ट्रंप की टिप्पणियों पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है।



### मादुरो पर कार्रवाई ने दिखाई अमेरिकी ताकत

**फोर्ट ब्रैग।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को पकड़ने वाले अमेरिकी विशेष बलों की प्रशंसा करते हुए कहा कि पिछले महीने की गई इस कार्रवाई से पूरी दुनिया ने अमेरिका की पूर्ण सैन्य शक्ति को देखा और इससे यह सुनिश्चित हुआ कि दुनियाभर के संभावित शत्रु हमसे डरें। ट्रंप ने फोर्ट ब्रैग के सैनिकों और उनके परिवारों को संबोधित करते हुए कहा, आपके कमांडर-इन-चीफ पूरी तरह आपका समर्थन करते हैं। जब जरूरत होगी, आप लड़ेंगे आप जीतेंगे। राष्ट्रपति और प्रथम महिला मेलानिया ट्रंप ने सैन्य परिवारों से निजी तौर पर भी मुलाकात कीं। राष्ट्रपति ने कहा, उस रात पूरी दुनिया ने देखा कि अमेरिकी सेना क्या कर सकती है। यह अभियान इतना सटीक और अविश्वसनीय था। ट्रंप ने कहा, जब तक मैं राष्ट्रपति हूं, हम दुनिया की सबसे बेहतरीन सेना होंगे।

### तेहरान पर दबाव बढ़ाएं वैश्विक नेता

**म्यूनिख।** ईरान के भविष्य को लेकर महत्वपूर्ण भूमिका निभाने की कोशिश कर रहे देश के निर्वासित शहजादे रजा पहलवी ने कहा है कि यदि लोकतांत्रिक देश चुपचाप देखते रहे तो ईरान में और अधिक मौतें होने की संभावना है। पहलवी के समर्थक शनिवार को जर्मनी के म्यूनिख में एकत्रित विश्व नेताओं से उम्मीद कर रहे थे कि वे ईरानी सरकार पर बदलाव के लिए दबाव बढ़ाएंगे। ईरान के अपदस्थ शाह के पुत्र पहलवी ने शनिवार को म्यूनिख में चेतावनी दी कि यदि लोकतांत्रिक देश चुपचाप देखते रहे तो ईरान में और अधिक मौतें होने की संभावना है। वर्ष 1979 में देश छोड़ चुके पहलवी ने कहा, हम इस संकट की घड़ी में यह पूछने के लिए एकत्रित हुए हैं कि क्या दुनिया ईरान के लोगों के साथ खड़ी होगी?

# राहुल गांधी की झूठ बोलकर गुमराह करने की नीति जान चुकी है जनता

● पुडुचेरी में भाजपा की रैली में बोले केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह

कराईकल (पुडुचेरी), एजेंसी

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को कहा कि हाल में किए गए मुक्त व्यापार समझौतों एवं भारत-अमेरिका व्यापार समझौते में देश के किसानों और मछुआरों के हितों की पूरी तरह से रक्षा की गई है। उन्होंने कांग्रेस के शीर्ष नेता राहुल गांधी पर झूठ बोलकर किसानों एवं मछुआरों को गुमराह करने और भ्रम पैदा करने की कोशिश करने का आरोप लगाया।

लोकसभा में विपक्ष के नेता पर तीखा हमला बोलते हुए शाह ने आरोप लगाया कि गांधी ने रोजाना झूठ बोलने की एक नई परंपरा शुरू कर दी है। पुडुचेरी के कराईकल में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की एक बड़ी रैली को संबोधित करते हुए शाह ने कहा कि झूठ बोलना, जोर-जोर से झूठ बोलना और उसे दोहराना राहुल गांधी की नीति है। लेकिन लोग आपकी झूठ गढ़ने वाली फैक्टरी को पहचान चुके हैं।

शाह ने आरोप लगाया कि राहुल गांधी देश के मछुआरों और किसानों को गुमराह करना चाहते हैं। उनका इरादा झूठ बोलकर भ्रम फैलाना है। शाह ने कहा कि ब्रिटेन और यूरोपीय संघ के साथ हस्ताक्षरित मुक्त व्यापार समझौतों के अलावा भारत-अमेरिका व्यापार समझौते में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किसानों, मछुआरों और पशुपालकों की 100 प्रतिशत सुरक्षा सुनिश्चित की है। राहुल गांधी से एफटीए और व्यापार समझौते के प्रावधानों को ध्यानपूर्वक पढ़ने का आग्रह करते हुए शाह ने दोहराया कि भारतीय हितधारकों के हितों को 100 प्रतिशत सुनिश्चित किया गया है। मछुआरों को एफटीए से लाभ होगा।

उन्होंने आरोप लगाया कि मनमोहन सिंह के नेतृत्व वाली संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) सरकार के दौरान किसानों के हितों को बेच दिया गया था।



पुडुचेरी में भारतीय जनता पार्टी के दीवार लेखन अभियान के तहत एक दीवार पर पार्टी के चुनाव प्रतीक कमल बनाते केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह।

### कांग्रेस नेतृत्व की सरकार पर साधा निशाना

प्रधानमंत्री मोदी ने किसानों, पशुपालन से जुड़े भाइयों और बहनों एवं मछुआरों को 100 प्रतिशत सुरक्षा प्रदान करने के लिए काम किया है। भाजपा के शीर्ष नेता ने भ्रष्टाचार को लेकर वी. नारायणसामी के नेतृत्व वाली पुडुचेरी की कांग्रेस के नेतृत्व वाली सरकार (2016 से 2021) को निशाना बनाया और कैग (नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक) की हालिया रिपोर्ट का हवाला देते हुए आरोप लगाया कि पार्टी के नेतृत्व वाली सरकार के दौरान केंद्र शासित प्रदेश में 15,000 करोड़ रुपये का पूरा विकास कोष हड़प लिया गया। उन्होंने कहा कि मामले की जांच शुरू हो चुकी है।

## इंडिगो विमान को मिली बम धमकी निकली अफवाह

**कोलकाता।** बम की धमकी के बाद शनिवार को शिलांग जाने वाला एक विमान कोलकाता हवाई अड्डे पर करीब चार घंटे तक फंसा रहा। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, इंडिगो की उड़ान संख्या 6ई 7304 में बम होने का दावा करने वाला हाथ से लिखा एक नोट मिला जिसके बाद उसे आइसोलेशन बे में ले जाया गया। विमान की गहन जांच के बाद धमकी एक अफवाह साबित हुई। पूरी तलाशी लेने के बाद विमान ने दोपहर 1:33 बजे गंतव्य के लिए उड़ान भरी। एएआई के एक प्रवक्ता ने बताया कि विमान के उड़ान भरने से लगभग 15 मिनट पहले यानी सुबह करीब 9:15 बजे चालक दल के एक सदस्य को विमान के शौचालय में धमकी वाला नोट मिला।

## पश्चिमी देशों की सोच गलत, नहीं टूटेंगे रिश्ते

● रुबियो ने ट्रांस-अटलांटिक संबंध मजबूत रखने की इच्छा जताई

म्यूनिख, एजेंसी

अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन के तहत अमेरिका और यूरोप के संबंधों का मैत्रीपूर्ण और आश्वस्त करने वाला आकलन प्रस्तुत करते हुए शनिवार को कहा कि पिछली आलोचनाओं का कठोर लहजे का उद्देश्य ट्रांस-अटलांटिक संबंधों में नई शुरुआत को प्रोत्साहित करना था। रुबियो म्यूनिख सुरक्षा सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे।

शुक्रवार को जर्मन चांसलर फ्रेडरिक मर्ज ने इस वर्ष के सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए अमेरिका और यूरोप से ट्रांस-अटलांटिक विश्वास को एक साथ पुनर्स्थापित और पुनर्जीवित करने का आह्वान किया। मर्ज ने कहा कि एक ऐसी दुनिया में जहां पुरानी व्यवस्था कमजोर पड़ चुकी है, वहां अमेरिका भी अकेले आगे बढ़ने के लिए पर्याप्त शक्तिशाली नहीं है।

रुबियो ने तर्क दिया कि शीत युद्ध में पश्चिम की विजय के उत्साह ने एक खतरनाक भ्रम को जन्म दिया कि हम संघर्षपूर्ण इतिहास को पीछे छोड़ चुके हैं और अब हर राष्ट्र एक उदार लोकतंत्र होगा। वेंस के रुख की तुलना में कम टकराव वाला दृष्टिकोण अपनाते हुए, उन्होंने स्वीकार किया कि ट्रंप प्रशासन ने अपने रुख को स्पष्ट रूप से व्यक्त किया है, लेकिन यह भी स्पष्ट कर दिया कि वह उनसे पीछे नहीं हटेगा।

## अमेरिका में भारत का छात्र लापता तेज की गई तलाश

**बेंगलुरु।** अमेरिका के सैन फ्रांसिस्को में भारत के महावाणिज्य दूतावास ने कर्नाटक निवासी 22 वर्षीय विद्यार्थी साकेत श्रीनिवासैया के लापता होने पर गहरी चिंता जताई है। दूतावास ने कहा है कि वह स्नातकोत्तर की पढ़ाई करने वाले भारतीय विद्यार्थी के परिवार के साथ संपर्क में है और उसे ढूंढने में अमेरिका के अधिकारियों की मदद कर रहा है। श्रीनिवासैया आईआईटी मद्रास के पूर्व छात्र है और अमेरिका बर्कले में रासायनिक एवं जैवआणविक इंजीनियरिंग से स्नातकोत्तर की पढ़ाई कर रहे हैं। वह मंगलवार से लापता हैं। आखिरी बार उन्हें बर्कले में ड्वाइट वे के 1700 ब्लॉक के पास देखा गया था। बर्कले पुलिस ने उसके गुमशुदगी का मामला दर्ज किया है।

## छत्तीसगढ़ में सड़क हादसे में चार लोगों की गई जान

● मृतकों में तीन सीआरपीएफ की कोबरा बटालियन के जवान

धमतरी (छत्तीसगढ़), एजेंसी

छत्तीसगढ़ के धमतरी जिले में शनिवार को राष्ट्रीय राजमार्ग पर खड़े एक ट्रक को कार ने टक्कर मार दी, जिसकी वजह से कार में सवार केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के तीन जवानों और एक चालक की मौत हो गई जबकि एक अन्य जवान घायल हो गया।

एसपी सूरज सिंह परिहार ने बताया कि दुर्घटना जगदलपुर-रायपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर धमतरी बाईपास के पास खपरी गांव में सुबह करीब आठ बजे हुई। कार में सीआरपीएफ की विशिष्ट इकाई कोबरा के कमांडो शामिल थे। मृतक कोबरा की 201वीं बटालियन के जवान थे। कोबरा के चार जवान और कार चालक बस्तर जिले के मुख्यालय जगदलपुर से रायपुर जा रहे थे ताकि वहां से छुट्टी पर अपने पैतृक स्थानों के लिए रवाना हो सकें। एसपी ने बताया कि कार खड़े ट्रक से टकरा गई और टक्कर इतनी भीषण थी कि एक जवान और चालक की मौके पर ही मौत हो गई जबकि दो अन्य जवानों ने अस्पताल ले जाते समय दम तोड़ दिया। मृतकों में सीआरपीएफ कर्मी सौरभ तोमर, मुकेश कुमार, राजकुमार गोड और चालक हीरालाल नगर शामिल हैं। वहीं, घायल कमांडो अभिमान राय (28) को इलाज के लिए रायपुर भेज दिया गया है।

## अमेरिका में विमान हादसे में चार लोगों की चली गई जान

**वाशिंगटन।** अमेरिका में कोलोराडो के एमराल्ड पहाड़ी के एक दूर-दराज के इलाके के पास एक छोटा विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसके कारण चार लोगों की मौत हो गई। रिपोर्ट में राउट काउंटी शेरिफ डग शेरार के हवाले से कहा गया कि यह हादसा गुरुवार रात को हुआ। मरने वालों के शव उसी रात बरामद कर लिए गए और अब उनकी पहचान की जा रही है। दुर्घटनाग्रस्त विमान एपिक विमान ई1000 था और यह हादसा आधी रात के करीब हुआ। इसके उड़ान सारणी का पता नहीं चल पाया है। रिपोर्ट में बताया गया है कि दुर्घटनाग्रस्त विमान स्टीमबोट स्प्रिंग्स शहर में बॉब एडम्स हवाई अड्डा के पास उड़ रहा था और एमराल्ड पहाड़ी की चोटी के दक्षिण की ओर दुर्घटनाग्रस्त हो गया।

## आज का भविष्यफल -पं.मनोज कुमार द्विवेदी

आज की ग्रह स्थिति : 15 फरवरी, रविवार 2026 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-फाल्गुन, पक्ष-कृष्ण पक्ष, त्रयोदशी 17.04 तक तत्पश्चात चतुर्दशी।

### आज का पंचांग




दिशाशूल- पश्चिम, ऋतु- शिशिर।
**चन्द्रबल-** मेष, कर्क, सिंह, वृश्चिक, मकर, मीन।
**ताराबल-** भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
**नक्षत्र-** उत्तराषाढ़ा 19.48 तक तत्पश्चात श्रवण।

**मेष** — आज वरिष्ठ सदस्यों की सलाह पर अमल अवश्य करें। संतजनों का आशीर्वाद प्राप्त होगा। आप अपने व्यवहार में काफी बदलाव करने के बारे में सोच सकते हैं। आपके मन में नए व्यवसाय को लेकर उत्साह रहेगा।

**वृष** — आज मेहनत के बल पर काम में सफलता मिलेगी। बच्चों की सफलता से गर्व की अनुभूति होगी। आप चिड़चिड़े हो सकते हैं। आपके सिद्धांतों की प्रशंसा होगी। विवादित मुद्दों को हल करने के लिए उत्तम समय है।

**मिथुन** — आज ऐसे लोगों से सावधान रहें, जो आपको गलत सलाह देते हैं। राजनीतिक मुद्दों पर बहसबाजी से दूरी बनाकर रखें। आपको अनुमान से अधिक काम करना पड़ सकता है। संतुलित आहार रखने से आपका स्वास्थ्य अच्छा रहेगा।

**कर्क** — आज शुभ कार्यों में आपको धन खर्च करना चाहिए। समाज में आपकी प्रसिद्धि बढ़ेगी। उच्च अधिकारियों का सहयोग प्राप्त होगा। नई तकनीक का प्रयोग सीख सकते हैं। पैतृक व्यवसाय में विस्तार करने के योग बन रहे हैं।

**सिंह** — आज जीवनसाथी और परिजनों की सलाह आपके लिए अत्यधिक अनुकूल रहने वाली है। देवस्थल की यात्रा हो सकती है। गृहस्थ जीवन का भरपूर आनंद लेंगे। प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्र अध्ययन में अच्छी सफलता प्राप्त कर सकते हैं।

**कन्या** — आज यात्राओं का भरपूर आनंद लेंगे। दोस्तों के साथ प्रसन्नता के पलों का आनंद उठाएंगे। विरोधियों के बीच आपका वर्चस्व बढ़ेगा। धार्मिक क्रियाकलापों में आप अत्यधिक व्यस्त हो सकते हैं। राजनीति से जुड़े लोगों को उच्च पद मिल सकता है।

**तुला** — आज आपको कड़ी मेहनत करनी पड़ेगी। अनुभवी व्यक्तियों से सलाह लेकर काम करना उचित होगा। महिलाओं को गृहकार्यों में कुछ परेशानी महसूस होगी। पुरानी बातों के कारण तनाव उत्पन्न हो सकता है।

**वृश्चिक** — आज सरकारी कर्मचारियों के लिए दिन अत्यंत अनुकूल है। व्यवसाय में अपने कौशल का परिचय देंगे। संतान के व्यवहार से आनंदित रहेंगे। उच्च अधिकारी आपकी पदोन्नति का विचार बना सकते हैं। घर में सुख और शांति का वातावरण रहेगा।

**धनु** — आज भूमि-संपत्ति को लेकर कोई निर्णय न लें। मित्रों और रिश्तेदारों के साथ संबंध मधुर रखें। अपने व्यवहार को निखारने का प्रयास करें। आप कुछ विशेष कार्यों को पूरा करने के प्रयास में लगे रहेंगे। मौसम में बदलाव के कारण एलर्जी हो सकती है।

**मकर** — आज अनुभवी व्यक्तियों की सलाह का लाभ उठाएंगे। पति-पत्नी के आपसी संबंध मधुर होंगे। विदेश जाने की योजना बना सकते हैं। पारिवारिक रिश्ते और मजबूत होंगे। छात्रों को मेहनत का बेहतरीन परिणाम मिलेगा।

**कुंभ** — आज तनावपूर्ण स्थिति से अपने आपको दूर रखें। अत्यधिक कार्यभार के कारण थोड़ी परेशानी होगी। छात्रों को पढ़ाई में अवरोध का सामना करना पड़ेगा। गृह उद्योगों में कार्यरत लोगों की आय बढ़ सकती है। आयात-निर्यात के व्यवसाय में उत्तम लाभ मिलेंगे।

**मीन** — आज बड़े भाइयों के साथ आपके संबंध प्रगाढ़ होंगे। आपके भीतर आत्मविश्वास और ऊर्जा का संचार होगा। प्रेम संबंधों का आनंद उठाएंगे। नई परियोजनाओं में आप धन का निवेश कर सकते हैं। परिवार में आपके विचारों के अनुसार वातावरण रहेगा।

## सुडोकू-62

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | | 4 | | | | | 5 |
| | | | 9 | | 3 | | 1 | |
| | 8 | | | | | 6 | | 9 |
| | | 6 | | | 7 | | | 1 |
| | | 3 | | | | 7 | | |
| 5 | | | 1 | | | | 6 | |
| 6 | | 1 | | | 8 | | 3 | |
| | 2 | | 3 | | 9 | | | 6 |
| 4 | | | | | 5 | | | 7 |

### सुडोकू - 61 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 8 | 9 | 5 | 4 | 3 | 6 | 7 |
| 6 | 5 | 3 | 2 | 1 | 7 | 9 | 8 | 4 |
| 4 | 7 | 9 | 3 | 6 | 8 | 2 | 5 | 1 |
| 9 | 4 | 2 | 5 | 7 | 3 | 8 | 1 | 6 |
| 8 | 6 | 5 | 1 | 4 | 2 | 7 | 9 | 3 |
| 3 | 1 | 7 | 8 | 9 | 6 | 5 | 4 | 2 |
| 2 | 9 | 1 | 6 | 3 | 5 | 4 | 7 | 8 |
| 5 | 3 | 4 | 7 | 8 | 1 | 6 | 2 | 9 |
| 7 | 8 | 6 | 4 | 2 | 9 | 1 | 3 | 5 |



"पाकिस्तान के उस्मान तारिक एक साधारण ऑफ-स्पिनर ही हैं। मुझे पूरा भरोसा है कि भारतीय बल्लेबाज टी20 विश्व कप मैच में उन्हें अच्छी तरह से खेल लेंगे।
–सौरव गांगुली



### आज के मैच

| टीम | समय |
|---|---|
| वेस्टइंडीज-नेपाल | पूर्वाह्न 11 बजे |
| अमेरिका-नामीबिया | दोपहर 3 बजे |
| भारत-पाकिस्तान | शाम 7 बजे |

### हाईलाइट

## जम्मू कश्मीर और उत्तराखंड की नजरें दिग्गजों को हराने पर

**कोलकाता।** पहली बार सेमीफाइनल में पहुंचे जम्मू कश्मीर और उत्तराखंड की नजरें रविवार से शुरू हो रहे रणजी ट्रॉफी सेमीफाइनल में अपनी लय कायम रखते हुए बंगाल और कर्नाटक जैसे दिग्गजों को हराने पर लगी होंगी। जम्मू कश्मीर ने इंदौर में मध्यप्रदेश को 56 रन से हराकर पहली बार सेमीफाइनल में जगह बनाई। रणजी ट्रॉफी में 1959.60 में पदार्पण करने के बाद से यह उसका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। दूसरा सेमीफाइनल लखनऊ के इकाना स्टेडियम पर खेला जायेगा जिसमें उत्तराखंड का सामना आठ बार की चैम्पियन कर्नाटक से होगा। उत्तराखंड ने जमशेदपुर में झारखंड को एक पारी और छह रन से हराया जबकि कर्नाटक ने रिकॉर्ड 42 बार की विजेता मुंबई को मात दी।

## ग्रुप में शीर्ष पर बने रहने के इरादे से उतरेगा वेस्टइंडीज

मुंबई, एजेंसी : आत्मविश्वास से लबरेज वेस्टइंडीज टी20 विश्व कप ग्रुप सी के मुकाबले में रविवार को वानखेड़े स्टेडियम पर नेपाल से भिड़ेगी तो उसका लक्ष्य जीत की लय बरकरार रखकर शीर्ष पर अपना स्थान पुख्ता रखने का होगा। वेस्टइंडीज टीम ने अभी तक दोनों मैच जीते हैं और नेट रनरेट (1.625) के आधार पर ग्रुप में शीर्ष पर है। एक और जीत से शीर्ष पर उसका स्थान और पक्का हो जायेगा। इसके बाद वेस्टइंडीज को कोलकाता में इटली से खेलना है और इन दोनों मैचों में जीत से ग्रुप में शीर्ष पर उसका रहना तय हो जायेगा लेकिन उसे आत्ममुग्धता से बचना होगा।

### टी-20 विश्व कप : सियासी रुकावट के बाद आज टकराएंगी दोनों चिर प्रतिद्वंद्वी टीमें, उस्मान तारिक के बालिंग एक्शन पर रहेंगी नजरें

# भारत-पाकिस्तान के बीच मुकाबला कौशल का नहीं, दबाव झेलने का

कोलंबो, एजेंसी

क्रिकेट में सियासत के घालमेल के कारण पैदा हुआ गतिरोध 'अस्थायी' तौर पर दूर होने के बाद टी20 विश्व कप के सबसे चर्चित मुकाबले में रविवार को चिर प्रतिद्वंद्वी आमने सामने होंगे तो भारत के मध्यक्रम के सामने पाकिस्तान के स्पिनरों की चुनौती होगी और मैच की पृष्ठभूमि को देखते हुए अब दोनों टीमें किसी तरह की कोताही बरतना नहीं चाहेगी। पाकिस्तान ने मैच के बहिष्कार के अपने फैसले पर यू टर्न लेकर प्रेमदासा स्टेडियम पर यह मैच खेलने का फैसला लिया।

इससे पहले अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद, बांग्लादेश और श्रीलंका क्रिकेट के बीच हफ्तों तक लंबी बातचीत हुई। व्यवहारिक तौर पर पूरा दक्षिण एशिया इस मैच को कराने के प्रयासों में जुटा हुआ था चूंकि प्रसारकों, प्रायोजकों से लेकर दर्शकों तक के लिये यह मैच सबसे अहम रहता है। विवाद की शुरुआत बीसीसीआई के निर्देश पर बांग्लादेश के तेज गेंदबाज मुस्ताफिजूर रहमान का कोलकाता नाइट राइडर्स के साथ आईपीएल करार रद्द करने से हुई। बांग्लादेश के प्रति एकजुटता दिखाते हुए पाकिस्तान ने मैच के बहिष्कार का फैसला ले लिया था। वहीं दोनों टीमों के क्रिकेटरों ने इसे आम मैच बताकर हाइप कम करने की पूरी कोशिश की। लेकिन दोनों टीमों की क्रिकेट प्रतिद्वंद्विता और खासकर इस मैच की पृष्ठभूमि को देखते हुए यह तो तय है कि अब कोई इसे हारना नहीं चाहेगा। हारने पर अपने प्रशंसकों का कोपभाजन बनना दोनों में से किसी टीम को मंजूर नहीं होगा और वह भी तब जबकि विश्व कप के अहम मुकाबले अभी आने बाकी हैं। भारत के सामने समस्या अभिषेक शर्मा को लेकर है जो पेट के संक्रमण के कारण दो दिन अस्पताल में रहे और नामीबिया के खिलाफ नहीं खेल सके थे। उनके नहीं खेलने पर या तो संजू सैमसन को ही उतारा जाये या ईशान किशन के साथ पारी की शुरूआत के लिये वॉशिंगटन सुंदर को मौका दिया जाये जो फिट हो गए हैं। सुंदर प्रेमदासा स्टेडियम की धीमी पिच पर अच्छी आफ स्पिन गेंदबाजी भी कर सकते हैं। पिच को देखते हुए बायें हाथ के कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव को भी उतारा जा सकता है। ऐसे में रिंकू सिंह को बाहर रहना पड़ सकता है। बाबर आजम के खिलाफ कुलदीप के शानदार रिकॉर्ड और एशिया कप फाइनल में उनके चार विकेट को देखते हुए उन्हें इस मैच में मौका देना अच्छा विकल्प होगा। विश्व कप से पहले भारत की बल्लेबाजी काफी मजबूत लग रही थी लेकिन टूर्नामेंट के दो मैचों में बल्लेबाजों का प्रदर्शन चिंता का सबब है। अमेरिका के खिलाफ भारत के छह विकेट 77 रन पर गिर गए थे जबकि नामीबिया के खिलाफ डैथ ओवरों में मेजबान टीम ने चार रन के भीतर पांच विकेट गंवा दिये थे लेकिन 200 रन से अधिक का स्कोर और 93 रन से जीत के कारण यह कमजोरियां दब गई। दोनों मैचों में सूर्यकुमार यादव, ईशान किशन और हार्दिक पंड्या ने संकटमोचक की भूमिका निभाई। लेकिन बड़े टूर्नामेंट में एक ईकाई के रूप में अच्छा प्रदर्शन जरूरी है। पिछले साल हाइब्रिड मॉडल पर सहमति बनने के बाद पाकिस्तान टीम के मैच कोलंबो में हो रहे हैं जिससे उसे हालात और पिच की बेहतर जानकारी है।



अभ्यास सत्र के दौरान पाकिस्तानी क्रिकेटर।

### टीम

**भारत :** सूर्यकुमार यादव (कप्तान), ईशान किशन, संजू सैमसन, अभिषेक शर्मा, तिलक वर्मा, रिंकू सिंह, अक्षर पटेल, शिवम दुबे, हार्दिक पंड्या, वाशिंगटन सुंदर, जसप्रीत बुमराह, अर्शदीप सिंह, कुलदीप यादव, हर्षित राणा, वरुण चक्रवर्ती।

**पाकिस्तान :** सलमान अली आगा (कप्तान), अबरार अहमद, बाबर आजम, फहीम अशरफ, फखर जमां, ख्वाजा नफे, मो नवाज, मो सलमान मिर्जा, नसीम शाह, फरहान, सईम अयूब, शाहीन अफरीदी, शादाब खान, उस्मान खान, उस्मान तारिक।

## पीसीबी प्रमुख नकवी मैच देखने पहुंचेंगे कोलंबो

**कराची।** पीसीबी अध्यक्ष मोहसिन नकवी रविवार को कोलंबो में भारत और पाकिस्तान के बीच टी20 विश्व कप का मैच देखेंगे और आईसीसी अधिकारियों से बात भी कर सकते हैं। एक सूत्र ने बताया कि नकवी के साथ पाकिस्तान सुपर लीग के सीईओ सलमान नसीर और मुख्य परिचालन अधिकारी सुमैर अहमद समेत पीसीबी के सीनियर अधिकारी भी श्रीलंका जाएंगे। सूत्र ने कहा श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड ने दूसरे बोर्ड के अधिकारियों को न्योता दिया है, लेकिन नकवी आईसीसी अध्यक्ष जय शाह और अन्य अधिकारियों से बात करने जा रहे हैं ताकि बहिष्कार प्रकरण के बाद पैदा हुई कड़वाहट कम हो। पाकिस्तान सरकार के इस मैच को खेलने की टीम को अनुमति नहीं देने के फैसले के बाद आईसीसी और पाकिस्तान के रिश्तों में तनाव आया था। सुरक्षा कारणों से भारत में खेलने के बांग्लादेश के इनकार के बाद बांग्लादेश को टूर्नामेंट से बाहर किये जाने के मद्देनजर पाकिस्तान ने उसके प्रति एकजुटता दिखाते हुए भारत के खिलाफ मैच के बहिष्कार का ऐलान किया था।




सूर्य कुमार यादव

# इंग्लैंड ने स्कॉटलैंड को 10 गेंदे शेष रहते पांच विकेट से हराया

### इंग्लैंड के टॉम बैंटन को 'प्लेयर ऑफ द मैच' का पुरस्कार

कोलकाता, एजेंसी

आदिल राशिद (तीन विकेट), जोफ्रा आर्चर और लियम डॉसन (दो-दो विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी के बाद टॉम बैंटन (नाबाद 63) और जेकब बेथेल (32) की शानदार बल्लेबाजी की बदौलत इंग्लैंड ने शनिवार टी-20 विश्वकप के 23वें मुकाबले में स्कॉटलैंड को 10 गेंदे शेष रहते पांच विकेट से शिकस्त दी। टॉम बैंटन को 'प्लेयर ऑफ द मैच' का पुरस्कार मिला।

153 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी इंग्लैंड ने पहले दो ओवरों में 13 रन के स्कोर पर अपने दोनों सलामी बल्लेबाजों के विकेट गंवा दिये। फिल सॉल्ट (दो) और जॉस बटलर तीन रन बनाकर आउट हुये। इसके बाद जेकब बेथेल और टॉम बैंटन की जोड़ी ने पारी को संभाल और तीसरे विकेट के लिए 66 रन जोड़े। 10वें ओवर में ऑलिवर डेविडसन ने जेकब बेथेल को आउट कर इस साझेदारी का अंत किया। जेकब बेथेल ने 28 गेंदों में दो चौके और एक छक्का लगाते हुए 32 रन बनाये। कप्तान हैरी ब्रूक चार रन बनाकर आउट हुये। सैम करन ने एक चौका और दो छक्के लगाते हुए 28 रन बनाये। इंग्लैंड ने 18.2 ओवर में पांच विकेट पर 155 रन बनाकर मुकाबला पांच विकेट से अपने नाम किया। टॉम बैंटन ने 41 गेंदों में चार चौके और तीन छक्के उड़ाते हुए नाबाद 63 रनों की मैच विजयी पारी खेली। विल जैक्स 10 गेंदों में 16 रन बनाकर नाबाद रहे। स्कॉटलैंड के लिए चार गेंदबाजों ने एक-एक विकेट लिया। इससे पहले आज यहां कप्तान रिचर्ड बेरिंग्टन (49), माइकल जोंस (33), टॉम ब्रूस (24) और ऑलिवर डेविडसन (नाबाद 20) की शानदार बल्लेबाजी के दम पर स्कॉटलैंड ने 152 रन का स्कोर बनाया। इंग्लैंड ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी स्कॉटलैंड की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने 42 के स्कोर तक अपने तीन विकेट गंवा दिये। जॉर्ज मंसी (चार), ब्रैंडन मक्मलेन (शून्य) और माइकल जोंस (33) रन बनाकर आउट हुये। माइकल जोंस ने 20 गेंदों का सामना किया और पांच चौके और एक छक्का लगाया। इसके बाद कप्तान रिचर्ड बेरिंग्टन और टॉम ब्रूस ने पारी को संभाला और चौथे विकेट के लिए 71 रन जोड़े। 13वें ओवर में लियाम डॉसन ने टॉम ब्रूस को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। टॉम ब्रूस ने 18 गेंदों में एक चौका और एक छक्का लगाते हुए 24 रन बनाये। अगले ही ओवर में आदिल राशिद ने अर्धशतक से एक रन दूर रहे रिचर्ड बेरिंग्टन को अपना शिकार बना लिया। रिचर्ड बेरिंग्टन ने 32 गेंदों में पांच चौके और दो छक्के लगाते हुए 49 रनों की पारी खेली। इसके बाद इंग्लैंड के गेंदबाजों ने बेहतरीन गेंदबाजी का प्रदर्शन करते हुए स्कॉटलैंड की टीम को 19.4 ओवर में 152 के स्कोर पर समेट दिया। ऑलिवर डेविडसन 15 गेंदों में दो चौके और एक छक्का लगाते हुए 20 रन बनाकर नाबाद रहे। इंग्लैंड के लिए आदिल राशिद ने तीन विकेट लिये। जोफ्रा आर्चर और लियाम डॉसन को दो-दो विकेट मिले। जेमी ओवर्टन और सैम करन ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।



शाट लगाते इंग्लैंड के बल्लेबाज टॉम बैंटन।

## साउथ अफ्रीका को 176 रनों का लक्ष्य

- मार्को यानसन के चार झटकों से साउथ अफ्रीका न्यूज़ीलैंड को 175 के स्कोर पर रोकने में क़ामयाब हुआ है। मार्क चैपमैन ने न्यूज़ीलैंड के लिए सर्वाधिक 48 रन बनाए। वहीं मिचेल ने 32 जबकि ऐलन ने 31 रन बनाए। अहमदाबाद की पिच को देखते हुए साउथ अफ्रीका के सामने लक्ष्य बड़ा नहीं है। न्यूज़ीलैंड के गेंदबाज़ों को बेहतरीन गेंदबाज़ी करनी होगी। एक समय न्यूज़ीलैंड आसानी से 200 के स्कोर की ओर अग्रसर लग रही थी लेकिन लुंगी एन्गिडी ने पहले डैरिल मिचेल का शिकार किया और फिर कॉर्बिन बॉश ने मिचेल सैंटनर का शिकार कर लिया। न्यूज़ीलैंड ने लगातार तीन ओवर में विकेट गंवाए। मार्को यानसन ने एक बार फिर न्यूज़ीलैंड को बड़ा झटका दिया है। उन्होंने मार्क चैपमैन को पवेलियन भेजते हुए डैरिल मिचेल के साथ उनकी अर्धशतकीय साझेदारी को तोड़ दिया है। 64 के स्कोर पर चार विकेट गंवाकर न्यूज़ीलैंड की टीम काफ़ी मुश्किल में नज़र आ रही थी। हालांकि मिचेल और चैपमैन के बीच बेहतरीन अर्धशतकीय साझेदारी बनी है। शुरुआती पलों में सिंगल और डबल्स के ज़रिये पारी को आगे बढ़ाया गया और अब आक्रामक शॉट्स लगाए जा रहे हैं। यहां से न्यूज़ीलैंड की टीम कम से कम 180 के स्कोर तक पहुंचना चाहेगी और मंच भी तैयार है। विकेटों की झड़ी लग गई है। यानसन के बाद केशव महाराज ने भी न्यूज़ीलैंड को झटका दिया है और उन्होंने ग्लेन फ़िलिप्स को बोल्ड कर दिया है।

## भारत-पाकिस्तान मैच के दौरान बारिश का खतरा, निराश हो सकते हैं क्रिकेट प्रेमी

**कोलंबो।** भारत-पाकिस्तान के मैच में एकबार फिर खलल पड़ा सकता है। नॉर्थ-ईस्ट-मॉनसून के देर से आने के कारण कोलंबो में बारिश होने का अनुमान है। इससे क्रिकेट प्रेमियों की निराशा बढ़ेगी। इस बड़े मैच के लिए 16,000 भारतीय फैंस के आने की उम्मीद है, साथ ही 28,000 क्षमता वाले आर. प्रेमदासा स्टेडियम में आने वाले पाकिस्तानी और लोकल फैंस के लिए भी उम्मीद है – क्रिकेट की दुनिया भर से लाखों लोग इसे देख रहे हैं। पाकिस्तान के कप्तान सलमान आगा ने मैच को लेकर बनी अनिश्चितता के बारे में कहा भारत-पाकिस्तान के बीच यह मैच हमेशा से एक बड़ा मैच रहा है और आगे भी ऐसा ही रहेगा। हम हर चीज के लिए तैयार थे, चाहे हमें कल का मैच खेलने को मिले या नहीं। हम बारिश के बारे में कुछ नहीं कर सकते। अगर ओवर कम किए जाते हैं, तो हमें पता है कि हमें क्या करना है। मौसम सबसे बड़ी अनकंट्रोलेबल चीज़ों में से एक है – पिच भी, जो इस जगह पर ज्यादातर धीमी रही है, जिससे काफी टर्न मिल रहा है। यह उस 'बेहतरीन' पिच से बिल्कुल अलग है जिसकी शुरू में उम्मीद थी और इस बड़े गेम के लिए तैयारी की गई थी। यह अभी भी एक हाई-स्कोरिंग पिच हो सकती है (दूर से देखने पर ऐसा ही लगता है), इस वर्ल्ड कप में अब तक इस जगह पर हुए तीन मैचों के उलट, जहाँ टोटल 160-180 के बीच रहा है। लेकिन फिर, यह बेकाबू लोगों की लिस्ट में आता है। पिच को पढ़ना और मौसम का अंदाज़ा लगाना खतरनाक काम रहे हैं। यह सुनने में ज़्यादा लग सकता है, लेकिन यह हालात का पूरी तरह से गलत अंदाज़ा नहीं है। हालांकि, कंट्रोल करने लायक चीज़ों में दोनों टीमों के बीच मैच से पहले और बाद में हाथ मिलाना शामिल है, जो एशिया कप के बाद से सस्पेंड है। 10 फरवरी के सेटलमेंट के बाद से, मुख्य सवाल यह रहा है कि क्या मैच के दौरान ये इनफॉर्मल प्रोटोकॉल फिर से लागू होंगे। भारतीय खेमे ने इस मुद्दे पर चुप्पी साध रखी है, लेकिन पाकिस्तान के सलमान आगा ने कहा कि फैसला भारत को करना है।



# तारिक है हमारा ट्रंपकार्ड : सलमान

कोलंबो, एजेंसी

पाकिस्तान के कप्तान सलमान अली आगा ने असामान्य एक्शन वाले स्पिनर उस्मान तारिक का बचाव करते हुए भारत के खिलाफ रविवार को यहां आर प्रेमदासा स्टेडियम पर खेले जाने वाले टी20 विश्व कप के मैच के लिए उन्हें अपनी टीम का 'तुरुप का पत्ता' करार दिया। तारिक ने हाल ही में अमेरिका के खिलाफ पास के सिंहली स्पोर्ट्स क्लब मैदान पर तीन विकेट झटककर अपनी क्षमता दिखाई थी। उनकी गेंदबाजी यहां स्पिनरों की मददगार आर प्रेमदासा स्टेडियम की पिच पर और घातक साबित हो सकती है।

आगा ने मैच पूर्व संवाददाता सम्मेलन में शनिवार को यहां कहा उस्मान हमारे 15 खिलाड़ियों में से एक हैं, हम उन्हें उसी नजर से देखते हैं। आप (मीडिया) ने उन्हें बड़ा बना दिया। वह बहुत अच्छी गेंदबाजी कर रहे हैं। आगा हालांकि तारिक से जुड़े सवालों को टालने की कोशिश कर रहे थे लेकिन उन से जुड़े सवाल लगातार उठते रहे। आगा ने स्वीकार किया कि 27 साल का यह ऑफ स्पिनर बड़े शॉट खेलने वाले भारतीय बल्लेबाजों के सामने उनकी टीम का मुख्य हथियार है। आगा ने कहावह पिछले कुछ महीनों से बहुत अच्छी गेंदबाजी कर रहे हैं। उन्होंने लीग क्रिकेट (पाकिस्तान सुपर लीग) में भी शानदार प्रदर्शन किया था। और हां, आप कह सकते हैं कि वह हमारे लिए 'ट्रंप कार्ड' हैं। तारिक की असामान्य 'पॉज एंड स्लिंग' एक्शन पर सवाल उठाए गए हैं, लेकिन आगा ने इसे ज्यादा तवज्जो नहीं दी। उन्होंने कहा, उसे इन बातों की कोई परवाह नहीं है। जब से उसने क्रिकेट खेलना शुरू किया है, लोग उसके बारे में बातें करते रहे हैं। वह समझदार और परिपक्व है, इसलिए इन चीजों से प्रभावित नहीं होता। उसे आईसीसी द्वारा दो बार मंजूरी भी मिल चुकी है और उसने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में गेंदबाजी के लिए जो भी आवश्यक था किया है। आगा ने यह भी कहा कि पाकिस्तान का गेंदबाजी आक्रमण केवल तारिक तक सीमित नहीं है। उन्होंने कहा यह संभव है कि स्पिनर यहां दबदबा बनाए, लेकिन तेज गेंदबाजों की भी भूमिका होगी। तेज गेंदबाजी ऐसी कला है जिसे किसी भी जगह नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। कप्तान का मानना है कि शाहीन शाह अफरीदी अपनी विविधताओं के कारण बड़ी भूमिका निभाएंगे। उन्होंने कहा उनकी भूमिका हमेशा अहम रहेगी। हमारे पास कई स्पिनर हैं, लेकिन तेज गेंदबाज भी हैं, जिन्हें जरूरत पड़ने पर इस्तेमाल कर सकते हैं।

- **आईसीसी पहले ही उसके एक्शन को ठहरा चुका है दो बार सही**



स्पिनर उस्मान तारिक।

### टी20 विश्व कप

### पहली गेंद से ही बड़े शॉट मारने की क्षमता की तारीफ की

# अभिषेक की काबिलियत के कायल हुए कपिल

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत के पूर्व महान क्रिकेटर कपिल देव ने टी-20 सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा की पहली गेंद से ही बड़े शॉट मारने की काबिलियत की तारीफ की है।

कपिल ने शुक्रवार शाम को कुतुब गोल्फ कोर्स में डीपी वर्ल्ड प्लेयर्स चैंपियनशिप 2026 में पत्रकारों से बातचीत में कहा अगर आप पहली गेंद पर छक्का मार सकते हैं, तो क्यों नहीं इसके लिए आपको बहुत काबिलियत चाहिए। अगर वह दो साल, तीन साल तक ऐसा कर सकता है, तो हम कहेंगे कि वह कितना बढ़िया खिलाड़ी है। हालांकि उन्होंने अभिषेक को सावधान किया कि उसे लगातार बेहतर होते रहना होगा ताकि वह गेंदबाजों से एक कदम आगे रहे।

उन्होंने कहा पहले साल वह प्रतिभा के साथ सामने आ सकता है। शायद दो साल। लेकिन गेंदबाज भी हर समय बल्लेबाजों के लिए योजना बनाते रहते हैं। तीसरा साल सबसे जरूरी होगा कि वह स्वयं को कैसे व्यवस्थित करता है।" अभिषेक शर्मा ने 2024 में भारत के लिए पर्दापण किया था। भारत के लिए 39 टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में उन्होंने 36 की औसत से 1,297 रन बनाए हैं, और उनका स्ट्राइक रेट 136 का है। इन 39 मैचों में उन्होंने 123 चौके और 88 छक्के लगाए हैं। शौकीन गोल्फर और प्रोफेशनल गोल्फ टूर ऑफ इंडिया (पीजीटीआई) के अध्यक्ष कपिल देव ने कहा कि वह देश में क्रिकेट के विकास से बहुत खुश हैं, लेकिन उन्हें लगता है कि दूसरे खेलों को भी पूरा सहयोग मिलना चाहिए। उन्होंने कहा क्रिकेट अच्छा कर रहा है- यह अच्छी बात है। बुरी बात यह है कि क्रिकेट अकेला स्पोर्ट नहीं है। हमें सभी खेलों का ध्यान रखना चाहिए। क्रिकेट ने मुझे सब कुछ दिया है। फिर भी, मैं चाहता हूं कि हमें दूसरे खेलों को भी प्रमोट करना चाहिए। हमें हर चीज के लिए सरकार पर निर्भर नहीं रहना चाहिए और इस बात की जिम्मेदारी लेनी चाहिए कि हम क्या योगदान कर सकते हैं।





## भारतीय खिलाड़ियों से हाथ मिलाने पर फैसला कल : सलमान अली आगा

**कोलंबो।** पाकिस्तान के कप्तान सलमान अली आगा ने रविवार को यहां होने वाले टी20 विश्व कप मैच के टॉस या मुकाबले से बाद भारतीय खिलाड़ियों से हाथ मिलाने के सवाल पर कोई सीधा जवाब नहीं दिया लेकिन कहा कि खेल उसी भावना से खेला जाना चाहिए, जिसके लिए वह जाना जाता है। भारत और पाकिस्तान के खिलाड़ियों ने पिछले साल दुबई में आयोजित एशिया कप के समय से एक-दूसरे से हाथ मिलाना बंद कर दिया है। यह टूर्नामेंट पहलगाम हमले और उसके बाद भारतीय सशस्त्र बलों द्वारा चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर की पृष्ठभूमि में खेला गया था। हाथ मिलाने की परंपरा को लेकर पूछे गए सवाल पर आगा ने शनिवार को यहां कहा इस बारे में हम कल देखेंगे। आगा ने स्पष्ट किया कि किसी भी परिस्थिति में 'खेल भावना' को बनाए रखा जाना चाहिए। क्रिकेट (सही) भावना के साथ खेला जाना चाहिए। मेरी व्यक्तिगत राय शायद मायने नहीं रखती। लेकिन क्रिकेट उसी तरीके से खेला जाना चाहिए, जिस तरह से इसे हमेशा खेला जाना चाहिए था। क्या करना है, यह तय करना उन पर निर्भर है। इस बीच यह भी पता चला है कि प्रेमदासा स्टेडियम में होने वाले मुकाबले से पहले भारतीय खेमे का माहौल भी आक्रामक के बजाय अधिक संयमित है। टीम ने इस मामले में अंतिम निर्णय उच्च अधिकारियों पर छोड़ दिया है। भारतीय टीम के अंदर हालांकि सोशल मीडिया पर सार्वजनिक भावनाओं को लेकर सतर्कता भी है, क्योंकि पहलगाम हमले के बाद भावनाएं अब भी काफी संवेदनशील बनी हुई है और प्रतिक्रियाएं तीखी हो सकती हैं।